सूर्योदय 5:22 सूर्यास्त 7:19

आज का तापमान

| | | |
|---|---|---|
| शिमला | 18.6 न्यू. | 30.4 अधि |
| धर्मशाला | 23.4 न्यू. | 35.4अधि |

बाजार

| | |
|---|---|
| सेंसेक्स | 76456.59 |
| निफ्टी | 23264.85 |
| सोना 71,840 | चांदी 91,055 |

www.anantgyaan.in

# अनंत ज्ञान

करे हर सीमा पार




रोहन बोपन्ना, सुमित नागल ने भारत के लिए कोटा हासिल किया

पृष्ठ 13 पर


आरएनआई नं. HPHIN01099 | कांगड़ा | बुधवार, 12 जून, 2024 | 30 ज्येष्ठ, विक्रमी संवत 2081 | वर्ष 1, अंक 175, कुल पृष्ठ 14 | मूल्य : 5 रुपए | follow us on: 8894521702


## अंदर के पन्नों पर पढ़ें


- तीन जिलों को छोड़ हिमकेयर कार्ड की रिन्यूअल शुरू -पेज 3
- पौंग झील किनारे बेखौफ ले रहे हैं सेल्फी -पेज 4
- 70 साल में 218 विद्यार्थियों को मिली हॉस्टल सुविधा -पेज 9
- एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप की मेजबानी करेगा भारत-पेज 13
- कन्नड़ अभिनेता दर्शन मर्डर केस में गिरफ्तार -पेज 14


### टी-20 विश्व कप आज के मैच

श्रीलंका vs नेपाल
स्थानः लॉडरहिल, समय : सुबह 5:00 बजे

ऑस्ट्रेलिया vs नमीबिया
स्थानः एंटीगा, समय : सुबह 6:00 बजे

भारत vs अमेरिका
स्थानः न्यूयॉर्क, समय : रात 8:00 बजे

# नौ माह बाद दिल्ली-लेह रूट पर दौड़ी एचआरटीसी बस, जन्नत से कम नहीं नजारा

**कमलेश वर्मा, केलांग**

**देश** के सबसे ऊंचे और लंबे दिल्ली-लेह रूट पर मंगलवार को हिमाचल पथ परिवहन निगम (एचआरटीसी) की बस सेवा शुरू हो गई है। एसडीएम केलांग रजनीश शर्मा ने सुबह पांच बजे हरी झंडी दिखाकर बस को केलांग से लेह के लिए रवाना किया। एसडीएम ने बस चालक, परिचालक व सभी यात्रियों को 'खतका' पहनाकर सम्मानित किया और शुभकामनाएं दीं।

1026 किलोमीटर लंबे रूट पर पहले दिन बस 23 सवारियों के साथ केलांग से लेह रवाना हुई। लेह-दिल्ली बस का सफर यात्री 1,740 रुपए में पूरा कर सकेंगे। 30 घंटे के रूट में यात्री दिल्ली, हरियाणा, पंजाब से होते हुए हिमाचल और लेह-लद्दाख की वादियों का आनंद उठा सकेंगे। पहाड़ी और बर्फीली वादियों से होकर गुजरने वाली सड़क से यात्री जन्नत जैसा नजारा ले सकेंगे।

एचआरटीसी के केलांग डिपो की बस करीब 9 महीने बाद शुरू हुई है। इस साल से रूट में बदलाव किया है। अब दिल्ली से आने वाली यह बस रात में जिला मुख्यालय केलांग में नहीं रुकेगी। सुबह के समय 30 मिनट के लिए बस स्टैंड में खड़ी होगी। एचआरटीसी केलांग डिपो का अतिरिक्त कार्यभार देख रहे उमेश शर्मा ने कहा कि बस सुबह 5 बजे केलांग से सरचू होते हुए लेह रवाना होगी। बस को 15 सितंबर 2023 को बंद किया गया था। (अनंत ज्ञान)

**1,740** रुपए किराया

30 घंटे में **1026** किलोमीटर का सफर

15 सितंबर 2023 को बंद सर्विस फिर शुरू



**एसडीएम ने हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

**चालक, परिचालक व यात्रियों को 'खतका' पहनाकर किया सम्मानित**

### कई दर्रों से होकर गुजरेगी बस

**बस** 16,500 फुट ऊंचे बारालाचा, 15,547 फुट नकिल्ला, 17,480 फुट तंगलांगला और 16,616 फुट ऊंचे लाचुंग दर्रे से होकर गुजरेगी। नई समयसारिणी के अनुसार, यह बस दिल्ली से दोपहर 12:15 बजे चलेगी। चंडीगढ़ से शाम को 6:10 बजे रवाना होगी और सुबह 5:00 बजे तक केलांग बस स्टैंड पहुंचेगी और 5:30 पर लेह के लिए चलेगी।

बस अब केलांग में रात्रि ठहराव नहीं करेगी। राज्य परिवहन की ओर से चलाया जाने वाला एचआरटीसी का एक और लंबा बस रूट अवाहदेवी-हमीरपुर से अयोध्या भी बन गया है। केंद्र शासित प्रदेश और तीन राज्यों से होकर यह बस गुजरेगी और मनाली-लेह मार्ग के बीच चार दर्रों से होकर गुजरेगी।

# नीट काउंसिलिंग पर 'सुप्रीम रोक'

## राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी को नोटिस जारी कर मांगा जवाब, अब 8 जुलाई को होगी सुनवाई

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**सुप्रीम** कोर्ट में मंगलवार को राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट) निरस्त करने की याचिका पर सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने परीक्षा रद्द करने की मांग को खारिज कर दिया। कोर्ट ने कहा कि काउंसिलिंग भी रद्द नहीं की जाएगी।

सुप्रीम कोर्ट ने राष्ट्रीय परीक्षण एजेंसी (एनटीए) को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। कोर्ट ने एनटीए को फटकार लगाई है। आंध्र प्रदेश के अब्दुल्ला मोहम्मद फैज और अन्य ने याचिका में पांच मई को हुई परीक्षा को रद्द कर परीक्षा दोबारा कराने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने एसआईटी से जांच करवाने की मांग भी की है।

**कोर्ट ने एनटीए को लगाई फटकार**

कोर्ट ने कहा कि परीक्षा की गरिमा प्रभावित हुई है, इसलिए एनटीए को जवाब देना होगा।

छात्रों की सहायता और फायदे के लिए काम करने वाले संगठन के दो सदस्यों की ओर से दायर याचिका में कहा कि नीट के पेपर लीक की खबर ने उन्हें अंदर तक झकझोर कर रख दिया है, क्योंकि कई मेधावी छात्रों ने भविष्य में डॉक्टर बनने का अवसर खो दिया है। हम केवल पीड़ित छात्रों को न्याय दिलाने के उद्देश्य से वर्तमान याचिका दायर कर रहे हैं, जिन्होंने अपने-अपने परिवार के सदस्यों की सहायता से अपना पूरा समय, गाढ़ी कमाई और ऊर्जा नीट, 2024 की तैयारी में लगाई थी,



लेकिन उन्हें समान अवसर नहीं दिया गया। जस्टिस विक्रम नाथ की अध्यक्षता वाली वेकेशन बेंच ने अगली सुनवाई 8 जुलाई को करने का आदेश दिया। सुप्रीम कोर्ट में 10 जून को भी नीट रिजल्ट पर रोक लगाने की याचिका दायर की गई थी। याचिकाकर्ताओं ने नीट-यूजी एग्जाम 2024 में ग्रेस मार्क्स देने में मनमानी का आरोप लगाया है। एक एग्जाम सेंटर के 67 कैंडिडेट्स को पूरे 720 मार्क्स मिले हैं, इस पर भी याचिकाकर्ताओं ने संदेह जताया है।

सुप्रीम कोर्ट में दायर नई याचिका में 5 मई को आयोजित नीट-यूजी एग्जाम का पेपर लीक होने की व्यापक शिकायतों का भी हवाला दिया गया है। अलग राज्यों में लगभग 20 हजार स्टूडेंट्स ने याचिकाएं दायर की थीं, जिसमें परीक्षा में गड़बड़ी की शिकायत की गई थी। याचिका में कहा गया कि एनटीए ने अब तक यह नहीं बताया कि उन्होंने स्टूडेंट्स को ग्रेस मार्क्स देने के लिए क्या तरीका अपनाया।

# अब निकलेंगे जूनियर ऑफिस असिस्टेंट के लंबित पड़े रिजल्ट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**प्रदेश** सरकार ने मंगलवार को लंबित भर्तियों को लेकर बनाई गई कैबिनेट सब कमेटी की बैठक में जूनियर ऑफिस असिस्टेंट (जोओए) पोस्ट कोड 939 और 903 के रिजल्ट निकालने का फैसला लिया है।

- कैबिनेट सब कमेटी ने दी मंजूरी
- मंत्रिमंडल की बैठक में लगेगी अंतिम मुहर

बैठक उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री की अध्यक्षता में सचिवालय में हुई। पोस्ट कोड 903 में 82 पदों पर भर्ती होनी है। इसमें पांच आरोपी जांच के दायरे में हैं, ऐसे में पांच पदों को छोड़कर अन्य का रिजल्ट निकालने का कैबिनेट सब कमेटी ने फैसला लिया है। इसके अलावा पोस्ट कोड 939 में 295 पद भरे जाने हैं। इसमें 11 आरोपी जांच के दायरे में हैं। ऐसे में 11 पदों को छोड़कर 284 पदों पर रिजल्ट निकालने की कैबिनेट सब कमेटी ने मंजूरी दे दी है। अब मंजूरी की अंतिम मुहर के लिए मामला मंत्रिमंडल की आगामी बैठक में जाएगा। कैबिनेट सब कमेटी के सदस्य और मंत्री जगत सिंह नेगी ने कहा कि 903 और 939 पोस्ट कोड के रिजल्ट निकालने पर कैबिनेट सब कमेटी ने मंजूरी दे दी है और अन्य पोस्ट कोड को लेकर भी बैठक में चर्चा हुई। शीघ्र की कैबिनेट सब कमेटी की अगली बैठक होगी, जिसमें अन्य पोस्ट कोड की भर्तियों पर फैसला लिया जाएगा।

## न्यूज शॉर्ट्स

### नवनिर्वाचित विधायक आज लेंगे शपथ

**शिमला।** प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया बुधवार को 11 बजे नवनिर्वाचित विधायकों को शपथ दिलाएंगे। यह शपथ समारोह विधानसभा सचिवालय के पुस्तकालय कक्ष में आयोजित किया जाएगा। विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस से 4 और भाजपा से दो विधायक जीतकर आए हैं। लाहौल-स्पीति से अनुराधा राणा, सुजानपुर से कैप्टन रणजीत सिंह, कुटलैहड़ से विवेक शर्मा और गगरेट से राकेश कालिया शामिल हैं। धर्मशाला से सुधीर शर्मा, बड़सर से इंद्रदत्त लखनपाल भाजपा से निर्वाचित हुए हैं।

### आतंकियों के मददगारों के पास 2 आईईडी मिले

**जम्मू।** श्रीनगर के निहामा गांव में दो आतंकवादियों के मददगार रहे बिलाल अहमद लोन, सज्जाद गनी और शाकिर बशीर के पास से दो आईईडी बरामद किए हैं। इसका वजन करीब 6 किलो था। इसे एक्टिव सर्किट ट्रिगर सिस्टम के साथ प्लास्टिक शीट में कवर करके छिपाया था। लश्कर के दोनों आतंकवादियों ने यह आईईडी तैयार की थी, जिसे शाकिर बशीर ने बागों में छिपाया था। पुलवामा पुलिस और सेना ने इसे बाद में डिफ्यूज कर दिया है।

### अबू सलेम ने दूसरी जेल में शिफ्ट न करने को दी अर्जी



**मुंबई।** गैंगस्टर अबू सलेम ने मुंबई सेशन कोर्ट में अर्जी दाखिल की है। इसमें मांग की है कि उसे तलोजा जेल से किसी दूसरी जेल में शिफ्ट न किया जाए। सलेम की वकील अलीशा पारेख का कहना है यह अर्जी इसलिए दाखिल की है क्योंकि अबु को लगता है कि उसकी जान को खतरा है।

### सांसद पप्पू यादव के खिलाफ मामला दर्ज



**पूर्णिया।** बिहार के नवनिर्वाचित सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव के खिलाफ एक व्यवसायी की ओर से जबरन वसूली करने का आरोप लगाए जाने के बाद मामला दर्ज किया है। पप्पू यादव ने पुलिस को बताया कि चार जून को मतगणना के दिन अपने आवास पर बुलाया और एक करोड़ रुपए मांगे।

### राहुल गांधी की टिप्पणी पर छह जुलाई को सुनवाई

**रांची।** भाजपा के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह पर कांग्रेस के तत्कालीन राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी की आपत्तिजनक टिप्पणी मामले में मंगलवार को रांची स्थित एमपी-एमएलए कोर्ट में सुनवाई हुई। विशेष न्यायाधीश सार्थक शर्मा की कोर्ट ने राहुल की उपस्थिति के लिए पूर्व में समन जारी किया था, जिसका तामिला प्रतिवेदन अभिलेख में संलग्न नहीं होने के कारण अब छह जुलाई को सुनवाई होगी।

### अनंत व्यंग्य




# ईवीएम से डाले गए वोट व गिनती किए वोटों में अंतर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

**लोकसभा** चुनाव के नतीजे आ चुके हैं, लेकिन चुनाव प्रक्रिया को लेकर विवाद अभी भी जारी है। लोकसभा चुनाव के आंकड़ों में लगभग सभी संसदीय क्षेत्रों में विसंगतियां देखने को मिली हैं।



क्विंट न्यूज एजेंसी की रिपोर्ट के अनुसार, 543 संसदीय क्षेत्रों से प्राप्त हुए चुनाव आयोग के डाटा पर बारीकी से नजर डालने पर पता चलता है कि दमन और दीव, लक्षद्वीप और केरल के अतिंगल जैसे कुछ संसदीय क्षेत्रों को छोड़ दें, तो गिने गए ईवीएम वोटों की संख्या ईवीएम में डाले गए वोटों की संख्या से अलग है। 140 से ज्यादा लोकसभा क्षेत्रों में ईवीएम में गिने गए मतों की संख्या ईवीएम में डाले गए मतों की संख्या से अधिक थी। अंतर 2 वोट से लेकर 3,811 वोट के बीच था। ऐसे भी मामले हैं, जहां मतदान किए गए मतों की तुलना में कम मतों की गिनती की गई।

महाराष्ट्र, राजस्थान, छत्तीसगढ़ और उत्तर प्रदेश में ईवीएम मतों की संख्या डाले गए ईवीएम मतों से कम थी। महाराष्ट्र के मुंबई उत्तर पश्चिम में 9,51,580 ईवीएम वोट डाले गए, लेकिन 9,51,582 ईवीएम वोट गिने गए यानी दो अतिरिक्त वोट गिने गए।

### भारत को 500 साल पुरानी मूर्ति लौटाएगी ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी

**नई दिल्ली।** ब्रिटेन की ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी भारत को 500 साल पुरानी एक कांसे की मूर्ति वापस लौटाने वाली है। यह मूर्ति संत तिरुमंकई अलवर की है, जो 16वीं सदी के दौरान तमिलनाडु के एक मंदिर से चोरी हो गई थी।

संत तिरुमंकई अलवर दक्षिण भारत के 12वे अलवर संतों में से अंतिम थे। यह मूर्ति ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी की एशमोलियन म्यूजियम में रखी गई है, जिसको देखने के लिए लगभग 1800 रुपए देने पड़ते हैं। संत तिरुमंकाई अलवर की यह मूर्ति 60 सेंटीमीटर ऊंची है। इसे 1967 में डॉ. जे.आर. बेलमोंट ने ऑक्सफोर्ड यूनिवर्सिटी में रखवाया था।

# टांडा मेडिकल कॉलेज में जूनियर डॉक्टरों की रैगिंग

## दो सीनियर प्रशिक्षु डॉक्टर एक साल और दो 6 माह के लिए निष्कासित

**आशीष दमीर, कांगड़ा**

**टांडा** मेडिकल कॉलेज में एक बार फिर रैगिंग का मामला सामने आया है। चार सीनियर प्रशिक्षु डॉक्टरों ने जूनियर डॉक्टरों की रैगिंग की है।

**नौ माह में रैगिंग का दूसरा मामला**

एंटी रैगिंग कमेटी की प्रारंभिक जांच रिपोर्ट के आधार पर कॉलेज प्रबंधन ने चार छात्रों को निष्कासित कर दिया है। दो स्टूडेंट्स को एक-एक साल के लिए निष्कासित किया है और 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है, जबकि दो अन्य छात्रों को 6-6 महीने के लिए निष्कासित किया गया। 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। एमबीबीएस के चार सीनियर ट्रेनी पर जूनियर छात्रों ने रैगिंग के आरोप लगाए थे। कॉलेज की एंटी रैगिंग कमेटी ने जांच की तो यह आरोप सही पाए गए। टांडा मेडिकल कॉलेज में नौ माह में रैगिंग का दूसरा मामला आया है। डीएसपी कांगड़ा अंकित शर्मा ने कहा कि कॉलेज की ओर से कोई शिकायत नहीं मिली है। (अनंत ज्ञान)

> रैगिंग में शामिल दो स्टूडेंट्स को एक-एक साल के लिए निष्कासित किया है और 1-1 लाख रुपए का जुर्माना लगाया है, जबकि दो अन्य छात्रों को 6-6 महीने के लिए निष्कासित किया गया। 50-50 हजार रुपए का जुर्माना भी लगाया गया है। पुलिस को सूचित कर दिया गया है। कॉलेज में किसी भी तरह के अनुशासनहीनता को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।
>
> **-डॉ. मिलाप, प्रिंसिपल, टांडा मेडिकल कॉलेज।**

### पुलवामा में लश्कर के तीन सदस्य गिरफ्तार

**श्रीनगर।** पुलवामा जिले में दो आईईडी बरामद होने के मामले में लश्कर-ए-तैयबा (एलईटी) के तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है। तीन जून को लश्कर कमांडर रेयाज डार और उसके सहयोगी रईस डार की मुठभेड़ के दौरान मारे जाने के बाद पुलिस ने आतंकवादियों के सक्रिय कार्यकर्ताओं (ओजीडब्ल्यू) के नेटवर्क से विस्फोटक बरामद किए थे। सुरक्षाबलों ने रविवार को बरामद किए करीब छह किलोग्राम विस्फोटक उपकरणों को नष्ट किया था। पुलिस अधिकारी ने बताया कि मारे गए आतंकवादियों को आश्रय और रसद सहायता प्रदान करने के आरोप में तीन सक्रिय सदस्यों को गिरफ्तार किया गया है और पूछताछ जारी है।

### आतंकी इकबालप्रीत के दो साथी गिरफ्तार

**चंडीगढ़।** पंजाब पुलिस ने आतंकी इकबालप्रीत सिंह उर्फ बुच्ची व टारगेट किलिंग के आरोप में तिहाड़ जेल में बंद रमनदीप बग्गा उर्फ कनाडा से जुड़े दो लोगों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों की पहचान सिमरजोत सिंह और पटियाला के अर्शप्रीत सिंह उर्फ अर्श के रूप में हुई। पुलिस ने उनके पास से दो पिस्तौल व 11 कारतूस बरामद किए हैं।

### सीएम बनने से पहले चंद्रबाबू नायडू का ऐलान, अब अमरावती ही होगी राजधानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**तेलुगू** देशम पार्टी (टीडीपी) के सुप्रीमो एन चंद्रबाबू नायडू ने राज्य की राजधानी को लेकर मंगलवार को बड़ी घोषणा की।

आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री के रूप में अपने शपथ ग्रहण से एक दिन पहले उन्होंने कहा कि अमरावती राज्य की एकमात्र राजधानी होगी। नायडू ने तेदेपा, भारतीय जनता पार्टी और जनसेना के विधायकों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए यह घोषणा की। इस मीटिंग में उन्हें सर्वसम्मति से आंध्र प्रदेश विधानसभा में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) का नेता चुना गया।

### पहली जुलाई से मिल सकती है डीए की सौगात

**नई दिल्ली।** लोकसभा चुनाव के बाद केंद्र में मोदी सरकार का गठन हो चुका है। अब पहली जुलाई से सरकारी कर्मचारियों को डीए में बढ़ोतरी की सौगात मिल सकती है। फरवरी, मार्च व अप्रैल माह के दौरान औद्योगिक श्रमिकों के लिए उपभोक्ता मूल्य सूचकांक की सर्वे रिपोर्ट सकारात्मक है। फरवरी में यह सूचकांक 0.3 अंक बढ़कर 139.2 अंकों के स्तर पर संकलित हुआ है।

# सीमा पार आतंकवाद का समाधान जरूरी : जयशंकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**एस** जयशंकर ने मंगलवार को विदेश मंत्री का कार्यभार संभालते ही पाकिस्तान और चीन को कड़ा संदेश दिया है। उन्होंने कहा कि सीमा पार आतंकवाद का समाधान जरूरी है और आतंकवाद अच्छे पड़ोसी की नीति कभी नहीं हो सकती।

चीन को लेकर कहा कि सीमा से जुड़े मुद्दों का समाधान होना चाहिए। कार्यभार संभालते ही मोदी सरकार की तरफ से साफ कर दिया गया है कि जब तक पाकिस्तान आतंक नहीं रोकता, तब तक कोई बात संभव नहीं है। जहां तक पाकिस्तान और चीन का सवाल है, उन देशों के साथ संबंध अलग-अलग हैं और वहां की समस्याएं भी अलग-अलग हैं। सरकार का जोर चीन के साथ सीमा विवाद का समाधान निकालने पर है। वहीं, पाकिस्तान को लेकर भारत की नीति बिलकुल स्पष्ट है।

जब तक पाकिस्तान आतंकवाद को भारत के खिलाफ इस्तेमाल करता है तब तक दोनों देशों के रिश्ते अच्छे नहीं हो सकते।

**हाय! गर्मी** कुल्लू और कांगड़ा जिले के कुछ इलाकों में लू चलने की संभावना, अभी कोई राहत नहीं

# हिमाचल के मैदानों में पांच दिन और हीटवेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

**हिमाचल** प्रदेश में इस सप्ताह भी भीषण गर्मी पड़ेगी। प्रदेश के मैदानी इलाकों में बुधवार से लेकर अगले पांच दिन तक हीटवेव का असर देखने को मिलेगा, जिसको लेकर येलो अलर्ट जारी किया गया है।

इससे तापमान में दो से तीन डिग्री की बढ़ोतरी होगी। 13 जून को कुल्लू और कांगड़ा जिलों के कुछ इलाकों में लू चल सकती है। चिंता की बात यह है कि एक सप्ताह तक बारिश और प्री-मानसून की कोई संभावना नहीं है। हालांकि, 17 से 18 जून तक प्रदेश में प्री-मानसून आने की संभावना है। इसके बाद हीटवेव से राहत मिलने की संभावना है। मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक सुरेंद्र पाल ने बताया कि प्रदेश में बीते 24 घंटे में सामान्य तापमान में एक डिग्री की वृद्धि दर्ज की गई है। हमीरपुर, ऊना, बिलासपुर, मंडी, सोलन और सिरमौर जिले में बुधवार से हीटवेव को लेकर 48 घंटे के लिए अलर्ट जारी किया गया है। इन दिनों प्रदेश के राजधानी शिमला, मनाली व रोहतांग में पर्यटकों की भीड़ उमड़ी है। यहां पर पर्यटन कारोबार भी तेजी से बढ़ रहा है। हिमाचल में 70 के 80 के बीच ऑक्यूपेंसी चल रही है। मैदानी क्षेत्रों में गर्मी के चलते पर्यटक पहाड़ों का रुख कर रहे हैं।



शिमला के रिज पर गर्मी के बावजूद चहलकदमी करते पर्यटक।

### अधिकतम तापमान

| | |
|---|---|
| नेरी | 44.8° |
| ऊना | 42.8° |
| धौलाकुआं | 42.6° |
| बिलासपुर | 42.1° |
| हमीरपुर | 40.8° |
| बरठीं | 40.0° |
| सुंदरनगर | 40.0° |
| कांगड़ा | 39.8° |
| चंबा | 39.1° |
| मंडी | 38.8° |
| सोलन | 36.0° |
| धर्मशाला | 35.4° |

# मलावी में विमान दुर्घटनाग्रस्त उपराष्ट्रपति समेत 9 की मौत

**एजेंसी, नई दिल्ली**



**पूर्वी** अफ्रीका के देश मलावी में विमान क्रैश होने से उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों की मौत हो गई है। यह जानकारी मलावी के राष्ट्रपति ने दी। उपराष्ट्रपति सौलोस क्लॉस चिलिमा और नौ अन्य लोगों को ले जा रहे विमान के लापता होने की खबर सामने आई थी।

विमान का मलबा बरामद हो गया है। विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद विमानन अधिकारियों ने विमान से संपर्क बनाने की कोशिशें कीं, लेकिन कोई पता नहीं चल पाया। विमान में उपराष्ट्रपति चिलिमा रक्षा बल के विमान में सवार थे। यह विमान राजधानी लिलोंग्वे से रवाना हुआ था। इसके बाद विमान अचानक रडार से गायब हो गया था। इसके बाद राष्ट्रपति लाजरस चकवेरा ने सुरक्षा बलों से विमान पता लगाने के लिए तत्काल खोज और बचाव अभियान शुरू करने का आदेश दिया था। बताया गया है कि मलावी के राष्ट्रपति चकवेरा बहामास की यात्रा करने वाले थे, लेकिन विमान लापता होने की सूचना मिलने के बाद उन्होंने अपना दौरा रद्द कर दिया। खोजी अभियान चलाने के बाद पता चला कि विमान भीषण दुर्घटना का शिकार हुआ है।

## न्यूज ब्रीफ

### गुरमीत ने 34 जरूरतमंद बच्चों को लिया गोद



**शिमला।** नोफल एक उम्मीद संस्था के अध्यक्ष गुरमीत सिंह ने राजकीय उच्च विद्यालय विकास नगर का दौरा किया और यहां 34 जरूरतमंद बच्चों को गोद लिया। यह वह बच्चे हैं जो अपनी यूनिफॉर्म और जूत्ते नहीं ले सकते है और फीस के मात्र 24 रुपए नहीं दे सकते हैं। इस मौके पर संस्था सदस्य पूनम नेगी, रंजू नेगी और दीपिका कंवर उपस्थित रहे। विद्यालय की और से मुख्याध्यापिका रेणु रत्न ने संस्था के कामों की जम के तारीफ की। गौर रहे कि गुरमीत सिंह आईजीएमसी में हजारों मरीजों व तीमारदारों को लंगर खिलाते हैं। वहीं अब गरीब बच्चों को निशुल्क शिक्षा भी प्रदान कर रहे हैं।

### पीरन में सिलाई सेंटर खोलने पर जताया आभार

**शिमला।** मशोबरा विकास खंड की ग्राम पंचायत पीरन में सिलाई सेंटर खोलने के लिए ग्राम संगठन पीरन की प्रधान बिमला वर्मा, सचिव विद्या चौहान सहित अन्य सभी महिलाओं ने डीसी शिमला अनुपम कश्यप, डायरेक्टर यूको आरसेटी तान्या शर्मा, बीडीओ मशोबरा अंकित कोटिया, क्योंथल क्लस्टर समूह की प्रधान गीता ठाकुर, पूजा ठाकुर, सविता नेगी सहित सभी महनुभावों का आभार व्यक्त किया है। बिमला वर्मा और विद्या चौहान ने बताया कि इस सिलाई सेंटर के खुलने से पीरन पंचायत की 35 बेरोजगार महिलाएं स्वाबलंबी बनेगी। दूसरी ओर पूर्व प्रधान दयाराम वर्मा, भाजपा के वरिष्ठ पदाधिकारी प्रीतम सिंह ठाकुर ने डीसी शिमला से आग्रह किया है कि सिलाई प्रशिक्षण की अवधि को एक महीने से बढ़ाकर कम से कम तीन माह किया जाए, ताकि महिलाओं को सिलाई कार्य में दक्षता हासिल हो सके।

### बड़गांव स्कूल में एमएससी कमेटी का गठन

**बरठीं।** बिलासपुर जिला के बरठीं क्षेत्र के तहत आने वाले राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बड़गांव में एमएससी कमेटी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से राजेश गौतम को अध्यक्ष चुना गया। इस दौरान सचिव होशियार सिंह, सदस्य सपना देवी, राधा देवी, लेक्चर इंग्लिश संदीप कुमार, टीजीटी राज रानी टीजीटी, एवं ग्राम पंचायत प्रधान निक्कू राम ने नवनिर्वाचित कमेटी को शुभकामनाएं दीं।

### डंगार स्कूल में एसएमसी कमेटी का गठन

**दधोल।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डंगार में एसएमसी का गठन किया गया। जिसमें लगभग 95 लोगों ने भाग लिया, एसएमसी सभा का संचालन श्रीबालम प्रवक्ता गणित ने किया। इस दौरान मनोहर लाल को एसएमसी का प्रधान चुना गया। तत्पश्चात सभी कक्षाओं में से दो-दो अभिभावकों को कार्यकारिणी में शामिल किया गया। जिसमें छठी कक्षा से अशोक व मीना, 7वीं कक्षा से वीना देवी व सलोचना 8वीं कक्षा से मनोज कुमार व सदमा खातून, नवमीं कक्षा से राजपति व सपना कुमारी, 10वीं कक्षा से रुकसाना बेगम व तिलक, , 11 वीं कक्षा से राज कुमार पटियाल व विशन दास, 12वीं कक्षा से जगदीश धीमान, मीना कुमारी शामिल हैं।

### केएमसी कप का हुआ समापन, झड़ग बना विजेता

**कोटखाई।** तहसील कोटखाई के ग्रावग पंचायत में चल रहे के एमसी क्लब द्वारा आयोजित ग्रामीण स्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता का सफल समापन हो गया। इस प्रतियोगिता में अलग-अलग क्षेत्र की 64 टीमों ने भाग लिया, जिसमें फाइनल मुकाबले में धार बलसन और झड़ग की टीम आपस में भिड़ी तथा झड़ग टीम विजेता बनी विजेता टीम को ट्रॉफी के साथ ₹100000 की नकद राशि इनाम स्वरूप दी गई। केएमसी कप में मैन ऑफ़ द सीरीज का किताब रवि दिल्टा के नाम रहा। प्रतियोगिता के समापन पर मुख्यअतिथि के तौर पर ग्रावग पंचायत के प्रधान सुखचैन और उप प्रधान संजीव सावंत उपस्थित रहे।

# नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ एसएफआई का धरना-प्रदर्शन

## एनटीए को खत्म कर अब तक के सभी घोटालों की जांच करने की उठाई मांग

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**




नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार और कुप्रबंधन के खिलाफ प्रदर्शन करती एसएफआई विश्वविद्यालय की इकाई।

एसएफआई विश्वविद्यालय इकाई ने राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी एनटीए के खिलाफ व नीट परीक्षा में हुए भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन के खिलाफ धरना प्रदर्शन किया। 4 जून को नीट यूजी परीक्षा परिणाम घोषित होने के बाद कई शिकायतें सामने आ रही हैं, जो एनटीए के परीक्षा संचालन की पारदर्शिता पर सवाल उठा रही हैं। यह एनटीए लाए जाने के बाद से महत्वपूर्ण परीक्षाओं में निरंतर हो रहे गंभीर भ्रष्टाचार एवं कुप्रबंधन की श्रृंखला की एक और कड़ी के रूप में हुआ है।

परिणामस्वरूप यह एक बार फिर साबित हो गया है कि एक केंद्रीकृत संस्था एनटीए नीट जैसी प्रवेश परीक्षा आयोजित करवाने में अयोग्य है। एमबीबीएस-बीडीएस स्नातक स्तरीय प्रवेश परीक्षा में कुल अंक 720 होते हैं। प्रत्येक सही उत्तर के लिए 4 अंक दिए जाते हैं, जबकि प्रत्येक गलत उत्तर के लिए कुल अंक में से एक अंक काटा जाता है, जबकि अनुत्तरित प्रश्नों छोड़ दिया जाता है। उस स्थिति में 719 और 718 जैसे अंक प्राप्त करना गणितीय रूप से संभव नहीं है, लेकिन ऐसे मामले कई परिणामों में देखे गए हैं।

एनटीए ने एक बयान में लापरवाही से कहा है कि इस साल का रिजल्ट में ग्रेस मार्किंग भी हुई है, लेकिन इस साल परीक्षा से पहले एनटीए द्वारा प्रकाशित दशा-निर्देशों में कहीं भी इस ग्रेस मार्किंग योजना का कोई उल्लेख नहीं किया गया है। इसके अलावा ऐसी शिकायतें भी मिली हैं कि एक ही केंद्र से एक ही क्रम में लगातार रोल नंबर वाले छात्रों को समान अंक मिले हैं, जो की प्रसंगवश 720 में से 720 अंक है। रैंक में इस गंभीर विवर्धन के कारण उम्मीदवारों को अब निजी कॉलेजों में प्रवेश लेने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है, जो सीधे तौर पर एनटीए की नीतियां जैसे कि पाठ्यक्रम में उल्लेखनीय कमी के कारण है। मोदी सरकार में जिस तरह से एनएमसी और एनटीए मिलकर मेडिकल शिक्षा का निजीकरण कर रहे हैं, वह देश के भविष्य के लिए खतरनाक है।

स्टूडेंट्स फेडरेशन ऑफ इंडिया इस भ्रष्टाचार घटना की तत्काल पारदर्शी और निष्पक्ष जांच की मांग करता है। उन्होंने कहा कि हम एनटीए को खत्म करने और इसके अब तक के सभी घोटालों की जांच करने की मांग करते हैं।

# युवाओं ने फायर कर्मियों के साथ बुझाई जंगल में लगी आग

**भरत ठाकुर, कोटखाई**

- शरारती तत्वों ने कोटखाई बटरोग के जंगलों में लगा दी थी आग

ऊपरी शिमला के जंगलों में लग रही भयानक आग के कारण जहां वन संपदा को भारी नुकसान पहुंच रहा है, वहीं पर्यावरण प्रदूषण भी बढ़ता जा रहा है। जहां जंगलों को हरा भरा बनाने के लिए वन विभाग, क्षेत्र के युवा एवं बीडीएफ जैसी अनेकों संस्थाओं द्वारा सैकडों पौधे लगाए जा रहे है।

वहीं शरारती तत्वों के द्वारा जंगलों में आग लगा दी जाती है। ऐसी ही एक घटना कोटखाई बटरोग के जंगलों में भी घटी, जहां शरारती तत्वों ने जंगल में आग दी। जंगल में फैल रही भीषण आग के बारे में जब स्थानीय युवाओं को पता चला तो उन्होंने अग्निशमन विभाग को सूचित किया और खुद जाकर आग बुझाने का प्रयास किया। कुछ ही घंटों में युवाओं एवं अग्निशमन विभाग ने आग पर कड़ी मशक्त के बाद काबू पा लिया और करोड़ों की वन संपदा को बचाने में सफलता प्राप्त की।

क्षेत्र के युवाओं ने जानकारी देते हुए बताया कि लगातार जंगलों में लग रही को रोकने के लिए क्षेत्र के युवाओं को आगे आना चाहिए। तभी अपने आसपास के वनों को बचाया जा सकता है। और उन्हें हरा भरा रखा जा सकता है। (अनंत ज्ञान)



जंगल में लगी आग बुझाने वाले स्थानीय युवा और फायर कर्मी सामूहिक चित्र में।

# सीपीएस मोहन से मिला अढाल व बशला पंचायत का प्रतिनिधिमंडल

**दशमी रावत, रोहड़ू**

- खनाटू-मेत्रा-सेरी सड़क के निर्माण कार्य व पौड़ीताल-कांडा-अढाल पेयजल योजना को पूरा करवाने की उठाई मांग

पिछले लंबे समय से बंद पड़े हुए बशला-अंटापू-सराईंधार सड़क मार्ग के निर्माण कार्य को पूरा करवाने के लिए क्षेत्र का प्रतिनिधिमंडल अढाल पंचायत के उपप्रधान अनिल ठाकुर की अध्यक्षता में मुख्य संसदीय सचिव व विधायक मोहन लाल ब्राक्टा से मंगलवार को सर्किट हाऊस रोहड़ू में मिला।

इस दौरान खनाटू-मेत्रा-सेरी जो 2008 का संपर्क सड़क मार्ग बना हुआ है। इस सडक मार्ग के निर्माण के लिए कलवट, डंगे रिटेलिंग व ब्रैस्ट वॉल के लंबित पड़े हुए कार्यों को शीघ्र अति शीघ्र पूरा करवाने की सीपीएस से प्रतिनिधिमंडल ने मांग की है। इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य नरेंद्र शर्मा, उपप्रधान अनिल ठाकुर, पूर्व प्रधान रविंद्र ठाकुर, ब्लॉक कांग्रेस कमेटी रोहड़ू के मीडिया प्रभारी हैप्पी वनित मेहता की अगुवाई में अढ़ाल, बशला, बटाड़ी, मेत्रा के लोग शामिल रहे।

प्रतिनिधिमंडल ने उठाऊ पेयजल योजना पौड़ीताल-कांडा-अढाल पेयजल योजना को भी शीघ्र पूरा करवाने की मांग की है। इस अवसर पर सीपीएस ब्राक्टा ने विभागीय अधिकारियों को स्थानीय लोंगों की समस्याएं तुरंत प्रभाव से बहाल करने के निर्देश दिए है।

# शिमला में पानी के दो छोटे टैंकर बुझाएंगे प्यास

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

- नगर निगम के बेड़े में शामिल हुए इन टैंकरों को विधायक हरीश और महापौर ने दिखाई झंडी
- तंग रास्तों में होगी छोटे टैंकरों से पेयजल आपूर्ति

राजधानी शिमला में इन दिनों जहां गर्मी अपने चरम पर हैं। वहीं शहरवासियों को पेयजल की समस्या से जूझना पड़ रहा है। पेयजल समस्या के चलते शिमला जल प्रबंधन ने शहर में पानी की सप्लाई भी एक दिन छोड़ कर कर दी है। बावजूद इसके प्रतिदिन राजधानी में पानी के टैंकरों की मांग दिन व दिन बढ़ती जा रही है। शिमला में प्रतिदीन लगभग 50 टैंकरों की मांग आ रही है।

तंग रास्तों के कारण बड़े टैंकर कुछ क्षेत्रों में पहुंच नहीं पा रहे है, जिसके चलते नगर निगम ने इस समस्या से निपटने के लिए अपने बेड़े में दो छोटे टैंकर और शामिल कर लिए है। अब नगर निगम के पास छोटे टैंकरों की संख्या तीन हो गई है। जिससे कुछ हद तक शहरवासियों को पेयजल समस्या से राहत मिलने की उम्मीद है। मंगलवार को विधायक हरीश जनारथा व महापौर सुरेंद्र चौहान ने दो छोटे टैंकरों को झंडी दिखाकर रवाना किया।

विधायक हरीश ने कहा कि गर्मी के दिनों में राजधानी में पानी की समस्या हो जाती है। इस वर्ष शहर में तीसरे दिन पानी की सप्लाई की जा रही है। विधायक हरीश जनारथा ने कहा कि तंग रास्तों के कारण बड़े टैंकरों का जाना संभव नहीं है। इसके चलते यह फैसला लिया गया कि दो छोटे टैंकर लिए जाए, जिससे शहर के हर क्षेत्र में पानी की आपूर्ति की जा सके।

उन्होंने कहा कि अभी ट्रायल के तौर पर दो छोटे टैंकर लिए गए हैं। अगर यह ट्रायल सफल रहा तो और टैंकर भी लिए जा सकते हैं। वहीं उन्होंने पानी के बिलों में 10 प्रतिशत की बढ़ोतरी पर कहा कि यह जो वर्ल्ड बैंक के साथ करार हुआ था वह पूर्व सरकार के समय में हुआ था। उम्मीद है कि यह जो प्रोजेक्ट है लगभग डेढ़ वर्ष में पूरा हो जाएगा। उसके बाद पानी के प्रति वर्ष बढ़ते दामों पर समीक्षा की जाएगी। विधायक ने कहा कि 10 प्रतिशत पानी के बिलों में बढ़ोतरी बहुत अधिक बढ़ोतरी है। इस पर समीक्षा कर इस काम करने का प्रयास किया जाएगा।

वहीं महापौर सुरेंद्र चौहान ने कहा कि शहर में पानी की समस्या के चलते नगर निगम द्वारा शिमला जल प्रबंधन के माध्यम से दो टैंकर खरीदे गए हैं। शिमला में तंग रास्तों के कारण कई जगह बड़े टैंकर नहीं जा सकते। इस कारण छोटे टैंकरों के माध्यम से उसे क्षेत्र में पानी की सप्लाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि इन छोटे टैंकर्स में मोटर भी लगी है। जिसके माध्यम से बहुमंजिला भवन में पानी लिफ्ट किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि शिमला शहर में पानी के संसाधन बढ़ाने के लिए नगर निगम प्रयासरत है। इसी कड़ी में शहर के आसपास के क्षेत्र में पुरानी बावड़ियों को भी देखा जा रहा है। इसके साथ ही शिमला शहर में चल भंडारण को बढ़ाने के लिए नए पानी के टैंकों का निर्माण भी किया जा रहा है जिससे शहर में पानी की समस्या से निपटने के लिए काफी हद तक आसानी होगी।

# चिट्टे के खिलाफ बनेगा सख्त कानून!

## ग्राम पंचायतों की आम सभा में प्रस्ताव पारित करवाएगी संस्कार संस्था

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

संस्कार संस्था घुमारवीं जुलाई माह से घुमारवीं उपमंडल की ग्राम पंचायतों में होने वाली आम सभाओं से चिट्टे के खिलाफ सख्त कानून बनाने के लिए प्रस्ताव पारित करवाएगी। संस्कार संस्था विभिन्न सामाजिक संस्थाओं व आमजन के साथ मिलकर अभियान को घर-घर तक पहुंचाने का कार्य करेगी। यही नहीं पंचायत गांव स्तर पर जागरूकता व निगरानी कमेटी गठित की जाएगी।

घुमारवीं में आयोजित प्रेसवार्ता को संबोधित करते हुए संस्थापक महेंद्र धर्माणी ने कहा कि प्रदेश में चिट्टा के कारण हो रही मौतें, पुलिस द्वारा की गई करवाई में पकड़ी गई चिट्टे की मात्रा और विधानसभा पटल पर सरकार द्वारा रखे गए आंकड़े यह बताने को पर्याप्त है कि किस प्रकार चिट्टा हमारे बच्चों को हमसे छीन रहा है और युवाओं का भविष्य खराब कर रहा है। चिट्टे के कारण हो रहे नुकसान व इस सामाजिक चुनैती की गंभीरता को स्वीकार करते हुए संस्कार सोसायटी घुमारवीं ने इस जानलेवा नशा के विरुद्ध निर्णायक अभियान प्रारंभ करने का निर्णय लिया है। संस्था ने निर्णय लिया है कि इस अभियान के संचालन के लिए उपमंडल स्तर पर एक संचालन समिति का गठन किया जाएगा। दलगत राजनीति से ऊपर उठकर समाज के विभिन्न वर्गों जिसमें वरिष्ठ नागरिक, छात्र, युवा, पुलिस, महिला, डॉक्टर, पंचायत प्रतिनिधि, अधिवक्ता और सामाजिक संस्थाओं को जोड़ने का प्रयास संस्था द्वारा किया जाएगा। जिसके माध्यम से इस अभियान को आमजन अभियान बनाया जाएगा। महेंद्र धर्माणी ने बताया कि संस्था ने चिट्टा के खिलाफ जागरूकता अभियान की शुरुआत 15 अक्तूबर से छात्रों में एक पमलेंट का वितरण करके घुमारवीं से की थी। ग्राम पंचायत संपर्क अभियान 25 नवंबर 2023 सांडयार पंचायत से शुरू हुआ। इस दौरान 27 ग्राम पंचायतों में छोटी बैठकों के माध्यम से 48 स्थानों पर संपर्क साधा गया।



प्रेसवार्ता करते संस्था के संस्थापक महेंद्र धर्माणी व अन्य।

उन्होंने कहा कि छात्र संपर्क अभियान के अंतर्गत 16 शिक्षण संस्थानों में कार्यक्रम आयोजित किए गए। महेंद्र धर्माणी ने कहा कि अभियान के दौरान लोगों से मिलकर अहसास हुआ कि समाज का प्रत्येक वर्ग चिट्टा के कारण बर्वाद हो रही अपनी युवा पीढ़ी के भविष्य के लिए चिंतित है। आमजन चिट्टा के खिलाफ सख्त कानून चाहता है। उन्होंने कहा कि संस्कार सोसायटी अपने सामाजिक दायित्व के लिए वचनवद्ध है तथा इस अभियान को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से समाज को नशामुक्त बनाने को संकल्पित है।

# प्रवासी मजदूरों को उचित मूल्य की दुकानों में मिलेगा सस्ता राशन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

प्रदेश सरकार अब प्रवासी मजदूरों को उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से सस्ती दरों पर राशन प्रदान करेगी।

यह जानकारी जिला नियंत्रक खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले अधिकारी बिजेंद्र पठानिया ने दी। उन्होंने बताया कि प्रवासी मजदूर, जो बिलासपुर जिले में काम के लिए आए हैं और हिमाचल से ही संबंध रखते हैं व जिनका अभी तक राशन कार्ड नहीं बना है तथा जो ई-श्रम पोर्टल पर पंजीकृत हैं, उनका खाद्य नागरिक आपूर्ति एंव उपभोक्ता मामले विभाग/संबंधित पंचायत द्वारा राशन कार्ड बनाया जाएगा, जिसमें उन्हें उचित मूल्य की दुकानों के माध्यम से उचित दरों पर राशन मुहैया करवाया जाएगा। इससे अब मजदूरों को काफी राहत व सुविधा मिलेगी। राशन कार्ड के लिए आवेदन के लिए मजदूर अगर शहरी क्षेत्र में रह रहे हैं तो संबंधित निरीक्षक, खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले बिलासपुर के कार्यालय में आवेदन कर सकते हैं और यदि ग्रामीण क्षेत्र में रह रहे हैं तो संबंधित पंचायत सचिव के पास आवेदन कर सकते हैं जिसके लिए उन्हें आधार कार्ड व श्रमिक कार्ड आवेदन पत्र के साथ संलग्न करना होगा।

उन्होंने बताया कि खाद्य नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता मामले विभाग बिलासपुर द्वारा 60 श्रमिकों के राशन कार्ड बनाए जा चुके हैं। यदि किसी लाभार्थी को इस बारे किसी प्रकार की कठिनाई आती है तो वह विभाग के दूरभाष संख्या 01978-222349 या खंड में कार्यरत विभाग के निरीक्षक से संपर्क कर सकता है।

# मिड-डे-मील वर्कर्स को तीन माह से नहीं मिला मानदेय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

सरकारी स्कूलों में बच्चों के लिए दोपहर भोजन पकाने और परोसने वाली मिड-डे-मील वर्कर्स को पिछले तीन महीने से मानदेय नहीं मिला है, जिसके चलते उनकी रसोई का बजट भी बिगड़ता जा रहा है। मिड-डे मील वर्कर्स संबंधित एटक की जिलाध्यक्ष रेखा ठाकुर ने आयोजित बैठक में सरकार से अतिशीघ्र मानदेय का भुगतान करते हुए हर माह की सात तारीख को वेतन देनने की मांग रखी है।

मांग की है कि गैस सिलेंडर तथा खाद्य सामग्री रसोई में उपलब्ध करवाई जाए न कि वर्कर्स को उठाने के लिए बाध्य किया जाए। चिकित्सा प्रमाण पत्र प्रथम नियुक्ति के समय वर्कर से लिया जाए तथा हर छ माह बाद होने वाला नवीनीकरण विद्यालय में ही बनाया जाए। 500 रुपए से 1000 रुपए तक लिया जाने वाला शुल्क भी विभाग ही वहन करे। 10 माह की बजाय 12 माह का वेतन दिया जाए। मिड डे मिल्स वर्कर को सरकारी कर्मचारी घोषित कर न्यूनतम वेतन दिया जाए।

# नेरवा में निशुल्क स्वास्थ्य मेला 19 को

**नेरवा/चौपाल।** डिजिटल मीडिया संगठन नेरवा, चौपाल, देहा, कुपवी की ओर से इस बार का एक दिवसीय निशुल्क स्वास्थ्य मेला 19 जून को कंवर कॉम्प्लेक्स नेरवा में आयोजित किया जाएगा। मुख्यातिथि के रूप में सीएमओ शिमला डॉ. राकेश प्रताप इस मेले का शुभारंभ करेंगे।

**खेल** गनैहर देरट युवक मंडल ने करवाया शहीद सुनील कुमार मेमोरियल टूर्नामेंट

# नशे से बचाव का एकमात्र विकल्प स्पोर्ट्स: उदय

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

ग्राम पंचायत हरनोड़ा में युवक मंडल देरट द्वारा शहीद सुनील कुमार मेमोरियल का एकदिवसीय वॉलीबाल टूर्नामेंट का आयोजन किया गया। टूर्नामेंट के समापन पर समाजसेवी व श्रीकृष्णा कंपनी के निदेशक उदय तिवारी ने बतौर मुख्यातिथि शिरकत करते हुए कहा कि यदि बच्चों का रुझान शुरू से ही खेलकूद गतिविधियों की तरफ होगा तो वे किसी भी कीमत पर नशे की ओर आकर्षित नहीं होंगे।

वहीं आईटीबीपी में शहीद हुए सुनील कुमार के पिता सेवानिवृत्त सूबेदार गरजा राम ने खेलों का शुभारंभ किया। इस उपरांत दूसरे राउंड में हुए मैच में एनटीपीसी कोल डैम सेफ्टी हेड देवेंद्र कुमार व आईटी हेड रमेश चंद्रा ने भी बतौर मुख्यातिथि शिरकत की। बता दें कि शहीद सुनील कुमार अरुणाचल प्रदेश में हिंदुस्तान की सरहद की रक्षा करते हुए शहीद हो गए थे। युवक मंडल देरट के प्रधान प्रकाश चंद रघुबंशी व उनकी टीम ने मुख्यातिथि को शॉल-टोपी व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस टूर्नामेंट में 16 टीमों के प्रतिभागियों ने भाग लिया। पहले राउंड में एनडीआरएफ और डेहर के बीच मुकाबला हुआ।



वॉलीबाल टूर्नामेंट के दौरान आयोजक व खिलाड़ी एक साथ।

सेमीफाइनल में बरमाणा व डेहर एवं एनडीआरएफ व बरठीं के बीच हुई, जिसमें बरठीं और बरमाणा ने अपने प्रतिद्वंदी एनडीआरएफ और डेहर को हराया। वॉलीबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में बरठीं टीम ने बरमाणा टीम को हराकर खिताब अपने नाम किया। मुख्यातिथि ने आयोजकों को 11000 रुपए की राशि दी। वॉलीबॉल विनर बरठीं टीम को 5100 एवं रनर टीम बरमाणा को 4100 की राशि से सम्मानित किया गया। नेहर टीम से प्रिंस कुमार को सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी से नवाजा गया। वहीं मुख्यातिथि उदय तिवारी ने हरनोडा की ऋषिका को राष्ट्रीय बास्केट खेल प्रतियोगिता में चयन होने पर 1100 रुपए बतौर इनाम देकर बधाई दी।

इस मौके पर हरनोड़ा पंचायत उपप्रधान राजीव कुमार ठाकुर, सेवानिवत्त सूबेदार गरजा राम, बालक राम, रंजीत, टेक चंद, कॉल वैली स्कूल के प्रिंसिपल कालिदास, नर्सिंग इंस्टीट्यूट की शिक्षिका किरना कुमारी, समाजसेवी लेख राम सांख्यान आदि मौजूद रहे।

**कार्यालय ग्राम पंचायत कलोटी**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

## निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत कलोटी विकास खंड छौहारा जिला शिमला हि.प्र. को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा तथा विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-2 विकास कार्यों के निष्पादन हेतू निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 18.06.2024 को सायं 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें। पंचायत द्वारा दिनांक 20.06.2024 को समय 11 बजे प्राप्त निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित कमेटी के सामने खोला जाएंगा।

| क्र.सं. | सामग्री का ब्यौरा | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता (क्रेशर/खान) मूल्य अलग-2 अंकित करें | |
| 2. | रोडी 20 एमएम, 40 एमएम | |
| 3. | सीमेंट ढुलान कलोटी से पंचायत क्षेत्र | |
| 4. | पत्थर | |
| 5. | सरिया | |
| 6. | टायल | |

**निविदाओं की अन्य शर्तें निम्न प्रकार से हैं:-**

**1.** निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। **2.** दरें एक साल तक मान्य होंगी। **3.** प्रत्येक सामग्री को सूचीबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। **4.** निविदा पत्र साफ-2 शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पढ़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी। निविदा में त्रुटि या समझ न आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। **5.** निविदाकर्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक हैं जो सरकार/विभाग द्वारा मांगी जाती हैं। **6.** अन्य नियम और शर्तें दिनांक 20.06.2024 को विस्तार पूर्वक बताई जाएंगी। **7.** पंचायत के सभी वार्डों को एक ही मूल्य मान्य होगा। **8.** समस्त प्रकार की अदायगी का नगद भुगतान नहीं होगा और सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। **9.** ढुलान के इलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए GST NO. अनिवार्य होगा।

**प्रधान ग्राम पंचायत कलोटी**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

**कार्यालय ग्राम पंचायत ढाकगांव**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

## निविदा आमंत्रण सूचना

ग्राम पंचायत ढाकगांव विकास खंड छौहारा जिला शिमला हि.प्र. को वित्त वर्ष 2024-25 के लिए मनरेगा तथा विभिन्न मदों के अंतर्गत भिन्न-2 विकास कार्यों के निष्पादन हेतू निम्नलिखित सामग्री की आवश्यकता है अतः संबंधित फर्मों से निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। पंचायत का संबंधित निविदाताओं से निवेदन है कि दिनांक 18.06.2024 को सायं 5 बजे तक अपनी-अपनी निविदाएं बंद लिफाफे के अंदर प्रत्यक्ष व डाक द्वारा पंचायत कार्यालय में जमा करें। पंचायत द्वारा दिनांक 20.06.2024 को समय 11 बजे प्राप्त निविदाओं को पंचायत द्वारा गठित कमेटी के सामने खोला जाएंगा।

| क्र.सं. | सामग्री का ब्यौरा | मूल्य प्रति इकाई |
|---|---|---|
| 1. | रेता (क्रेशर/खान) मूल्य अलग-2 अंकित करें | |
| 2. | रोडी 20 एमएम, 40 एमएम | |
| 3. | सीमेंट ढुलान ढाकगांव से पंचायत क्षेत्र | |
| 4. | पत्थर | |
| 5. | सरिया | |
| 6. | टायल | |

**निविदाओं की अन्य शर्तें निम्न प्रकार से हैं:-**

**1.** निविदाएं सील बंद लिफाफे में होनी चाहिए। **2.** दरें एक साल तक मान्य होंगी। **3.** प्रत्येक सामग्री को सूचीबद्ध कर वस्तु का मूल्य अंकित किया जाना आवश्यक है। **4.** निविदा पत्र साफ-2 शब्दों में लिखा होना चाहिए जिसे सरलता से पढ़ा जा सके किसी प्रकार की कटिंग मान्य नहीं होगी। निविदा में त्रुटि या समझ न आने पर निविदा निरस्त की जाएगी। **5.** निविदाकर्ता द्वारा तमाम औपचारिकताएं पूर्ण की जानी आवश्यक हैं जो सरकार/विभाग द्वारा मांगी जाती हैं। **6.** अन्य नियम और शर्तें दिनांक 20.06.2024 को विस्तार पूर्वक बताई जाएंगी। **7.** पंचायत के सभी वार्डों को एक ही मूल्य मान्य होगा। **8.** समस्त प्रकार की अदायगी का नगद भुगतान नहीं होगा और सभी प्रकार की अदायगी RTGS/NEFT द्वारा की जाएगी। **9.** ढुलान के इलावा अन्य सभी प्रकार की सामग्री के लिए GST NO. अनिवार्य होगा।

**प्रधान ग्राम पंचायत ढाकगांव**
**विकास खंड छौहारा, जिला शिमला (हि.प्र.)**

# नशेड़ियों के भय में जिला बिलासपुर

## कहीं चोरियां तो कहीं लूटपाट के चक्कर में हो रहे मर्डर, चिट्टे ने ले ली कई युवाओं की जान

**शुभम राही, बिलासपुर**

एक समय था जब बिलासपुर जिले को खेलों का सिरमौर नाम से भी जाना जाता था, लेकिन अब वहीं बिलासपुर चोरी, डकैती, नशा और मर्डर के मामलों में काफी प्रचलित हो रहा है। जिला की सिकरोहा पंचायत के चंदपुर गांव में बुजुर्ग दंपती की नशेड़ी युवाओं द्वारा की गई हत्या मामले के बाद जिले में भय का माहौल पैदा हो गया है। चोरी की वारदात को अंजाम देने आए इन युवकों ने बुजुर्ग परिवार को पूरी तरह से खत्म कर दिया और घर में चोरी करके भाग गए, लेकिन पुलिस की सतर्कता से की गई जांच ने 24 घंटे के भीतर आरोपियों को पकड़ तो लिया, परंतु अब इस हत्या के बाद जिले में जो माहौल पैदा हुआ है इससे स्थानीय लोग काफी भयभीत हो गए हैं।

बिलासपुर मुख्यालय की बात करें तो यहां पर आए दिन चोरियों के


फाइल फोटो

मामले भी सामने आ रहे हैं। यहीं नहीं, चोर आम जनता के घरों में कम बल्कि सरकारी अफसरों और उनकी कॉलोनियों में जाकर चोरियों को अंजाम दे रहे हैं। दिन-दिहाड़े रोड साइड खड़ी गाड़ी से सामान चोरी होना या फिर घरों के ताले तोड़कर चोरी को अंजाम देना यह बिलासपुर में अब आम बात होने लगी है।

वहीं, बिलासपुर पुलिस के पास

अनंत ज्ञान फॉलोअप

भी दर्जनों मामले प्रतिमाह चोरी के सामने आ रहे हैं। जिसके चलते पुलिस प्रशासन अधिकतर इन चोरी की वारदातों को सुलझाने में लगा हुआ है। बिलासपुर नगर के डियारा सेक्टर की बात करें तो पुलिस प्रशासन की ओर से इस एरिया को हॉट स्पॉट माना जाता है, क्योंकि बिलासपुर शहर के पुलिस नक्शे के अनुसार पुलिस प्रशासन का डियारा सेक्टर पर अधिक फोकस है, क्योंकि इस एरिया में कुछ शरारती तत्वों ने चोरियां, चिट्टे सहित अन्य कई वारदातों को अंजाम दिया है। जिसके बाद पुलिस प्रशासन की विशेष टीम का इस एरिया पर अधिक फोकस भी रहा है।

इसी के साथ फोरलेन शुरू होने से यहां पर बाहरी राज्यों के पर्यटकों और लोगों का आगमन अधिक हो गया है, जिसके चलते यहां पर भी पुलिस प्रशासन की विशेष टीम आए दिन चिट्टे व चरस के साथ आरोपियों को पकड़ रही है। लेकिन जिस तरह से बिलासपुर जिला में बड़े अपराध के चलते भविष्य में यहां पर लोगों के लिए काफी दिक्कतें हो सकती हैं। हालांकि पुलिस प्रशासन की ओर से

> **नशेड़ियों** और चोरों के खिलाफ बिलासपुर पुलिस सख्त है। लोगों से आग्रह है कि अगर उनके आस-पास किसी भी तरह से कोई संदिग्ध व्यक्ति या फिर नशे का कोई भी व्यापार हो रहा है तो इसकी जानकारी तुरंत पुलिस प्रशासन को दें। सूचना देने वाले की पहचान गोपनीय रखी जाएगी। बिलासपुर शहर को अपराध मुक्त व सुरक्षित बनाने के लिए पुलिस प्रशासन दिन-रात कार्यरत हैं।
> -विवेक चहल, एसपी बिलासपुर

नशेड़ियों, चोरी के आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है, लेकिन अब यहां पर हालात ऐसे पैदा हो गए हैं कि पुलिस एक आरोपी को पकड़ती है तो उसके बाद 10 आरोपी निकलकर सामने आ रहे हैं, जिससे न केवल पुलिस व स्थानीय लोगों की मुश्किलें भी बढ़ गई हैं। (अनंत ज्ञान)

# पिछले 4 सालों का टूटा रिकॉर्ड प्रदेश में दावानल के 1741 मामले

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

प्रदेश में फायर सीजन के दौरान वनों में आग लगने के मामलों में बेतहाशा बढ़ोतरी हुई है। पिछले 4 साल के आंकड़ों की मानें तो इस साल सबसे ज्यादा मामले अब तक सामने आ चुके हैं। प्रदेश में साल 2021-22 में दावानल के करीब 50, 2022-23 में 863, साल 2023-24 में 661 तो वहीं इस साल अब तक दावानल के 1741 मामले सामने आ चुके हैं। इस साल अब तक के फायर सीजन के दौरान प्रदेश के वन वृत्तों में दावानल के सबसे ज्यादा मामले कांगड़ा जिले में सामने आए हैं।

धर्मशाला वन वृत्त में दावानल के सर्वाधिक 432 मामले सामने आए हैं। धर्मशाला वन वृत्त के तहत वन मंडल धर्मशाला, नूरपुर तथा पालमपुर सहित कुल 3 वन मंडल आते हैं। पूरे प्रदेश में वनों में आग के कुल 1741 मामले सामने आए हैं। वन विभाग के आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार बिलासपुर वन वृत्त में दावानल के


फाइल फोटो

143, चंबा 105, कुल्लू में 4, ग्रेट हिमालयन नेशनल पार्क में 17, हमीरपुर में 230, मंडी में 271, नाहन 203, रामपुर में 37, शिमला 132, सोलन में 163 तथा वाइल्ड लाइफ सेंचुरी साऊथ में दावानल के 4 मामले सामने आए हैं। प्रदेश के दावानल के कुल 1741 मामलों में चीड़ तथा देवदार समेत दूसरी प्रजातियों के हजारों छोटे पेड़ स्वाह हुए हैं तथा कई बड़े पेड़ भी झुलसे हैं जिससे वन विभाग को करोड़ों का नुक्सान हुआ है। वहीं असंख्य वन्य जीव-जंतुओं तथा पक्षियों की जिंदगी भी इस दावानल ने लील ली है। प्रदेश में दावानल के मामले लगातार बढ़ रहे हैं तथा जगलों में आग लगने का क्रम लगातार जारी है। इससे अंदाजा लगाया जा सकता है यह मामले अभी भी और बढ़ सकते हैं। (अनंत ज्ञान)

### क्या कहते हैं रेंज अफसर

**धर्मशाला** वन मंडल के रेंज अफसर सुमित शर्मा ने बताया कि धर्मशाला वन वृत्त में प्रदेश भर में जंगलों में आग लगने के 432 मामले दर्ज हुए हैं। उन्होंने लोगों से अपील की है कि आग लगने के मामलों की सूचना तुरंत वन विभाग को दें, ताकि होने वाले नुकसान को रोका जा सके।

# तीन जिलों को छोड़ हिमकेयर कार्ड की रिन्यूअल शुरू

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

हिमाचल प्रदेश में हिमकेयर कार्ड रिन्यू होने शुरू हो गए है। सिर्फ तीन जिले हमीरपुर, सोलन और कांगड़ा जहां पर चुनाव आचार सहिंता लगी है और वहां पर उपचुनाव होने हैं, को छोड़कर बाकी जिलों में कार्ड रिन्यू करने शुरू कर दिए हैं। लोग शीघ्र ही 1000 रुपए में 3 साल के लिए अपने हिमकेयर कार्ड को रिन्यू करवाएं।

हिमाचल में लोकसभा व विधानसभा उपचुनाव के चलते लगी आचार सहिंता के दौरान कार्ड रिन्यू व नए बनाने बंद हो गए थे। अब आचार संहिता खत्म होते ही सरकार ने




हिमकेयर की वेबसाइट को अब कार्ड के नवीनीकरण के लिए खोल दिया है। बता दें कि अब साल में कभी भी कार्ड बनवाने के साथ उसका नवीनीकरण करवाया जा सकता है। हिमाचल में दो माह पहले हिमकेयर कार्ड पर मरीजों का उपचार नहीं हो रहा था, क्योंकि सरकार ने हिमकेयर वालों की पेमेंट नहीं दी थी। बताया जा रहा है कि अब सरकार ने कुछ पेमेंट हिमकेयर वालों को दे दी है इन दिनों हिमकेयर कार्ड पर मरीजों का अस्पतालों में उपचार हो रहा है।

**अब लोग 1000 रुपए देकर तीन साल के लिए बना सकते हैं कार्ड**

# लगातार लोकप्रियता खो रही कांग्रेस : सुमित

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा प्रदेश सचिव और हमीरपुर संसदीय क्षेत्र के सहप्रभारी सुमित शर्मा ने कहा की लोकसभा चुनावों में कांग्रेस 68 में से 61 सीटों पर चुनाव हार चुकी है। यह साफ दिखता है कि कांग्रेस सरकार लगातार अपनी लोकप्रियता खो रही है।

उन्होंने कहा की कांग्रेस पार्टी के नेता निराधार और तथ्यहीन बयानबाजी कर जनता को गुमराह करने का प्रयास कर रहे हैं। कौन सच्चा कौन झूठा जनता सब जानती है। उन्होंने कहा की हाईकोर्ट ने प्रदेश में स्थापित बड़ी और मध्यम औद्योगिक इकाइयों से साढ़े 16 फीसदी से अधिक इलेक्ट्रिसिटी ड्यूटी वसूलने पर रोक लगा दी है। भाजपा इस निर्णय का स्वागत करती है, यह निर्णय प्रथम चरण से ही उद्योग विरोधी था। कोर्ट ने कानून

**लोकसभा चुनावों में कांग्रेस 68 में से 61 सीटों पर हारी चुनाव**



के प्रावधानों के विपरीत अधिक बिजली शुल्क वसूले जाने पर प्रदेश सरकार द्वारा जारी आदेशों पर रोक लगाने के आदेश जारी किए। मेसर्ज ईस्टमैन ऑटो एंड पावर लिमिटेड बद्दी द्वारा दायर याचिका की प्रारंभिक सुनवाई के पश्चात मुख्य न्यायाधीश एमएस रामचंद्र राव और न्यायाधीश सत्येन वैद्य की खंडपीठ ने यह आदेश पारित किए।

प्रार्थी संस्था के अनुसार पहली अगस्त 2015 से बड़े औद्योगिक उपभोक्ताओं और मध्यम औद्योगिक उपभोक्ताओं के संबंध में बिजली शुल्क 11 फीसदी तय किया था। पहली सितंबर, 2023 को जारी अधिसूचना के तहत इसे बढ़ाकर 17 और 19 फीसदी तक कर दिया है। यह हिमाचल प्रदेश विद्युत (शुल्क) अधिनियम, 2009 की धारा 11 की उपधारा (2) के विपरीत है। इसके तहत राज्य सरकार अधिसूचना के माध्यम से केवल पहले से तय बिजली शुल्क में 50 फीसदी तक की बढ़ोतरी कर सकती है। कोर्ट ने प्रथम दृष्टया पाया कि बिजली की दर को 11 फीसदी से बढ़ाकर 17 फीसदी से 19 फीसदी तक करना अधिनियम की धारा 11 के विपरीत प्रतीत होता है। कोर्ट ने सरकार को मध्यम और बड़े उद्योगों में 16.5 प्रतिशत से अधिक बिजली शुल्क एकत्र करने से रोकने के आदेश पारित किए।

# उपचुनावों का बोझ डालने वाली कांग्रेस सरकार : सतपाल सत्ती

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष एवं विधायक सतपाल सत्ती ने कांग्रेस सरकार और उनके नेताओं को सवालों के कटघरे में खड़ा करते हुए कहा की अगर कांग्रेस के नेताओ की नीयत साफ होती और सरकार में दम होता तो समय रहते 3 निर्दलियों विधायकों का इस्तीफा मंजूर करते।



इसके विपरीत कांग्रेस सरकार ने राजनीतिक षड्यंत्र के अंतर्गत इस्तीफे तो लटकने का काम किया और ठीक लोकसभा चुनाव खत्म होने से पूर्व निर्दलियों का इस्तीफा मंजूर किया। ऐसा प्रतीत होता है की विधानसभा के अध्यक्ष सरकार की कठपुतली की तरह काम कर रहे है। उन्होंने कहा की अगर पहले ही तीन निर्दलीय विधायकों का इस्तीफा मंजूर कर लिया होता तो आज सरकार के ऊपर चुनावी आर्थिक बोझ न पड़ता। अब कांग्रेस के नेता जो मर्जी बयानबाजी कर लें, पर सच्चाई तो यह है कि चुनाव अगले महीने हैं और चुनाव का खर्चा सरकार के ऊपर पड़ना तय है।

कांग्रेस चुनावी पिच पर वीक विकेट पर है, लोक सभा चुनावों में 61 विधानसभा क्षेत्रों में चुनाव हारने के बाद सरकार बैक फुट पर है। यह सरकार के मुखिया और उनके सहयोगियों को भी पता है। सत्ती ने कहा कि अगर कांग्रेस नेता लोकसभा में भाजपा की चुनावी लीड देख लेंगे तो उनको पता चल जाएगा की उपचुनावों में जीत किसको मिलेंगी। हिमाचल प्रदेश में भाजपा ने लोकसभा चुनाव में जीत की हैट्रिक लगाई है।

**पहले क्यों नहीं किया इस्तीफा मंजूर**

# हमीरपुर विस उपचुनाव : कांग्रेस से कौन? उठापटक शुरू

**विक्रम ढटवालिया, हमीरपुर**

हमीरपुर विधानसभा उपचुनाव के लिए सियासी सरगर्मियां अब आधार बनाने लग पड़ी हैं। वरिष्ठ कांग्रेसियों की रणनीति और संभावित प्रत्याशियों को लेकर अंदरुनी तौर पर बैठकों का दौर भी जारी हो गया है। एक बात तो तय है कि भाजपा से आशीष शर्मा ही पार्टी के प्रत्याशी होंगे, लेकिन कांग्रेस के भीतर अब विपरीत परिस्थितियों में प्रत्याशियों के मामले में अलग तरह का माहौल तैयार हो रहा है। जातीय समीकरणों के लिया से मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू के नाम की भी 'गूंज' सुनाई देने लगी है। उनके घर पर विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेसियों और जिला कांग्रेस के ओहदेदारों की चहल-कदमी लगातार बढ़ने लगी है।

पिछली मर्तबा के विधानसभा चुनाव में हमीरपुर सीट पर त्रिकोणीय मुकाबला हुआ था। जिसमें आशीष शर्मा 12899 मतों से जीते थे। कशिश को 25916 और उसके मुख्य प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को 13017 वोट मिले थे, जबकि तीसरे नंबर पर भाजपा के तब सिटिंग विधायक

## सुनील बिट्टू भी हो सकते हैं जातीय समीकरणों में कांग्रेस प्रत्याशी, पिछली बार हुआ था तिकोना मुकाबला


आशीष शर्मा


सुनील शर्मा बिट्टू


डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा


संजीव ठाकुर


राकेश रानी वर्मा


रोहित शर्मा

नरेंद्र ठाकुर को 12794 वोट मिले थे। कुछ चुनाव में कई तरह के समीकरण बनाए गए थे। कांग्रेस ने नामांकन दाखिल करने के आखिरी रोज 2 घंटे पहले डॉ. पुष्पेंद्र को उम्मीदवार बनाया था। जिस कारण वे किन्हीं परिस्थितियों में कांग्रेस के वोट बैंक को काफी हद तक जोड़ने में कामयाब रहे थे। भाजपा यहां दो-फाड़ हो गई थी।

पिछले चुनाव में आशीष शर्मा किसी भी पार्टी से टिकट चाहते थे, कांग्रेस ने तो उन्हें पार्टी में शामिल करके इसकी लगभग तैयारी कर ली थीं, लेकिन अंतिम मोहर नामांकन के आखिरी दिन तक नहीं लग पाई। भाजपा तब सिटिंग विधायक होने के कारण नरेंद्र ठाकुर का टिकट नहीं काट पाई, इसी सारे घटनाक्रम का फायदा उठाकर तीसरी शक्ति के रूप में आशीष निर्दलीय मैदान में कूदे और पिछले दो साल से उनके द्वारा की गई तैयारी असरदार साबित हुई।

अब मौजूदा हालात में प्रदेश में कांग्रेस की सरकार है। मुकाबला खतरनाक अंदाज में होगा। हालात अजब-गजब के हैं, इसीलिए मुख्यमंत्री के गृह जिले में होने वाले इस चुनाव पर हो-हल्ला नहीं होगा, ऐसा कैसे हो सकता है। परंपरागत रूप में यह सीट राजपूत उम्मीदवारों के हवाले रही है, लेकिन निर्दलीय रूप में आशीष ही पहली बार यहां से चुनाव जीते। कारण यह भी है कि डीलिमिटेशन के बाद इस क्षेत्र में ब्राह्मण वोटरों की तादाद भी ज्यादा हो गई है। वहीं समीकरणों की तोड़फोड़ में सार्थक साबित हो रही है।

कांग्रेस अब इसी नीति पर समीकरणों को भुनाने की फिराक में है। मुख्यमंत्री के राजनीतिक सलाहकार सुनील शर्मा बिट्टू भी हमीरपुर से प्रत्याशी के रूप में उतारे जा सकते हैं। वैसे डॉ. पुष्पेंद्र के अलावा एडवोकेट रोहित शर्मा, राकेश रानी वर्मा सहित करीब आधा दर्जन नाम की चर्चा कांग्रेस टिकट के लिए हो रही है। इसके अलावा एक एचएएस अधिकारी संजीव ठाकुर का नाम भी लिया जा रहा है, जो इन दिनों एसडीएम के ओहदे पर हैं, लेकिन हमीरपुर से ताल्लुक रखते हैं। उनके परिवार की पृष्ठभूमि भी कांग्रेस से ही जुड़ी हुई है। हमीरपुर सीट परंपरागत रूप में भाजपा के कब्जे में रहती आई है। एक मर्तबा वर्ष 1994 में दिवंगत भाजपा नेता जगदेव चंद ठाकुर की आकस्मिक मृत्यु के बाद विधानसभा उपचुनाव में अनीता वर्मा यहां से विधायक बनी थीं। (अनंत ज्ञान)

### हर कोई लगा रहा जोर

सुजानपुर-बड़सर के बाद हमीरपुर सीट पर भी उपचुनाव हो रहा है, इसलिए मुख्यमंत्री के इस गृह जिले में होने वाले इस चुनाव को भी सुक्खू किसी भी सूरत में हल्के में लेने के मूड में नहीं दिखते। अब सरकार के माहौल में टिकट के दावेदार निश्चित रूप में खुद को सेफ मान कर चल रहे हैं, इसीलिए उम्मीदवारी पर हर कोई जोर लगा रहा है। सुनील तो शुरू से ही यहां से चुनाव लड़ने के इच्छुक रहे हैं, लेकिन टिकट के लिए होगा वही जो मुख्यमंत्री चाहेंगे इसलिए अब न तो आवेदन करने के लिए कांग्रेस के पास कोई समय है और न ही कोई देरी करने का मौका है।

# आचार संहिता हटने के बाद अब सरकार शुरू करवाए विकास के काम : जयराम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, शिमला**

पूर्व मुख्यमंत्री एवं नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा कि अब प्रदेश से आचार संहिता हटी गई है, इसलिए सरकार द्वारा करवाए जाने वाले विकास कार्य करने पर किसी भी तरह की रोक भी नहीं है। अत: अब सरकार डेढ़ साल से बंद पड़े विकास कार्यों की शुरुआत करें। जब से कांग्रेस सत्ता में आई है, तब से विकास के सारे काम रुके हुए हैं।

अस्पताल से लेकर स्कूल के चलते हुए काम बंद हैं। सड़कों से लेकर पुलों के काम रुके हुए हैं। आपदा के बाद से सड़कों पर पड़ा मलबा नहीं उठाया जा सका है। जिससे लोगों को असुविधा का सामना करना पड़ रहा है। उन्होंने कहा कि अब सरकार जनहित के मुद्दों पर गंभीरता से काम करे। अपनी चुनावी गारंटियों को पूरा करे। प्रदेशभर में जल संकट गहरा रहा है। समाचारों में हर दिन पानी की आपूर्ति बाधित होने की खबरें आ रही हैं, जिससे आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लोगों को जलापूर्ति नियमित रूप से होती रहे, इसके लिए सरकार गंभीरता से काम करते हुए प्रभावी कदम उठाए, जिससे प्रदेश में जलापूर्ति बाधित न होने पाए।

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर शिमला में भाजपा विधायक दल की बैठक में शामिल हुए, बैठक शाम सात बजे प्रारंभ हुई। इस दौरान प्रदेशाध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल भी उनके साथ रहे।

बैठक में हाल ही में संपन्न हुए लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा उपचुनाव पर चर्चा हुई। इसके साथ बुधवार को होने नवनिर्वाचित विधायकों के शपथ ग्रहण और आगामी विधानसभा उपचुनाव पर भी चर्चा हुई।

- **प्रदेश में गहरा रहा है जल संकट, सरकार उठाए प्रभावी कदम**
- **विधायक दल की बैठक में शामिल हुए नेता प्रतिपक्ष कई विषयों पर हुई चर्चा**



### जयराम ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को दी शुभकामनाएं

**नेता** प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से बात कर स्वास्थ्य तथा रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय में कार्यभार सम्भालने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि उनका वर्तमान कार्यकाल पिछले कार्यकाल की तरह स्वास्थ्य के क्षेत्र में ऐतिहासिक उपलब्धियां हासिल करेगा।

# कांग्रेस में आसान नहीं किशोरी लाल की राहें

## किशोरी लाल के आने से भी कांग्रेस को नहीं मिली कोई खास बढ़त : परस राम

**जितेंद्र गुप्ता, आनी**

आनी विधानसभा क्षेत्र से भाजपा के टिकट पर तीन बार चुनाव लड़ चुके और दो बार विधायक रहे किशोरी लाल सागर ने 2 मई को भाजपा का दामन छोड़ कर कांग्रेस का दामन थाम लिया था, जबकि चर्चा यह भी है कि एक महीना पहले कांग्रेस में शामिल हुए किशोरी खुद को कांग्रेस के टिकट का दावेदार मानने लगे थे और चुनाव प्रचार के दौरान उनके हाव-भाव भी ऐसा ही कुछ बयान कर रहे थे।



सीएम सुक्खू के करीबी और कांग्रेस में पूर्व प्रत्याशी रहे परस राम और गत विस चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़े प्रतिभा सिंह गुट के बंसी लाल के होते हुए सागर कांग्रेस में खुद को कितना और कैसे स्थापित कर पाएंगे, यह चर्चा का विषय है। परस राम एक बार कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं, जबकि गत विधानसभा चुनावों में टिकट न मिलने पर आजाद चुनाव लड़कर भाजपा और कांग्रेस को नाकों चने चबवा चुके हैं। वर्तमान में कांग्रेस में फिर से वापसी कर चुके हैं। बंसी लाल भी गत चुनावों में कांग्रेस के टिकट पर चुनाव लड़ चुके हैं।

ऐसे में जगजाहिर है कि कांग्रेस के दोनों मजबूत धड़ों के नुमाइंदे बंसी लाल और परस राम हाल ही में कांग्रेस में आए किशोरी लाल सागर को किसी तरह की दावेदारी पेश तो नहीं करने देंगे। लोकसभा चुनाव खत्म होते ही किशोरी लाल सागर की अहमियत भाजपा और कांग्रेस में उतनी नहीं रही जितना शोर पहले लग रहा था। इसका अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान भाजपा के विधायक लोकेंद्र कुमार और कांग्रेस के पूर्व प्रत्याशी परस राम ने जिस तरह से पूर्व विधायक पर निशाना साधा है, ऐसे में अब चर्चा है कि क्या कांग्रेस में शामिल होने का किशोरी लाल या कांग्रेस को कोई फायदा मिल पाएगा।

हाल ही में एक साक्षात्कार के दौरान आनी कांग्रेस के पूर्व में प्रत्याशी रहे परस राम ने कहा कि किशोरी लाल सागर के कांग्रेस में शामिल होने पर फिलहाल कांग्रेस को कोई ज्यादा फायदा नहीं मिला है। हालांकि, उन्होंने यह माना कि किसी दूसरे दल से आने पर थोड़ा-बहुत फायदा तो मिलता है, लेकिन इन चुनावों में ऐसा अभी तक देखने को नहीं मिला। उन्होंने कहा कि पिछले लोकसभा चुनावों में आनी विधानसभा क्षेत्र से करीब 7200 मतों की बढ़त प्रतिभा सिंह को मिली थी, जबकि किशोरी लाल सागर के आने के बाद उम्मीद थी कि कांग्रेस की बढ़त 15000 तक पहुंचेगी , लेकिन यह 8300 पर सिमट गई है, जो कांग्रेस के सत्तासीन होने के बावजूद बहुत ज्यादा नहीं है। (अनंत ज्ञान)

### किशोरी लाल आज जिस भी मुकाम पर हैं भाजपा की देन है

**वहीं** किशोरी लाल सागर का टिकट काटकर वर्तमान में भाजपा के विधायक बने लोकेंद्र कुमार का कहना है कि किशोरी लाल सागर आज जिस भी मुकाम पर हैं भाजपा की देन से है। भाजपा ने 15 साल तक 3 बार किशोरी लाल सागर को टिकट दिया, और इसी पार्टी में रहकर उनका आज नाम बना और शानो शौकत मिली। उन्होंने कहा कि किशोरी को पहले अपने गिरेबान में झांकना चाहिए उसके बाद दूसरों पर उंगली उठानी चाहिए। अब देखना यह है कि किशोरी क्या वाकई खुद को कांग्रेस का दावेदार बना पाएंगे या फिर पहले से ही दो गुटों में बंटी कांग्रेस में हाशिये पर धकेल दिए जाएंगे।

**विश्लेषण** अब प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म डेवलप करने की कवायद को आगे बढ़ाएंगे नड्डा

# नड्डा के स्वास्थ्य मंत्री बनने पर जनता की बढ़ी उम्मीदें

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान एम्स कोठीपुरा जगत प्रकाश नड्डा का सर्वप्रथम ड्रीम प्रोजेक्ट रहा। इस ड्रीम प्रोजेक्ट को धरातल पर लाने के लिए नड्डा की अहम भूमिका रही है। अब एक बार फिर से प्रदेश के बिलासपुर जिले से संबंध रखने वाले नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय मिलने से प्रदेश की जनता की उम्मीदें बढ़ गई हैं। पूर्व में जब उनके पास स्वास्थ्य मंत्रालय था तो उन्होंने बिलासपुर में एम्स को धरातल पर उतारा और उसके बाद अब वर्तमान में प्रदेश की जनता इसका लाभ भी ले रही है।

वहीं, अब दूसरी बात यह भी होगी कि नड्डा जब स्वास्थ्य मंत्री थे, तो उन्होंने प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म शुरू करने की प्लानिंग तैयार की थी, लेकिन उनका कार्यकाल समाप्त हुआ और उनको भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद पर अपनी सेवाएं देनी पड़ीं। ऐसे में वह इस प्रोजेक्ट पर कुछ खास काम नहीं कर पाए, लेकिन अब एक बार फिर से स्वास्थ्य मंत्रालय मिलने से प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म लाने की उम्मीदें जाग चुकी है। और अगर प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म आता है तो हिमाचल का नाम विश्व के मानचित्र पर होगा, हजारों लोगों को रोजगार के नए अवसर भी प्रदान होंगे।

- **राज्य में मेडिकल टूरिज्म लाने की बात अंतिम बार जेपी ने बिलासपुर में कही थी**
- **बिलासपुर एम्स को शुरू करने में जेपी नड्डा का मुख्य योगदान**



गौरतलब है कि जब जेपी नड्डा ने प्रदेश में मेडिकल टूरिज्म लाने की बात काफी साल पहले बिलासपुर पहुंचकर पत्रकारों से बातचीत के दौरान कहीं थी। उसके बाद प्रदेश में मेडिकल डिवाइस पार्क की घोषणा भी हुई। ऐसे में प्रधानमंत्री मोदी ने इस मेडिकल डिवाइस पार्क की आधारशिला रखी थी और सोलन जिला के नालागढ़ के मझौली पंचायत में यह बनाने पर अंतिम मुहर लगाई गई। शुरुआती दौर में इसका कार्य काफी तेजी से चला, परंतु वर्तमान की बात करें तो यह कार्य अब बहुत की कछुआ चाल से चला हुआ है। ऐसे में अगर मेडिकल टूरिज्म प्रदेश में डेवेलप करना होगा तो इस कार्य में तेजी लाना अत्यधिक जरूरी है।

बता दें कि प्रदेश में 5 मेडिकल कालेज, मातृ एवं शिशु स्पेशल सेंटर, पीजीआई सैटेलाइट सेंटर और आईजीएमसी का सुपर स्पेशलिटी अस्पताल जेपी नड्डा की देन है। वहीं, अब एक बार फिर से नड्डा को स्वास्थ्य मंत्रालय देने से हिमाचल को इसका अधिक लाभ मिल सकता है।

## न्यूज ब्रीफ

### 12 को मंदल, 14 को बगली में बिजली बंद




**धर्मशाला।** विद्युत उपमंडल-2 धर्मशाला के सहायक अभियंता रमेश धीमान ने बताया कि 12 जून को विद्युत लाइनों की सामान्य रखरखाव के चलते 11 केवी मंदल फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों मंदल, मसरेड़, भड़वाल, त्रैंबलू, हरनेड़, घियाना खुर्द, ढगवार, खटेहड़, मनेड़, अप्पर बगली, कोहाला, मटौर तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9 से सायं 5 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। वहीं 14 जून को 11 केवी बगली फीडर के अंतर्गत आने वाले क्षेत्रों नंदेहड़, पुराना मटौर, घुंडी, बगली, अनसोली, पटोला, घना, गंगभैरों, गगली, चैतड़ू, बनवाला, मनेड़, मस्तपुर, कंदरेहड़, चकवां ढगवार, सराह, लोअर सकोह, पुलिस लाइन सकोह तथा साथ लगते क्षेत्रों में प्रातः 9 बजे से सायं 6 बजे अथवा कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। उन्होंने बताया कि मौसम खराब होने की स्थिति में यह कार्य अगले दिन किया जाएगा। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### अपर कलोहा में सड़क पर ट्रक पलटा




**गरली/डाडासीबा।** गरली के निकटवर्ती गांव अपर कलोहा में नादौन-अंब एनएच पर अचानक एक दूध के क्रेट्स से भरा ट्रक पलट गया। इसमें चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। ट्रक नंबर एचपी 58 ए 5210 जो कि अंब से आ रहा था और कलोहा की तरफ जा रहा था कि अचानक उक्त तीखे मोड़ पर पलट गया जिससे उसमें रखे दूध के पैकेट भी फट कर रास्ते में बिखर गए। सूचना के मुताबिक ट्रक के पीछे लगी बॉडी की अचानक वेल्डिंग टूट गई जिससे यह हादसा हुआ। हादसा इतना जोरदार था की ट्रक ओर उसके पीछे लगी बॉडी बिलकुल अलग हो गए थे। जानकारी मिलते ही मौके पर रक्कड़ पुलिस से एएसआई इल्मदीन अपने दल बल सहित पहुंचे जहां उन्होंने जेसीबी की मदद से ट्रक को साइड करवाया वहीं ट्रैफिक व्यवस्था को भी सुचारू करवाया।

### विजय सिंह एसएमसी के प्रधान बने



पीहड़ी स्कूल में आम सभा के दौरान मौजूद अभिभावक व अध्यापक।

**डरोह।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला पीहड़ी में आम सभा का आयोजन किया गया। इस आम सभा में आगामी तीन वर्षों के लिए एसएमसी कमेटी का गठन किया गया। इसमें सर्वसम्मति से विजय सिंह को प्रधान चुना गया। इस बीच कमेटी में उत्तम चंद, अशोक कुमार, विक्रम, सुषमा, शीतल, शकुंतला, चंद्र कुमारी, सीमा देवी, रंजीता देवी व वीना देवी को सदस्य चुना गया। कमेटी का गठन उपप्रधानाचार्य सुनील कुमार की अध्यक्षता में हुआ।

### बाथू की लड़ी झील में पर्यटकों को पानी से अठखेलियां पड़ सकती हैं महंगी

# पौंग झील किनारे बेखौफ ले रहे हैं सेल्फी

**लोगों ने ऐतिहासिक स्थल पर पुलिस कर्मी की तैनाती की उठाई मांग**

**अनिल छांगू, जवाली**

पौंग झील के मध्य स्थित बाथू दी लड़ी ऐतिहासिक स्थल पर पर्यटकों की झील के पानी के साथ अठखेलियां महंगी पड़ सकती हैं। पौंग झील के गहरे पानी के किनारे पर पर्यटक खड़े होकर सेल्फी ले रहे हैं जबकि उनको इस बात का जरा भी ध्यान नहीं है कि एक पैर आगे धरने से मौत हो सकती है। झील का पानी इतना गहरा है कि किसी को भी इसका इल्म नहीं है। रोजाना सैकड़ों पर्यटक यहां आकर पानी के किनारे बैठकर सेल्फियां लेते हैं और जर्जर हो चुकी मीनार के ऊपर चढ़कर सेल्फियां लेते हैं, लेकिन प्रशासन बेखबर बैठा है।



बाथू दी लड़ी ऐतिहासिक स्थल पर झील किनारे सेल्फी लेते पर्यटक।

किसी अनहोनी घटना के घटित होने का इंतजार कर रहा है। यहां पर हर वर्ष किसी न किसी पर्यटक की झील के गहरे पानी में डूबने से मौत हो जाती है। आज तक करीब एक दर्जन लोगों की यहां डूबने से मौत हो चुकी है। हालांकि इस क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड लगाया गया है, लेकिन वो भी 5 किलोमीटर दूर। पर्यटकों की मानें तो यहां 10 रुपए की चीज 50 रुपए में बेची जा रही है। सबसे ज्यादा लोग शराब पीकर इस ऐतिहासिक स्थल पर पहुंचते हैं। जानकारी के मुताबिक करीबन एक हफ्ता पहले कुछ युवा वन प्राणी विभाग के कर्मचारी से उलझ पड़े थे। जिसकी शिकायत पुलिस में दी गई है, लेकिन आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई। वन्य प्राणी विभाग के गार्ड विनय जरयाल ने बताया कि यहां पर पुलिस भी तैनात की जाए। मोटर बोट चालक का कहना है कि यहां पर कुछ ऐसे प्वॉइंट है जिस जगह पर पाबंदी होना जरूरी है लेकिन लोग विभाग के कर्मचारियों की मानते नहीं। प्रशासन की तरफ से यहां पर पुलिस कर्मचारी तैनात किए जाने चाहिए ताकि दोबारा कोई अप्रिय घटना घटित न हो। (अनंत ज्ञान)

### पालमपुर में डाक जीवन बीमा मेला

**धर्मशाला।** डाक विभाग द्वारा मंगलवार को पालमपुर में डाक जीवन बीमा मेले का आयोजन किया गया। अधीक्षक डाकघर धर्मशाला रविंद्र कुमार शर्मा ने बताया कि डाक जीवन बीमा मेले में 1135 लोगों के 34 करोड़ 53 लाख रुपए के डाक जीवन बीमा तथा ग्रामीण डाक जीवन बीमा किए गए। इस दौरान मुख्य पोस्टमास्टर जनरल डाक परिमंडल हिमाचल प्रदेश अंबेश उपमन्यु द्वारा उत्कृष्ट कार्य करने वाले कर्मचारियों को पारितोषिक देकर सम्मानित किया गया। उन्होंने बताया कि मुख्य पोस्टमास्टर जनरल द्वारा लोगों को विभाग की डाक सेवाएं, डाक जीवन बीमा और इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक द्वारा दी जा रही विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई।

## राजीव एसएमसी भौडा के अध्यक्ष बने

**अनंत ज्ञान, डरोह**

राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भौडा की स्कूल प्रबंधन कमेटी की आम सभा का आयोजन प्रधानाचार्य अनुपम बाला की अध्यक्षता में किया गया। इस अवसर पर बच्चों के अभिभावक तथा स्थानीय जनता ने भाग लिया। बैठक में सत्र 2024-25 के लिए नई स्कूल प्रबंधन समिति का गठन किया गया।

अभिभावकों द्वारा सर्वसम्मति से राजीव कुमार को निर्विरोध अध्यक्ष चुना गया। जबकि अभिभावक वर्ग से अश्विनी पटियाल, सरिता, मीनाक्षी, अंजना तथा अध्यापक वर्ग से संतोष कुमार, राजन सूद, संजय कटोच एवं रुचिका परमार को कार्यकारिणी सदस्य मनोनीत किया गया। नवनिर्वाचित अध्यक्ष ने आश्वासन दिया कि विद्यालय की बेहतरी के लिए हर संभव प्रयास करेंगे। स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य अनुपम बाला ने इस अवसर पर निवर्तमान अध्यक्ष रीतिका का आभार व्यक्त करते हुए नए अध्यक्ष एवं कार्यकारिणी को बधाई दी। साथ ही आए हुए अभिभावकों का अभिवादन किया।



भौडा स्कूल में आयोजित आम सभा में मौजूद अध्यापक व अन्य।

### 20 पेटी देसी शराब बरामद की

**कांगड़ा।** कांगड़ा पुलिस सोमवार देर शाम गुप्त सूचना के आधार पर कांगड़ा तहसील चौक के पास एक टैक्सीको रोककर उसमें से 20 पेटी देसी शराब बरामद की। जब इसके बाबत पुलिस ने टैक्सी मालिक से पूछताछ की तो वह कोई भी परमिट नहीं दिखा पाया। इस अवैध शराब को वह कांगड़ा के अन्य स्थानों पर वितरित करने जा रहा था। ड्राइवर की पहचान परवीन कुमार निवासी लोअर सकोह के रूप में हुई है। पुलिस ने ड्राइवर को गिरफ्तार कर एक्साइज एक्ट के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## उपचुनाव का बिगुल बजते ही देहरा में गरमाने लगी राजनीति

**शुभम शर्मा, देहरा**

विधानसभा क्षेत्र देहरा में उपचुनाव का बिगुल बजते ही अब राजनीति गरमाने लगी है। उपचुनाव की घोषणा होते ही अब यहां गली मोहल्ले चौराहों पर लोगों ने बैठकें करना शुरू कर दी है। किस प्रत्याशी को मिलेगी पार्टी टिकट व कौन लड़ेगा निर्दलीय इसको लेकर चौराहों पर मतदाताओं के बीच चर्चा होती रही।

देहरा विधानसभा क्षेत्र की सीट इस बार काफी रोचक मानी जा रही है क्योंकि प्रदेश मे पांच वर्षों के लिए चुने गए 9 विधायकों द्वारा त्याग पत्र देकर मात्र डेढ़ साल में ही अपनी पारी खत्म कर ली और यह बात समूचे प्रदेश में चर्चा का विषय बनी रही। प्रदेश में लोकसभा चुनाव के साथ 6 सीटों पर हुए उपचुनाव के रोचक मुकाबलों के बाद अब प्रदेश के लोगों की निगाह उपचुनाव पर टिकी हुई है।

अब देखने वाली बात तो यह है कि पूर्व में रहे निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को तो भाजपा की टिकट मिलना लगभग तय मानी जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू यहां देहरा से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए किसका नाम फाइनल करते हैं इस पर हर किसी की निगाह टिकी हुई है।

अब देखने बाली बात तो यह है कि पूर्व में रहे निर्दलीय विधायक होशियार सिंह को तो भाजपा की टिकट मिलना लगभग तय मानी जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री सुक्खू यहां देहरा से कांग्रेस प्रत्याशी के लिए किसका नाम फाइनल करते हैं इस पर हर किसी की निगाह टिकी हुई है।

ऐसा भी सामने आ रहा है कि मुख्यमंत्री के विधानसभा देहरा स्थित गांव नलसूहा में सुसराल है और सीएम अपनी धर्मपत्नी कमलेश ठाकुर को देहरा से उपचुनाव के लिए प्रत्याशी बना कर भेज सकते है क्योंकि विगत दिनों देहरा दौरे पर आए सीएम यह कह गए थे कि इसी क्षेत्र में मेरे सुसराल है और देहरा अब मेरा है। खैर देहरा सीट से किसे टिकट मिलेगी यह तो पार्टी हाई कमान ही तय करेगा (अनंत ज्ञान)

## गगल एयरपोर्ट से शुरू होंगी शाम की उड़ानें

**अनंत ज्ञान, गगल**

कांगड़ा एयरपोर्ट से शाम की उड़ानें शुरू करने की यात्रियों की मांग अब जल्द पूरी होगी। एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया से चली बात अगर सिरे चढ़ी तो जल्द ही एयरपोर्ट धाम की उड़ानों की सुविधा से जुड़ जाएगा जिससे हवाई यात्रियों को राहत मिलेगी। बहुत समय से हवाई यात्रियों की मांग थी कि गगल एयरपोर्ट पर केवल 2 बजे तक ही फ्लाइटें आती है उसके बाद कोई भी फ्लाइट नहीं आती थी, इसको लेकर गगल एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने बताया कि जल्द ही शाम को भी यहां फ्लाइटें आने शुरू हो जाएंगी।

इसके बारे में एयरपोर्ट अथॉरिटी ऑफ इंडिया के हेड ऑफिस दिल्ली में बात चली हुई है कि यहां सुबह से लेकर दोपहर 2 बजे तक ही दिल्ली से गगल एयरपोर्ट तक फ्लाइट आती है उसके बाद कोई भी फ्लाइट यहां नहीं आती। इसी के चलते एयरपोर्ट के निदेशक धीरेंद्र सिंह ने कहा है कि हमारी बात एलाइंस एयर से बात चली हुई है और जल्द ही शाम को गगल एयरपोर्ट पर फ्लाइटें आनी शुरू हो जाएंगी।

इस संबंध में एयरपोर्ट अथॉरिटी ने एयरपोर्ट पर स्थापित अग्निशमन विभाग, एयरपोर्ट पर तैनात पुलिस विभाग व अन्य विभागों से भी बात की है। इससे पहले गगल एयरपोर्ट पर 7 बजे से फ्लाइट आने शुरू होती थी और दोपहर 2 बजे तक क्लोज हो जाती थी जिसमें स्पाइसजेट ,इंडिगो, व एयरलाइंस की फ्लाइटें ही आती हैं।

अनंत ज्ञान
# फैशन



## ब्लाउज के बैक डिजाइन को ऐसे बनाएं फैंसी

**ब्लाउज** आजकल कई सारे आउटफिट के साथ पहना जाता है। कई लड़कियां इसे प्लाजो के साथ पहनना पसंद करती हैं, तो कुछ लड़कियां अपने लिए अलग डिजाइन के ब्लाउज को स्कर्ट के साथ पहनने के लिए तैयार करवाती हैं। इसमें हम अक्सर नेकलाइन डिजाइन को चेंज करते हैं, लेकिन बैक डिजाइन अक्सर सेम रखते हैं। अगर आप भी अपने ब्लाउज के बैक ब्लाउज से परेशान हो गई हैं, तो इसके लिए आप इन एक्सेसरीज को डिजाइन में ऐड करें। इससे आपका ब्लाउज अच्छा नजर आएगा। साथ ही, आपको भी नया डिजाइन ट्राई करने को मिलेगा। अगर आपको लग रहा है कि ब्लाउज सिंपल है, तो इसे फैंसी टच देने के लिए आप स्टोन वर्क एक्सेसरीज को ऐड कर सकती हैं। यह लटकन की जगह पर लगाई जाएगी। इससे आपका ब्लाउज अच्छा नजर आएगा। इस तरह की



एक्सेसरीज आपको मार्केट में 200 से 250 रुपए में मिल जाएगी। कई बार डीप बैक वाले ब्लाउज को सिंपल तरीके से पहनकर हम बोर हो जाते हैं। ऐसे में आप इसे कुछ नया टच देने के लिए पर्ल डिजाइन ब्लाउज एक्सेसरीज को ऐड करें। यह एक्सेसरीज आपको 200 से 400 रुपये में मिल जाएगी। गोल्ड वर्क डिजाइन ब्लाउज एक्सेसरीज से आपका ब्लाउज हैवी नजर आएगा। इसके लिए आपको ब्लाउज की डोरी को सेट करना है। फिर इसे उस पर टक करना है। फिर सुई धागे की मदद से इसे सेट करना है। इस तरीके से आपका ब्लाउज अच्छा लगेगा। इस बार ब्लाउज के बैक में कुछ नया ट्राई करने के लिए डिजाइन नहीं, बल्कि एक्सेसरीज को ऐड करें। इससे आपका ब्लाउज लुक अच्छा लगेगा।



## शादी में चाहिए न्यू लुक तो ट्राई करें ये फ्रॉक सूट



**शादी** के मौके पर महिलाएं बेस्ट नजर आना चाहती हैं और इसी वजह से महिलाएं इस खास मौके पर बेस्ट आउटफिट पहनती हैं। वहीं, अगर आप न्यू लुक चाहती हैं साथ ही अट्रैक्टिव नजर आना चाहती हैं तो आप ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। शादी में सिंपल लुक के लिए आप जॉर्जेट प्रिंटेड फ्रॉक सूट वियर कर सकती हैं। इस तरह के सूट में आप काफी स्टाइलिश नजर आएंगी यह सूट आपको 800 तक की कीमत में मिल जाएगा । मल्टी कलर फ्रॉक सूट भी आप न्यू लुक पाने के लिए वियर कर सकती हैं। आप इस सूट को 900 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। जयपुरी फ्रॉक सूट इन दिनों काफी ट्रेंड में है और अगर आप रॉयल लुक चाहती हैं तो आप इस तरह का जयपुरी फ्रॉक सूट ट्राई कर सकती हैं। आप इस तरह के सूट को 1000 तक की कीमत में खरीद सकती हैं।

## स्लीवलेस टॉप से समर सीजन में आप दिखेंगी कूल



गर्मियों के मौसम में महिलाएं एक ऐसे आउटफिट की तलाश में होती हैं, जिसमें वो कंफर्टेबल रहे साथ ही इस तरह के आउटफिट में स्टाइलिश भी नजर आए। महिलाएं समर सीजन में ऑफिस या किसी खास मौके पर स्लीवलेस टॉप वियर कर सकती हैं। इस तरह के स्लीवलेस टॉप में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी तो वहीं आपका लुक में भी चार चांद लग जाएंगे। अगर आप भीड़ से अलग नजर आना चाहती हैं तो आप इस तरह के कलमकारी टॉप को वियर कर सकती हैं। यह ग्रीन टॉप रेयान फैब्रिक में हैं और इसमें डिजाइन बनाया गया है। यह टॉप आपको आसानी से ऑनलाइन मिल जाएगा साथ ही ऑफलाइन भी आप इस तरह के टॉप को 500 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। क्रेप टॉप भी ऑफिस और कहीं घूमने के दौरान महिलाएं वियर कर सकती हैं। आप 600 तक की कीमत में खरीद सकती हैं। साटन काउल नेक टॉप इन दिनों ट्रेंड में है और अगर आप न्यू लुक चाहती हैं तो आप इस तरह के टॉप को स्टाइल कर सकती हैं। इस तरह का टॉप जहां ऑफिस के बेस्ट ऑप्शन हो सकता है तो साथ ही पार्टी में भी आप इस तरह के टॉप को वियर करके जा सकती हैं। इस टॉप को जींस या फिर स्कर्ट के साथ भी स्टाइल कर सकती हैं और टॉप आपको आसानी से ऑनलाइन और ऑफलाइन 500 तक की कीमत में मिल जाएगा।

## आउटिंग के लिए बेस्ट हैं ये लेटेस्ट डिजाइंस वाली कफ्तान ड्रेस



**आउटिंग** के दौरान महिलाएं एक ऐसा आउटफिट पहनना चाहती हैं जिसमें वो स्टाइलिश नजर आए साथ ही कंफर्टेबल भी रहे। मार्केट में आपको ऐसे कई सारे आउटफिट मिल जाएंगे जिन्हें आप कही घूमने के दौरान पहन सकती हैं, लेकिन अगर आप कुछ न्यू ट्राई करना चाहती हैं तो आप कफ्तान ड्रेस पहनें। यह ड्रेस आपको आसानी से 600 तक की कीमत में मिल जाएंगी। वी-नेकलाइन क्रेप कफ्तान ड्रेस भी आप आउटिंग के दौरान पहन सकती हैं। इस तरह की ड्रेस बीच घूमने के दौरान बेस्ट है। ये ड्रेस आपको आसानी से 500 रुपए की कीमत में मिल जाएंगी। सिल्क कफ्तान कुर्ता आप फॅमिली के साथ आउटिंग के दौरान पहन सकती हैं। ग्रे कलर का ये सिल्क कफ्तान कुर्ता में जहां आप स्टाइलिश नजर आएंगी। इन दोनों जगहों पर ये ड्रेस आपको 600 तक की कीमत में मिल सकती हैं।

## न्यूज ब्रीफ

### मनियाला में लाखों के गहने चोरी

**गरली।** गरली की ग्राम पंचायत मनियाला स्थित वार्ड 4 में सकीनो के घर से लाखो रुपए के गहने व अन्य कीमती सामान चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित महिला सकीनो देवी अपने किसी रिश्तेदार के घर गई हुई थी। सुबह जब पड़ोसियों ने सकीनो देवी के घर का दरवाजा खुला और टुटा हुआ देखा तो उन्होंने इसकी जानकारी सकीनो को फोन पर दी। जब सकीनो घर पहुंची तो उसके घर का सारा सामान इधर-उधर बिखरा पड़ा था। सकीनो के अनुसार बेटी की शादी के लिए रखे करीब दस लाख रुपए के गहने व अन्य कीमती सामान चोरी हुआ है। उन्होंने इसकी सूचना पुलिस थाना रक्कड़ को दी। सूचना मिलते ही रक्कड़ पुलिस ने जांच शुरू की है। थाना प्रभारी गुरदेव सिंह ने बताया कि पुलिस ने हर पहलू पर जांच शुरू कर दी है। चोरों को पकड़ने के लिए छानबीन की जा रही है।

### डांगडा बाजार में राहगीरों को पिलाया पानी



डांगडा बाजार में लगाई छबील में पानी पीते लोग।

**गरली।** ग्राम पंचायत बणी के अंतर्गत न्याय का देवता प्राचीन सिद्ध चानो मंदिर डांगडा बाजार में छबील लगाकर भीषण गर्मी में सैकड़ों लोगों को ठंडा पानी पिलाया गया। इस दौरान किशोरी, देवेंद्र, संजीव, सोनू, अशोक कुमार, वार्ड पांच प्रवीण कुमार आदि ने सेवादार बनकर दिनभर सड़क से गुजरने वाले सैकड़ों वाहन चालकों व लोगों को रोककर ठंडा पानी पिलाया।

### टंग-बरवाला फीडर में कल बिजली बंद

**धर्मशाला।** सहायक अभियंता विद्युत उपमंडल सिद्धपुर कर्मचंद भारती ने बताया कि 13 जून को सुबह 9 बजे से शाम कार्य समाप्ति तक 11 केवी टंग फीडर और 11 केवी बरवाला फीडर के अंतर्गत पावर कट रहेगा। इसके तहत आने वाले क्षेत्रों टिकरी, सालिग, बगिआरा, कंड कडियाना, जुहल, दिक्तु, नरवाणा, नरवाणा कस्बा, बलेहर, तंगरोटी, उथड़ा ग्रां, दराड़े का बल्ला, रसेहर, फतेहपुर, बागणी, तपोवन, झिओल, बरवाला, सिद्धबाड़ी, आधुनिक स्कूल, छैंटी आदि क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति पूर्ण रूप से बाधित रहेगी। उन्होंने लोगों से सहयोग की अपील की है।

### छात्रों को पानी संग्रहण के तरीके बताए



**डरोह।** पीएम श्री राजकीय उत्कृष्ट वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला डरोह में धौलाधार ईको क्लब के अंतर्गत समर कैंप के चौथे, पांचवें व छठे दिन ईको क्लब इंचार्ज मोनिका कुमारी, प्रधानाचार्य रजनीश अत्री व अन्य अध्यापकों द्वारा विद्यालय परिसर में रिड्यूस वाटर, सेवा एनर्जी एवं सेव वाटर के बारे में जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इस मौके पर विद्यालय के प्रधानाचार्य रजनीश अत्री ने बच्चों को पर्यावरण प्रदूषण, ऊर्जा संग्रहण व पानी संग्रहण के बारे में जानकारी दी।

### जमानाबाद में स्कूटी से पकड़ी शराब

**कांगड़ा।** पुलिस थाना कांगड़ा के तहत शराब बरामद करने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पुलिस थाना कांगड़ा की टीम जब पेट्रोलिंग पर थी तो इस दौरान जमानाबाद चौक में एक स्कूटी से 31,500 मिलीलीटर देसी शराब बरामद की गई। इस संदर्भ में स्कूटी चालक साहिल निवासी वार्ड नंबर 7 मंदिर रोड कांगड़ा के खिलाफ हिमाचल प्रदेश आबकारी अधिनियम में पुलिस थाना कांगड़ा में मामला दर्ज किया गया है। उधर एसएचओ कांगड़ा संजीव कुमार ने मामले की पुष्टि की है।

### डीएवी गोजू में विद्यार्थियों ने किया योग

**शाहपुर।** गोजू स्थित डीएवी विद्यालय में अंतरराष्ट्रीय योग दिवस प्रोटोकॉल के तहत प्रधानाचार्य अनीता वर्मा के सानिध्य में छात्रों के लिए दो दिवसीय योगाभ्यास सत्र का आयोजन किया गया। इसमें हेल्थ एवं वेलनेस सेंटर रैत शाखा के आयुर्वेदिक चिकित्सा अधिकारी डॉ. भवानी के निर्देशानुसार योग इंस्ट्रक्टर उद्यालक एवं अनुराधा शर्मा द्वारा क्रमवार विशेष योग सत्र का आयोजन किया गया। इसमें ग्रीवा घुटना संचालन चालन जैसे सूक्ष्म अभ्यासों सहित ताड़, वृक्ष, भद्र, अनुलोम विलोम, भ्रामरी, शीतली आदि प्राणायाम तथा आसनों के अभ्यास करवाया गया। छात्रों को बताया गया कि दीर्घायु चाहने वाले व्यक्ति को निरोगी रहते ही कम से कम ज्यादा नहीं तो आधा घंटा अपने शरीर को स्वस्थ रखने के लिए नित्य प्रातः योग करना चाहिए। योग का मुख्य ध्येय स्वस्थ जागरूक कर्मठ और आदर्श समाज का निर्माण करना है वैसे भी योग प्राचीन काल से सनातन संस्कृति का अभिन्न अंग रहा है जो मुगलों और अंग्रेजों के शासन के दौरान लुप्त प्रायः हो गया था, लेकिन योग साधकों के अथक प्रयासों से पुनः इसका प्रचलन बढ़ रहा है। इसकी आध्यात्मिक उपयोगिता और महता आधुनिक विज्ञान भी निर्विवाद रूप से स्वीकार करता है। योग विशेष सत्र में शिक्षक वर्ग शांता चौहान, सुषमा राणा, मोनिका, निशा, सीमा, सरोज, हरविंद्र कौर, अर्पणा, वंदना, डिंपल, नम्रता, शिफाली, दिव्या, दीपिका, पुष्पलता और शारीरिक अध्यापक संदीप कुमार आदि ने अपनी उपस्थिति दर्ज करवाई।

### कांगड़ा में पेंशनर्स ने किया मंथन

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद पेंशनर्स फोरम कांगड़ा इकाई की मासिक बैठक वरिष्ठ पेंशनर शेर सिंह की अध्यक्षता में कांगड़ा के निजी होटल में आयोजित हुई। जिसे जिला कांगड़ा विद्युत परिषद पेंशनर फोरम के वरिष्ठ उपप्रधान आरसी भारती, कांगड़ा इकाई प्रधान एनडी चौधरी, वरिष्ठ उपप्रधान कांगड़ा इकाई जोगिंद्र सिंह, वित्त सचिव ओपी गुलेरिया, शेर सिंह ने संबोधित किया। मंच संचालन मदन मैहरा द्वारा किया गया। बैठक में लगभग 92 पेंशनरों ने भाग लिया। बैठक में बोर्ड द्वारा पेंशनरों को मंहगाई भत्ते की 4 प्रतिशत अदायगी बारे में जो आदेश जारी हुए हैं। प्रतिक्रियावश आधे-अधूरे आदेश के लिए बोर्ड की कड़े शब्दों में निंदा की गई, जिसमें जुलाई 22 से मार्च 24 के बकाया के बारे में अलग से अधिसूचना जारी करने के लिए लिखा गया है। उन्होंने कहा कि आज से पहले कभी ऐसा नहीं हुआ कि मंहगाई भत्ते की अदायगी के लिए बोर्ड ने टुकड़ों में आदेश पारित किए हो।

# ऑनलाइन बिजनेस के नाम पर 85 लाख रुपए की ठगी

## साइबर ठगों का शिकार हुआ पपरोला का व्यक्ति, पुलिस में दर्ज करवाई शिकायत

**पुनीत शर्मा, धर्मशाला**

साइबर पुलिस थाना धर्मशाला में लाखों रुपए की ठगी का एक मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार पपरोला का रहने वाला एक व्यक्ति पहले प्राइवेट नौकरी करता था तथा कुछ समय पहले उसने नौकरी छोड़ दी।

इसी दौरान वह साइबर ठगों के झांसे में आया तथा पिछले एक माह से ऑनलाइन ट्रेडिंग कर रहा था। वहीं 10 लाख रुपए की इंस्टालमेंट में जब वो 85 लाख रुपए लगा चुका तो उसे ठगी का एहसास हुआ। इसके बाद उसने साइबर थाना धर्मशाला में इसकी शिकायत दर्ज करवाई जिसके आधार पर पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

मामले की पुष्टि करते हुए एएसपी साइबर प्रवीण धीमान ने बताया कि ऑनलाइन बिजनेस के झांसे में करीब एक माह पहले आए उक्त व्यक्ति से 85 लाख रुपए की ठगी हुई है जिसको लेकर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है। (अनंत ज्ञान)

**न आए ठगों के झांसे में : एएसपी**

एएसपी प्रवीण धीमान ने बताया कि साइबर ठग अक्सर लोगों को व्हाट्सऐप और इंस्टाग्राम के माध्यम से अपने फर्जी प्लेटफार्म का लिंक कई गुना लाभ होने का दावा कर के भेजते हैं। इसके बाद उसे फर्जी प्लेटफार्म पर फर्जी ढंग से उसको हो रहे फायदे को दिखाया जाता है। उन्होंने बताया कि कई फायदे के प्रलोभन में लोग ठगी का शिकार होकर अपनी कमाई का पैसा गवां देते हैं। उन्होंने लोगों से आग्रह किया कि ऐसे मामलों में सतर्क रहें क्योंकि व्हाटसऐप, टेलीग्राम तथा इंस्ट्राग्राम पर ऐसे लिंक साइबर ठग ही भेजते हैं न कि वास्तविक शेयर बिजनेस वाली कंपनियां। उन्होंने लोगों से सतर्क रहने का आह्वान किया।

## पानी की समस्या को लेकर एसडीओ को सौंपा ज्ञापन

**अनंत ज्ञान, डरोह**



जलशक्ति विभाग मंडल थुरल, उपमंडल डरोह, अनुभाग गढ़ जमूला की ऊठाऊ पेयजल योजना सांबा, कौना व सपड्डल के लिए पेयजल आपूर्ति न होने पर सांबा, कौना, सपड्डल व बीरगढ़ के ग्रामीण मंगलवार को पंप हाउस ढाटी-सांबा में एकत्रित हुए। इस दौरान दधोना ढाटी को मेन लाइन से जो अलग से पाइप लाइन जोड़ी गई है, इसके प्रति ग्रामीणों ने रोष जताया। इस समस्या के हल के लिए जलशक्ति विभाग उपमंडल डरोह के एसडीओ को ढाटी सांबा पंप हाउस पर बुलाया गया। इस मौके पर लोगों ने उनसे यह मांग रखी कि जो मेन लाइन से दधोना ढाटी को पेयजल कनेक्शन दिया है उसे हटाया जाए और उन्हें नई मोटर लगाई जाए। लोगों ने कहा कि वैसे भी यहां दो मोटरों में से एक ही मोटर चलती है। दूसरी मोटर आए दिन खराब ही रहती है। इस कारण पहले ही पेयजल आपूर्ति कम होती है, अगर दधोना सांबा को भी पानी की आपूर्ति चालू कर दी तो हमें तो पानी आएगा ही नहीं। सारी बात सुनने के बाद एसडीओ डरोह ने लोगों को आश्वासन दिया कि जब तक इस समस्या का सही हल नहीं निकलता तब तक उक्त लाइन से पानी चालू नहीं किया जाएगा। इस संबंध में उन्हें ज्ञापन भी दिया।

## धीरा पंचायत प्रधान की शक्तियां 6 महीने के लिए छीनी

**डरोह।** विकास खंड सुलह स्थित भेड़ू महादेव की ग्राम पंचायत धीरा की प्रधान की शक्तियां माननीय उच्च न्यायालय द्वारा पारित आदेशों के अनुसार आगामी 6 माह के लिए छीन ली गई हैं। माननीय उच्च न्यायालय के हुक्म अनुसार जिलाधीश कांगड़ा ने अपनी शक्तियों का प्रयोग करते हुए यह कार्रवाई अमल में लाई है। उल्लेखनीय है कि पंचायत प्रधान धीरा को एक मनरेगा कार्य में अनियमिताओं के कारण करीब 1 लाख 9 हजार 223 रुपए की राशि की रिकवरी विभागीय जांच में निकाली गई थी। इस रिकवरी राशि को 27 अक्तूबर 2023 को ग्राम पंचायत धीरा की प्रधान द्वारा मनरेगा के खाते में जमा भी करवा दिया गया था। शिकायतकर्ता द्वारा इस बारे में माननीय उच्च न्यायालय में याचिका दर्ज करवाई गई थी। जिसकी जांच करने के लिए माननीय उच्च न्यायालय ने डीसी कांगड़ा को अधिकृत किया है और तय अवधी में जांच पूरी करने के आदेश जारी किए थे। जिस पर जिलाधीश कांगड़ा ने धीरा की प्रधान की 6 माह के लिए शक्तियां छीनने के आदेश जारी किए हैं। इस अवधि के दौरान ग्राम पंचायत उपप्रधान को यह शक्तियां प्रदान की गई हैं। आगे उपप्रधान आगामी आदेशों तक पंचायत की समस्त कार्य एवं समस्त शक्तियों का प्रयोग करेंगे। उधर धीरा की प्रधान कविता धरवाल ने बताया कि उन्होंने भी इस मामले में कानूनी सलाह ले ली है और माननीय न्यायालय में याचिका दायर कर दी है। वह माननीय न्यायालय के निर्णय का इंतजार कर रही हैं।

## रेलिंग से टकराई बाइक, दो जख्मी

**नगरोटा बगवां।** पुलिस थाना नगरोटा बगवां के तहत मदन मोहन मालविया स्कूल के पास कायस्थवाड़ी में मोटरसाइकिल चालक राहुल चौधरी निवासी खास तंगरोटी ने तेज रफ्तारी व लापरवाही से गलत दिशा में मोटरसाइकिल सड़क किनारे लगी रेलिंग से टकरा दिया। इस दुर्घटना में मोटरसाइकिल चालक राहुल चौधरी व पीछे बैठी शिवानी निवासी हटवास घायल हो गए। इस संदर्भ में पुलिस थाना नगरोटा बगवां में भारतीय दंड संहिता की धारा 279, 337 में मामला दर्ज किया गया है। उधर, धर्मशाला स्थित एएसपी कांगड़ा वीर बहादुर ने मामले की पुष्टि की है।

## इंदौरा में 17.12 ग्राम चिट्टे के साथ अमृतसर का युवक गिरफ्तार

**अनंत ज्ञान, इंदौरा**



इंदौरा में 17.12 ग्राम चिट्टे के साथ गिरफ्तार युवक पुलिस के साथ।

पुलिस द्वारा नशे पर लगाम लगाने के लिए चलाए गए विशेष अभियान के तहत पुलिस ने अमृतसर निवासी एक युवक को गिरफ्तार करके उससे 17.12 ग्राम चिट्टा बरामद किया है। एएसपी धर्म चंद वर्मा ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर थाना डमटाल के अंतर्गत इंदौरा मोड के नजदीक नशा तस्करों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई अमल में लाई गई है। इसमें नाकाबंदी के दौरान सन्नी शर्मा पुत्र अशोक कुमार निवासी हाउस नंबर 1206/10, नजदीक लाहौरी गेट, तहसील व जिला अमृतसर के कब्जे से 17.12 ग्राम चिट्टा बरामद करने में सफलता प्राप्त की है। जिस पर उपरोक्त आरोपी को गिरफ्तार करके उसके खिलाफ थाना डमटाल में अभियोग अधीन धारा 21, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। उपरोक्त अभियोग में नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है। भविष्य में भी जिला पुलिस का नशे के विरुद्ध अभियान जारी रहेगा।

## विधायक आरएस बाली ने युवाओं को रोजगार के लिए ऑफर लेटर दिए

**अनंत ज्ञान, नगरोटा बगवां**

सरकार ने युवाओं से रोजगार देने का वादा किया था उसको पूरा करते हुए मंगलवार को पर्यटन विकास निगम के उपाध्यक्ष व कैबिनेट रेंक मंत्री नगरोटा बगवां के विधायक आरएस बाली ने युवाओं को दुबई में रोजगार के लिए ऑफर लेटर दिए। आरएस बाली ने इस अवसर पर कहा कि प्रदेश सरकार ने पिछले दिनों नगरोटा बगवां क्षेत्र में रोजगार मेले का आयोजन कराया था जिसमें कुछ युवाओं का चयन दुबई में रोजगार के लिए हुआ था। इन युवाओं को रोजगार से पहले एक महीने की ट्रेनिंग वाराणसी में करवाई गई। नगरोटा बगवां विधानसभा क्षेत्र के चयनित 11 युवाओं की ट्रेनिंग का खर्चा आरएस बाली ने उठाया। ट्रेनिंग पूरी करने के बाद मंगलवार को उन्हें दुबई जाने के लिए नियुक्ति पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर इस रोजगार में सरकार का सहयोग कर रही कंपनी इंटेलेक्ट ग्लोबल रिसर्च एंड सॉल्यूशन के प्रतिनिधि भी इस अवसर पर उपस्थित रहे। इस अवसर पर बाली ने कहा कि कंपनी द्वारा उनकी टिकट व वीजा का खर्चा कंपनी वहन करेगी। वहीं साल में एक बार एक महीने की छुट्टी आने पर भी खर्चा कंपनी द्वारा दिया जाएगा।



दुबई में रोजगार के लिए चयनित युवा विधायक आरएस बाली के साथ।

## पनियारकड़ में जागरण 14 को

**कांगड़ा।** ग्राम पंचायत जमानाबाद के गांव पनियारकड़ में 14 जून को विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। यह जानकारी युवा जागरण कमेटी के मुख्य संयोजक अरुण कुमार सोनू ने दी। उन्होंने बताया कि 14 जून को मिंजर मेला ग्राउंड पनियारकड़ में विशाल भगवती जागरण का आयोजन किया जा रहा है। इसमें गायक संजीव कुमार, कुमार विक्की, सन्नी शर्मा सहित अन्य प्रस्तुति देंगे। इसके साथ ही शर्मा म्यूजिक ग्रुप कांगड़ा अपने साज-बाज से मधुर धुनों से जागरण की शोभा बढ़ाएंगे। वहीं दिव्य भवन डेकोरेशन द्वारा माता रानी का भव्य दरबार सजाया जाएगा। इस जागरण में बाहुबली की झांकी आकर्षण का केंद्र रहेगी।

## फ्लोर मिल के पास प्रवासी ने लगाया फंदा, मौत

**पुलिस ने शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेजा**

**अनंत ज्ञान, कांगड़ा**

कांगड़ा के साथ लगते क्षेत्र फ्लोर मिल के पास एक व्यक्ति द्वारा फंदा लगाकर जीवन लीला समाप्त करने का मामला प्रकाश में आया है। मिली जानकारी के अनुसार कांगड़ा फ्लोर मिल के पास यह घटना घटी जिसकी जानकारी मंगलवार सुबह मिली।

बताया जा रहा है कि सोमवार रात को ही व्यक्ति ने फंदा लगाकर अपनी जान दे दी। मृतक कोशन कुमार जोकि मूल रूप से छत्तीसगढ़ का रहने वाला बताया जा रहा है वह पिछले 23 साल से अपनी पांच बेटियों और पत्नी के साथ यहां पर रह रहा था। पुलिस ने मौके पर पहुंच कर छानबीन की। इस दौरान पुलिस को कोई सुसाइड नोट नहीं मिला।

पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए टांडा मेडिकल कॉलेज भेज दिया है। ज्ञात रहे की कांगड़ा में किसी प्रवासी द्वारा आत्महत्या का यह दूसरा मामला सामने आया है इससे कुछ दिन पहले भी कांगड़ा में एक प्रवासी जो की कांगड़ा में सफाई कर्मचारी था ने भी फंदा लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली थी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्जकर छानबीन शुरू कर दी है।

## लू से निपटने को सजग रहें: डॉ. गुलेरी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



मासिक विशेष समीक्षा बैठक को संबोधित करते मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी।

जोनल अस्पताल के कॉन्फ्रेंस हॉल में जिला कांगड़ा के स्वास्थ्य विभाग की मासिक विशेष समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. राजेश गुलेरी ने की। बैठक में केंद्र टीबी डिविजन दिल्ली से डॉ. तृप्ति को व्यस्क टीबी टीकाकरण से जुड़ा जिला कांगड़ा की समीक्षा की।

इस अवसर पर जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. राजेश सूद सिविल हॉस्पिटल पालमपुर के सीनियर मेडिकल ऑफिसर, जिला कार्यक्रम अधिकारी एवं ब्लॉक के खंड चिकित्सा अधिकारी, सीनियर मेडिकल ऑफिसर और अन्य अधिकारी मौजूद रहे। डॉ. राजेश गुलेरी ने बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए चिकित्सा खंड भवारना की सराहना की तथा खंड चिकित्सा अधिकारी भवारना डॉ. नवीन राणा को सम्मानित किया। बैठक में विशेष रूप से गर्मी के मौसम के चलते गर्मी के प्रकोप से होने वाली बीमारियों के लिए विशेष जागरूकता बढ़ाने, जागरुकता सामग्री वितरण करके आम जनमानस में जागरूकता बढ़ाने व बीमारी के मामले सामने आने की स्थिति में स्वास्थ्य सेवाओं को तत्काल मुहैया कराने के लिए तैयार रहने के साथ आईएचआईपी पोर्टल पर रिपोर्टिंग करने के भी निर्देश दिए। डॉ.गुलेरी ने विशेष रूप से गर्मी के मौसम के चलते आग की घटनाओं की स्थिति में तत्काल नियंत्रण हेतु स्वास्थ्य संस्थानों में बचाव उपकरणों के रखरखाव पर विशेष ध्यान देने के खंड चिकित्सा अधिकारियों को निर्देश दिए। खंड चिकित्सा अधिकारियों को आरटीआई पोर्टल, सीएम हेल्पलाइन पर भी विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। समीक्षा बैठक में आयुष्मान व हिमकेयर सेवाओं के अंतर्गत दाखिल रोगियों की नि:शुल्क जांच के निर्देश दिए। उन्हें मुख्य चिकित्सा अधिकारी की देखरेख में प्रिसक्रिप्शन ऑडिट पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए।

## निकिता ने किया सरोत्री मेले का शुभारंभ



**नगरोटा बगवां।** ग्राम पंचायत सरोत्री का 7वां मेला धूमधाम से शुरू हुआ। मेले का उद्घाटन हिमाचल प्रदेश की पहली व्हील चेयर युजर एमबीबीएस छात्रा निकिता चौधरी ने किया। इस दौरान मेला कमेटी के प्रधान धनी राम, आखिर सोनी, उमाकांत चौधरी, करतार चंद सहित अन्य मौजूद थे।

## संभावित बाढ़ के संबंध में प्रबंधों पर की चर्चा

**पठानकोट।** जिला पठानकोट में संभावित बाढ़ के संबंध में किए जाने वाले प्रबंधों के संबंध में आदित्य उप्पल उपायुक्त पठानकोट द्वारा जिला प्रशासनिक परिसर मलिकपुर पठानकोट स्थित मीटिंग हॉल में विभिन्न विभागों के जिला अधिकारियों के साथ एक बैठक का आयोजन किया गया। इस अवसर पर अन्य लोगों के अलावा मेजर डॉ. सुमित मूढ़ एसडीएम पठानकोट, अभिषेक शर्मा सहायक आयुक्त जर्नल, पवन कुमार जिला राजस्व अधिकारी, डॉ आदित्य सलारिया सिविल सर्जन पठानकोट, महेश कुमार एक्सईएन जल आपूर्ति एवं स्वच्छता पठानकोट, युद्धवीर सिंह जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी पठानकोट, राम लुभाया जिला लोक संपर्क अधिकारी पठानकोट, बीएसएफ, सेना, पंजाब पुलिस अधिकारी और अन्य संबंधित विभागीय अधिकारी उपस्थित थे। बैठक के दौरान आदित्य उप्पल डिप्टी कमिश्नर पठानकोट ने कहा कि चूंकि आने वाले दिनों में बरसात का मौसम शुरू हो जाएगा और जिला पठानकोट का कुछ क्षेत्र नदियों के किनारे स्थित है, इसलिए इन गांवों में संभावित बाढ़ की संभावना है। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को ऐसी किसी भी स्थिति के लिए पूरी तरह तैयार रहने के निर्देश दिए।

## कांगड़ा में कल पावर कट

**कांगड़ा।** हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत परिषद लिमिटेड विद्युत मंडल नंबर.1 कांगड़ा के अंतर्गत 11 केवी फीडर कांगड़ा नंबर-2 के तहत पेड़ों की कटाई और सामान्य रखरखाव के कार्य करने हेतु 13 जून को प्रात: 9: 30 बजे से कार्य समाप्ति तक विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। इसके अंतर्गत आने वाले क्षेत्र वीरता, बंगला, गर्ग कॉलोनी, सेवकरा, छेब, निफ्ट, माता का बाग, नटेहड़, तालपुरा, मंदिर बाजार, कांगड़ा मंदिर, मिशन हाउसिंग बोर्ड, जज आवास, एसडीएम आवास, बीडीओ ऑफिस, जयंती बिहार में विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी। यह जानकारी कांगड़ा नंबर.1 के सहायक अभियंता इंजीनियर पुलकित दीक्षित ने दी। उन्होंने सहयोग की अपील की है।

**कार्यक्रम** सीयू में 'हिमस्पार्क 2024' के उद्घाटन अवसर पर बोले कुलपति प्रो. बंसल

## जॉब सीकर की जगह जॉब प्रोवाइडर बने छात्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, धर्मशाला**



दो दिवसीय प्रबंधन उत्सव 'हिमस्पार्क 2024' के शुभारंभ पर मुख्य अतिथि व अन्य।

हिमाचल प्रदेश केंद्रीय विश्वविद्यालय धर्मशाला के बिजनेस स्कूल की ओर से राजकीय महाविद्यालय धर्मशाला के सभागार में दो दिवसीय प्रबंधन उत्सव 'हिमस्पार्क 2024' का उद्घाटन मंगलवार को किया गया। मुख्य अतिथि कुलपति प्रो. सत प्रकाश बंसल ने कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

समारोह में प्रो. देविका मदली बतौर विशिष्ट अतिथि शामिल हुई। कुलपति प्रो. बंसल ने कहा कि ऐसे आयोजनों से विद्यार्थियों में परस्पर समन्वय बढ़ता है। विद्यार्थी भविष्य में जॉब सीकर की जगह जॉब प्रोवाइडर बने यही विश्वविद्यालय का प्रयास है। कुलपति ने प्रो. संजीव गुप्ता अधिष्ठाता वाणिज्य एवं प्रबंधन अध्ययन स्कूल, प्रो. दीपांकर शर्मा विभागाध्यक्ष एचपीकेवी बिजनेस स्कूल, प्रो. सूर्य रश्मि रावत समन्वयक की सराहना की, जिन्होंने छात्रों को अपने कौशल को निखारने के लिए अवसर प्रदान किया।

एचपीकेवी बिजनेस स्कूल के विभागाध्यक्ष प्रो. डॉ. दीपांकर शर्मा ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कार्यक्रम का शुभारंभ किया। उत्साह को बढ़ाने के लिए 'हिमस्पार्क 2024' पर एक डॉक्यूमेंट्री दिखाई गई। विभिन्न स्कूलों से कई प्रतिभागियों ने स्कूलमेट थीम पर प्रदर्शन किया। सभी प्रतिभागियों को मुख्यातिथि ने सम्मानित किया। इस अवसर पर प्रो. डॉ. सुनील ठाकुर अधिष्ठाता छात्र कल्याण, प्रो.डॉ. प्रदीप कुमार, अधिष्ठाता अकादमिक ने उपस्थित लोगों को संबोधित किया। छात्रों द्वारा नृत्य में हिमाचल प्रदेश की लोक संस्कृति को प्रदर्शित करने वाली एक सुंदर नाटी का प्रदर्शन किया गया।

कार्यक्रम में जवाहर लाल विश्वविद्यालय, पंजाब विश्वविद्यालय, सहित कई स्कूलों, कॉलेजों और विश्वविद्यालयों के 130 से अधिक प्रतिभागी भाग लेंगे। सभी विजेताओं को 12 जून 2024 को समापन सत्र के दौरान सम्मानित किया जाएगा।

**ग्राम पंचायत तन्यार विकास खंड धर्मपुर जिला मण्डी हि0प्र0**

**विषय : ग्राम पंचायत तन्यार द्वारा वर्ष 2024-25 के लिए सामग्री हेतू निविदाएँ आमंत्रित करने बारे :-**

सर्व सम्मति से पंचायत बैठक में उपस्थित सदस्यों द्वारा प्रस्ताव पारित किया गया है कि ग्राम पंचायत तन्यार वर्ष 2024-25 के लिए विकास कार्यो को करवाने हेतू विभिन्न प्रकार की सामग्री जैसे रेत, बजरी, पत्थर, शटरिंग, ईंट, सरिया, जेसीबी हार्ड एवं सोफ्ट कटिंग व ढुलाई सीमेंट इत्यादि सभी प्रकार की सामग्री लेने हेतू पंचायत निविदाएं आमंत्रित करती हैं। निविदाएं पंचायत कार्यालय में डाक के माध्यम से बंद लिफाफें में दिनांक 22.06.2024 तक जमा करवानी होगी तथा प्राप्त निविदाएं ग्राम पंचायत द्वारा बैठक में दिनांक 23.06.2024 को उपस्थित सदस्यों के समक्ष खोली जाएगी। स्वीकृत निवेदक को 20000/-(बीस हजार रूपए) राशि पंचायत में सुरक्षा निधि के तौर पर जमा करवानी होगी। बाद में स्वीकृत निवेदक द्वारा सामग्री देने में कोताही बरतने पर पंचायत निविदा को रद्द करने की उत्तरदायी या हकदार होगी।

अतः प्रस्ताव ज्ञापन हेतू प्रेषित है।

पंचायत सचिव, ग्राम पंचायत तन्यार
विकास खण्ड धर्मपुर जिला मण्डी हि.प्र.

## न्यूज ब्रीफ

### विद्युत उपमंडल लंबलू में 13 को बंद रहेगी बिजली

**हमीरपुर।** विद्युत उपमंडल लंबलू में 13 जून को लाइनों की आवश्यक मरम्मत के चलते गांव हलाणा, छत्तर, कोहली, डोडरू, जोल कसीरी, धरोग, साई, कैहडरू, समराला, टिक्कर, उझाण, धरनासी, डिडवीं, चैकी कनकरी और आस-पास के गांवों में सुबह 9 से सायं 5 बजे तक बिजली पूर्णतः बंद रहेगी। सहायक अभियंता ज्ञान चंद भाटिया ने इस दौरान सभी उपभोक्ताओं से सहयोग की अपील की है।

### वाहनों की पासिंग व ड्राइविंग टेस्ट स्थगित

**हमीरपुर।** जिला मुख्यालय के निकट बाईपास पर 12 जून को प्रस्तावित वाहनों की पासिंग और 13 जून को प्रस्तावित ड्राइविंग टेस्ट प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिए गए हैं। एसडीएम मनीष कुमार सोनी और क्षेत्रीय परिवहन अधिकारी अंकुश शर्मा ने बताया कि ड्राइविंग टेस्ट और वाहनों की पासिंग फिलहाल प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दी गई है। उन्होंने बताया कि इनकी नई तिथि जल्द ही घोषित कर दी जाएगी।

### रिंकू फिर बने नादौन स्कूल के एसएमसी प्रधान

**नादौन।** राजकीय उत्कृष्ट कन्या सीनियर सेकंडरी स्कूल नादौन में स्कूल प्रबंधन समिति का चुनाव सर्वसम्मति से किया गया जिसमें रिंकू शर्मा को पुनः सर्व सहमति से प्रधान चुना गया। यह जानकारी देते हुए संस्कृत अध्यापक नरेश मलोटिया ने बताया कि स्कूल की प्रिंसीपल मंजू रानी द्वारा पुरानी समिति को भंग करके वाइस प्रिंसीपल परमजीत सिंह की देखरेख में चुनाव करवा दिया है। इसके अतिरिक्त 14 अभिभावकों को समिति का सदस्य मनोनीत किया गया। इसके अतिरिक्त नगर पंचायत नादौन के प्रधान व स्कूल प्रिंसीपल पदेन सदस्य होंगे और तीन अध्यापक भी समिति के सदस्य बनाए गए। नवनिर्वाचित अध्यक्ष रिंकू शर्मा ने कहा की स्कूल हमारा परिवार है और इस स्कूल परिवार के उत्थान के लिए हमारी प्रबंधन समिति पूर्ण निष्ठा से कार्य करने के लिए कृतसंकल्प है।इस अवसर पर एसएमसी प्रभारी अनुवाला, नरेश मलोटिया, अजय कुमार नंदा आदि अध्यापक गण सहयोगी के रूप में उपस्थित रहे।

### वेस्ट से सुंदर वस्तुएं बनाकर लगाई प्रदर्शनी



**सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक स्कूल भलेठ में स्कूली बच्चों ने वेस्ट टू बैस्ट यानि कबाड़ से सुंदर वस्तुएं बनाकर व प्रदर्शनी लगाकर स्कूल परिसर को प्लास्टिक फ्री बनाने का संदेश दिया। प्रदर्शनी का अवलोकन जिला विज्ञान पर्यवेक्षक राजेश गौतम ने किया। उपस्थित अध्यापकों, अभिभावकों, पंचायत प्रतिनिधियों व स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्यों ने भी बच्चों द्वारा बनाई वस्तुओं को खूब सराहा। स्कूल की प्रिंसिपल मंजरी महाजन ने सभी उपस्थित सदस्यों को इको क्लब के माध्यम से स्कूल में करवाए जाने वाले कार्यक्रमों की विशेष जानकारी उपलब्ध कराई।

### मजबूत संगठनात्मक ढांचे के चलते हुई जीतः यशवीर



**हमीरपुर।** भाजपा मंडल वडसर के अध्यक्ष की यशवीर पटियाल ने कहा है कि बड़सर विधानसभा क्षेत्र में लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव में संगठनात्मक ढांचे की वजह से बेहतर काम हुआ है। सभी लोगों ने मिलजुल कर जब काम किया तो न केवल लोकसभा के लिए अनुराग ठाकुर को भारी लीड दिलवाकर लोकसभा में भिजवाया। बल्कि उपचुनाव में इंद्र दत्त लखनपाल की जीत भी सुनिश्चित की। उन्होंने कहा है कि पार्टी के कार्यकर्ता इसके लिए बधाई के पात्र हैं, जिन्होंने विपरीत परिस्थितियों में भी ईमानदारी से काम किया।

### राज्य स्तरीय योगा स्टेट ओलंपियाड का समापन



**नादौन।** 14 वर्ष से कम आयु वर्ग की राज्य स्तरीय योगा स्टेट ओलंपियाड का समापन हो गया है। सीनियर सेकंडरी स्कूल बाल में आयोजित इस ओलंपियाड के समापन समारोह में शिक्षा विभाग के सहायक निदेशक खेल ललिता नेगी ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। स्कूल के प्रिंसीपल दिली मोहम्मद पोसवाल ने स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इस प्रतियोगिता में हिमाचल प्रदेश के 9 जिलों के 32 छात्राएं और 36 छात्र ने भाग लिया। यह जानकारी शिक्षा विभाग की ओर से मीडिया प्रभारी ठाकुर चंचल सिंह ने बताया कि प्रतियोगिता को करवाने के लिए शिक्षा विभाग की तरफ से 12 ओएसडी नियुक्त किए गए हैं। इस मौके पर स्थानीय पाठशाला का समस्त स्टाफ जिला खेल प्रभारी हमीरपुर करतार चंद, जिला खेल प्रभारी सोलन महेंद्र सिंह, जिला खेल प्रभारी ऊना रविंद्र भुल्लर आदि उपस्थित रहे ।

### आने वाले समय में घातक सिद्ध होगा ई- कचरा

**सुजानपुर।** ठाकुर जगदेव चंद स्मारक उत्कृष्ट महाविद्यालय सुजानपुर टीहरा में इको क्लब एवं राज्य विज्ञान प्रौद्योगिकी एवं पर्यावरण परिषद के संयुक्त तत्वावधान में इंटरनेशनल मल्टी डिसीप्लिनरी कैपेसिटी बिल्डिंग कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस कार्यशाला का शीर्षक रोड मैप फार एनवायरमेंटली बेगिन ई-वेस्ट मैनेजमेंट सिस्टम इन इंडिया रहा । इस कार्यशाला में मुख्य वक्ता के रूप में डॉ. दिनेश पाठक भौतिक विज्ञान विभाग वेस्ट इंडीज विश्वविद्यालय रहे तथा आमंत्रित वक्ता के रूप में डॉक्टर अश्वनी राणा डिपार्मेंट आफ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन एनआईटी हमीरपुर और डॉ. राकेश शर्मा डिपार्टमेंट ऑफ़ इलेक्ट्रॉनिक्स एंड कम्युनिकेशन एनआईटी हमीरपुर उपस्थित रहे। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. अजायब सिंह बन्याल ने कार्यशाला के बारे में बताया। मुख्य वक्ता तथा अन्य गणमान्यों ने ई-कचरा प्रबंधन पर अपने-अपने शोध पत्र प्रस्तुत किए। इस कार्यशाला में बताया गया कि हम ई कचरा को फिर से रिसाइकल करके पुनः प्रयोग में ला सकते हैं। ई कचरा में सोना, चांदी ,अल्युमिनियम और कई प्रकार की धातु एवं अपशिष्ट होते हैं जो कि जल, वायु के द्वारा सभी प्राणियों के बीच में जाते हैं और कई प्रकार के भयंकर रोग उत्पन्न होते हैं। वर्तमान परिप्रेक्ष्य के बारे में बताते हुए मुख्य वक्ताओं ने बताया कि आज के इस प्रौद्योगिकी एवं तकनीकी युग में ई- कचरा दिन प्रतिदिन हमारे परिवेश में बढ़ता जा रहा है यदि समय रहते इसके ऊपर कार्यवाही नहीं हुई तो आने वाला समय संपूर्ण प्राणी समाज के लिए घातक सिद्ध हो सकता है।

# फाइलों में दफन हुआ दियोटसिद्ध रोपवे

## कई बार अधिकारी निरीक्षण कर बना चुके हैं रिपोर्ट, लेकिन धरातल पर कार्य शून्य

**एसके ठाकुर, बिझड़ी**

उत्तरी भारत के प्रसिद्ध सिद्धपीठ बाबा बालक नाथ मंदिर दियोटसिद्ध में रोपवे बनाने मुद्दा फाइलों तक ही सिमट कर रह गया है।

मंदिर में रोपवे बनाने को लेकर कई बार अधिकारियों की ओर से निरीक्षण कर रिपोर्ट बनाई गई लेकिन धरातल पर कार्य शून्य के बराबर है। चार वर्ष पहले भी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट अथॉरिटी (बुनियादी ढांचा विकास निगम) की ओर से पर्यटन की दृष्टि से दियोटसिद्ध क्षेत्र को विकसित करने के लिए सर्वे किया गया था। अभी तक रोपवे बनाने का कार्य केवल फाइलों में ही सिमटा है।

राजनीतिक दलों की ओर से चुनाव के दौरान मंदिर में निर्माण कार्य को लेकर कई बार घोषणाएं की गईं, लेकिन निर्माण कार्य को लेकर कोई भी पार्टी आगे नहीं आई। दियोटसिद्ध में रोपवे मंदिर की खूबसूरती में चार चांद



लगाएगा। वहीं, मंदिर के महंत श्री श्रीश्री 1008 राजेंद्र गिरी महाराज ने कहा कि अक्सर कई वर्षों से समाचार पत्रों के माध्यम से वह मौखिक रूप से वह यह सुनते आए हैं कि यहां रज्जू मार्ग बनेगा।

अधिकारियों ने निरीक्षण भी किया, लेकिन जमीनी स्तर पर कोई कार्य शुरू नहीं हो पाया है। यदि यहां रज्जू मार्ग बनता है तो श्रद्धालुओं के लिए यह एक आकर्षण का केंद्र होगा। मंदिर में आस्था के साथ-साथ आने वाले श्रद्धालुओं का मनोरंजन भी होगा। अक्सर चैत्र मेलों के दौरान बाबा बालक नाथ मंदिर में रोपवे बनाने की चर्चा होती है। कई बार बाबा बालक नाथ की नगरी को पर्यटन की दृष्टि से विकसित करने की घोषणाएं हो चुकी हैं।

इस योजना को धरातल पर लागू नहीं किया जा सका है। उन्होंने कहा कि चैत्र मेलों के दौरान शाहतलाई में पूजा के बाद पवित्र गुफा में पूजा-अर्चना के लिए हजारों श्रद्धालु पहुंचते हैं। पूर्व में भी सरकार ने प्रदेश में कई जगह रज्जू मार्ग बनाने के लिए जिन रोपवे की सूची जारी की थी उसमें दियोटसिद्ध का नाम शामिल नहीं था। व्यापार मंडल दियोटसिद्ध के प्रधान संजय कुमार, पूर्व प्रधान पवन जगोता, ऋषि गुप्ता, अमन कमल गुप्ता, अप्पर बाजार कमेटी के प्रधान संजय कालिया सहित अन्यों ने कहा कि रोपवे बनने से श्रद्धालुओं की संख्या में इजाफा होगा और स्थानीय व्यवसाय में बढ़ोतरी होगी लेकिन न्यास प्रशासन के दावों पर अब तक मुहर नहीं लग पाई है। (अनंत ज्ञान)

**योजना पर कार्य चल रहा है : एसडीएम**

उधर मंदिर न्यास के अध्यक्ष एवं बड़सर के एसडीएम राजेंद्र गौतम ने कहा कि इस योजना पर कार्य चल रहा है। एक विस्तृत रिपोर्ट बनाकर सरकार को भेजी जाएगी। मंदिर के सौंदर्यीकरण को लेकर न्यास प्रशासन कार्य कर रहा है। उन्होंने कहा कि एडीबी की ओर से 62 करोड़ रुपए मंदिर के सौंदर्यीकरण पर खर्च किए जाएंगे। इसमें पार्किंग सहित श्रद्धालुओं के ठहरने की व्यवस्था सहित अन्य सुविधाएं श्रद्धालुओं को मुहैया करवाई जाएंगी।

# सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर नगर पंचायत ने काटे चालान

**अनंत ज्ञान, नादौन**



सिंगल यूज प्लास्टिक को लेकर चालान काटते अधिकारी।

प्रतिबंधित के बावजूद सिंगल यूज प्लास्टिक का इस्तेमाल अभी थमने का नाम नहीं ले रहा है, जिसे लेकर नगर पंचायत नादौन प्रशासन सख्त हो गया है।

मंगलवार को नगर पंचायत के सचिव सचिव रमन कुमार शर्मा ने नादौन शहर की कई दुकानों का निरीक्षण किया तथा चालान काटे।

इस कार्रवाई से संबधित दुकानदारों में हड़कंप मच गया। इस दौरान सचिव के साथ स्वच्छता प्रभारी अक्षित सोनी, कनिष्ठ अभियंता अंशुल सहोत्रा आदि भी शामिल थे, ने नादौन बाजार में प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक के हो रहे इस्तेमाल को लेकर कई दुकानों का निरीक्षण किया तथा मौके पर दो दुकानों के चालान किए गए और दुकानदारों को सिंगल यूज प्लास्टिक के भंडार, वितरण और बिक्री न करने की सख्त हिदायत दी। नगर पंचायत सचिव रमन शर्मा ने बताया कि यदि कोई भी दुकानदार प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक जैसे प्लास्टिक के चंमच, प्लास्टिक के चाकू ,प्लास्टिक के झंडे, प्लास्टिक के गिलास इत्यादि का वितरण भंडारण एवं बिक्री करते हुए पाया जाता है तो उसका चालान किया जाएगा।

नगर पंचायत नादौन सचिव ने दुकानदारों को 19 प्रकार के प्रतिबंधित एकल उपयोग प्लास्टिक की जानकारी भी दुकानदारों को दी।

# सीएम से मिले डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा उपचुनाव को लेकर हुई चर्चा

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के प्रत्याशी एवं वरिष्ठ कांग्रेस नेता डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने मंगलवार को शिमला में मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू से मुलाकात की।



इस दौरान मुख्यमंत्री से उपचुनाव को लेकर चर्चा हुई। मुख्यमंत्री ने डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा को उपचुनाव को लेकर काम करने के लिए कहा। डॉ. पुष्पेंद्र ने मुख्यमंत्री को भरोसा दिलाया कि वे डेढ़ साल से फील्ड में ही काम कर रहे हैं। उपचुनाव में भी कांग्रेस पार्टी की जीत होगी जिसके लिए चुनाव प्रचार शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि निर्दलीय विधायकों न केवल अपनी विधायकी बेची, बल्कि देवभूमि को भी शर्मसार किया है। उनसे यही सवाल पूछना चाहिए कि यह लोकतंत्र के भारत के 75 वर्ष के आजादी के इस इतिहास में आजाद विधायकों को क्यों इस्तीफा देना पड़ा? हमीरपुर के निर्दलीय विधायक कहते थे कि मुख्यमंत्री उनका काम नहीं करते तो अब यह बताएं कि आप वह किस मुंह से इलेक्शन लड़ना चाहते हैं, क्योंकि प्रदेश में सरकार कांग्रेस की है, 38 विधायक 65 में से कांग्रेस के हैं, जो कि अगले 3 साल के बाद फिर से और 5 साल रहेंगे और उनके मुख्यमंत्री भी यही सुखविंद्र सिंह सुक्खू रहेंगे। तो आप जनता को क्या जवाब देंगे, आप जनता के पास किस मुंह से जाएंगे? यह बड़े सवाल हैं जो के निर्दलीयों को जवाब देना है कि आखिर ऐसा क्या हुआ कि उन्होंने इस्तीफा दिया।

# भरेड़ी बाजार में पाइपलाइन डालने पर विवाद

## पपलाह पंचायत प्रधान ने भरेड़ी बाजार को जोड़ने वाली लाइन को रोका

**अनंत ज्ञान, भरेड़ी**

भोरंज उप मंडल के भरेडी बाजार में पाइपलाइन जोड़ने को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों वं दुकानदारों में विवाद पैदा हो गया है। बाजार को जोड़ने वाली नई पाइपलाइन को पपलाह पंचायत प्रधान अंकुश सैनी ने रोक दिया है। इससे दो दिनों में जल शक्ति विभाग नई पाइप लाइन को जोड़ने के पीछे हट गया है।

भरेड़ी बाजार के ग्रामीण व दुकानदारों में राजकुमार, राकेश , दीनानाथ, रजनीकांत, सुनील, पिंकु, प्रकाश, नरेंद्र, प्रताप चंद, जगदेव, भगवान दास, रमा कालिया, हुक्कम चंद, निर्मल कुमार, मनोहर लाल व अन्य ने बताया कि दो माह पहले भरेडी बाजार में फुटपाथ के निर्माण के लिए लोक निर्माण विभाग व ठेकेदार ने पानी की पाइप को तोड़ दिया है। इससे बाजार के करीब



कनिष्ठ अभियंता पंचायत प्रधान अंकुश सैनी व लोगों से बातचीत करते हुए।

20-25 नल पानी के बिना सूखे पडे हुए हैं और दो माह से गंभीर पेयजल संकट का सामना करना पड रहा है।

उन्होंने बताया कि जल शक्ति विभाग हनुमान चौक के पास बाजार के लिए दो इंच का लाइन डाल रहा है, जिसे पपालाह पंचायत प्रधान अंकुश सैनी ने रोक दिया है। हालांकि स्थानीय लोगों ने पंचायत प्रधान अंकुश सैनी को पाइप लाइन डालने में बाधा न डालने की मांग की, लेकिन वह नहीं माने। इससे जल शक्ति विभाग बाजार को जाने वाली दो इंच का पाइप को डालना बंद कर दिया है। ग्रामीणों व दुकानदारों ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों से मांग की है कि समस्या का समाधान कर पाइप लाइन जोड़ी जाए तथा नलों को कनेक्शन दिए जाए।

> पंचायत के गांवों में सात-सात दिनों के बाद पानी आ रहा है लेकिन विभाग भरेड़ी बाजार में आधे इंच के स्थान पर दो इंच की पाइप डालने लगा है। दुकानदारों व ग्रामीणों से कोई विवाद नहीं है। विभाग बरसात शुरू होते ही इस पाइप लाइन को जोड़े, ताकि गर्मी के मौसम में पीछे गार्मीणों को समस्या न हो।
> **-अंकुश सैनी, प्रधान, पपलाह पंचायत।**

> **जल** शक्ति विभाग भरेड़ी बाजार में नई पाइप लाइन डाल रहा है, ताकि बाजार में लोगों को पानी मिल सकें। पंचायत प्रधान ने पाइप लाइन को जोड़ने से रोका है। इसके बारे में सहायक अभियंता भोरंज की रिपोर्ट भेजी जा रही है। **-राजेश ठाकुर कनिष्ठ अभियंता अवाहदेवी।**

# शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर

**रवि ठाकुर, हमीरपुर**

शहर में रविवार के दिन सफाई कर्मचारी कूड़ा नहीं उठा रहे, जिसके कारण सड़क किनारे कूड़े के ढेर दिन भर लगे रहते हैं, जिससे लोगों को परेशानी का सामना करना पड़ता है।

यही नहीं सड़क के किनारे लगे कूड़े के ढेर उसे शहर के आवारा कुत्ते जगह-जगह सड़कों में बिखेर रहे हैं जिस शहर में गंदगी फैल रही है। बॉयज स्कूल के सामने जो रास्ता महिला थाने को जाता है उसके साथ में बिजली बोर्ड का एक ट्रांसफॉर्म लगा हुआ है। उसके साथ ही कूड़े के ढेर दिखना एक आम बात है। सबसे ज्यादा दिक्कत तो रविवार के दिन पेश आ रही है। क्योंकि बाजार बंद





हमीरपुर शहर में जगह-जगह लगे कूड़े के ढेर।

रहता है और सड़क किनारे कूड़े के ढेर ही दिखते हैं।

स्थानीय लोगों ने नगर परिषद से मांग की है कि रविवार के दिन भी समय पर कूड़ा उठाया जाए, ताकि शहर में गंदगी न पहले और शहर साफ सुथरा रहे। नगर परिषद हमीरपुर के कार्यकारी अधिकारी अजमेर ठाकुर ने कहा कि सफाई कर्मियों को रविवार के दिन भी समय पर कूड़ा उठाने के निर्देश दिए गए हैं। रविवार को दोपहर तक कूड़ा क्यों नहीं उठाया, इस बारे में जांच की जाएगी। (अनंत ज्ञान)

# आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए कंट्रोल रूम स्थापित

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के साथ ही जिले में आदर्श आचार संहिता लागू हो चुकी है। यदि इस दौरान किसी प्रकार कोई आदर्श आचार संहिता का उल्लघंन करता है तो इसके लिए जिला निर्वाचन ने कंट्रोल रूम स्थापित कर दिया है।

एसडीएम एवं विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के निर्वाचन अधिकारी मनीष सोनी ने बताया कि विधानसभा उपचुनाव की घोषणा के साथ ही लागू हो चुकी आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन की शिकायत के लिए एसडीएम कार्यालय परिसर हमीरपुर में कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है।

उन्होंने बताया कि आदर्श आचार संहिता के उल्लंघन से संबंधित शिकायतें इस कंट्रोल रूम के दूरभाष नंबर 01972-224304 पर की जा सकती हैं। यह कंट्रोल रूम 24 घंटे सक्रिय रहेगा। विधानसभा उपचुनाव की निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति तक यह कंट्रोल रूम कार्यशील रहेगा।

### राजनीतिक दलों से सहयोग की अपील

**हमीरपुर।** उपायुक्त एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अमरजीत सिंह ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र 38-हमीरपुर के उपचुनाव को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने तथा आदर्श आचार संहिता की अक्षरशः अनुपालना सुनिश्चित करने के लिए सभी आवश्यक प्रबंध किए गए हैं। इसके लिए अलग-अलग टीमों का गठन किया गया है। उन्होंने सभी टीमों के नोडल अधिकारियों से कहा कि वे किसी भी तरह की शिकायत आने पर त्वरित कार्रवाई करें। उन्होंने सभी उम्मीदवारों, राजनीतिक दलों और उनके प्रतिनिधियों से भी आदर्श आचार संहिता की अनुपालना करने तथा निर्वाचन प्रक्रिया को स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्वक संपन्न करवाने में सहयोग की अपील भी की।

# वार्ड नंबर 9 में शुरू नहीं हुआ डंगे का निर्माण कार्य

## 300 घरों पर मंडरा रहा खतरा, पिछले साल बरसात से हुई थी भारी तबाही

**अनंत ज्ञान, सुजानपुर**

नगर परिषद सुजानपुर के अंतर्गत आने वाले वार्ड नंबर 9 के लगने वाले डंगे का कार्य शुरू न होने से लगभग 300 घरों पर खतरा मंडरा रहा है।

वार्ड नंबर 9 के पार्षद मनीष गुप्ता ने बताया कि बीते साल बरसात में भारी बारिश के चलते पहाड़ों का सारा मलबा पानी के साथ नाले और रास्ते पर आ गया था जिससे नाला बंद हो गया तथा कई घरों में यह पानी घुस गया था। जिस पर नुकसान का जायजा लेने मुख्यमंत्री सुक्खू सुजानपुर आए थे और उन्होंने तत्काल राहत कार्य शुरू करने के निर्देश दिए थे, लेकिन एक साल बीत जाने के बाद भी रास्ते के साथ लगने वाले डंगे का निर्माण कार्य नहीं शुरू हो पाया है। अब अगली बरसात शीघ्र आने वाली है डंगे का निर्माण शीघ्र न हुआ तो लोगों को आने वाली बरसात में भी परेशानी उठानी पड़ेगी।

उन्होंने बताया कि संबंधित वार्ड के निवासियों आभा गुप्ता, संजय गुप्ता, राजन मेहता, भुवनेश गुप्ता, मुकेश गुप्ता आदि ने शीघ्र ही निर्माण कार्य शुरू करने की मांग की है। गौर रहे कि बीते वर्ष सुजानपुर में अगस्त माह में हुई भारी बारिश ने तांडव मचाया था। सुजानपुर के वार्ड नंबर 9,8 तथा 1 के घरों में बरसात का पानी घुस गया था। कई घरों से पानी और मलबा निकालने के लिए महीनों समय लग गया था।

रात के समय आई इस तबाही से लाखों रुपए का नुकसान हो गया था। रात के समय हुई इस भीषण तबाही से लोगों को घरों से निकलकर अपनी जान बचाने पड़ी थी। कई बुजुर्ग लोगों को स्थानीय युवकों ने बड़ी मुश्किल से बाहर निकाला था।

> **अभी** एक कोड आफ कंडक्ट समाप्त हुआ है तथा दूसरा कोड ऑफ कंडक्ट लग गया है। इस संदर्भ में जिला तथा स्थानीय प्रशासन को निर्माण कार्य शुरू करने की परमिशन देने वाले रिलैक्सेशन मांगी गई है। जैसे ही रिलैक्सेशन मिल जाएगी निर्माण कार्य शुरू कर दिया जाएगा।
> **- ईओ, संजय कुमार नगर परिषद, सुजानपुर।**

**विडंबना** विद्युत बोर्ड में 7 हजार से ज्यादा पद रिक्त, नई भर्ती की प्रक्रिया शुरू न कर पाना गंभीर चिंता का विषय

# काम के बोझ और तनाव से कर्मचारी हो रहे दुर्घटना के शिकार

**अनंत ज्ञान, हमीरपुर**

हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में दिन प्रतिदिन बढ़ते काम के बोझ और घटती हुई कर्मचारियों की संख्या के चलते एक-एक कर्मचारी को विद्युत आपूर्ति को बहाल करने के लिए विद्युत उपकेंद्रों में 24 घंटे डयूटी करना चुनौती बन चुका है। आए दिन कर्मचारी भारी तनाव के चलते विभिन्न दुर्घटनाओं का शिकार हो रहे हैं, जिसके चलते जहां कई कर्मचारियों के परिवार बेसहारा हो रहे हैं। विद्युत बोर्ड लिमिटेड में लगभग 7 हजार से ज्यादा पद रिक्त होने के बावजूद प्रदेश सरकार द्वारा नई भर्ती की प्रक्रिया को शुरू न कर पाना गंभीर चिंता का विषय है।

यह बात हिमाचल प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड कर्मचारी यूनियन के प्रदेशाध्यक्ष कामेश्वर शर्मा ने जारी प्रेस बयान में कही। उन्होंने कहा कि 9 तारीख को भी 33 केवी विद्युत उपकेंद्र शाहपुर में अमित कुमार एसएसए काम करते समय करंट की चपेट में आने से गंभीर रूप से घायल हो गया और पीजीआई चंडीगढ़ में उपचाराधीन है। अमित कुमार एसएसए विद्युत उपकेंद्र शाहपुर में अकेला ही डयूटी कर रहा था। उन्होंने कहा कि आज पूरे प्रदेश में जहां विद्युत उपकेंद्रों में स्टाफ की कमी के चलते अकेले-अकेले कर्मचारी को 16-16 घंटे भी डयूटी करनी पड़ रही है।

वहीं फील्ड में मात्र 2-3 कर्मचारियों के हवाले 35-35 ट्रांसफार्मर और कई-कई किलोमीटर लंबी एलटी व एचटी लाईनें हैं। उन्होंने कहा कि विद्युत बोर्ड के प्रबंधक वर्ग ने ऑनलाइन मोबाइल के माध्यम से 9 से 5 बजे तक डयूटी करने व हाजिरी लगाने का आदेश जारी किया है जबकि विद्युत आपूर्ति बाधित होने पर रात को आठ बजे के बाद व सुबह जल्दी भी भाग दौड़ करनी पड़ रही है। यदि विद्युत बोर्ड के आदेशों के मुताबिक ही डयूटी करनी है तो उपभोक्ताओं को भारी समस्या से जूझना पड़ेगा। बिजली बोर्ड व प्रबंधक वर्ग और प्रदेश सरकार इस आदेश को वापस ले अन्यथा लोग बिजली न होने की वजह से अंधेरे में रहते हैं तो उसके लिए बोर्ड का प्रबंधन वर्ग जिम्मेवार होगा और यूनियन इन आदेशों को पूरे प्रदेश में लागू करवाएगी।

शर्मा ने कहा कि बिजली बोर्ड का प्रबंधक वर्ग निर्धारित मापदंडों के आधार पर विद्युत बोर्ड लिमिटेड के इस विशाल ढांचे का सही संचालन करने के लिए पर्याप्त स्टाफ मुहैया करवाए और अतिशीघ्र नई भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने के आवश्यक कदम उठाए। प्रदेशाध्यक्ष ने मुख्यमंत्री से हस्तक्षेप की मांग करते हुए कहा कि बिजली विभाग की दशा को सुधारने की तरफ अतिशीघ्र कारगर कदम उठाए जाएं।

### डीपीसी के बावजूद पदोन्नति के आदेश जारी न होना दुर्भाग्यपूर्ण

**हिमाचल** प्रदेश राज्य विद्युत बोर्ड लिमिटेड में पिछले 7-8 महीने पहले कर्मचारियों की पदोन्नति के लिए की गई डीपीसी के बावजूद पदोन्नति आदेश जारी न हो पाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 महीनों से फोरमैन लाइन, फोरमैन पावर हाउस, जेई सबस्टेशन, विभिन्न श्रेणियों के पदोन्नति आदेश जारी नहीं हो पाए हैं।

**कार्यालय ग्राम पंचायत जन्दड़ू**
**विकास खंड बमसन (टौणी देवी), जिला हमीरपुर (हि.प्र.)**

**निविदा सूचना**

वितीय वर्ष 2024-25 (21.06.2024 से 31.03.2025) के विकास कार्य हेतू क्रेशर रेत, दरिया रेत, क्रेशर बजरी 10,20,40 एमएम, शाइन बोर्ड लिखाई सहित (2.6*3 एवं 3*4) (प्रति बोर्ड), सीमेंट कैरिज (सुजानपुर से जन्दड़ू) लोडिंग अनलोडिंग सहित प्रति बैग, जेसीबी द्वारा कटाई हार्ड एवं साफ्ट रॉक (प्रति घन मीटर) निर्माण सामग्री ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बैग/प्रति क्यूबिक मीटर), शटरिंग स्टील प्लेट व लकड़ी छत व दीवार (प्रति स्कवायर फीट), शटरिंग लकड़ी व डाब (प्रति रनिंग मीटर), ड्रिल मशीन से खातरी खुदाई (प्रति क्यूबिक मीटर), बोर्ड ढुलाई मुख्य सड़क से निर्माण स्थल तक (प्रति बोर्ड) आदि निर्माण सामग्री हेतू निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं इच्छुक फर्म का अपना जीएसटी नंबर व अपनी गाड़ी होना अनिवार्य है। रेता, बजरी, पत्थर की अदायगी प्रपत्र X व W बिल के साथ देने पर ही होगी। सामग्री का मूल्य वर्क साईट तक FOR मान्य होगा।

पंचायत की मांग समय पर पूरा न करने अथवा घटिया सामग्री होने पर निविदा रद्द करने का पूरा अधिकार पंचायत का होगा। निविदाएं मोहर बंद लिफाफे में दिनांक 20.06.2024 से पहले पंजीकृत डाक द्वारा या पंचायत कार्यालय में कार्य दिवस पर स्वयं पहुंचाई जा सकती है। सभी निविदाएं दिनांक 21.06.2024 को प्रातः 11:30 बजे पंचायत कार्यालय में खोली जाएंगी, फर्म उस दिन हाजिर रहे, अलग से कोई पत्र नहीं निकाला जाएगा।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत जन्दड़ू
विकास खंड बमसन (टौणी देवी)
जिला हमीरपुर (हि.प्र.)

## न्यूज ब्रीफ

### शीतला माता मंदिर में कल होगा माता का गुणगान

**मंडी।** धर्मपुर स्थित माता शीतला के मंदिर में 13 जून को जागरण व भंडारे का



आयोजन किया जाएगा। मंदिर कमेटी के मुख्य सलाहकार जालम सिंह, जागरण कमेटी के प्रधान मनीष ठाकुर, महामंत्री नवदीप ठाकुर ने बताया कि जागरण में पहाड़ी गायक इशांत भारद्वाज माता का गुणगान करेंगे, वहीं शाम के समय भक्तों के लिए भंडारे का आयोजन भी किया जा रहा है। 14 जून को मंदिर में देव मेले का आयोजन होगा। इसमें क्षेत्र के देवता भी भाग लेंगे और माता के मंदिर में हाजिरी भरेंगे। मंदिर कमेटी के सदस्यों ने बताया कि जागरण व मेले की तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। लोगों से अधिक से अधिक संख्या में आने का आह्वान किया है।

### परछोड़ विद्यालय की एसएमसी प्रधान बनी चंचलप्रीत



**चुवाड़ी।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय परछोड़ प्रधानाचार्य सरदार सिंह की अध्यक्षता में स्कूल प्रबंधन समिति परछोड़ का चुनाव सर्वसम्मति से संपन्न हुआ, जिसमें चंचलप्रीत निवासी लाहडू को एसएमसी अध्यक्ष पद के लिए आगामी तीन वर्षो के लिए निर्विरोध चुना गया। इसके साथ ही स्कूल प्रबंधन समिति की कार्यकारिणी के बाकी के सदस्यों का चुनाव भी नियमानुसार व सर्वसम्मति से किया गया। इसमें नवनिर्वाचित अध्यक्ष चंचलप्रीत ने विद्यालय की हर सम्भव सहायता करने का भरोसा दिलाया और आने वाले समय में विद्यालय में नए भवन व विज्ञान संकाय की कक्षाएं संचालित करवाने के लिए हर संभव प्रयास किए जाएंगे।

# बच्चों को मिलेंगी जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

उपायुक्त मुकेश की अध्यक्षता में सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़ा के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर उपायुक्त कार्यालय के सभागार में आज एक बैठक का आयोजन किया गया ।

जिले में 15 से 30 जून तक सघन डायरिया नियंत्रण पखवाड़े के अंतर्गत प्रथम चरण में 5 वर्ष तक की आयु के 53,708 बच्चों को जिंक की गोलियां तथा ओआरएस के पैकेट वितरित किए जाएंगे।

मुकेश रेपसवाल ने अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा तैयार की गई कार्य योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि विशेष कर शहरी झोपड़-



अधिकारियों से बैठक करते हुए उपायुक्त मुकेश व अन्य।

पट्टी बस्तियों, बिना एएनएम वाले स्वास्थ्य उप-केंद्रों, प्रवासियों और ज़िला के दूरदराज ग्रामीण क्षेत्रों में विशेष प्राथमिकता रखी जाए । उपायुक्त ने जल शक्ति विभाग के अधिकारियों को सभी जल स्रोतों की साफ-सफाई करने के निर्देश दिए। यह भी सुनिश्चित बनाया जाए कि पेयजल आपूर्ति पाइप लाइनों में सीवरेज लाइन की गंदगी मिश्रित न हो ।

बैठक में मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने अवगत किया कि अभियान के प्रथम चरण के अंतर्गत ज़िला के सभी स्वास्थ्य उपखंडों में जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट की समुचित मात्रा में उपलब्धता को सुनिश्चित कर दिया गया है। साथ में उन्होंने यह भी बताया कि द्वितीय चरण के लिए जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट की उपलब्धता को लेकर आपूर्ति आदेश जारी कर दिए गए हैं ।

बैठक में कार्यवाही का संचालन करते हुए जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने पखवाड़े को लेकर तैयार की गई कार्ययोजना की विस्तृत जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि आशा कर्मी घर-घर जाकर जिंक की गोलियां और ओआरएस के पैकेट वितरित करेंगीं।

# स्कूल गतिविधियों का किया जाए ऑनलाइन संकलन : डीसी

**एमएम डैनियल, चंबा**

जिले में स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों का ऑनलाइन संकलन किया जाए ।

जिला स्तरीय समन्वय समिति बैठक की अध्यक्षता करते मुकेश रेपसवाल ने स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के प्रभावी कार्यान्वयन को लेकर सभी संबंधित विभागों के अधिकारियों को विशेष प्राथमिकता रखने के निर्देश दिए। उन्होंने विद्यालय स्तर पर आयोजित की जाने वाली सभी गतिविधियों को और अधिक बढ़ाए जाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया।

**विद्यालय स्तर पर होने वाली गतिविधियों को और अधिक बढ़ाने के आदेश**

उपायुक्त रेपसवाल ने प्रभारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान को स्कूल स्तर पर आयोजित की जाने वाली विभिन्न गतिविधियों एवं कार्यकलापों को ऑनलाइन संकलन के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि स्कूल स्वास्थ्य कार्यक्रम के तहत विभिन्न 11 स्वास्थ्य मानक निर्धारित किए गए हैं। विद्यार्थियों में सभी संबंधित विषयों में जागरूकता लाने के लिए उपमंडल स्तर पर एसडीएम की निगरानी में संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठकों का आयोजन किया जाए ।

बैठक में प्रभारी जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान ने अवगत किया कि जिले के विभिन्न 487 माध्यमिक विद्यालय, उच्च विद्यालय और वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में 964 हेल्थ वेलनेस एम्बेसडर को प्रशिक्षण उपलब्ध करवाया गया है। इस दौरान स्वास्थ्य विभाग द्वारा चलाए जाने वाले विभिन्न टीकाकरण कार्यक्रमों को लेकर भी विस्तृत चर्चा की गई ।

इससे पहले मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. विशाल महाजन ने उपायुक्त का स्वागत करते हुए अभियान से संबंधित विभिन्न गतिविधियों का ब्यौरा रखा ।

बैठक में कार्यवाही का संचालन जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. जेएस भारद्वाज ने किया । बैठक में विभिन्न स्वास्थ्य खंडों के अधिकारियों ने वर्चुअल रूप से हिस्सा लिया। उपनिदेशक एवं परियोजना अधिकारी ग्रामीण विकास अभिकरण डॉ. जयवंती ठाकुर, उपनिदेशक प्रारंभिक शिक्षा ज्ञानचंद, प्रभारी ज़िला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान डॉ. कविता बिजलवान व अजय कुमार बैठक में उपस्थित रहे। (अनंत ज्ञान)

# एसएमसी कमेटी के गठन को लेकर खूनी झड़प

**आजम डार, तीसा**

राजकीय उच्च विद्यालय नैला में एसएमसी कमेटी के गठन को लेकर विवाद खड़ा हो गया। जब कमेटी गठन के तहत वोटिंग के दौरान बराबरी हो गई तो एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर हमला बोल दिया।

इस झड़प में एक स्थानीय बुजुर्ग दंपती बुरी तरह से घायल हो गए है। जिन्हें नागरिक अस्पताल तीसा में भर्ती करवाया गया है। बुजुर्ग दंपती को मारने के बाद उक्त दंपती के घर पर दूसरे पक्ष ने जमकर



घटना के दौरान मौजूद लोग।

पथराव किया।

पुलिस ने दोनों पक्षों की तरफ से क्रॉस प्राथमिकी दर्ज कर ली है। वहीं दूसरी ओर इस पूरे घटनाक्रम में घायल हुए मोहम्मद अयूब और महबूब ने बताया कि वह स्कूल में एसएमसी के माध्यम से होने वाले चुनाव में भाग लेने के लिए गए थे लेकिन वहां कुछ लोगों ने उनके ऊपर हमला बोल दिया उसके बाद उनके बूढ़े माता-पिता को पीटा है इसके साथ ही कुछ शरारती तत्व आकर उनके घर पर ऊपर पत्थर करते रहे। (अनंत ज्ञान)

## योगा ओलंपियाड में अक्षित चयनित

**सुजानपुर।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला चौरी के खिलाड़ी अक्षित का चयन राष्ट्रीय स्तरीय ओलंपियाड के लिए हुआ है। स्कूल डीपीई संजीव कुमार ने बताया कि ओलंपियाड का आयोजन कर्नाटक में होगा। स्कूल पहुंचने पर प्रधानाचार्य सरिता दुबे ने बच्चों को बधाई दी। इस अवसर पर स्कूल के अध्यापक कुलदीप कुमार, कुलभूषण, अरुणा, प्रोमिला, विजय कुमार, रामनाथ राजेश, राजेंद्र, रेनू बाला आदि उपस्थित रहे।

# स्वास्थ्य के क्षेत्र में नड्डा नए आयाम करेंगे स्थापित : राजेंद्र

**अनंत ज्ञान, घुमारवीं**

पूर्व खाद्य आपूर्ति मंत्री राजेंद्र गर्ग व भाजपा मंडल घुमारवीं ने जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बार केंद्र में स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याणए रसायन एवं उर्वरक मंत्री बनने पर बधाई व शुभकामनाएं दीं।

गर्ग ने कहा कि स्वास्थ्य के क्षेत्र में नड्डा नए आयाम स्थापित करेंगे। जगत प्रकाश नड्डा ने केंद्र में पहले स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए लोगों को आयुष्मान योजना सहित अन्य कल्याणकारी योजनाओं की सौगात दी। आयुष्मान योजना से देश भर के करोड़ों लोगों का मुफ्त में इलाज हुआ। इस योजना से दुनियां भर में भारत देश को नई पहचान मिली है। उन्होंने कहा कि



नड्डा को सम्मानित करते हुए गणमन्य।

नड्डा ने पहले स्वास्थ्य मंत्री रहते हुए हिमाचल प्रदेश को एम्स की बड़ी सौगात दी थी। जिससे अब प्रदेश सहित आस.पास राज्यों के लाखों लोगों को लाभ मिल रहा है। बिलासपुर जिला के कोठीपुरा में बना एम्स नड्डा का ड्रीम प्रोजेक्ट है। नड्डा के दूसरी बार स्वास्थ्य मंत्री बनने से एम्स में ही नहींए बल्कि प्रदेश के अन्य स्वास्थ्य संस्थानों में भी पहले से सुधार होगा।

नड्डा को दूसरी बार केंद्र में मंत्री बनने पर घुमारवीं भाजपा मंडल के दर्जनों कार्यकर्ताओं ने पूर्व मंत्री राजेंद्र गर्ग की अगुवाई में दिल्ली जाकर बधाई दी। घुमारवीं भाजपा के सुरेश ठाकुर, जोरावर सिंह, पंकज चंदेल, बिक्रम शर्मा, नरेंद्र ठाकुर आदि ने जगत प्रकाश नड्डा को दूसरी बार स्वास्थ्य मंत्री बनने पर बधाई दी है।

## हिमाचल से सांसद को मंत्रिमंडल में जगह न मिलना शर्मनाक : सरीन

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, चंबा**

लोकसभा चुनाव संपन्न हो चुके और प्रधानमंत्री मोदी की अगुवाई में मंत्रिमंडल की घोषणा के साथ ही एनडीए सरकार का गठन भी हो चुका है। मंत्रिमंडल में हिमाचल प्रदेश के किसी भी सांसद को स्थान नहीं मिला है।



'आप' प्रदेश प्रवक्ता मनीष सरीन ने भाजपा पर तंज कसते हुए वक्तव्य दिया है कि मोदी सरकार के तीसरे कार्यकाल में हिमाचल के एक भी सांसद को मंत्रिमंडल में जगह न मिलना बहुत ही शर्मनाक बात है। हिमाचल ने लगातार तीसरी बार चारों सीट भारी जनादेश के साथ भाजपा की झोली में डाली हैं। किसी भी सांसद को मंत्रिमंडल में जगह न मिलना, जनता के जनादेश का भी अपमान है।

मनीष ने कहा की प्रदेश की दो सीटों पर बहुत वरिष्ठ नेता जीत कर सांसद बने हैं। जिन्हें मंत्रिमंडल का हिस्सा होना चाहिए था लेकिन मोदी सरकार ने शायद ऐसा करना जरूरी नहीं समझा। तो ये साबित होता है की केंद्र की भाजपा सरकार को न तो हिमाचल प्रदेश भाजपा की कोई ज्यादा परवाह है और न ही प्रदेश की चार सीटों की कोई खास महत्वता।

# कैंप में 250 से अधिक लोगों ने करवाई आंखों की जांच

**अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर**

पूर्व सांसद राम स्वरूप शर्मा मेमोरियल मेला पलहूंन जलपेहड़ के दूसरे दिन नेत्र जांच शिविर का आयोजन नैना ऑप्टिकल आई केयर सेंटर ओर इस एमआई अस्पताल कांगड़ा के डॉक्टरों के द्वारा किया गया, इस नेत्र जांच शिविर में लगभग 250 लोगों ने नेत्र जांच करवाई।

मेले में कबड्डी मैच का आयोजन आकर्षण का केंद्र रहा। पहला कबड्डी मैच भराड़ू व देवेंद्र वारियर टीमों के बीच खेला गया, जिसमे भराड़ू टीम विजेता रही।

सांस्कृति संध्या में स्थानीय कलाकार सुभाष राणा व प्रकाश भट्ट ने लोगों का मनोरंजन किया। दूसरी सांस्कृतिक संध्या में स्थानीय पंचायत जलपेहड़ के प्रधान कैप्टन प्यार चंद महंत व उप प्रधान संजीव वालिया जी मुख्य अतिथि रहे।



डाक्टर को सम्मानित करते शांति स्वरूप।

## जोगिंद्रनगर में नगर परिषद अध्यक्ष पद के लिए होगा चुनाव

**जोगिंद्रनगर।** नगर परिषद की अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति के विरुद्ध लाए गए अविश्वास प्रस्ताव पर हुए मतदान में सात सदस्यों के हाउस में प्रस्ताव के पक्ष में चार मत पड़े, जबकि तीन पार्षदों ने इस प्रक्रिया में भाग नहीं लिया।

बहुमत से अविश्वास प्रस्ताव के पास होने के कारण नगर परिषद की अध्यक्ष प्रेरणा ज्योति को अध्यक्ष पद की कुर्सी गंवानी पड़ी है। अब नप में अध्यक्ष पद पर नए सिरे से चुनाव होंगे। डीसी मंडी द्वारा अब नए चुनावों हेतु तिथि की घोषणा की जाएगी, जिसमें अध्यक्ष पद हेतु चुनाव होगा ।

## पंचायत कार्यों का निरीक्षण करें अधिकारी : एडीसी

**बिलासपुर।** अधिकारी पंचायत स्तर पर जारी विकास कार्यों का निरंतर निरीक्षण करते रहें, ताकि विकास कार्यों की गुणवत्ता पर भी नजर रखी जा सके व पंचायत के कार्यों को समय से पूरा किया जा सके।

यह बात अतिरिक्त उपायुक्त बिलासपुर निधि पटेल ने अधिकारियों के साथ जिला में जारी ग्रामीण विकास और पंचायती राज विभाग के कार्यक्रमों की समीक्षा के लिए आयोजित बैठक की अध्यक्षता करते हुए कही। विभाग के विभिन्न कार्यों की समीक्षा करते हुए उन्होंने बताया कि प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत जिला बिलासपुर में कुल 147 आवास हेतू स्वीकृति प्रदान हुई थी जिनमें से आज तक 13 आवास कार्य पूर्ण कर लिया गया है तथा शेष का कार्य अभी प्रगति पर है।

# रिटायर्ड पुलिस पेंशनरों को नहीं मिला बकाया : कर्म चंद



बैठक के दौरान मौजूद पेंशनर्स।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

पुलिस पेंशनर्स वेलफेयर एसोसिएशन जिला मंडी ने रोष जाहिर किया है कि जो पुलिसकर्मी 1 जनवरी 2016 के बाद रिटायर हुए हैं उन्हें अभी तक उनके डयूज जिसमें छुट्टियों का पैसा, ग्रेच्युटी का भुगतान पर कम्युटेशन का पैसा अभी तक नहीं मिला है।

बैठक उपप्रधान कर्म चंद शर्मा की अध्यक्षता में हुई जिसमें 50 से अधिक पेंशनरों ने भाग लिया। महासचिव दयानंद शर्मा ने बताया कि ये अदायगी न होने से पेंशनरों में रोष है। सरकार से मांग की गई है कि लंबित पड़े देय का भुगतान शीघ्र अति शीघ्र किया जाए। बैठक में कई पेंशनरों ने मांग उठाई कि उनके मेडिकल बिल काफी समय से लंबित हैं जिनका भुगतान नहीं हो पा रहा है। बैठक में पंजाब हरियाणा उच्च न्यायालय द्वारा सीडब्ल्यूसी नंबर 9426/2023 15 अप्रैल 2024 के संबंध में भी चर्चा की गई।

# पिछली बरसात में क्षतिग्रस्त पेयजल योजना नहीं हुई बहाल

**अनंत ज्ञान, नेरवा/चौपाल**

ग्राम पंचायत पौड़िया के अंतिम गांव बुड़च की पेयजल योजना जो की बंदली बुड़च के नाम से वर्ष 1999 में बनी थी और विभाग द्वारा बिना इनटेक व स्टोर टैंक बनाए पानी खुले नाले से जोड़ दिया था और यह योजना नियमित चल रही थी। विभाग इस स्कीम में इनटेक व स्टोर टैंक बनाना भूल गया था। उसके बाद जिस ठेकेदार को टेंडर दिया उसने दुर्गम क्षेत्र होने के कारण छोड़ दिया।

ग्रामीणों बार बार मांग कर रहे है कि स्टील के इनटेक टैंक के बजाय आरसीसी का टैंक का बनाया जाए परंतु आश्वासन के बावजूद कोई कार्रवाई नहीं हुई। इस स्कीम पर कोई भी विभाग का लाइनमैन तैनात नहीं है और बिना लाइनमैन के ग्रामीण खुद देखभाल भी करते रहे है और नाले का खुला पानी भी पीते रहे है।

पूर्व बीडीसी सदस्य एवं स्वय सेवी दिनेश गजटा ने बताया की अधिशाषी अभियंता के संज्ञान में भी मामला लाया गया और पिछले वर्ष विभाग ने मुरमत के एस्टीमेट भी बनाए मगर अफसोस विभाग फिर भूल गया।

उन्होंने कहा कि दुर्भाग्य की बात है की पौड़ीया, रुसलाह, पुजारली और नेरवा तक की पंचायतों को पानी उसी सोर्स से दिया जा रहा है जंहा से बूड़च गांव के ग्रामीणों को पानी की आपूर्ति होती है।

बरसात के बाद लाइन की टूटफुट के कारण ग्रामीण पेयजल को तरस रहे है। तीन वर्षो से पंचायत स्तर की जीजीएम योजना भी कछुआ चाल से चली है। लेकिन लोगों को भारी सूखे में पानी के लिए संघर्ष करना पड़ रहा है। स्थानीय निवासी वीरेंद्र सिंह, प्रदीप कुमार, दीपक, भूपिंद्र, विक्रांत, गोपाल, अजय, कुलदीप, राजू, कृष्ण कुमार व दिनेश गजटा ने विभाग से शीघ्र पेयजल योजना को मुरम्मत की मांग की है।

**पेयजल योजना को जल्द किया जाएगा ठीक : विजय**

**अधिशाषी** अभियंता जल शक्ति मंडल नेरवा विजय मच्छान ने कहा कि उनके ध्यान में मामला नहीं है, उन्होंने आश्वासन दिया कि यदि पेयजल योजना क्षतिग्रस्त है तो उसे तुरंत ठीक किया जाएगा।

# छड़ोल स्कूल में कार्यक्रम आयोजित




कार्यक्रम के दौरान मौजूद बच्चे व अध्यापक।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, बिलासपुर**

समर कैंप की गतिविधियों के अंतर्गत रावमा पाठशाला छड़ोल में कई कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिनमें ऊर्जा क्लब में ऊर्जा टीम का गठन, पोस्टर बनाना आदि शामिल हैं। प्रधानाचार्य संजय शर्मा ने बच्चों को ऊर्जा के महत्व के बारे में बताया। ऊर्जा टीम में चिन्हित बच्चों को नीले स्टीकर से नवाजा गया। ईको क्लब प्रभारी मंजू शर्मा ने ऊर्जा के विभिन्न स्रोतों से विद्यार्थियों को अवगत कराया।

**ग्राम पंचायत गरौड़ू (गद्दीधार)**
**विकास खंड धर्मपुर जिला मण्डी हि0प्र0**
**कुटेशन आमन्त्रित करने बारे।**

ग्राम पंचायत गरौड़ू में वर्ष 2024-25 के लिए विभिन्न मदों के लिए रेता, बजरी, पत्थर, शटरिंग, और JCB कटिंग मटेरियल ढुलाई खच्चरों द्वारा सडक से कार्य स्थल तक व सिमेंट सिविल सप्लाई सरकाघाट से सिमेंट स्टोर गरौड़ू गद्दीधार तक पर बैग की निविदाएं आमन्त्रित की जा रही है। निविदाएं दिनांक 20-06-2024 तक पंचायत कार्यालय में डाक द्वारा पहुंच जानी चाहिए। और दिनांक 21-06-2024 को पंचायत की निर्माण कमेटी व निविदादाताओं या प्रतिनिधियों के समक्ष पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

पंचायत सचिव
ग्राम पंचायत गरौड़ू ( गद्दीधार)
वि0खं0 धर्मपुर जिला मण्डी (हि0प्र0)

**सूडोकु 0091** ★★★★☆ मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 3 | | | |
| | 2 | | | 9 | 5 | | | |
| 9 | | | | | 6 | | | |
| | | | 9 | | | | 3 | 5 |
| | 6 | | | | | | 7 | |
| 4 | 8 | | | | 1 | | 6 | 2 |
| | | 7 | | | | | | 3 |
| | | | 2 | 4 | | | 9 | |
| | | | 8 | | | 2 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं।
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 गुणा 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनवृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते।
- पहेली का केवल एक ही हल है।

**सूडोकु 0090 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 7 | 6 | 4 | 9 | 5 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 1 | 7 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 9 | 3 | 4 | 8 | 1 | 6 | 2 | 5 | 7 |
| 6 | 5 | 9 | 2 | 4 | 8 | 3 | 7 | 1 |
| 8 | 4 | 7 | 9 | 3 | 1 | 6 | 2 | 5 |
| 1 | 2 | 3 | 5 | 6 | 7 | 4 | 9 | 8 |
| 3 | 6 | 5 | 1 | 8 | 2 | 7 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 2 | 3 | 5 | 4 | 1 | 8 | 6 |
| 4 | 1 | 8 | 6 | 7 | 9 | 5 | 3 | 2 |

## होटल बुकिंग पर ज्यादा पैसे वसूलने पर लगा जुर्माना

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**

उपभोक्ता न्यायालय मंडी ने सुंदरनगर कैंप के दौरान एक महत्वपूर्ण फैसला सुनाया है। इसके अंतर्गत न्यायालय ने बुकिंग डॉट कॉम व कोलकाता के होटल फैंटेसी स्टे को उपभोक्ता से मनमाने ढंग से पैसे लेने पर शिकायतकर्ता की शिकायत में लगाए गए आरोपों सही मानते हुए जुर्माना लगाया गया है।

उपभोक्ता न्यायालय मंडी के अध्यक्ष पुरेंद्र वैद्य व सदस्य मांचली द्वारा सुनाए फैसले में होटल मालिक को शिकायतकर्ता से अतिरिक्त वसूले गए 1120 रुपए 6 प्रतिशत वार्षिक ब्याज के साथ वापस करने के आदेश दिए हैं। वहीं न्यायालय ने वेबसाइट बुकिंग डॉट कॉम व होटल को 10 हजार रुपए हर्जाना और 5 हजार रुपए शिकायत व्यय भी उपभोक्ता को देने का आदेश सुनाया हैं। इस पर फैसला सुनाते हुए न्यायालय ने उपरोक्त फैसला सुनाया है।

## मंडी-रिवालसर सड़क निर्माण में आया मंदिर

**मंडी।** मंडी-रिवालसर-कलखर तक स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण कार्य में नैणा माता का मंदिर चपेट में आ गया है, जिसे लेकर लोग बुरी तरह से खफा है। इसे लेकर मंगलवार को स्थानीय लोगों व महिला मंडल की महिलाओं ने उपायुक्त मंडी को एक ज्ञापन देकर इस मंदिर को बचाने की मांग उठाई है।

उपायुक्त को दिए गए ज्ञापन में महिला मंडल लुहारड़ी की प्रधान कमला देवी, सदस्यों नीला देवी, इंदु कुमारी, कौशल्या देवी आदि ने इस ज्ञापन में कहा है कि इस मार्ग पर रंधाड़ा के नजदीक गांव लुहारड़ी ग्राम पंचायत नटनेड़ डाकघर रंधाड़ा तहसील बल्ह के हम सब लोग आपके ध्यान में यह लाना चाहते हैं कि स्टेट हाईवे के चौड़ीकरण का जो काम चला हुआ है उसमें नैणा माता मंदिर के नीचे से खुदाई कर दी है। किसी भी हालत में मंदिर का नुकसान नहीं होने दिया जाएगा। ऐसे में राजस्व विभाग तुरंत निशानदेही करे और जरूरी कदम उठाकर कार्रवाई की जाए।

**ग्राम पंचायत जमणी विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत जमणी विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट मंडी हि.प्र. में वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 17.06.2024 को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक के माध्यम से या व्यक्ति रूप से जमा करवाएं। निविदाएं खोलने की दिनांक18.06.2024 संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी व निविदाएं निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है । सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:- 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंट (मिट्टी के भट्ठे) (A, B,C GRADE) प्रति हजार, 4. बजरी 10, 20 एमएम (क्रशर की ) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40 एमएम क्रशर की प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (Cut Stone) आकार प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8. जेसीबी मशीन कटान प्रति घंटा, 9 पेबर ब्लाक टाईल्स 30, 45, 60, 80 एमएम प्रति ब्लाक, 10. शटरिंग ( भवन निर्माण / अन्य) प्रति स्केयर मीटर, 11, सामग्री ढुलान (सीमेंट) प्रति किलोमीटर, 12. Mule carriage प्रति किलोमीटर, 13. Sign board (3x2', 4"x3') प्रति स्केयर मीटर, 14. Painting and carriage with board, 15. Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy), 16. Sand (Water Bound) with Board, 17. Aggregate प्रति घन मीटर, 18. Incinator No. 19. Airport 3 seater waiting chair, steel No., 20. Road Roller प्रति घंटा, 21. Mixture Machine with labour प्रति घन मीटर । नियम व शर्ते:- 1. निविदादाता के पास अपना वाहन पंजीकरण / जेसीबी पंजीकरण, पैन न., टीन न. / जीएसटी नं. होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान Mule carriage) 3. निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगें। एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/- रु प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जायेगी । 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग से स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 8. पारित निविदादाता को मु. 20000/- रु. अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000रु (नान रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डो की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री राशी की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जायेगी। 13. सामग्री लेने की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा । नोटः- उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत जमणी

**ग्राम पंचायत बकारटा विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बकारटा विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट मंडी हि.प्र. में वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 25.06.2024 को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक के माध्यम से या व्यक्ति रूप से जमा करवाएं। निविदाएं खोलने की दिनांक 27.06.2024 संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी व निविदाएं निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है । सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:- 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंट (मिट्टी के भट्ठे) (A, B,C GRADE) प्रति हजार, 4. बजरी 10, 20 एमएम (क्रशर की ) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40 एमएम क्रशर की प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (Cut Stone) आकार प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8. जेसीबी मशीन कटान प्रति घंटा, 9 पेबर ब्लाक टाईल्स 30, 45, 60, 80 एमएम प्रति ब्लाक, 10. शटरिंग ( भवन निर्माण / अन्य) प्रति स्केयर मीटर, 11, सामग्री ढुलान (सीमेंट) प्रति किलोमीटर, 12. Mule carriage प्रति किलोमीटर, 13. Sign board (3x2', 4"x3') प्रति स्केयर मीटर, 14. Painting and carriage with board, 15. Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy), 16. Sand (Water Bound) with Board, 17. Aggregate प्रति घन मीटर, 18. Incinator No. 19. Airport 3 seater waiting chair, steel No., 20. Road Roller प्रति घंटा, 21. Mixture Machine with labour प्रति घन मीटर । नियम व शर्ते:- 1. निविदादाता के पास अपना वाहन पंजीकरण / जेसीबी पंजीकरण, पैन न., टीन न. / जीएसटी नं. होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान Mule carriage) 3. निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगें। एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/- रु प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जायेगी । 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग से स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 8. पारित निविदादाता को मु. 20000/- रु. अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000रु (नान रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डो की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री राशी की अदायगी कार्य पूर्ण होने के उपरान्त TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जायेगी। 13. सामग्री लेने की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा । नोटः- उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव ग्राम पंचायत बकारटा
विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.

**अनंत ज्ञान**

# आज का राशिफल

**बॉबी गोस्वामी, पुजारी,श्री चामुंडा नंदीकेश्वर धाम**

## आज का पंचांग

**12 जून, 2024, बुधवार**

**विक्रमी संवत :** 2081, **शक संवत :**1946 (क्रोधी), **मास :** ज्येष्ठ, **तिथि** षष्ठीः (7:18) : **नक्षत्र :** मघा (2:12), **पक्ष :** शुक्ल, **योगः** हर्षण (5:14) **शुभ मुहूर्त :** अभीजित (कोई नहीं), **राहुकाल** (12:21 - 2:05 ।

**विशेष दिन**

- 12 जून 2024 : अरण्य षष्ठी आज।
- 12 जून 2024 : विन्ध्यवासिनी पूजा आज।

**मेषः** दिन सामान्य रहेगा। मन विचलित रहेगा। धन का लाभ मिलेगा। धर्म कार्य में वृद्धि होगी। राजकाज में विशेष सफलता मिलेगी।

**वृषभः** पराक्रम में वृद्धि होगी। परिजनों की समस्या रहेगी, समस्या का निराकरण समझदारी से करें। अच्छे कार्य में धन खर्च होगा। भूमि-वाहन में सुख मिलेगा।

**मिथुनः** दिन ठीक रहेगा। रोज के कार्य अनियमित समय से होंगे। परिवार से खिन्नता हो सकती है। धन का व्यय और आंशिक लाभ मिलेगा।

**कर्क :** समस्या से थोडी निजात मिलेगी। कारोबार से लाभ मिलेगा। राजकाज के कार्य में अच्छा परिणाम आयेगा। साझेदारी से लाभ होगा।

**सिंहः** अकस्मात व्यय होगा। शत्रु पर विजय प्राप्त होगी। प्रतिष्ठा, यश, ख्याति प्राप्त होगी। समस्या का समाधान होगा।

**कन्या :** धन का लाभ होगा। किसी प्रियजन से मुलाकात होगी। पराक्रम प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। अफसरों से सम्बन्ध मधुर बनेंगे।

**तुलाः** कारोबार में प्रगति होगी। कोई अच्छा समाचार मिलेगा। मित्रों से सहयोग प्राप्त होगा। राजकाज में सफलता प्राप्त होगी।

**वृश्चिकः** स्वास्थ्य लाभ होगा। अकस्मात व्यय होगा और दूर-समीप की यात्रा होगी तथा पारिवारिक सुख मिलेगा।

**धनु :** धन का लाभ होगा। परिवार का सहयोग मिलेगा। प्रोपर्टी पर धन खर्च होगा। शिक्षा का लाभ मिलेगा।

**मकरः** घर में प्रसन्नता का समाचार मिलेगा। मन खुश रहेगा। राजाकज में उत्साह बनेगा। निर्माण कार्य में प्रगति होगी।

**कुंभ :** दिनचर्या अच्छी रहेगी। मन प्रसन्न रहेगा। व्यय अवश्य होगा। दूर-समीप की यात्रा होगी। आंशिक धन लाभ होगा।

**मीनः** संतान की तरक्की से मन प्रसन्न रहेगा। कारोबार में धन लाभ होगा। अच्छी सूचना की प्राप्ति होगी। मित्रों का सहयोग और धन लाभ होगा।

सभी कामों में हमें अनुशासन की जरूरत होती है और यह हमारे लक्ष्यों और परिणामों के बीच का पुल होता है। –मदर टेरेसा

## संपादकीय

# हिमाचल में बढ़ता पर्यटन

भीषण गर्मी से निजात पाने के लिए आजकल देशभर के पर्यटक हिमाचल की ठंडी फिजाओं में सुकून पाने के लिए आ रहे हैं। हर वीकेंड पर पर्यटन स्थल राजधानी शिमला, मनाली, धर्मशाला और डलहौजी में सैलानियों की भारी भीड़ जुट रही है। सैलानियों की बढ़ती तादाद से यहां के पहाड़ गुलजार हैं। होटल में एडवांस बुकिंग चल रही है। पर्यटकों को रहने के लिए जगह नहीं मिल रही है। निश्चित रूप से प्रदेश की आर्थिकी के लिए यह शुभ संकेत है, क्योंकि एक टूरिज्म सेक्टर ही ऐसा सेक्टर है, जो सरकार के राजस्व को बढ़ाने में मदद करता है। हिमाचल की प्राकृतिक सुंदरता के आगे स्विट्जरलैंड भी फीका पड़ सकता है। बस जरूरत है यहां पर्यटकों को बेहतर सुविधाएं देने की। हिमाचल की तुलना स्विट्जरलैंड से करना बेमानी होगा, लेकिन यह भी सोचने का विषय है कि स्विट्जरलैंड ने आखिर पर्यटन के क्षेत्र में इतनी तरक्की कैसे की?

स्विट्जरलैंड में वर्ल्ड ट्रेड आर्गेनाइजेशन, इंटरनेशनल लेबर आर्गेनाइजेशन, वर्ल्ड हेल्थ आर्गेनाइजेशन, फीफा और यूनाइटेड नेशंस का हेडक्वार्टर है। इन्हीं वजहों से स्विट्जरलैंड दुनियाभर में खास जगह रखता है। स्विट्जरलैंड की जीडीपी हिमाचल की जीडीपी के मुकाबले 40 प्रतिशत ज्यादा है। हिमाचल प्रदेश भी अगला वर्ल्ड टूरिज्म डेस्टिनेशन बन सकता है। 19वीं शताब्दी तक न तो स्विट्जरलैंड इतना विकसित था और न ही वहां टूरिज्म इंडस्ट्री थी। स्विट्जरलैंड में इकोनोमिक एंड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट और टूरिज्म इंडस्ट्री का विकास करीब अस्सी साल पहले ही शुरू हुआ था। इसके बाद ही मुख्य रूप से वहां पर्यटन की ओर ध्यान देना शुरू किया गया। उसी पर्यटन योजना का नतीजा है कि आज स्विट्जरलैंड की 85 प्रतिशत आबादी पर्यटन पर निर्भर है। पर्यटन की वजह से ही यहां की अधिकांश आबादी फल-फूल रही है। सुविधाओं से सुसज्जित यहां का शहरीकरण इस कदर विकसित हो गया है कि हर कोई यहां आना चाहता है।

आज टूरिज्म सेक्टर स्विट्जरलैंड की अर्थव्यवस्था की रीढ़ बन गया है। वहां के पहाड़ों पर स्कीइंग का नजारा लेने के लिए पर्यटक खिंचे चले आते हैं। लोग वहां की दिलकश वादियों का नजारा उठाने के लिए आते हैं। ऐसा नहीं है कि हिमाचल में पर्यटन विकास के लिए प्रयास न किए जा रहे हों, प्रयास अवश्य हो रहे हैं, लेकिन इसके बीच पैसे की कमी आड़े आ जाती है। अगर हिमाचल को निवेशक मिल जाएं तो यहां का पर्यटन स्विट्जरलैंड की भांति विकसित हो सकता है, क्योंकि यहां के प्राकृतिक सौंदर्य की वे सारी खूबियां मौजूद हैं, जो स्विट्जरलैंड में हैं। असल में सबसे बड़ी दिक्कत यह है कि यहां तेजी से हो रहा बेढंगा और अस्थिर विकास पर्यटन की राह में रोड़ा बना हुआ है। पिछले सालों में हिमाचल के विकास को विकसित करने के लिए बहुत सारे कदम उठाए गए हैं। यहां बड़े पैमाने पर हाईवे और फोरलेन बनाए जा रहे हैं, सुरंगें बनाई जा रही हैं। इसका दूसरा पहलू यह भी है कि बेशक हिमाचल में ये विकास हो रहे हैं, लेकिन कई जगह यहां के पर्यावरण से भी छेड़छाड़ हो जा रही है।

इसी तरह हिमाचल की कई प्रसिद्ध नदियां सतलुज, रावी, चिनाब, ब्यास, यमुना, स्पीति, बास्पा और पब्बर आदि पर अवैध रूप से निर्माण हो रहे हैं। पर्यावरणविद् हिमाचल में लगाए जा रहे बिजली प्रोजेक्टों को लेकर सरकार से लगातार प्रश्न पूछ रहे हैं। प्रकृति से छेड़छाड़ को लेकर पर्यावरणविद समय-समय पर आगाह करते रहे हैं, लेकिन उनकी राय को अनदेखा कर दिया गया। नतीजा यह हुआ कि पिछली बरसात ने करोड़ों की संपत्ति का नुकसान कर दिया और सैकड़ों लोग बेमौत मारे गए। हिमाचल भूकंपीय जोन चार और पांच में आता है। इस वजह से भी यहां नुकसान का ज्यादा खतरा बना रहता है, इसलिए यहां प्रकृति से छेड़छाड़ किए बिना स्थिर विकास पर जोर दिए जाने की बेहद जरूरत है। निजी तौर पर हो रहे निर्माण कार्य भी यहां की प्रकृति को नुकसान पहुंचाने के लिए जिम्मेदार हैं। अकेले शिमला में ही 25 हजार से ज्यादा अवैध निर्माण ढांचे विकसित हो चुके हैं। इसकी वजह से शिमला में गंदगी भी बहुत ज्यादा दिखती है। ये सब कारण बाढ़, भूस्खलन और बादल फटने के लिए जिम्मेदार हैं। इसलिए हिमाचल में अवैध निर्माण को रोककर योजनाबद्ध निर्माण कार्य किए जाने की जरूरत है। ■

## आज के दिन की प्रमुख हस्ती

### देश के लिए समर्पित अभिनेत्री

**पद्मिनी** का जन्म तिरुवनंतपुरम में हुआ था। पद्मिनी साउथ फिल्म इंडस्ट्री की बेहतरीन एक्ट्रेस थीं जिसने राज कपूर की 'मेरा नाम जोकर', 'जिस देश में गंगा बहती है' और 'आशिक' जैसी फिल्मों में काम किया। भरतनाट्यम और कथकली में पारंगत एक्ट्रेस के लिए कहते हैं कि यह पहली साउथ एक्ट्रेस थीं, जिसने हिंदी सिनेमा में काम किया। आज जिस तरह से हिंदी फिल्म इंडस्ट्री बनाम साउथ फिल्म इंडस्ट्री को लेकर तकरार छिड़ी हुई है, ऐसे में इन कलाकारों के योगदान को याद करने की जरूरत है, जिन्होंने भाषा-इलाका से ऊपर उठ कर सिर्फ कला को महत्व दिया। करीब 275 फिल्मों में काम कर चुकीं पद्मिनी ने सिर्फ तमिल, तेलुगु, मलयालम, हिंदी ही नहीं बल्कि रशियन फिल्म में भी काम किया था। पद्मिनी की 1948 में पहली हिंदी फिल्म 'कल्पना' प्रदर्शित हुई थी। इसके बाद पद्मिनी 'जिस देश में गंगा बहती है', 'मेरा नाम जोकर', 'आशिक', 'अफसाना', 'चंदा और बिजली', 'भाई-बहन', 'दर्द का रिश्ता', 'मस्ताना', 'रागिनी', 'अमरदीप', 'राजतिलक', 'परदेसी' जैसी कई हिंदी फिल्मों में नजर आईं। पद्मिनी देश के प्रति समर्पित थीं। 1962 में भारत-चीन के युद्ध के दौरान पद्मिनी आर्मी कैंप में जाकर सेना के जवानों का हौसला बढ़ाती थीं और वहां पर डांस परफॉर्मेंस भी दिया करती थीं। पद्मिनी की तुलना बॉलीवुड और साउथ की फिल्मों में उस जमाने की टॉप एक्ट्रेस वैजयंती माला से होती थी। ■



पद्मिनी
जन्म- 12 जून, 1932
मृत्यु- 24 सितंबर, 2006

## अपनी बात

**आजकल** 'गुड' और 'बेटर' नहीं बल्कि 'बेस्ट' का जमाना है.. अक्सर बच्चों को बेहतर भविष्य की सीख देते हुए कई माता-पिता इन्हीं शब्दों का प्रयोग करते हैं, साथ ही हम में से कई लोग ऐसा सोचते हैं कि अगर हम 'बेस्ट' नहीं होंगे, तो समाज में हमारी अच्छी छवि नहीं रहेगी और शायद कोई हमारा कुशलक्षेम भी नहीं पूछेगा। बच्चों को पढ़ाई में 'बेस्ट' बनाने में हम इतना खो गए कि उन्हें शारीरिक और मानसिक स्तर पर कितना 'रेस्ट' चाहिए, यह भी भूल गए। यही वजह है कि इसी साल 23 मामले ऐसे सामने आए, जब बच्चों ने अकादमिक स्ट्रेस के कारण अपना जीवन समाप्त कर लिया। किसी भी स्वस्थ समाज के लिए यह एक बड़ी चिंता हो सकती है। माता-पिता के लिए यह समझना बेहद आवश्यक है कि बच्चों की पढ़ाई को लेकर बार-बार दबाव डालना उनके मानसिक स्वास्थ्य के साथ एक खिलवाड़ है। **–सोनिका अवस्थी, जंडपुर (बैजनाथ)**

**पाठकों से अनुरोध है कि वे अपनी प्रतिक्रिया, सुझाव, आलेख, कविताएं और अपनी बात कॉलम के लिए सामग्री इस ई-मेल पर भेजें। *editoranantgyaan@gmail.com***

# बाल श्रम पर लगाम लगाना समय की जरूरत

**विश्व बाल श्रम निषेध दिवस पर विशेष**



रमेश सर्राफ धमोरा
स्वतंत्र टिप्पणीकार

किसी देश के बच्चे अगर शिक्षित और स्वस्थ होंगे तो वह देश उन्नति और प्रगति करेगा और देश में खुशहाली आएगी। अगर बच्चे ही किताबों को छोड़कर कल-कारखानों में काम करने लगेंगे तो देश और समाज का भविष्य उज्ज्वल नहीं होगा। देश में आज भी करोड़ों बच्चे स्कूलों की बजाय कल-कारखानों, ढाबों और खतरनाक कहे जाने वाले उद्योगों में कार्य कर रहे हैं। जहां दो जून पेट के भोजन की शर्त पर उनका बचपन और भविष्य तबाह हो रहा है। बाल श्रम लगातार एक गंभीर समस्या बनता जा रहा है, जिसके कारण लोगों का बचपन गर्त में जा रहा है और उनको अपना अधिकार नहीं मिल पा रहा है। यह दिवस बाल श्रम के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने और इसको पूरी तरह से समाप्त करने के लिए व्यक्ति, गैर सरकारी संगठन एवं सरकारी संगठनों को प्रेरित करने के लिए मनाया जाता है। इस साल विश्व बाल श्रम निषेध दिवस का थीम 'आइए अपनी मांगों पर कार्य करें बाल श्रम समाप्त करें' है। इस दिन जागरूकता बढ़ाने, बदलाव की पहल करने और बाल श्रम से मुक्त भविष्य की दिशा में योगदान करने का एक महत्वपूर्ण अवसर प्रस्तुत करता है।

संयुक्त राष्ट्र ने बाल श्रम पर कहा है कि पिछले तीन दशकों के इस समस्या से निपटने के लिए कई प्रयास किए गए हैं। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक, अगर मूल कारणों को दूर कर दिया जाए तो बाल श्रम को खत्म किया जा सकता है। बाल मजदूरी उन्मूलन के लिए दुनिया भर में 12 जून को विश्व बाल श्रम निषेध दिवस मनाया जा रहा है। बाल मजदूरी के खिलाफ जागरूकता फैलाने और 14 साल से कम उम्र के बच्चों को इस काम से निकालकर उन्हें शिक्षा दिलाने के उद्देश्य से साल 2002 में द इंटरनेशनल लेबर ऑर्गेनाइजेशन की ओर से इस दिवस की शुरुआत की गई थी। बाल श्रम के खात्मे के लिए आज के दिन श्रमिक संगठन, स्वयंसेवी संगठन और सरकारें तमाम आयोजन करती हैं। इन सबके बावजूद बाल मजदूरी पर लगाम नहीं लग पा रही है। भारत में आदिकाल से ही बच्चों को ईश्वर का रूप माना जाता रहा है, लेकिन वर्तमान परिदृश्य इस सोच से काफी भिन्न है। लोगों का भविष्य अंधकारमय होता जा रहा है।

गरीब बच्चे स्कूल में शिक्षा प्राप्त करने की उम्र में मजदूरी कर रहे हैं। पिछले कुछ वर्षों से भारत सरकार एवं राज्य सरकारों की पहल इस दिशा में सराहनीय है। उनके द्वारा बच्चों के उत्थान के लिए अनेक योजनाओं को प्रारंभ किया गया है, जिससे बच्चों के जीवन व उनकी शिक्षा पर सकारात्मक प्रभाव दिखे। शिक्षा का अधिकार भी इस दिशा में एक सराहनीय कार्य है। इसके बावजूद बाल श्रम की समस्या अभी भी एक विकट समस्या के रूप में विराजमान है। वर्तमान में देश के विभिन्न क्षेत्रों में छोटे स्तर पर होटल, घरों व फैक्टरी में काम कर या अलग-अलग व्यवसाय में मजदूरी कर लाखों बाल श्रमिक अपने बचपन को तिलांजलि दे रहे हैं, जिन्हें न तो किसी कानून की जानकारी है, और न ही पेट पालने का कोई और तरीका पता है। भारत में ये बाल श्रमिक कालीन, दियासलाई, रत्न पॉलिश व जवाहरात, पीतल व कांच, बीड़ी उद्योग, हस्तशिल्प, सूती होजरी, नारियल रेशा, सिल्क, हथकरघा, कढ़ाई, बुनाई, रेशम, लकड़ी की नक्काशी, फिश फीजिंग, पत्थर की खुदाई, स्लेट पेंसिल, चाय के बागान में कार्य करते देखे जा सकते हैं, लेकिन कम उम्र में इस तरह के कार्यों को असावधानी से करने पर इन्हें कई तरह की बीमारियां होने का खतरा होता है। एक अध्ययन में पता चला है कि जितने भी बच्चे बालश्रम में लिप्त हैं, वे या तो निरक्षर थे या पढ़ाई छोड़ दी थी। इनमें अधिकांश बच्चे बीमार पाए गए और कई बच्चे नशे के आदि भी थे। बाल श्रम की समस्या का मुख्य कारण है निर्धनता और अशिक्षा है। जब तक देश में भुखमरी रहेगी तथा देश के नागरिक शिक्षित नहीं होंगे, तब तक इस प्रकार की समस्याएं ज्यों की त्यों बनी रहेंगी। देश में बाल श्रमिक की समस्या के समाधान के लिए प्रशासनिक, सामाजिक तथा व्यक्तिगत सभी स्तरों पर प्रयास किया जाना आवश्यक है।

यह आवश्यक है कि देश में कुछ विशिष्ट योजनाएं बनाई जाएं तथा उन्हें कार्यान्वित किया जाए जिससे लोगों का आर्थिक स्तर मजबूत हो सके और उन्हें अपने लोगों को श्रम के लिए विवश न करना पड़े। प्रशासनिक स्तर पर सख्त निर्देशों की आवश्यकता है, जिससे बाल-श्रम को रोका जा सके। व्यक्तिगत स्तर पर बाल श्रमिक की समस्या का निदान हम सभी का नैतिक दायित्व है। इसके प्रति हमें जागरूक होना चाहिए तथा इसके विरोध में सदैव आगे आना चाहिए।

पूरी दुनिया के लिए बाल श्रम की समस्या एक चुनौती बनती जा रही है। विभिन्न देशों द्वारा बाल श्रम पर प्रतिबंध लगाने के लिए समय-समय पर विभिन्न प्रकार के कदम उठाए गए हैं। बाल श्रम को काबू में लाने के लिए विभिन्न देशों द्वारा प्रयास किए जाने के बाद भी इस स्थिति में सुधार न होना चिंतनीय है। अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन द्वारा जारी रिपोर्ट से पता चलता है कि बाल श्रम को दूर करने में हम अभी बहुत पीछे हैं। दुनिया भर में 73 मिलियन बच्चे खतरनाक काम करते हैं। खतरनाक श्रम में मैनुअल सफाई, निर्माण, कृषि, खदानों, कारखानों तथा फेरी वाला एवं घरेलू सहायक इत्यादि के रूप में काम करना शामिल है। बाल श्रम केवल भारत तक ही सीमित नहीं है, यह एक वैश्विक समस्या है। यूनीसेफ के अनुसार बच्चों का नियोजन इसलिए किया जाता है, क्योंकि उनका आसानी से शोषण किया जा सकता है। बच्चे अपनी उम्र के अनुरूप कठिन काम जिन कारणों से करते हैं, उनमें आमतौर पर गरीबी पहला कारण है। इसके अलावा, जनसंख्या विस्फोट, सस्ता श्रम, उपलब्ध कानूनों का लागू नहीं होना, बच्चों को स्कूल भेजने के प्रति अनिच्छुक माता-पिता जैसे अन्य कारण भी हैं।

कानून के मुताबिक किसी भी बच्चे को किसी भी रोजगार या व्यवसाय में नहीं लगाया जाएगा। हालांकि स्कूल के समय के बाद या अवकाश के दौरान उसे अपने परिवार की मदद करने की छूट दी गई है। समाज के प्रमुख लोगों को बाल श्रम को रोकने की दिशा में एक नई पहल करनी चाहिए। लोगों को बाल श्रम को रोकने के लिए समाज में जागरूकता लाने का प्रयास करना चाहिए व बच्चों से काम करवाने वाले लोगों के खिलाफ कानूनन कार्रवाई करवानी चाहिए, तभी बाल श्रम पर रोक लग पाएगी। कानूनी कार्रवाई के डर से मालिक बाल श्रमिकों को अपने यहां काम पर रखने से डरने लगेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## नजरिया

# आंकड़ों की लीला अजीब होती है



लेखक : गौरव अवस्थी
स्वतंत्र टिप्पणीकार

आंकड़ों की लीला अजीब होती है। आंकड़े डराते हैं और सुखद अहसास भी कराते हैं। बशर्ते आंकड़े बदलने के लिए कड़ा पसीना बहाया गया हो। आंकड़ों में जरा सा हेरफेर आसान है, लेकिन हकीकत कठिन। पिछले दो चुनावों के आंकड़े कुछ ऐसे ही थे, लेकिन इस बार आंकड़ों में हल्का सा उलट-पुलट कांग्रेस में नई जान डालने वाला साबित हुआ है।

याद कीजिए, कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी के नेतृत्व में लड़े गए 2014 के आम चुनाव में पार्टी को स्वतंत्रता के बाद हुए चुनाव में सबसे कम 44 सीटें मिलीं थीं। 2019 में कांग्रेस की सूरत थोड़ी ही बदली। हाल कमोबेश पहले जैसा ही था। कांग्रेस के इस हालात पर बड़े-बड़े राजनीतिक विश्लेषकों और चिंतकों ने कांग्रेस के खत्म होने की भविष्यवाणी की थी। आपको याद होगा 2014 में करारी हार के बाद राहुल के अचानक एक महीने अज्ञातवास पर चले जाने को भी न जाने किस-किस चश्मे से देखा गया। उन्हें पलायनवादी बता दिया गया। कुछ ने तो कांग्रेस नेतृत्व को 'अविश्वासी' तक कहने में संकोच नहीं किया।

वोट शेयर के आईने में बहुत बदलाव नजर नहीं है, मगर कुल मिले वोटों का तुलनात्मक अध्ययन कांग्रेस के विश्वास को बढ़ाने वाला कहा जा सकता है। 2014 और 2019 के चुनाव में कांग्रेस को क्रमशः 10,69, 35942 (19.53 प्रतिशत) और 11,04,95 214 (19.47 प्रतिशत) वोट मिले। 2014 के मुकाबले 2019 में .06 प्रतिशत वोट कम मिलने के बावजूद कांग्रेस के आठ सांसद ज्यादा जीते और करीब 36 लाख वोट अधिक मिले। वर्ष 2024 के आम चुनाव में 1.72 प्रतिशत की वृद्धि के साथ कांग्रेस के खाते में 21.19 प्रतिशत मत आए हैं। मामूली सी लगने वाली इस वृद्धि से कांग्रेस से 47 सांसद अधिक चुने गए हैं।

इस चुनाव में कांग्रेस को 13,67,59,064 वोट मिले हैं। 2019 के मुकाबले इस बार के चुनाव में कांग्रेस के 1,72,63,850 वोट अधिक हैं। इसका साफ मतलब है कि कांग्रेस के प्रति मतदाता का विश्वास बढ़ा है। मगर इस विश्वास को बनाए रखते हुए वोट शेयर और बढ़ाने की चुनौती कांग्रेस के सामने अभी भी खड़ी है। यह भी सही है कि 40 साल बाद कांग्रेस 12 करोड़ वोटों से आगे के सफर पर निकली है। इसमें राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा और भारत जोड़ो न्याय यात्रा का भी कुछ न कुछ योगदान है। बावजूद इसके अभी कांग्रेस और भाजपा के बीच करीब 10 करोड़ वोटों का फासला बना हुआ है। इस फासले को खत्म करने के लिए अभी कांग्रेस या कह लीजिए इंडी गठबंधन को 5 करोड़ वोटरों को अपने पाले में लाने की चुनौती बरकरार है। इस उपलब्धि पर कांग्रेस या गठबंधन का इतराना आत्मघाती होगा। **(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

कविता

### असमंजस



मनीष कुमार
जयसिंहपुर

*मूर्ख न जाने आज का*
*कल तो वही होना है*
*जो आज उसने बोना है*
*बाद में हमेशा के लिए सोना है*
*फिर भी उसको इसी प्रोलभन में*
*रोना है*
*लगती कइयों को उनकी जिंदगी*
*चाय का भगोना है...*
*गलत राह पर जाते हैं वे*
*न जाने उनका क्या ही होना है...*
*मैं तो ठहरा कवि अनंत*
*कह रही मेरी कलम मुझको*
*लिख मनीष*
*अभी तो लंबा है वसंत...।*

# पर्यावरण और स्वास्थ्य को निगलते रासायनिक उर्वरक



लेखक : डॉ. सत्यवान सौरभ
स्वतंत्र टिप्पणीकार

उर्वरक भारत में कृषि उत्पादन और किसानों की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक महत्वपूर्ण आदानों में से एक है। कुल उर्वरक खपत के मामले में भारत दुनिया में दूसरे और दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) देशों में पहले स्थान पर है। उर्वरक वितरण और उपयोग से संबंधित सरकारी नीतियों में बदलाव ने पोषक तत्व उपयोग अनुपात को काफी प्रभावित किया है। उर्वरक पोषक तत्वों का अत्यधिक उपयोग या दुरुपयोग या असंतुलित उपयोग पर्यावरणीय गिरावट और जलवायु परिवर्तन का कारण बन रहा है। असंतुलित उर्वरक उपयोग के मिश्रित हानिकारक प्रभाव न केवल मिट्टी और वायुमंडलीय प्रदूषण को बढ़ा रहे हैं, बल्कि जल निकायों (यूट्रोफिकेशन) को भी प्रभावित कर रहे हैं और जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा पैदा कर रहे हैं।

उर्वरकों के अत्यधिक उपयोग से पर्यावरण प्रदूषण होता है क्योंकि उनकी अवशिष्ट और अप्रयुक्त मात्रा हवा, पानी और मिट्टी के लिए प्रदूषक बन जाएगी। यह जल निकायों में यूट्रोफिकेशन की प्रक्रिया भी शुरू करता है, जिससे मिट्टी के माइक्रोफ्लोरा को मारकर मिट्टी की गुणवत्ता कम हो जाती है, आदि। उर्वरकों का अत्यधिक उपयोग मिट्टी के पारिस्थितिकी तंत्र को भी परेशान करता है, जो अंततः मिट्टी की उत्पादकता को बाधित करता है। रासायनिक उर्वरकों के अपने उपयोग हैं, लेकिन उनके छुपे खतरे भी हैं। चाहे खेत में या लॉन में उपयोग किया जाए, पौधों को बढ़ने में मदद करने के लिए जितना उपयोग किया जा सकता है, उससे अधिक लगाने से पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य को नुकसान होता है। चूंकि रासायनिक उर्वरकों से होने वाली क्षति अक्सर दीर्घकालिक और संचयी होती है, इसलिए मिट्टी को उर्वरित करने के वैकल्पिक और टिकाऊ तरीकों पर विचार करना बुद्धिमानी हो सकती है। रासायनिक उर्वरकों के उपयोग से पर्यावरण संबंधी समस्याएं खराब हैं और उन्हें हल करने में कई साल लगेंगे।

हालांकि, रासायनिक उर्वरकों से एक तात्कालिक चिंता मानव स्वास्थ्य पर पड़ने वाले प्रभाव को लेकर है। कम से कम, रासायनिक उर्वरकों का उपयोग करके उत्पादित खाद्य फसलें उतनी पोष्टिक नहीं हो सकती हैं, जितनी होनी चाहिएं। ऐसा इसलिए है क्योंकि रासायनिक उर्वरक पौधों के स्वास्थ्य के लिए तेजी से विकास करते हैं, जिसके परिणामस्वरूप ऐसी फसलें होती हैं जिनका पोषण मूल्य कम होता है। पौधे एनपीके से थोड़े अधिक पर बढ़ेंगे, लेकिन उनमें कैल्शियम, जिंक और आयरन जैसे आवश्यक पोषक तत्व नहीं होंगे या कम विकसित होंगे। इसका उपभोग करने वाले लोगों के स्वास्थ्य पर प्रभाव पड़ सकता है। सबसे खराब स्थिति में रासायनिक उर्वरक वयस्कों और बच्चों में कैंसर के विकास के जोखिम को बढ़ा सकते हैं और भ्रूण के मस्तिष्क के विकास पर प्रतिकूल प्रभाव डाल सकते हैं। वर्तमान में पर्यावरण एवं स्वास्थ्य के लिए उर्वरक के उपयोग में संतुलन की आवश्यकता महती आवश्यकता है। किसानों को उर्वरकों के उपयोग की सर्वोत्तम प्रक्रियाओं के बारे में शिक्षित करें, जिसमें सही मात्रा, समय और उपयोग की तकनीकें शामिल हैं, जो किसान अधिक ज्ञान प्राप्त करेंगे वे निर्णय लेने में बेहतर ढंग से सुसज्जित होंगे। लक्षित सब्सिडी कार्यक्रमों को लागू करें जो छोटे और हाशिए पर रहने वाले किसानों को समर्थन देने पर केंद्रित हों, जो वित्तीय बाधाओं का सामना कर रहे हैं।

यह सुनिश्चित करना है कि सब्सिडी उन लोगों को दी जाए जिन्हें इसकी सबसे अधिक आवश्यकता है। विशेष फसल और मिट्टी की आवश्यकताओं के आधार पर उर्वरक के उपयोग को अधिकतम करने के लिए, मिट्टी परीक्षण और पोषक तत्व प्रबंधन रणनीतियों जैसी सटीक कृषि तकनीकों के कार्यान्वयन को बढ़ावा दें। इससे पर्यावरण और उपयोग पर नकारात्मक प्रभाव कम हो जाता है। जैविक खेती के तरीकों को प्रोत्साहित करें जो प्राकृतिक रूप से मिट्टी की उर्वरता को बढ़ाते हैं और रासायनिक उर्वरकों की आवश्यकता को कम करते हैं। इससे जैव विविधता और मृदा स्वास्थ्य को लाभ हो सकता है।

पोषक तत्व-कुशल और पर्यावरण के अनुकूल उर्वरकों के उपयोग को बनाने और प्रोत्साहित करने के लिए अनुसंधान और विकास निवेश करें। पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य पर प्रभाव को कम करने वाले विकल्पों की जांच करना इसका हिस्सा है। उर्वरक सब्सिडी नीतियों में सुधार करें ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि वे कुशल और पारदर्शी हों और अति प्रयोग को प्रोत्साहित न करें। पोषक तत्व-आधारित सब्सिडी प्रणाली की ओर बढ़ने पर विचार करें जो सामान्य उर्वरकों के बजाय विशिष्ट पोषक तत्वों के अनुप्रयोग का समर्थन करने पर केंद्रित है। आईएनएम तकनीकों के उपयोग को बढ़ावा दें, जो जैविक और अकार्बनिक दोनों स्रोतों से पोषण इनपुट को जोड़ती हैं। यह रणनीति मिट्टी की उर्वरता बनाए रखते हुए पर्यावरण पर इसके नकारात्मक प्रभावों को कम करती है। कीटों और बीमारियों के चक्र को बाधित करने और निरंतर उच्च उर्वरक इनपुट की आवश्यकता को कम करने के लिए फसल चक्र और विविधीकरण को प्रोत्साहित करें। सामुदायिक निर्णय लेने की प्रक्रिया में किसानों को शामिल करके सुनिश्चित करें कि नीतियां स्थानीय समुदायों की जरूरतों और वास्तविकता को प्रतिबिंबित करें। परिणामस्वरूप, लोग अधिक जवाबदेह महसूस कर सकते हैं और टिकाऊ खेती के तरीकों में निवेश कर सकते हैं। सर्वोत्तम फसल और उर्वरक प्रबंधन प्रथाओं को अपनाना, अर्थात नीम तेल लेपित यूरिया का उपयोग, पोषक तत्व कुशल जीनोटाइप का बढ़ना, संतुलित पोषक अनुप्रयोग, निवारक रणनीतियों को अपनाना और सक्षम नीतियों द्वारा सुगम जैविक खेती प्रथाओं से 20-30 प्रतिशत की कमी प्राप्त की जा सकती है।

उर्वरक का उपयोग भारत सरकार का कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय प्रमुख कृषि, बागवानी और औषधीय फसलों के लिए उर्वरकों का संतुलित उपयोग सुनिश्चित करने के लिए समग्र प्रयास कर रहा है। भारत को एक अच्छी तरह से परिभाषित व्यापक प्रणाली स्थापित करनी होगी, जो स्थानीय स्तर पर उपलब्ध जैविक खाद/फसल अवशेषों के साथ एकीकृत पोषक तत्व प्रबंधन और कुशल फसल जीनोटाइप की खेती की सुविधा के अलावा, संतुलित उर्वरक उपयोग पर कठोर नीतियों को लागू करें। उर्वरक सब्सिडी कार्यक्रम में किसी भी संशोधन को सफल और दीर्घकालिक बनाने के लिए, केंद्र सरकार को सुधार प्रक्रिया में किसानों, राज्य सरकारों और उर्वरक कंपनियों जैसे सभी संबंधित पक्षों को भी शामिल करना चाहिए।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

# निरंतरता, अनुभव और उत्साह का संगम है केंद्रीय मंत्रिमंडल



लेखक : डॉ. संजय द्विवेदी
वरिष्ठ पत्रकार और स्तंभकार

केंद्र सरकार का नया मंत्रिमंडल निरंतरता की गवाही देता है। यह बात बताती है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को अपनी टीम पर भरोसा कायम है। प्रमुख विभागों में अपनी आजमाई जा चुकी टीम को मौका देकर मोदी ने बहुत गंभीर संदेश दिए हैं। मंत्रिमंडल में अनुभव, उत्साह और नवाचारी विचारों के वाहक नायकों को जगह मिली है।

यह मंत्रिमंडल गहरी राजनीतिक सूझबूझ वाले नायकों से संयुक्त है। लंबे समय तक राज्य सरकारों को चलाने वाले सात पूर्व मुख्यमंत्री इस सरकार में शामिल हैं। कैबिनेट में मोदी सहित सात पूर्व मुख्यमंत्री शामिल हैं, जिनमें मोदी खुद गुजरात के मुख्यमंत्री रहे हैं। इसके अलावा राजनाथ सिंह (उत्तर प्रदेश), शिवराज सिंह चौहान (मध्य प्रदेश), जीतनराम मांझी (बिहार), एचडी कुमारस्वामी (कर्नाटक), मनोहरलाल (हरियाणा), सर्वानंद सोनोवाल (असम) मुख्यमंत्री रहे हैं। भारत सरकार के विदेश सचिव और पिछली सरकार में विदेश मंत्री रह चुके एस जयशंकर अपने क्षेत्र के दिग्गज हैं। आईएएस अधिकारी रहे अश्विनी वैष्णव अटल बिहारी वाजपेयी सरकार में उनके सचिव रहे, विविध अनुभव संपन्न वैष्णव सरकार में नवाचारों के वाहक हैं। पिछली सरकार उनके प्रदर्शन की गवाही है। इसी क्रम में नौकरशाह रहे हरदीप सिंह पुरी सरकार की शक्ति हैं। नितिन गडकरी का महाराष्ट्र सरकार से लेकर अब केंद्र में 10 साल का कार्यकाल सबकी नजर में है। देश में हुई परिवहन और सड़क क्रांति के वे वाहक हैं। वे केंद्र में सबसे लंबे समय तक परिवहन मंत्री रहने का रिकार्ड बना चुके हैं।

भाजपा के पास अनुभवी मंत्रियों की टीम सरकार के संकल्पों की वाहक बनेगी, इसमें दोराय नहीं। धर्मेंद्र प्रधान, पीयूष गोयल, प्रहलाद जोशी, किरण रिजिजू, भूपेंद्र यादव, जोएल ओराम, गजेंद्र सिंह शेखावत, डॉ. वीरेंद्र कुमार, ज्योतिरादित्य सिंधिया अपने विभिन्न क्षेत्रों में प्रभावी हस्ताक्षर बन चुके हैं। सरकार के विभिन्न मंत्रालयों के प्रभावी संचालन का रिकार्ड इनके नाम है।

केंद्रीय मंत्रिमंडल में राजनाथ सिंह और अमित शाह इस सरकार के संकटमोचक हैं। राजनाथ सिंह के साथ जहां सहयोगी दलों का शानदार संवाद है, वहीं अमित शाह अपने कुशल राजनीतिक प्रबंधन के लिए जाने जाते हैं। इस सरकार में सहयोगी दलों के 11 मंत्री हैं, जबकि 2014 में पांच और 2019 में सहयोगी दलों के चार मंत्री शामिल थे। यह संख्या अभी और बढ़ सकती है। ऐसे में सरकार में कुशल प्रबंधन की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। आने वाले समय में महाराष्ट्र, हरियाणा और झारखंड के चुनाव भी होने हैं। यही इस सरकार का पहला सार्वजनिक टेस्ट भी है।

मंत्रिमंडल में प्रतिबद्धता, निरंतरता और वरिष्ठता का ख्याल रखते हुए भी युवाओं को खास मौके दिए गए हैं। इसके साथ ही यह अखिल भारतीय चरित्र की सरकार भी है, केरल, तमिलनाडु से लेकर जम्मू-कश्मीर तक का प्रतिनिधित्व इस सरकार में है। पांच अल्पसंख्यक समुदायों से भी सरकार में मंत्री बने हैं, साथ ही सामाजिक समरसता की दृष्टि से यह समावेशी सरकार कही जा सकती है। अभी तक की स्थितियों को देखते हुए यह कहा जा सकता है कि सुशासन को लेकर सरकार पर कोई दबाव नहीं है, लेकिन समान नागरिक संहिता, मुस्लिम आरक्षण, जातीय जनगणना, राज्यों को विशेष दर्जा जैसे मुद्दे मतभेद का कारण जरूर बनेंगे। प्रधानमंत्री के कद और उनकी छवि जरूर इन साधारण प्रश्नों से बड़ी है।

सरकार के प्रबंधक इन मुद्दों से कैसे जूझते हैं, यह बड़ा सवाल है। सहयोगी दलों के साथ संतुलन और उनकी महत्ता बनाए रखते हुए चलना सरकार की जरूरत हमेशा बनी रहेगी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जिस तरह अपने अभिभावकत्व और नेतृत्व से एनडीए को संभालते हुए काम प्रारंभ किया है, वे आसानी से साधारण विवादों का हल भी निकाल ही लेंगे।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**अनंत ज्ञान**
प्रकाशक एवं मुद्रक डॉ. दिलीप धाकड़ द्वारा फोकस हिमाचल मीडिया प्रा. लि. के लिए बायोसर्ट इंटरनेशनल प्रा. लि. प्लॉट नंबर 8, फेज-2 इंडस्ट्रियल एरिया, नगरोटा बगवां, जिला कांगड़ा (हि.प्र.), पिन नंबर-176047 से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक समरजीत, समस्त समाचारों के चयन एवं संपादन के लिए पीआरबी एक्ट के अंतर्गत उत्तरदायी
आरएनआई संदर्भ संख्या-HPHIN01099
ई-मेल : anantgyaanmedia@gmail.com
फोन नंबर : 01892-299098

## न्यूज ब्रीफ

### प्रधानमंत्री मणिपुर में शांति बहाली का करें प्रयास



**मंडी।** हिमाचल प्रदेश कांग्रेस कमेटी के प्रदेश सह संयोजक सन्नी ईपन ने कहा कि पिछले एक वर्ष से मणिपुर में सैकड़ों गिरजाघर जलाकर लोगों को मारा जा रहा है। हजारों लोग दूसरे राज्यों में शरण लेने के लिए मजबूर हैं। सन्नी ईपन ने कहा कि दिल्ली के जंतर मंतर पर ईसाई अल्पसंख्यकों के हितों के लिए हमने भी धरने प्रदर्शन में भाग लेकर प्रधानमंत्री से मांग की है कि एक बार मणिपुर राज्य में शांति बहाली के प्रयास करें, ताकि ईसाई समुदाय के लोग शांति से रह सकें। इस दौरान सन्नी ईपन के संबोधन के दौरान लोगों ने एकजुट होकर रोष जताया।

### स्कूल प्रबंधन समिति स्यांजी के प्रधान बने पीतांबर लाल



**धनोटू।** सीनियर सेकेंडरी स्कूल स्यांजी में स्कूल प्रबंधन समिति की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया, इसमें अभिभावकों ने अपने-अपने मत का प्रयोग करते हुए पीतांबर लाल को नई स्कूल प्रबंध समिति का अध्यक्ष चुना। पीतांबर लाल वर्ष 2014 से निरंतर प्रधान के पद पर अपनी सेवाएं दे रहे हैं। इसके अलावा नवनिर्वाचित कार्यकारिणी में सदस्य के रूप में इंदिरा देवी, मंजू कुमारी, मीना कुमारी, हंसा देवी, लोरमा देवी, पुष्पा देवी, लीला देवी, नीजू देवी, मीना कुमारी, पुरनू देवी, चुन्नी लाल, पवन कुमार, रमा देवी तथा सुमित्रा देवी को चुना गया।

### रश्मि बनी एसएमसी डडौर की अध्यक्ष



**नेरचौक।** समग्र शिक्षा अभियान हिमाचल प्रदेश के परियोजना निदेशक के निर्देशानुसार राजकीय माध्यमिक पाठशाला डडौर की विद्यालय प्रबंधन समिति की बैठक आलम राम पूर्व पार्षद नगर परिषद डडौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। योगेश शर्मा प्रभारी राजकीय माध्यमिक पाठशाला डडौर ने बताया कि बैठक में पूर्व के कार्यों की समीक्षा की गई तथा अग्रिम तीन वर्षों के लिए विद्यालय प्रबंधन समिति का गठन किया गया, जिसमें सर्वसम्मति से रश्मि को अध्यक्ष तथा परमानंद, आशा देवी, रीता देवी, कमला देवी को कार्यकारी सदस्य चुना गया।

### सिक्योरिटी गार्ड के लिए थुनाग में होगा साक्षात्कार

**गोहर।** एसआईएस सिक्योरिटी जिला बिलासपुर हि. प्र. द्वारा सिक्योरिटी गार्ड के 150 पद अधिसूचित किए हैं। इन पदों के लिए साक्षात्कार आगामी 15 जून को उप-रोज़गार कार्यालय थुनाग में प्रातः 10:30 बजे से लिया जाएगा। प्रभारी उपरोजगार कार्यालय थुनाग मोहन सिंह ने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए इच्छुक आवेदक निर्धारित तिथि व स्थान पर उपस्थित होकर साक्षात्कार में भाग ले सकते हैं। उन्होंने बताया कि सिक्योरिटी गार्ड के इन पदों के लिए न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता दसवीं रखी गई है। चयनित होने के उपरांत आवेदक को 8 घंटे के प्रतिमाह 15 हजार से 16 हजार रुपए वेतन दिया जाएगा।

### बच्चों को मिल रही अच्छी शिक्षा : भाग चंद



**जोगिंद्रनगर।** रोटरी क्लब ने पूर्व में स्थापित ई-लर्निंग, प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया। 2019-20 में क्लब द्वारा स्थापित प्रोजेक्ट का चेयरमैन रोटेरियन भाग चंद ठाकुर सदस्य रोटेरियन अजय ठाकुर और रोटेरियन विनोद राठौर ने वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भारड़ पट्ट और एहजू का निरीक्षण किया, स्मार्ट क्लास में बच्चों को दोनों स्कूलों में इस प्रोजेक्ट के माध्यम से पढ़ने में बहुत मदद मिल रही है। प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटेरियन डॉक्टर भाग चंद ने दोनों स्कूलों के प्रिंसिपल महोदय से इस प्रोजेक्ट बारे फीडबैक लिया। प्रोजेक्ट के चेयरमैन रोटेरियन भाग चंद ठाकुर व सदस्यों ने दोनों स्कूल के प्रिंसिपल का इस बात के लिए धन्यवाद किया कि रोटरी द्वारा स्थापित प्रोजेक्ट से बच्चों को अच्छी शिक्षा मिल पा रही है।

---

#### प्रदेश के सबसे पुराने कॉलेज मंडी में रिहायश के लिए दर-दर भटकते हैं छात्र

# 70 साल में 218 विद्यार्थियों को मिली हॉस्टल सुविधा

**अनिल शर्मा, मंडी**

प्रदेश के सबसे पुराने कॉलेजों में शुमार वल्लभ कॉलेज मंडी में छात्रों की मांगें 70 साल बाद भी पूरी नहीं हो पाई हैं। सात दशक बीतने के बाद भी दोनों ही दलों की सरकारें विद्यार्थियों को हॉस्टल सुविधा नहीं दे पाई है।

बड़े शर्म की बात है कि आज दिन तक कॉलेज और सरदार पटेल विश्वविद्यालय को मिला कर 218 छात्रों के लिए ही होस्टल की सुविधा है, जबकि मंडी कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या 7 हजार से अधिक है। आज तक 40 पुराने और 90 कमरे नए गर्ल हॉस्टल तथा 50 ब्वायज हॉस्टल के बने हुए हैं।

हैरानीजनक पहलू यह है कि मंडी शहर में विद्यार्थियों को पांच से सात हजार रुपए में कमरे किराए पर मिलते हैं, लेकिन अधिकतर कमरों में सुविधा नाम



**मंडी कॉलेज में विद्यार्थियों की संख्या 7 हजार से अधिक और हॉस्टल कम**

की कोई चीज नहीं होती है। कहीं कमरे में रिसाव की दिक्कत तो कहीं फंगस ने पांव जमाए होते हैं। कुछ मकान ऐसे हैं जहां एक एक फ्लोर में दस दस किराएदार होते हैं और शौचालय मात्र दो या तीन ही होते हैं।

इतना ही नहीं मकान मालिक स्वयं उपर वाली फ्लोर में रहते हैं और ग्राउंड फ्लोर किराएदारों की दी होती है, जिससे किराएदारों का जुकाम और एलर्जी कभी जाती ही नहीं है। इसके साथ ही कुछ एरिया ऐसे हैं जहां बरसात में भूस्खलन से मौत का खतरा मंडराता रहता है। गत वर्ष आई आपदा में टारना पहाड़ी के किराएदारों को कई दिनों अपने दोस्तों के घरों में शरण लेनी पड़ी थी। (अनंत ज्ञान)

### एसपीयू में मात्र 38 छात्राओं के लिए सुविधा

**हाल** ही में पूर्व भाजपा सरकार ने सरदार पटेल विश्वविद्यालय स्थापित कर छात्रों को सुविधा प्रदान की, लेकिन मात्र 38 छात्राओं को ही होस्टल सुविधा हो पाई है, वह भी किराए के भवन में ही है। बहुत ही दुर्भाग्यपूर्ण है कि बहुत से विद्यार्थियों ने किराए पर कमरे मंडी शहर में न लेकर नेरचौक में लिए हुए हैं, क्योंकि मंडी शहर में ऐसी गलियां भी हैं, जहां पूरा साल धूप ही नहीं लगती है और किराया उनका चंडीगढ़ के हिसाब से होता है, जबकि चंडीगढ़ में हर सुविधा के साथ दो पहिया वाहन घर के दरवाजे तक पहुंचते हैं। वहां पार्किंग की कोई समस्या नहीं है।

दूसरी तरफ मंडी प्रशासन आज दिन तक शहर में बढ़ते किराए के दामों पर अंकुश नहीं लगा पाया है।

**नहीं मिलते मनमाफिक रूम, दाम ज्यादा सुविधा कम**

### छात्र शहर के लिए कर रहे पलायन

**मंडी** शहर में बहुत से रूम नालियों और रास्तों के साथ हैं, जिससे विद्यार्थियों की निजता में खलल पड़ता है। बहुत सी नालियां ढकी हुई नहीं हैं, जिससे विद्यार्थियों के स्वास्थ्य पर प्रतिकूल असर पड़ता है। हॉस्टल की समस्या पर आज दिन तक न कॉलेज प्रशासन और न ही मंडी प्रशासन कोई सकारात्मक प्रयास कर पाया है। छात्रों ने भरे मन से कहा कि हम सब तंग हैं, लेकिन प्रशासन और सरकार की भूमिका इतिहास के पन्नों में दर्ज रहेगी। दाम बढ़ने का बहुत बड़ा कारण गांवों से शहरों में पलायन के कारण बढ़े हैं। सैनिक परिवार अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा देने के लिए शहर आए हैं। इसके साथ ही बहुत से प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी करने वाले छात्रों का शहर के लिए पलायन भी है।

> इस विषय को लेकर जल्द ही एसपीयू के कुलपति को ज्ञापन सौंपा जाएगा। हॉस्टल सुविधा के साथ-साथ अन्य मसलों को भी उठाया जाएगा। हमारी सरकार से मांग है कि छात्रों को हॉस्टल सुविधा प्रदान की जाए।
>
> -हर्षित मिन्हास, एबीवीपी इकाई अध्यक्ष एसपीयू मंडी।

---

## मानसून को लेकर सभी विभाग रहें सतर्क : एसडीएम पधर



बैठक की अध्यक्षता करते हुए एसडीएम पधर।

**अनंत ज्ञान, पधर**

पधर में मंगलवार को एसडीएम कार्यालय पधर में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर एसडीएम सुरजीत सिंह की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में मानसून सीजन में आपदा से निपटने के लिए सभी विभागों को निर्देश दिए ताकि आपदा के समय राहत व पुनर्वास के कार्य को त्वरित पूर्ण किया जा सके।

एसडीएम पधर ने कहा कि आने वाले मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए उपमंडल पधर के सभी विभाग सतर्क रहें तथा समय रहते सभी प्रबंध पूरे कर लें।

आपदा से संबंधित जानकारी पधर कार्यालय को देनी होगी। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि मानसून मौसम के दौरान सड़कों की आवाजाही को बनाए रखने के लिए राष्ट्रीय उच्च मार्ग 154-मंडी-पठानकोट, कोटरूपी, उरला, घटासनी से अपनी सीमा तक व पधर-भराड़ू-नोहली रोड, घटासनी-बरोट, घोघरधार-पधर रोड़, द्रंग-कमाद रोड के किनारे होने वाली लैंड स्लाइड को लेकर भी संबंधित विभागीय अधिकारियों को उचित कदम उठाने के भी निर्देश दिए। एसडीएम पधर सुरजीत सिंह ने जलशक्ति विभाग के अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि सभी पेयजल स्रोतों की समुचित साफ-सफाई सुनिश्चित बनाएं तथा नियमित तौर पर इन्हे चेक करते रहें।

उन्होंने जानकारी देते वह कहा की मानसून से पहले बाढ़ जैसी आपदाओं से निपटने के लिए 12 जून को टेबल टॉप अभ्यास किया जाएगा जबकि 14 जून को उपमंडल पधर के कोटरोपी में राहत कार्यों को लेकर मॉक अभ्यास भी किया जाएगा ताकि आपातकालीन स्थितियों में प्रत्येक विभाग के अधिकारी अपने-अपने विभागों से संबंधित कार्य को निपुणता के साथ पूर्ण कर सके।

---

## गर्भवती महिलाओं और बच्चों का रखें विशेष ध्यान : डॉ. नरेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

मासिक समीक्षा बैठक का आयोजन सभागार मुख्य चिकित्सा अधिकारी जिला मंडी डॉ. नरेंद्र कुमार की अध्यक्षता में संपन्न हुआ। जिसका संचालन डॉ. अनुराधा शर्मा जिला कार्यक्रम अधिकारी ने किया।

इस बैठक में जिला के 11 स्वास्थ्य खंडों के प्रमुख, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारियों व अन्य सहयोगी स्टाफ ने भाग लिया। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने जानकारी दी कि जिला मंडी में 97 प्रतिशत से अधिक प्रसव स्वास्थ्य संस्थानों में हो रहे हैं जो सराहनीय है इससे शिशु मृत्यु दर में गिरावट आई है।

साथ ही निर्देश दिए कि उपकेंद्र स्तर पर स्वास्थ्य सेवाओं में विशेषकर गर्भवती महिलाओं व बच्चों पर विशेष ध्यान दें, साथ ही स्कूल स्तर पर बच्चों को आयरन व फोलिक एसिड की गोलियां तथा सैनिटरी नैपकिन की उपलब्धता सुनिश्चित करें।

कार्यक्रम अधिकारी डॉ अनुराधा शर्मा ने जानकारी दी कि सघन दस्त नियंत्रण पखवाड़ा हेतु दवाइयों की खेप जिला को प्राप्त हो गई है व इसे खंड स्तर पर भेजा जा रहा है।

## डुग्धा व घुराणा की पेयजल सप्लाई होगी बहाल

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**



पेयजल बहाल करने के लिए कर्मी कार्य करते हुए।

उपमंडल सुंदरनगर के अंतर्गत हीटवेव के कहर में जलशक्ति विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की कड़ी लगन से उपभोक्ताओं को पेयजल आपूर्ति मुहैया कराई जा रही है। जलशक्ति मंडल सुंदरनगर के अधिशाषी अभियंता ई. रजत गर्ग ने कहा कि क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांगू और ध्वाल में पेयजल समस्या सामने आने पर विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों ने मंगलवार को ग्राम पंचायत ध्वाल के गांव मनोग में पेयजल योजना का निरीक्षण किया गया।

इस दौरान मौके पर गांव मनोग के लिए पेयजल की मुख्य आपूर्ति लाइन को कुछ शरारती तत्वों द्वारा लकड़ी डाल कर विभिन्न स्थानों पर बंद किया जाना पाया गया है।

विभागी के कर्मचारियों द्वारा पेयजल आपूर्ति पाइप लाइनों को दुरुस्त कर पेयजल आपूर्ति बहाल कर दी गई है। इसके साथ क्षेत्र के ग्राम पंचायत कांगू के गांव डुग्धा व घुराणा के लिए बाधित पेयजल आपूर्ति का दो दिन में बहाल कर दिया जाएगा।

रजत गर्ग ने कहा कि डुग्धा-घुराणा की मुख्य पाइप लाइन को ठीक करने का कार्य शुरू कर दिया गया है। ग्राम पंचायत कांगू के अन्य गांवों जैसे जखौल, रतोग को सरोनी स्रोत से पेयजल आपूर्ति की जाती है, लेकिन क्षेत्र में अत्याधिक गर्मी के कारण जल स्त्रोत में पानी की मात्रा 25 प्रतिशत ही उपलब्ध है।

### 14 को नागरिक चिकित्सालय सुंदरनगर में होगी मॉकड्रिल

**सुंदरनगर।** एसडीएम कार्यालय सुंदरनगर में आपदा प्रबंधन की तैयारियों को लेकर बैठक का आयोजन किया गया जिसकी अध्यक्षता एसडीएम सुंदरनगर गिरीश समरा ने की।

उपमंडल सुंदरनगर में आपदा से बचाव के लिए मॉकड्रिल का आयोजन किया जाएगा। अधिकारियों के साथ मॉकड्रिल के विभिन्न पहलुओं की समीक्षा की तथा आपदा प्रबंधन योजना के सभी पहलुओं पर भी विस्तार से चर्चा की। एसडीएम ने कहा कि आने वाले मानसून मौसम को ध्यान में रखते हुए उपमंडल के सभी विभाग सतर्क रहें तथा समय रहते सभी प्रबंध पूरे कर लें।

---

## आपदा नुकसान का 36 करोड़ सरकार के पास बाकी : वीरेंद्र

**पुष्पराज, मंडी**



बैठक में महापौर और उपमहापौर व अन्य।

नगर निगम मंडी की बैठक करीब 4 महीने बाद मंगलवार को आयोजित की गई। बैठक में सभी पार्षद और मनोनीत पार्षदों ने भाग लिया। चार माह बाद हुई इस बैठक का मुख्य मुद्दा आने वाली आपदा को लेकर तैयारियां कैसे की जाए इसको लेकर हाउस में चर्चा हुई।

बीती बरसात के समय मंडी शहर में आई बाहड़ से भारी नुकसान नगर निगम मंडी को झेलना पड़ा था जिसकी डीपीआर करीब 36 करोड़ की नगर निगम द्वारा सरकार को भेजी थी लेकिन हैरानी की बात यह है कि अभी तक सरकार द्वारा पिछली बरसात में हुए नुकसान की भरपाई भी सरकार नहीं कर पाई हैं। वहीं बरसात का मौसम नजदीक आता जा रहा हैं।

नगर निगम महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने सभी पार्षदों के समक्ष यह बात रखी कि पुलिस विभाग, वन विभाग, और डिफेंस से जुड़े सभी विभागों के सेवानिवृत्त कर्मचारियों की मदद बरसात में होने वाली आपदा के दौरान ली जाएगी।

वहीं नगर निगम द्वारा सेरी चाननी वाली मार्केट में फूड कोट बनाने का प्रस्ताव रखा, जिस पर पार्षदों ने आपत्ति जताते हुए वहां पर रेस्टोरेंट बनाने की मांग की। महापौर वीरेंद्र भट्ट शर्मा ने कहा कि रेस्टोरेंट का एस्टीमेट जल्द से जल्द सरकार को बनाकर भेज दिया जाएगा। वहीं नगर निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्रामीण क्षेत्रों में जिन लोगों ने कुत्ता अपनी फसल की सुरक्षा के लिए रखा है उन्हें पंजीकरण शुल्क नगर निगम द्वारा माफ कर दिया गया हैं।

## नेरचौक मेडिकल कॉलेज की दशा सुधरने की उम्मीद

**अनंत ज्ञान, सुंदरनगर**





नेरचौक मेडिकल कॉलेज की भी एक अलग कहानी है। शुरू में इसका निर्माण ईएसआई द्वारा कराया गया, परंतु बाद में इसे हिमाचल सरकार ने अपने हाथ में ले लिया। जिस ढंग से इस कॉलेज बिल्डिंग का इंफ्रास्ट्रक्चर बना था उस हिसाब से इसमें सुविधाएं उपलब्ध नहीं हैं। उस वक्त चर्चा यह भी थी कि एम्स का निर्माण भी इसी में होगा, बाद में इसे बिलासपुर बदल दिया गया। उस समय इस कालेज भवन के निर्माण में तकरीबन 1700 करोड़ खर्च हुए थे। सुविधाओं की कमी का मामला उठा उस वक्त केंद्र में जेपी नड्डा स्वास्थ्य मंत्री थे, परंतु सुविधाओं में कोई इजाफा नहीं हुआ। ज्यादातर कॉलेज की भूमिका एक रैफर हॉस्पिटल की रही और आज भी मरीजों को ईलाज के लिए शिमला-चंडीगढ़ ले जाना पड़ता है।

आज खुशी की बात है कि नड्डा दोबारा देश के स्वास्थ्य मंत्री बने हैं और हिमाचल से नाता रखते हैं। लोगों को उम्मीद है कि वह अपने समय में रह गई कमियों को इस बार पूरी करेंगे। मंडी, कुल्लू और लाहौल-स्पीति के लोगों को भी उनसे और सांसद कंगना रनौत से नेरचौक मेडिकल कॉलेज को विकसित करने की उम्मीद है। लोगों ने मांग की है कि स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और सांसद कंगना रनौत इस पर जरूर संज्ञान लें।

बल्ह क्षेत्र के विधायक इंद्र सिंह गांधी से भी लोगों को अपेक्षा है कि वह केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा और नव निर्वाचित सांसद के पास जनता की मांग को पहुंचाएंगे।

---

## विद्यार्थियों को बांटी प्रोत्साहन छात्रवृत्ति

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**



राम प्रसाद बिस्मिल जयंती समारोह के उपलक्ष्य में विचार व्यक्त करते बुद्धिजीवी।

सरदार पटेल विश्वविद्यालय इतिहास विभाग द्वारा क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल जयंती समारोह का आयोजन का किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों को शिक्षा उत्थान प्रोत्साहन छात्रवृत्ति का भी आवंटन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि प्रो. ललित कुमार अवस्थी कुलपति सरदार पटेल विश्वविद्यालय मंडी रहे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रो. अनुपमा सिंह प्रति कुलपति ने की। विशिष्ट अतिथि के रूप में आचार्य राजेश कुमार शर्मा अधिष्ठाता महाविद्यालय विकास परिषद एवं इंजीनियर सुनील वर्मा परीक्षा नियंत्रक एवं कुल सचिव रहे।

आचार्य अनुपमा सिंह ने कहा कि क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल उन क्रांतिकारी में शुमार थे, जिन्होंने अल्पायु में ही अपने देश के लिए सर्वस्व न्योछावर कर दिया। विशिष्ट अतिथि इंजीनियर सुनील वर्मा ने कहा कि क्रांतिकारी राम प्रसाद बिस्मिल का जीवन संघर्ष में ही रहा है। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आचार्य ललित कुमार अवस्थी ने बारह विद्यार्थियों को पांच- पांच हजार रुपए की धनराशि शिक्षा उत्थान प्रोत्साहन छात्रवृत्ति के अंतर्गत आवंटित की। कार्यक्रम में डॉ. गंगाराम राजी, कृष्ण चंद्र महादेविया, इंटैक के संयोजक नरेश मल्होत्रा, सह संयोजक अनिल शर्मा, मुरारी शर्मा सहित आदि मौजूद रहे।

### दुर्गापुर से चंडीगढ़, टिक्कर से हरिद्वार बस सेवा शुरू : यदोपति

**सरकाघाट।** हिमाचल प्रदेश युवा कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष यदोपती ठाकुर ने दुर्गापुर से चंडीगढ़ तथा टिक्कर से हरिद्वार के लिए बस सेवा शुरू करने के लिए हिमाचल प्रदेश के उपमुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री का धन्यवाद किया। यदोपति ने कहा कि उन्होंने मार्च माह में सरकाघाट विधानसभा के एक प्रतिनिधिमंडल के साथ जनमंच के दौरान मुकेश अग्निहोत्री के साथ भेंट कर के उक्त बस सेवाओं को शुरू करने की मांग की थी।



## राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मंडी की कनिका बनी क्षेत्रीय विजेता



कनिका को सम्मानित करते हुए गणमान्य।

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मंडी**

स्मारकों की खोज नामक राष्ट्रीय प्रतियोगिता में मंडी कनिका नॉर्थ की क्षेत्रीय विजेता बनी है। बता दें कि भारतीय सांस्कृतिक निधि मंडी चैप्टर द्वारा दिसंबर 2023 को हमारे क्षेत्र के स्मारकों की खोज नामक राष्ट्रीय प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया था। इस दौरान भारतीय सांस्कृतिक निधि के राष्ट्रीय कार्यालय नई दिल्ली से प्राप्त प्रमाण पत्र, ट्रॉफी बुक तथा इंटैक मंडी चैप्टर की ओर से एक विशेष ट्रॉफी प्रदान की गई।

ट्रॉफी प्रबंधक समिति की वाइस चेयरमैन रजनी गोयल, सचिव निर्मला कात्यायन व इंटैक मंडी चैप्टर के सह संयोजक अनिल शर्मा की उपस्थिति में प्रदान की गई।

### विद्युत बोर्ड पेंशनर फोर्म जोगिंद्रनगर की बैठक संपन्न

**जोगिंद्रनगर।** विद्युत बोर्ड पेंशनर फोर्म जोगिंद्रनगर इकाई की मासिक बैठक संपन्न हुई इस बैठक में विद्युत बोर्ड पैशनर फोर्म इकाई के प्रधान इंजीनियर एसके ठाकुर की अध्यक्षता में बैठक संपन्न हुई।

इस बैठक में लगभग 200 पैंशनरों ने भाग लिया। इस बैठक में हिमाचल सरकार के द्वारा चार प्रतिशत डीए व पेंशनरों को 2.57 के बजाय 2.59 फार्मूला एडोप्ट करने के लिए धन्यवाद किया। इसके अलावा सरकार से अनुरोध किया गया कि शानन पॉवर हाउस को पंजाब सरकार से लेकर हिमाचल सरकार को शीघ्र अपने अधीन ले, जिससे करोड़ों रुपए का फायदा होगा। इस बैठक में उपप्रधान दान सिंह ठाकुर, सचिव एन आर वर्मा, संगठन सचिव उदय कटवाल, वित्त सचिव कांशीराम वर्मा, प्रैस सचिव विशन दास बहल, संसार चंद वर्मा आदि सदस्य मौजूद रहे।

---

**धार्मिक** | 14 जून को बड़ा देव कमरूनाग के सरानाहुली मेले में उमड़ेगा आस्था का सैलाब

## कमरूनाग को मंडी जनपद में माना जाता है वर्षा का देवता

**सुनील शर्मा, गोहर**



देव कमरूनाग का मूल स्थान व झील का दृश्य।

मंडी जनपद के बड़ा देव कमरूनाग का ऐतिहासिक सरानाहुली मेला इस वर्ष 13 व 14 जून को श्रद्धा व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। मेले में इस वर्ष हिमाचल सहित अनेक पड़ोसी राज्यों के श्रद्धालुओं के सरानाहुली मेले में पहुंचने की उम्मीद है।

मेले में बच्चों के मुंडन संस्कार किए जाएंगे और बकरों की बलि के विकल्प में लोग नारियल देवता के मंदिर में चढ़ाएंगे। कमरूनाग की ऐतिहासिक झील में श्रद्धालुओं ने लाखों की नकदी और सोना चांदी चढ़ाएंगे। कमरूनाग के सरानाहुली मेले से पूर्व ही हजारों श्रद्धालु देवता के दरबार में हाजिरी लगाना शुरू हो गए हैं। गोहर उपमंडल के रोहांडा, सरोआधार और धंग्यारा से होकर हजारों श्रद्धालु कमरूनाग के ऐतिहासिक सरानाहुली मेले में पहुंचेंगे।

कमरूनाग को मंडी जनपद में वर्षा का देवता माना जाता है। हर वर्ष की भांति इस बार भी आषाढ़ संक्रांति के दिन कमरूनाग का सरानाहुली मेला धूमधाम से आयोजित किया जा रहा है। इस मेले में भारी तादाद में श्रद्धालुओं के बड़ा देव के दर्शन को पहुंचने की उम्मीद है। कमरूनाग देवता के गुर देवी सिंह ने बताया कि मेले की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई है। सरानाहुली मेले के दौरान चैल रोहांडा, रोहांडा सुंदरनगर और चैलचौक धंग्यारा मार्गों पर वाहनों की भारी भीड़ लग सकती है। (अनंत ज्ञान)

### देव बाला कामेश्वर टूगरासन करेंगे शिरकत

**एसडीएम** गोहर लक्ष्मण सिंह कनेट और एसएचओ लाल चंद ठाकुर ने बताया कि कमरूनाग मेले में शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात रहेगा। इस बार देवता के मेले में देव बाला कामेश्वर टूगरासन शिरकत करने जा रहे हैं।

### साइबर क्राइम के चार मुकद्दमों में करोड़ों की ठगी

**मंडी।** अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मध्य खंड मंडी मनमोहन सिंह ने बताया कि मई माह में साइबर क्राइम पुलिस थाना मंडी में 1,97,56,088 रुपए की धोखाधड़ी के 4 मुकदमे दर्ज हुए हैं।

ठगों द्वारा नए तरीके से लोगों को व्हाट्सऐप व फेसबुक तथा टेलीग्राम के माध्यम से स्टॉक मार्केट में इन्वेस्ट करने या शेयर खरीदने के नाम पर लगभग 2 करोड़ रुपए की धोखाधड़ी की गई है। साइबर ठग आम लोगों को सोशल मीडिया के माध्यम से ठगी का शिकार बनाते हैं। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम पुलिस स्टेशन मध्य खंड मंडी द्वारा साइबर क्राइम की रोकथाम के लिए विभिन्न कदम उठाए जा रहे हैं।

**ग्राम पंचायत गाहर विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत गाहर विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट मंडी हि.प्र. में वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 18.06.2024 को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक के माध्यम से या व्यक्ति रूप से जमा करवाएं। निविदाएं खोलने की दिनांक 19.06.2024 संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी व निविदाएं निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:- 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंट (मिट्टी के भट्ठे) (A, B,C GRADE) प्रति हजार, 4. बजरी 10, 20 एमएम (क्रशर की) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40 एमएम क्रशर की प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (Cut Stone) आकार प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8. जेसीबी मशीन कटान प्रति घंटा, 9 पेबर ब्लाक टाईल्स 30, 45, 60, 80 एमएम प्रति ब्लाक, 10. शटरिंग ( भवन निर्माण / अन्य) प्रति स्केयर मीटर, 11, सामग्री ढुलान (सीमेंट) प्रति किलोमीटर, 12. Mule carriage प्रति किलोमीटर, 13. Sign board (3x2', 4"x3') प्रति स्केयर मीटर, 14. Painting and carriage with board, 15. Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy), 16. Sand (Water Bound) with Board, 17. Aggregate प्रति घन मीटर, 18. Incinator No. 19. Airport 3 seater waiting chair, steel No., 20. Road Roller प्रति घंटा, 21. Mixture Machine with labour प्रति घन मीटर। नियम व शर्तें:- 1. निविदादाता के पास अपना वाहन पंजीकरण / जेसीबी पंजीकरण, पैन न., टीन न. / जीएसटी नं. होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान Mule carriage) 3. निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/- रु प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जायेगी। 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग से स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी। 8. पारित निविदादाता को मु. 20000/- रु. अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000रु (नान रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डों की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री राशी की अदायगी कार्य पुर्ण होने के उपरान्त TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जायेगी। 13. सामग्री लेने की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा। नोटः- उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत गाहर

## न्यूज ब्रीफ

### भुट्टो ने केंद्रीय मंत्री नड्डा से की मुलाकात


नड्डा को बधाई देते भुट्टो।

**बंगाणा।** कुटलैहड़ विस क्षेत्र से पूर्व विधायक एवं हाल ही के रहे भाजपा प्रत्याशी देवेंद्र कुमार भुट्टो ने दिल्ली में भारत सरकार के स्वास्थ्य विभाग मंत्री एवं भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से मुलाकात कर उन्हें बधाई दी। भुट्टो ने कहा कि भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा मोदी सरकार पार्ट वन में भी केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री रहे हैं, जिस दौरान हिमाचल को बड़ी योजनाएं मिली थीं। भुट्टो ने कहा कि हिमाचल को नई बुलंदियों तक और हिमाचल की जनता को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं देने के लिए जगत प्रकाश नड्डा दर्जनों नई योजनाओं को लेकर आएंगे। वहीं, देवेंद्र कुमार भुट्टो ने दिल्ली में मंगलवार को हमीरपुर लोकसभा से लगातार पांचवीं बार जीत कर लोकसभा पहुंचे अनुराग सिंह ठाकुर के साथ मुलाकात की और उन्हे भी जीत की बधाई दी।

### बजरंग दल ने पिपलू में लगाई छबील


लोगों के गले को ठंडे पानी से तर करते बजरंग दल के सदस्य।

**ऊना।** भीषण गर्मी के चलते उपमंडल बंगाणा के तहत पिपलू में बजरंग दल इकाई द्वारा मीठे पानी की छबील का आयोजन किया गया। बजरंग दल के सदस्यों नेस्थानीय लोगों और राहगीरों को ठंडा मीठा पानी पिलाया, ताकि उन्हें गर्मी से कुछ राहत मिल सके। इस मौके पर बजरंग दल इकाई के अध्यक्ष राज कुमार मनकोटिया सहित अन्य बजरंग दल कार्यकर्ता अक्षय ठाकुर, रिशु बन्याल, जनक, रितिक ठाकुर, मनीष ठाकुर, विनय, अमित ठाकुर, चेतन शर्मा, कृष ठाकुर, अभिषेक ठाकुर, चंदन, विशाल, संदीप मनकोटिया, रज्जू, बोदू, नरेश आदि युवा मौजूद रहे।

### आदि धर्म मिशन का स्थापना दिवस समारोह मनाया


आदि धर्म मिशन स्थापना दिवस समारोह में शामिल प्रमुख लोग।

**संतोषगढ़।** बाथड़ी से सटे ऐतिहासिक श्री गुरु रविदास चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब में ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन की ओर से आदि धर्म मंडल भारत का स्थापना दिवस मनाया गया। इसकी अध्यक्षता ऑल इंडिया आदि धर्म मिशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष संत सतविंद्र हीरा ने की। वहीं, विशेष तौर पर उनके साथ श्री गुरु रविदास चरण छोह गंगा खुरालगढ़ साहिब के प्रधान संत सुरिंद्र दास भी मौजूद रहे। कार्यक्रम की शुरुआत में सबसे पहले कीर्तन दरबार सजाए गए, जिसमें कीर्तनी जत्थों ने गुरु रविदास महाराज की वाणी से जोड़ा। इसके उपरांत संत सतविंद्र हीरा ने कहा कि आज का दिन समाज के लिए बहुत बड़ा दिन है क्योंकि गदरी बाबा मंगू राम मुंगोवालिया ने 11 जून, 1926 को आदि धर्म मंडल की स्थापना की थी। जिस दिन धर्म की स्थापना हुई थी, उसके कुछ समय बाद ही पांच लाख के करीब लोगों ने धर्म अपनाया था। इस अवसर पर संत कर्म चंद भाटिया, संत गिरदाररी लाल, संत दयाल चंद बंगा, सुखचैन सिंह काला, प्रीतम दास मल्ल, मनीष पिंका हिमाचल, तरसेम लाल सहोता, कुलदीप ढुवेटा बलवीर महे, जगदीश दिस्सा, मेजर सिंह कटारों सहित अन्य श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### भंजाल स्कूल में मां सरस्वती की प्रतिमा होगी स्थापित


भंजाल में पूजा-अर्चना करता स्कूल स्टाफ।

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला भंजाल में माता सरस्वती की प्रतिमा स्थापित होगी। आज इस प्रतिमा की स्थापना करने हेतु स्थान निर्माण हेतु स्कूल प्रिंसिपल सरला ठाकुर व सभी स्टाफ सदस्यों द्वारा विधिवत पूजा-अर्चना की गई और कंजक पूजन भी किया गया। इस अवसर पर लेक्चरर राजन शर्मा, अनु शर्मा, सीमा सोहाल, रमनीष बंसल, सुरेश ठाकुर, मुकेश कुमार, संदीप कुमार, अंकुर सूद, राजन कुमार, सुनीता कुमारी, विनोद ठाकुर, अधीक्षक रजनी शर्मा, मिनिस्ट्रियल स्टाफ शिव शर्मा, नरेश कंवर, मुनीश ठाकुर, सुनील ठाकुर, अरुण कुमार, अश्विनी पठानिया, रमेश चंदेल, स्मृति चौधरी, नीरज कुमारी, शकुंतला कुमारी, शशि कुमार, चंचला देवी, सुदेश कुमारी आदि उपस्थित थे।

### अमलेहड़ में श्रीमद् भागवत कथा पर उमड़े श्रद्धालु


**गोंदपुर बनेहड़ा।** डेरा रुद्रानंद आश्रम अच्युतानंद अमलेहड़ में श्रीमद् भागवत कथा के पांचवें दिन श्रद्धालुओं की काफी भीड़ उमड़ी। महाराज श्री सुग्रीवानंद जी के शिष्य श्री हेमानंद जी का इस दौरान आशीर्वाद प्राप्त किया।

## आश्वी और मेहवीश ने डांस से किया हिमाचल का नाम रोशन

अनंत ज्ञान, जोगिंद्रनगर

जोगिंद्रनगर की रहने वाली आश्वी (उम्र चार वर्ष) और मेहवीश (उम्र नौ वर्ष) दोनों बहनों को कल्कि फाउंडेशन की ओर से कल्कि गौरव सम्मान से सम्मानित किया गया है। दोनों बेटियों को सम्मान मिलने से हिमाचल प्रदेश का नाम देशभर में रोशन हुआ है।

आश्वी व मेहवीश दोनों बहनें मॉडल, डांसर, चाइल्ड आर्टिस्ट होने के साथ-साथ हिमाचल की संस्कृति को हिमाचल और हिमाचल के बाहर जाकर प्रमोट कर रही हैं। दूसरी ओर मेहवीश की छोटी बहन आश्वी मात्र चार साल की है, इन्हें भी काफी अवॉर्ड मिल चुके हैं। आश्वी को धर्मशाला में हुए स्प्रिंग कार्निवल में भी पर्यटन मंत्री आरएस बाली की ओर से पहली सांस्कृतिक संध्या का मुख्य अतिथि बनाया गया था।


आश्वी और मेहवीश ।

# डोहगी में मकान पर गिरा पीपल का पेड़, बाल-बाल बचा परिवार

## सरकार से दिलाऊंगा मदद, प्रशासन को दिया मौका देखने का आदेश : विधायक

अनंत ज्ञान, बंगाणा

डोहगी में साफ-सुथरे मौसम में हल्का सा तूफान चलने से सड़क किनारे पौराणिक पीपल के पेड़ की दो विशाल शाखाएं गिर गईं, जिसकी चपेट में एक मकान को काफी नुकसान पहुंचा है। इस पेड़ के नीचे एक छोटा मंदिर भी बना है, जो सुरक्षित है, पर इसके सामने सोनिका पत्नी स्व. मुरारी लाल डोहगी का मकान इसकी जद में आया।


गरीब विधवा के मकान पर गिरा पेड़, जिस कारण उसे काफी नुकसान हुआ।

सोनिका देवी के पति की डेढ़ साल पहले ही मृत्यु हुई है और वह अपने पीछे लड़की, लड़का और पत्नी को छोड़ गए। परिवार की आर्थिक स्थिति ठीक नहीं है। छोटी सी दुकान के सहारे बच्चों का गुजारा कर रही सोनिका जब आज हादसे का शिकार हुई तो वह परिवार सहित अंदर सो रही थी। परिवार ने जो संपत्ति थोड़ी बहुत अपने गुजारे के लिए रखी हुई थी, वह आज नष्ट होती हुई दिखाई दी। पीड़िता ने रोते हुए कहा कि अगर यह पेड़ मकान के मध्य भाग पर गिरता तो आज परिवार ही खत्म हो जाता। उसने प्रशासन से उसकी आर्थिक स्थिति को देखते हुए मदद की गुहार लगाई है।

ग्राम पंचायत के उपप्रधान मौके पर पहुंचे और दोपहर 3:15 के आसपास हुई घटना पर उन्होंने कहा कि यह परिवार अति निर्धन है और इसके मुखिया का देहांत डेढ़ साल पहले ही हुआ है और अब उनकी पत्नी और बच्चे गरीबी के साए में गुजारा कर रहे हैं।

उन्होंने कहा कि पंचायत की तरफ से हम प्रशासन के हर द्वारा तक गुहार लगाएंगे कि पीड़ित परिवार की मदद की जाए। उन्होंने मुख्यमंत्री से भी अपील की है कि वह इस मामले में जरूर संज्ञान लें।

### कुटलैहड़ की पीड़ा मेरे मन का दर्द : विवेक

शपथ ग्रहण के लिए कुटलैहड़ के नवनिर्वाचित विधायक आज दोपहर शिमला के लिए रवाना हुए। आपको बता दें कि नवनिर्वाचित विधायकों की शपथ ग्रहण समारोह 12 जून को शिमला सचिवालय में किया जाएगा। विधायक विक्कू से जब डोहगी में हुए हादसे के बारे में बात की गई तो उन्होंने शोक व्यक्त किया और फिर परिवार के बारे में पूछा।

उन्होंने फिर प्रशासन को तुरंत मौका देखने को कहा तथा हरसंभव सहायता करने के आदेश दिए। आपको बता दें कि जब विधायक के साथ बात हुई तो वह शिमला जाने के लिए अभी चंडीगढ़ पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि जैसे ही शिमला में मुख्यमंत्री से भेंट होगी, उनसे इस मामले में उचित सहायता के लिए प्रार्थना की जाएगी।

## अनुराग ठाकुर को चिंतपूर्णी मीडिया प्रभारी व भाजपा कार्यकर्ताओं ने दी बधाई


सांसद अनुराग ठाकुर को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करते चिंतपूर्णी मीडिया प्रभारी व अन्य।

अनंत ज्ञान, ऊना

हमीरपुर लोकसभा क्षेत्र से भारतीय जनता पार्टी भाजपा के सांसद अनुराग ठाकुर के लगातार पांचवीं जीत पर बधाई देने के लिए भाजपा कार्यकर्ताओं, नेताओं और समर्थकों का दिल्ली में जुटना जारी है।

इसी कड़ी में चिंतपूर्णी मीडिया प्रभारी मनोज डोगरा, रजनीश कटोच, राजेंद्र शर्मा, सतीश शर्मा, प्रवीण कपूर, अनीता जरियाल सहित दिल्ली पहुंचकर अनुराग ठाकुर से मुलाकात की और उनको बधाई दी। चिंतपूर्णी मीडिया प्रभारी मनोज डोगरा ने बताया कि अनुराग ठाकुर की यह जीत बीजेपी के संगठनात्मक कौशल और मतदाताओं के विश्वास का परिणाम है। उनकी लगातार पांचवीं बार जीत ने उन्हें और भी लोकप्रिय बना दिया है। बता दें कि अनुराग ठाकुर पहली बार साल 2008 में चुनाव लड़े और जीत हासिल की। इसके बाद साल 2009, साल 2014, साल 2019 और साल 2024 के लोकसभा चुनाव में भी अनुराग ठाकुर ने जीत हासिल की। अनुराग ठाकुर 50 साल की उम्र में 5 बार सांसद रह चुके हैं।

वह पहले मोदी सरकार में केंद्रीय वित्त राज्य मंत्री रहे। इसके बाद उन्हें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कैबिनेट मंत्री बनाया। अनुराग ठाकुर के पास सूचना एवं प्रसारण के साथ खेल मंत्रालय जैसा अहम जिम्मा रहा है। चिंतपूर्णी मीडिया प्रभारी मनोज डोगरा ने कहा कि अब हिमाचल प्रदेश की जनता और खासकर अनुराग ठाकुर के समर्थकों को एक बार फिर बड़ी जिम्मेदारी की उम्मीद कायम है।

## खोखले हुए दावे : प्राइमरी स्कूल खनेड़ में पढ़ रहा सिर्फ एक बच्चा

अभिषेक, ऊना

**एक छात्र के लिए अध्यापक मिड-डे मील कर्मचारी तैनात**

प्राइमरी स्कूलों में दिन प्रतिदिन बच्चों की कम हो रही संख्या जिला प्रशासन व शिक्षा विभाग की बदतर व्यवस्था को उजागर कर रही है। हालात ये हो गए हैं कि किसी स्कूल में पढ़ाने के लिए टीचर तक नहीं है, तो कहीं सिंगल टीचर सभी कक्षाओं के बच्चों को पढ़ा रहा है। बंगाणा विकास खंड के तहत प्राइमरी स्कूल खनेड़ की बात करें, तो यहां सिर्फ एक बच्चा ही शिक्षा ग्रहण कर रहा है। अकेले बच्चे की पढ़ाई के लिए एक शिक्षक व एक एमडीएम. वर्कर यानी मिड-डे मील कर्मचारी तैनात है। प्रदेश सरकार अकेले बच्चे की पढ़ाई पर प्रतिमाह 50 हजार रुपए खर्च कर रही है। मिड-डे-मील वर्कर रोजाना एक बच्चे के लिए खाना बना रहा है। वहीं, एक शिक्षक बच्चे को पढ़ाने के लिए तैनात किया गया है।

अगर, कहीं शिक्षक को छुट्टी पर जाना पड़ जाए तो स्कूल में ताला लटकाने की नौबत आ जाती है। इस अकेले टीचर को डाक तैयार करनी पड़ रही है, वहीं चुनाव या अन्य सरकारी कार्यों में टीचर की ड्यूटी लगा दी जाए तो बच्चे की पढ़ाई प्रभावित हो जाती है। सवाल यह है कि स्कूल में एक अकेले बच्चे की पढ़ाई पर सरकार 50 हजार रुपए क्यों खर्च कर रही है। यहां प्रशासन व शिक्षा विभाग द्वारा स्कूल में बच्चों की संख्या बढ़ाने प्रयास शून्य दिखाई दे रहे हैं।

आलम यह है कि अकेला बच्चा पूरा दिन स्कूल में अकेले पढ़ाई करने को विवश है। अगर बच्चा भी अन्य स्कूल में चला जाए, तो अकेला शिक्षक किसे पढ़ाएगा। प्रदेश सरकार सभी स्कूलों में इंग्लिश मीडियम शिक्षा देने पर बल दे रही है और वहीं प्रदेश के सभी 68 विधानसभा क्षेत्रों में डे-बोर्डिंग स्कूल खोलने की बात कर रही है। (अनंत ज्ञान)

## छात्रों ने औद्योगिक क्षेत्र की जानकारी की हासिल

अनंत ज्ञान, ऊना

हरोली उपमंडल के स्थानीय संत ढांगू वाले गुर्जर राजकीय महाविद्यालय बीटन की करियर काउंसलिंग इकाई द्वारा विद्यार्थियों के लिए औद्योगिक प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। 15 दिवसीय इस औद्योगिक प्रशिक्षण के लिए महाविद्यालय की विभिन्न कक्षाओं एवं विषयों के दस विद्यार्थी गांदपुर जयचंद स्थित माड्यूल्स कॉस्मेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड में प्रशिक्षण के लिए गए।

यह प्रशिक्षण कार्यक्रम 23 मई से आरंभ हुआ व 7 जून को संपन्न हुआ। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सुनीता गोयल ने इस प्रकार के कार्यक्रमों को विद्यार्थियों के भविष्य को सुदृढ़ बनाने हेतु अनिवार्य बताया। उन्होंने कहा कि इन कार्यक्रमों के द्वारा न केवल विद्यार्थियों के व्यक्तित्व का विकास होता है, अपितु उन्हें शैक्षणिक क्षेत्र के बाहर की दुनिया का कभी अवलोकन होता है। करियर काउंसलिंग इकाई के संयोजक प्रो. गुरदेव सिंह ने माड्यूल्स कॉस्मेटिक के सभी अधिकारियों का आभार व्यक्त किया तथा विशेष रूप से कमल देव शर्मा एवं रिचा महाजन को इस कार्यक्रम की सफलता का श्रेय दिया।


बीटन कॉलेज में करियर काउंसलिंग कार्यक्रम में हिस्सा लेने वाले प्रतिभागी।

प्रशिक्षण प्राप्त कर लौटे विद्यार्थियों ने भी अपने अनुभव साझा करते हुए बतलाया कि यह कार्यक्रम उनके जीवन में एक मील का पत्थर साबित होगा। इस दौरान उन्होंने औद्योगिक क्षेत्र से जुड़ी कार्यप्रणाली एवं नवीन जानकारी प्राप्त की। यह प्रशिक्षण कार्यक्रम विद्यार्थियों को बेहतर रोजगार प्राप्त करने में एवं उज्ज्वल भविष्य बनाने में कारगर होगा। प्राचार्य डॉ. सुनीता गोयल ने माड्यूल्स कॉस्मेटिक लिमिटेड के जनरल मैनेजर का इस कार्यक्रम के सफल आयोजन पर आभार व्यक्त किया और आशा व्यक्त की कि कंपनी के सहयोग से इस प्रकार के कार्यक्रम निकट भविष्य में भी होते रहेंगे।

### दहाजा कार्यक्रम 15 जून को

**दौलतपुर चौक।** चिंतपूर्णी विधानसभा क्षेत्र के गांव जंदोह वार्ड नंबर सात में बाबा सिद्ध चानो महाराज को समर्पित दहाजा कार्यक्रम 15 जून को आयोजित किया जाएगा। इसमें लठियानी की पवन एंड पार्टी बाबा सिद्ध चानो महाराज की जीवनी पर आधारित प्रस्तुतियों को झांकियों के माध्यम से प्रस्तुत करेगी। इस मौके पर भंडारे का आयोजन भी किया जाएगा।

बाबा सिद्ध चानो महाराज मंदिर के परम भक्तो फुमन सिंह, कर्म चंद, कश्मीर सिंह ने बताया कि दहाजा कार्य कर्म 15 जून को पूरी रात चलता रहेगा। उन्होंने क्षेत्र सहित अन्य क्षेत्र के श्रद्धालुओं से दहाजा के आयोजन में बढ़-चढ़कर भाग लेने का आह्वान किया है।

### कमलेश बनी स्कूल एसएमसी की प्रधान

**गोंदपुर बनेहड़ा।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला गोंदपुर बनेहड़ा में मंगलवार को नई एसएमसी का गठन हुआ, जिसमें कमलेश कुमारी को एसएमसी का प्रधान नियुक्त किया गया। गोंदपुर बनेहड़ा लो पंचायत प्रधान रविकांता, स्कूल वार्ड से पंचायत सदस्य एडवोकेट राज कुमारी शर्मा को भी एसएमसी कमेटी में शामिल किया गया है। इसके अलावा सोना देवी, शबनम, नरेश साहनी, शिव कुमार, संजीव, नरेंद्र, सुनील, साहनी, रजनी, पुष्पा देवी, राकेश कुमार, स्वर्ण सिंह, अनीता देवी, सुमन लता, विजय कुमार को भी स्कूल प्रबंधन कमेटी में सदस्य बनाया गया है।

यह जानकारी स्कूल के प्रिंसिपल राजेश कुमार ने दी। इस अवसर पर वाइस प्रिंसिपल ओमराज, मनोज कलिया, सोनिका कलिया, अविंद्र कुमार, अजय शर्मा, अमरपाल, कंचन कुमारी, पूनम शर्मा, सुरबाला, जसविंद्र ठाकुर, बलजीत कुमार व अन्य स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। नवनिर्वाचित एसएमसी प्रधान कमलेश कुमारी ने कहा कि स्कूल के विकास हेतु पूरा सहयोग दिया जाएगा।

## कुटलैहड़ भाजयुमो ने मोदी पार्ट थ्री पर बंगाणा चौक पर बांटे लड्डू, चलाए पटाखे


केंद्र में नरेंद्र मोदी की सरकार बनने पर बंगाणा बाजार में लड्डू बांटते भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ता।

अनंत ज्ञान, बंगाणा

कुटलैहड़ भाजपा युवा मोर्चा के दर्जनों सदस्यों ने बंगाणा चौक पर भाजयुमो अध्यक्ष शशि राणा की अध्यक्षता में केंद्र में मोदी सरकार पार्ट थ्री और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेकर इतिहास बनाने पर भाजयुमो ने पटाखे फोड़े और लड्डू बांटे।

वहीं, कुटलैहड़ भाजपा मंडल अध्यक्ष चरणजीत शर्मा भी मौके पर मौजूद रहे और राज्य भाजपा किसान मोर्चा के प्रवक्ता मदन राणा ने चरणजीत शर्मा का मुंह मीठा करवाकर उन्हें बधाई दी।

चरणजीत शर्मा एवं मदन राणा ने कहा कि आज अगर देश सुरक्षित है तो इसका सारा श्रेय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को जाता है क्योंकि जिस प्रकार बीते दस वर्ष के कार्यकाल में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश ने आराजिकता और आतंक बाद जैसे माहौल को खत्म करके देश में अमन चैन लाया है। लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री की शपथ लेने के बाद पहला कार्य देश की जनता को 17वीं किसान सम्मान निधि डालने का काम किया है। इससे पता चलता है कि वह किसानों के लिए कितने चिंतित हैं।

उन्होंने मोदी सरकार के पूरे मंत्रिमंडल को भी बधाई दी। इस मौके पर महामंत्री मास्टर रमेश शर्मा, उपाध्यक्ष राजेंद्र रिंकू, प्रवीण पटियाल, सुनील कुमार ठाकुर, छम्मू हाथलोंन, सुरेंद्र हटली शेखर ठाकुर के अलावा दर्जनों भाजपा कार्यकर्ता मौजूद रहे।

### ऊना शहर में बेतरतीब पार्किंग बनी जाम का कारण

**ऊना।** शहर में ट्रैफिक जाम की समस्या गंभीर बन गई है। धर्मशाला-चंडीगढ़ हाईवे पर सड़क किनारे जगह-जगह गाड़ियां पार्क होने से आए दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। इसके अलावा रेहड़ी व दुकानदारों द्वारा अतिक्रमण भी जाम का मुख्य कारण बन रहा है।

**कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू**
**विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हिमाचल प्रदेश**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

प्रस्तावित होकर पास हुआ कि ग्राम पंचायत खलारडू में विकास कार्यों के लिए सामग्री वर्ष 2024-25 के लिए सामग्री ढुलान हेतु कुटेशन/निविदाएं आमंत्रित की जाती हैं। निविदाएं दिनांक 24 जून 2024 तक सीलबंद लिफाफें में प्रातः 11 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू में जमा करवा सकते हैं उसके बाद निविदा मान्य नहीं होगी। कुटेशन 26 जून 2024 को पंचायत कार्यालय में खोली जाएगी।

**विकास कार्यों में प्रयुक्त होने वाली सामग्री जैसे** :- पत्थर, रेता, बजरी जेसीबी शटरिंग, कट स्टोन, मिक्सचर, सीमेंट ढुलाई सीमेंट से बनी पाईप बैंच व बोर्ड कार्य स्थल पर विभिन्न प्रकार के कार्य ढुलान हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म अपनी कुटेशन निविदाएं ग्राम पंचायत के कार्यालय में जमा करवा सकते हैं जिसके लिए प्रति व्यक्ति व फर्म को पंचायत द्वारा निर्धारित प्रपत्र पर आवेदन करना होगा। जिसकी फीस 1000/- रूपए प्रति प्रपत्र 1000 रूपए फीस कार्यालय में जमा करवानी होगी। कुटेशन व निविदाएं को कमेटी के समक्ष कार्यालय में खोली जाएगी। जिसकी कम दर होगी उसी को सप्लाई आदेश जारी किए जाएंगे।

**नियम एवं शर्तें** :1) आवेदक का स्वंय का अपना वाहन होना चाहिए। तथा गाड़ी की पंजीकरण की प्रति साथ में सलंग्न होनी चाहिए।
2. रेता, बजरी, बोल्डर की प्रति मिट्रिक टन x60 के हिसाब से रॉयल्टी कटवानी होगी या एम फार्म कार्यालय में जमा करवाना होगा।
3. बिना सप्लाई आदेश के सामग्री पहुंचाने पर अदायगी न होने के लिए आवेदक स्वंय उत्तर दायी होगा।
4) सप्लाई आर्डर जारी होने के एक सप्ताह के भीतर-भीतर कार्य स्थल पर सामग्री न पहुंचाने पर कुटेशन/निविदाएं रद्द करने का अधिकार पंचायत के पास रहेगा।

प्रधान/सचिव
कार्यालय ग्राम पंचायत खलारडू
विकास खण्ड गोपालपुर, जिला मंडी हि.प्र.

## जानकारी: जिला स्तरीय प्रायोजन और पालक देखभाल अनुमोदन समिति की बैठक में बोले एडीसी

# जिले के 1210 बच्चों को हर महीने मिलेंगे 4 हजार

अनंत ज्ञान, ऊना

मिशन वात्सल्य योजना के प्रायोजक कार्यक्रम के तहत ऊना जिले में 18 साल की आयु तक के पात्र 1210 बच्चों को हर महीने 4-4 हजार रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। ये बच्चे अब तक मदर टेरेसा असहाय मातृ संबल योजना के लाभार्थी थे, जिसमें उन्हें सरकार की ओर से प्रतिमाह 500 रुपए की वित्तीय सहायता दी जा रही थी, लेकिन अब उन्हें मिशन वात्सल्य योजना के प्रायोजक कार्यक्रम में कवर करने का अनुमोदन किया गया है।

कार्यकारी उपायुक्त एवं अतिरिक्त उपायुक्त ऊना महेंद्र पाल गुर्जर की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई जिला स्तरीय प्रायोजन और पालक देखभाल अनुमोदन समिति की बैठक में इन मामलों को स्वीकृति प्रदान की गई। बता दें, मिशन वात्सल्य योजना का लक्ष्य भारत के हर बच्चे के लिए एक स्वस्थ एवं खुशहाल बचपन सुनिश्चित करना है, साथ ही उन्हें अपनी पूर्ण क्षमता का पता लगाने के लिए अवसर प्रदान करना, हर क्षेत्र में विकास के लिए सहायता प्रदान करना, उनके लिए ऐसी संवेदनशील, समर्थनकारी और समकालिक इको-व्यवस्था स्थापित करना है।


बैठक में एडीसी महेंद्र पाल गुर्जर व अन्य।

बैठक में जिला बाल संरक्षण अधिकारी कमलदीप सहित समिति के सदस्य सीडब्ल्यूसी चेयरपर्सन मीनाक्षी राणा, प्रेम आश्रम की प्रबंधक नीलम, अभिमन्यू कपूर, मोहित मेहता सहित अन्य सरकारी तथा गैर सरकारी सदस्य उपस्थित रहे।

**प्रायोजक कार्यक्रम में पात्रता के लिए ये हैं मानदंड :** मिशन वात्सल्य योजना के प्रायोजक कार्यक्रम में वे बच्चे जिन मामलों में माता विधवा या तलाकशुदा या परिवार द्वारा परित्यक्त हो अथवा जहां बच्चे अनाथ हों और विस्तारित परिवार के साथ रह रहे हों, उन्हें इसमें कवर किया जाता है। इसके अलावा जहां माता-पिता जीवन के लिए खतरनाक /अत्यंत गंभीर बीमारी के शिकार हों अथवा माता-पिता अक्षम या बच्चों की देखभाल करने में आर्थिक और शारीरिक रूप से असमर्थ हों, उन बच्चों को भी इस योजना में वित्तीय सहायता दी जाती है।

वहीं, पीएम केयर्स फॉर चिल्ड्रन स्कीम के तहत शामिल बच्चे भी इसके लिए पात्र हैं। इस कार्यक्रम में बच्चों को 18 साल की आयु तक वित्तीय सहायता प्रदान की जाती है।

### 2023-24 में 90 लाख की सहायता

महेंद्र पाल गुर्जर ने बताया कि मिशन वात्सल्य योजना के प्रायोजक कार्यक्रम में ऊना जिले में पूर्व में 189 मामले स्वीकृत किए गए थे। अब 1210 नए मामलों की स्वीकृति से कार्यक्रम में लाभर्थियों की संख्या 1399 हो गई है। जिले में इस कार्यक्रम के तहत साल 2023-24 में करीब 90 लाख रुपए की सहायता प्रदान की गई है।

**ग्राम पंचायत बाग विकास खंड गोपालपुर जिला मंडी हि.प्र.**
**निविदा आमंत्रण सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत बाग विकास खंड गोपालपुर स्थित सरकाघाट मंडी हि.प्र. में वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास कार्यों के निष्पादन हेतु निम्न सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदाएं आमंत्रित की जाती है। निविदाएं दिनांक 24.06.2024 को अपराह्न 5 बजे तक कार्यालय ग्राम पंचायत में डाक के माध्यम से या व्यक्ति रूप से जमा करवाएं। निविदाएं खोलने की दिनांक25.06.2024 संबंधित ग्राम पंचायत द्वारा निर्धारित की जाएंगी व निविदाएं निविदादाताओं या उनके अधिकृत प्रतिनिधियों के समक्ष खोली जाएंगी। निर्धारित फार्म संबंधित पंचायत कार्यालय से अवकाश के अतिरिक्त किसी भी दिन प्रातः 10 बजे से 5 बजे के बीच प्राप्त किये जा सकते है। सामग्री का विवरण इस प्रकार से है:- 1. रेत क्रशर प्रति घन मीटर, 2. रेत प्लांट (FINE SAND) प्रति घन मीटर, 3. पक्की ईंट (मिट्टी के भट्ठे) (A, B,C GRADE) प्रति हजार, 4. बजरी 10, 20 एमएम (क्रशर की ) प्रति घन मीटर, 5. बजरी 40 एमएम क्रशर की प्रति घन मीटर, 6. पत्थर (Cut Stone) आकार प्रति घन मीटर, 7. सोलिंग / बोल्डर पत्थर प्रति घन मीटर, 8. जेसीबी मशीन कटान प्रति घंटा, 9 पेबर ब्लाक टाईल्स 30, 45, 60, 80 एमएम प्रति ब्लाक, 10. शटरिंग ( भवन निर्माण / अन्य) प्रति स्केयर मीटर, 11, सामग्री ढुलान (सीमेंट) प्रति किलोमीटर, 12. Mule carriage प्रति किलोमीटर, 13. Sign board (3x2', 4"x3') प्रति स्केयर मीटर, 14. Painting and carriage with board, 15. Dust Bin Blue, Green, CIPET approved (Central Institute of Plastic Engineering and Technogy), 16. Sand (Water Bound) with Board, 17. Aggregate प्रति घन मीटर, 18. Incinator No. 19. Airport 3 seater waiting chair, steel No., 20. Road Roller प्रति घंटा, 21. Mixture Machine with labour प्रति घन मीटर । नियम व शर्तेः- 1. निविदादाता के पास अपना वाहन पंजीकरण / जेसीबी पंजीकरण, पैन न., टीन न. / जीएसटी नं. होना आवश्यक है। 2. निविदादाता को निविदा अपने लैटर पैड पर संबंधित ग्राम पंचायत के नाम पर भेजनी होगी (सिवाए सामग्री ढुलान Mule carriage) 3. निविदादाता को खनन विभाग से हस्ताक्षरित एम फार्म जमा करवाने होंगे। एम फार्म उपलब्ध न करवाने की स्थिति में सामग्री संबंधी रायल्टी वर्तमान में 60/- रु प्रति घन मीटर के हिसाब से काटी जायेगी । 4. सभी करों का लेन देन सरकार के प्रावधानों अनुसार होगा। 5. सामग्री की आपूर्ति लोक निर्माण विभाग से स्पेसिफिकेशन के अनुरूप होगी। 6. दरें अंको व शब्दों में लिखी होनी चाहिए। 7. निर्माण सामग्री कार्य स्थल / सड़क तक उपलब्ध करवानी होगी । 8. पारित निविदादाता को मु. 20000/- रु. अग्रिम / सुरक्षित राशी के रूप में ग्राम पंचायत के पास जमा करवाने होंगे व साथ में मु. 1000रु (नान रिफंडेबल) आवेदन शुल्क संबंधित पंचायत में जमा करवाने होंगे। 9. ग्राम पंचायत के समस्त क्षेत्राधिकार वार्डो की भूगोलिक स्थिति के आधार पर ही मूल्य देय होगा व अस्वीकृत सामग्री की अदायगी देय नहीं होगी। 10. निविदादाता यदि सामग्री आपूर्ति समयानुसार नहीं कर पाता है तो उसकी दी गई सुरक्षित राशी वापिस नहीं होगी व सुरक्षित राशी में से ही बाजार भाव पर सामग्री क्रय की जायेगी। 11. किसी भी निविदा को बिना कारण बताए स्वीकृत / अस्वीकृत करने, सामान दर रहने की स्थिति में एक या एक से अधिक निविदादाताओं के लिए कार्य आदेश निर्गत करने, सामग्री की गुणवता के चयन तथा निविदाएं किसी समय रद्द करने का पूर्ण अधिकार ग्राम पंचायत / विभाग के पास सुरक्षित रहेगा। 12. सामग्री राशी की अदायगी कार्य पुर्ण होने के उपरान्त TA/JE की पैमाइश के उपरांत की जायेगी। 13. सामग्री लेने की अंतिम मूल्य/निर्णय विभाग की Justification व पारित निविदादाता के साथ Negotiation अनुसार / उपरांत किया जायेगा । नोटः- उपरोक्त लिखित शर्तों को जो सप्लायर पूरा नहीं करता है उस की निविदा रद्द कर दी जाएगी।

प्रधान/सचिव
ग्राम पंचायत बाग

## न्यूज ब्रीफ

### दियोहरी में 13, रैला में 23 से डटेंगे खिलाड़ी

**सैंज।** शिक्षा खंड सैंज में 14 वर्ष तक के विद्यार्थियों के टूर्नामेंट राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय दियोहरी में वीरवार से शुरू होंगे, जिसमें सैंज खंड के 13 सरकारी कांप्लेक्स स्कूल तथा निजी स्कूल भाग लेंगे। यह जानकारी सैंज खंड के खेल प्रभारी मोहन राकेश गौतम ने दी। दियोहरी स्कूल में छात्र वर्ग के 13 से 15 जून तक तथा छात्राओं के सीसे स्कूल रैला में 23 से 25 जून तक टूर्नामेंट आयोजित किए जाएंगे, जिसमें सभी हाई व सेकेंडरी स्तर के स्कूल अपने अधीनस्थ मिडल स्कूलों को जोड़कर अपनी-अपनी टीमों को वॉलीबाल, खो-खो, कबड्डी, बैडमिंटन व योग सहित विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में प्रतिभागी के तौर पर हिस्सा लेंगे। उधर, दियोहरी स्कूल के प्रधानाचार्य एवं छात्रवर्ग टूर्नामेंट के प्रबंधक सचिव कुलदीप ठाकुर ने बताया कि खेलकूद प्रतियोगिता के लिए विद्यालय स्तर पर सभी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। टूर्नामेंट में भाग लेने वाले सभी स्कूल बुधवार को ही पहुंचेंगे तथा वीरवार को टूर्नामेंट का शुभारंभ किया जाएगा।

### 14 जून को तीन स्थानों पर होगी मेगा मॉकड्रिल

**केलांग।** 14 जून को मेगा मॉकड्रिल का आयोजन जिला लाहौल-स्पीति में तीन जगह पर आयोजित की जाएगी। यह जानकारी डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण लाहौल-स्पीति राहुल कुमार ने दी। इस मॉकड्रिल में सभी संबंधित विभाग चिन्हित स्थलों पर फील्ड स्तर पर होने वाले अभ्यास में भाग लेंगे। आगामी मानसून के दृष्टिगत फ्लैश फ्लड और लैंड स्लाइड की संभावना को देखते हुए यह मॉकड्रिल की जा रही है। जिले के तीन उपमंडलों में यह मॉकड्रिल होगी। डीसी ने बताया कि केलंग उपमंडल के तहत सिस्सू में, राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला सिस्सू और सिस्सू झील के पास तथा उदयपुर उपमंडल के खेल मैदान में फ्लैश फ्लड एवं भूस्खलन, बादल फटने आदि को लेकर व स्पीति उपमंडल में काजा नाले के पास आपदा प्रबंधन की तैयारियों को परखने के लिए 14 जून को मॉकड्रिल होगी। मॉकड्रिल राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एसडीएमए) की ओर से राष्ट्रीय आपदा प्रबंधन प्राधिकरण (एनडीएमए) के सहयोग से आयोजित की जा रही है।

### उदयपुर- त्रिलोकीनाथ इलेक्ट्रिक वैन सेवा शुरू

**केलंग।** एचआरटीसी के केलंग डिपो ने अपनी इलेक्ट्रिक वैन को मंगलवार से केलंग-उदयपुर के बीच में दौड़ाना शुरू कर दिया है। इलेक्ट्रिक वाहनों के चलने से घाटी के लोगों को यातायात की उचित सुविधा मिल पाएगी, जिसके लिए निगम आने वाले समय में वाहनों की संख्या को भी बढ़ाएगा। उधर, केलंग डिपो के आएएम का कहना है कि घाटी के विभिन्न लोकल रूटों पर जल्द ही उक्त इलेक्ट्रिक गाड़ियां दौड़ती दिखाई देंगी। स्थानीय विधायक अनुराधा राणा के आदेशों के बाद एक बार फिर से उक्त वाहनों को घाटी में चलाने की कवायत शुरू की गई है। केलंग डिपो के पास तीन इलेक्ट्रिक बैन हैं, जिसमें से एक को मंगलवार को चला दिया गया है।

### एबीवीपी ने कॉलेज में लगाया मार्गदर्शन केंद्र

**कुल्लू।** अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद अपने स्थापना काल से ही समाज हित राष्ट्र हित और छात्र हित में कार्य करती आ रही है। इसी को मध्यनजर रखते हुए एबीबीपी जिला कुल्लू की ओर से हर इकाई में मार्गदर्शन केंद्र का आयोजन किया गया है। जिला संयोजक सारांश ने कहा कि एबीबीपी इकाई कुल्लू की ओर से लगातार पांच दिनों से कुल्लू कॉलेज में आ रहे नए विद्यार्थियों की समस्या का समाधान विद्यार्थी परिषद कर रही है। एबीवीपी सदेव विद्यार्थियों के हित मे कार्य करती है।

### कलाकारों की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन

**पतलीकूहल।** अंतरराष्ट्रीय रौरिक मैमोरियल ट्रस्ट नग्गर कुल्लू में मंगलवार को दिल्ली के चार अंतरराष्ट्रीय स्तर के कलाकारों की चित्रकला प्रदर्शनी का उद्घाटन रशियन क्यूरेटर लारिसा सुरगिना और भारतीय क्यूरेटर सुरेश कुमार नड्डा ने संयुक्त रूप से किया। दिल्ली की चित्रकार सुमित्रा अहलावत ने राजकीय कला महाविद्यालय औरंगाबाद, महाराष्ट्र से रंग और रेखा कला में पांच कला का डिप्लोमा किया है। चित्रकार के चित्रों में अध्यात्मिक, नारी सौंदर्य और नारी शक्ति चित्रकला के मुख्य विषय हैं। इनके चित्र नारी सौंदर्य के साथ-साथ नारी को सशक्त, समर्थ और सक्षम बनाने के ऊपर है। श्री कृष्ण, राम, साईं बाबा आदि प्रमुख चित्र हैं। नोएडा की चित्रकार सुनीता राठी एक स्वतंत्र कलाकार हैं ओर ये हर माध्यम में चित्रकारी करती हैं।

# पर्यटकों पर मौसम मेहरबान, गिरे बर्फ के फाहे

## खूबसूरत लम्हों को कैमरे व मोबाइल में कैद करना नहीं भूल रहे पर्यटक, बढ़ी चहलकदमी

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

देशभर के मैदानी इलाकों में गर्मी की तपिश से निजात पाने के लिए कुल्लू, मनाली आ रहे पर्यटकों पर इस बार मौसम मेहरबान है। इस बार जून के दूसरे सप्ताह भी चोटियों पर बर्फ के फाहे गिर रहे हैं। कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में इन दिनों खूब रौनक है।

देशभर से कुल्लू व लाहौल-स्पीति जिले के विभिन्न पर्यटन स्थलों में जाकर खूबसूरत लम्हों को अपने कैमरे व मोबाइल में कैद करना नहीं भूल रहे हैं। वहीं, मनाली आ रहे पर्यटक रोहतांग का नजारा देख खुश हो रहे हैं। मंगलवार सुबह खिली धूप में पर्यटकों ने मस्ती की, लेकिन दोपहर बाद पहुंचे पर्यटकों के लिए तो मौसम सुहावना हो गया। शाम तीन बजे रोहतांग में बर्फ के फाहे गिरने का क्रम शुरू हो गया। हालांकि दर्रे में बर्फ की हल्की परत ही जमी, लेकिन पर्यटकों ने इस बीच खूब मस्ती की। यही कारण है कि रोहतांग दर्रा पर्यटकों की पहली पसंद बन गया है। यहां बादल छाने की देरी होती है। बादल छाते ही बर्फ के फाहे गिरना शुरू हो जाते हैं। इन दिनों रोहतांग दर्रे की वादियों की ओर देश-दुनिया के पर्यटक दौड़ पड़े हैं। मैदानी क्षेत्रों में बढ़ती गर्मी से निजात पाने के लिए पर्यटक मनाली-लाहौल का रुख कर रहे हैं। मनाली सहित लाहौल-स्पीति का मौसम इन दिनों सुहावना हो गया है। दिन के समय अधिकतर पर्यटक रोहतांग जा रहे हैं और यहां बर्फ के बीच अठखेलियां कर खूब आनंद ले रहे हैं। रोहतांग के अलावा सिस्सू कोकसर सहित अन्य जगहों पर पर्यटक पहुंच रहे हैं। पर्यटकों की बढ़ी आमद के चलते सुबह, शाम मनाली जाम हो रही है। स्कूल के बच्चों को सबसे अधिक दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है। पर्यटन कारोबारी मानव शर्मा, सोहन, रजत व रमेश जंर ने बताया कि मंगलवार को भारी संख्या में पर्यटक रोहतांग पहुंचे।



मनाली की ओर वाहनों में जाते हुए पर्यटक।

### आठ हजार पर्यटक पहुंचे रोहतांग

1200 के लगभग पर्यटक वाहनों के अलावा एचआरटीसी की 10 इलेक्ट्रिक बसें भी पर्यटकों के लिए सेवाएं दे रही हैं। मंगलवार को लगभग आठ हजार पर्यटक रोहतांग पहुंचे, जबकि आठ से दस हजार पर्यटकों ने मनाली के पर्यटन स्थलों के अलावा अटल टनल रोहतांग को निहारते हुए लाहौल घाटी में दस्तक दी। पर्यटक वाहनों की बढ़ी संख्या के चलते मनाली से लेकर रोहतांग तक जगह-जगह ट्रैफिक जाम लगा। डीएसपी, मनाली केडी शर्मा ने बताया कि शाम के समय पर्यटक वाहन रोहतांग व लाहौल घाटी से मनाली लौटते हैं। ऐसे में भारी ट्रैफिक जाम लग रहा है, लेकिन पुलिस जवान ट्रैफिक सुचारु करने में जुटे हैं।

## बंजार में बाइपास का शीघ्र किया जाए निर्माण

**बंजार।** औट-बंजार-सैंज मार्ग को नौ वर्ष पहले हाइवे-305 घोषित किया गया, लेकिन इस सड़क मार्ग की हालत अभी भी खस्ता है। इस कारण स्थानीय वाहन चालकों के साथ-साथ बाहरी राज्यों से आ रहे सैलानियों को भी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। यह हाईवे ब्राह्म और इनर सिराज को जोड़ता है। यह बात बंजार घाटी के लोगों ने मुख्यमंत्री को भेजे गए मांगपत्र में कही है।

ग्रामीणों का कहना है कि पिछले साल आपदा में यह हाईवे कई जगह से धंस गया है, लेकिन इसका पुनर्निर्माण नहीं हो सका है। इस कारण यह हाईवे खतरनाक हो गया है। स्थानीय निवासी गुमान सिंह, राजेंद्र प्रकाश, निहाल चंद, खेम सिंह ने कहा कि कुछ वर्षों से हाईवे के तहत आने वाली तीर्थन घाटी के अलावा जिभी, सोझा, जलोड़ी पास, बंजार, बालीचौकी, बाहू और गाड़ागुशैणी आदि स्थानों में पर्यटन कारोबार बढ़ा है। इससे सड़क पर कई गुना ज्यादा ट्रैफिक का दबाव बढ़ा है। बागवानी और कृषि उत्पादन भी इन इलाकों में बड़ी मात्रा में होता है। जगह-जगह से सड़क टूटी-फूटी होने और ट्रैफिक में बढ़ोतरी के कारण कई घंटों जाम लग रहा है। उन्होंने सरकार से मांग की है कि सड़क की मरम्मत और इसे पक्का किया जाए, जिस जगह सड़क आपदा के समय धंसी है, उसे भी दुरुस्त किया जाए। बंजार में बाईपास का निर्माण होना है, उसका निर्माण शुरू किया जाए। क्षेत्रवासियों ने दमोठी-भरठीधार सड़क को पक्का करने के साथ खुंदन-गुशैनी बठाड़ रोड को भी पक्का और चौड़ा करने की मांग की है।

# पर्वतारोही कृष्णा का घर पहुंचने पर पंचायत व ग्रामीणों ने किया स्वागत

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, मनाली**

मनाली की पर्वतारोही कृष्णा ठाकुर नेपाल के 17882 फुट ऊंचे थोरंग ला व दुनिया की 16232 ऊंची झील तिलिचो में तिरंगा लहरा कर मनाली लौट आई है।

आज मनाली पहुंचने पर पंचायत शनाग व समस्त ग्रामीणों ने कृष्णा का स्वागत किया। ग्राम पंचायत प्रधान रोशन लाल, मनाली विधानसभा कांग्रेस उपाध्यक्ष एवं उझी मनाली कांग्रेस सर्कल अध्यक्ष दीना नाथ ठाकुर, गौतम महिला मंडल प्रधान हेम लता व समस्त सदस्यों ने कृष्णा को बधाई दी। कृष्णा मनाली घाटी की बेटियों के लिए प्रेरणास्रोत बन गई है।


मनाली की पर्वतारोही कृष्णा का मनाली पहुंचने पर स्वागत करते परिजन।

उन्होंने खुशी जाहिर करते हुए कहा कि आज मनाली की बेटियां चारों और अपनी सफलता की कहानियां लिख रही हैं। ग्रामीण नोख ठाकुर ने बताया कि कृष्णा ने घाटी का नाम रोशन किया है। मंगलवार को पंचायत व ग्रामीणों ने कृष्णा के सम्मान में कार्यक्रम आयोजित किया। पत्रकारों से बातचीत में कृष्णा ने कहा कि वह टीम के साथ 25 मई को काठमांडू से रवाना हुई ओर 28 को तिलिचो झील के बेस कैंप पहुंचे। 29 को दुनिया की सबसे ऊंची झील तिलिचो को फतेह कर लिया। 30 मई को श्री खरक लौटे। एक जून को दुनिया के सबसे ऊंचे दर्रे थोरंग ला की ओर कूच किया और दो जून को इस दर्रे पर तिरंगा लहराया।

## फोजल नाले में मिला नेपाली मूल के व्यक्ति का शव

**पतलीकूहल।** जिला कुल्लू की दुआड़ा पंचायत के अंतर्गत आने वाले डोभी पुल के पास फोजल नाला में एक शव के बरामद होने का मामला सामने आया है। जानकारी के अनुसार फोजल नाले से बरामद हुआ शव एक नेपाली मूल के व्यक्ति का है। पुलिस थाना पतलीकूहल प्रभारी राजीव लखन पाल ने मामले की पुष्टि करते हुए बताया कि व्यक्ति की पहचान 45 वर्षीय राम सिंह मूल निवासी नेपाल के रूप में हुई है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर शव को अपने कब्जे में ले लिया है। उक्त व्यक्ति के मौत के कारणों की जांच की जा रही है और शव का पोस्टमार्टम करने के होने के बाद ही मृत्यु के कारणों का पता चल पाएगा।

# मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार देश में करेगी चहुंमुखी विकास : सत्य

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

लोकसभा चुनावों के पश्चात नई राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन मोदी सरकार के गठन पर मंत्रिमंडल में किए गए मंत्री परिषद आवंटन के बाद पूर्व बागवानी मंत्री एवं भुट्टिको व कुल्लू जिला सहकारी संघ के अध्यक्ष सत्य प्रकाश ने बधाई व शुभकामनाएं दी हैं। साथ ही नई सरकार में भाजपा के वरिष्ठ नेता अमित शाह की ओर से गृह एवं सहकारिता मंत्री का पुनः दायित्व संभालने के लिए बधाई देते हुए उन्होंने कहा कि देश में सहकारिता को नए आयामों पर स्थापित करने की उनसे पूरे देश व हिमाचल प्रदेश को भरपूर उम्मीद है।



पूर्व में भी सहकारिता मंत्रालय को सुदृढ़ करने की दिशा में कई महत्वपूर्ण निर्णय लेकर देश भर की सहकारी समितियों को नई प्रतिस्पर्धा में खड़ा करने की दिशा में कई नीतिगत फैसले लेकर नई नीतियों का सृजन किया है। वहीं, उन्होंने प्रदेश से संबंध रखने वाले वरिष्ठ राष्ट्रीय राजनेता जगत प्रकाश नड्डा को देश के स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण तथा रसायन और खाद मंत्री बनाए जाने पर बधाई देते हुए कहा कि हिमाचल प्रदेश के लिए यह हर्ष और गौरव की बात है।

केंद्र सरकार में वस्त्र मंत्रालय का कार्यभार संभालने पर गिरीराज सिंह को बधाई देते हुए कहा कि टैक्सटाइल क्षेत्र, जिसमें हथकरघा क्षेत्र भी शामिल है इसमें ग्रामीण क्षेत्रों में रोजगार की बहुत संभावनाएं हैं, जिन्हें जीवंत रखने के लिए अवश्य ही नए मंत्री नई प्रोत्साहन नीतियां तैयार कर ग्रामीण परिवेश की आर्थिकी को मजबूत करेंगें। इसके साथ-साथ उन्होंने केद्र सरकार के संपूर्ण मंत्रिमंडल को बधाई व शुभकामनाएं देते हुए उनसे देश के चहुंमुखी विकास की कामना की है।

# उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए दिए प्रमाण पत्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

भारत स्काउट्स एंड गाइड्स जिला कुल्लू की ओर से राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला काइस में आयोजित किए गए तृतीय सोपान प्रशिक्षण शिविर का समापन मंगलवार को हुआ।

पांच दिवसीय इस शिविर के समापन अवसर पर मुख्यातिथि के रूप में विद्यालय प्रबंधन समिति की अध्यक्ष लता ठाकुर, स्थानीय विद्यालय की प्रधानाचार्य तथा शिविर की प्रबंधक सचिव कल्पना शर्मा तथा भारत स्काऊट्स एवं गाइड्स कुल्लू के सचिव केएल राणा भी विशेष रूप से मौजूद रहे। समापन समारोह के दौरान प्रतिभागियों की ओर से विभिन्न गतिविधियों का प्रदर्शन किया गया तथा समारोह के अंत में सभी प्रतिभागियों तथा स्टाफ के सदस्यों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए प्रमाण पत्र वितरित किए गए। इस अवसर पर राज्य प्रशिक्षण आयुक्त (स्काउट्स) मनोहर लाल ने कैंप रिपोर्ट सबके सामने रखी। समापन समारोह में मुख्यातिथि लता ने सभी प्रतिभागियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी और उन्हें भविष्य में भी इसी तरह से प्रेरित रहने के लिए प्रोत्साहित किया। ऐसे शिविर बच्चों के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं।


प्रशिक्षण शिविर के समापन मौके पर प्रतिभागियों को सम्मानित करते मुख्यातिथि।

# जेईई एडवांस्ड की परीक्षा में लाहौल स्पीति के अर्जुन ने लहराया परचम

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, केलांग**

जेईई एडवांस्ड की परीक्षा को उत्तीर्ण कर लाहौल-स्पीति के छात्र अर्जुन ठाकुर ने पूरे जिले का नाम रोशन किया है। केडी स्टार स्कूल बाशिंग कुल्लू के छात्र अर्जुन ने जेईई एडवांस प्रवेश परीक्षा में सफलता हासिल कर देश की प्रतिष्ठित परीक्षा आईआईटी में चयन हुआ है।

लाहौल-स्पीति जिले के कोराकी (मड़ग्राम) गांव के निवासी अर्जुन ने राजकीय माध्यमिक पाठशाला मडग्राम से दसवीं कक्षा की परीक्षा को पास किया है। अर्जुन की इस सफलता पर एक तरफ जहां स्कूल प्रबंधन व परिवार को बधाई दी जा रही है, वहीं अर्जुन की सफलता से सभी लाहौल-स्पीति के लोग भो गौरवान्वित महसूस कर रहे हैं। अर्जुन ने अपनी पांचवी क्लास प्राइमरी स्कूल कोराकी और 10वीं कक्षा तक की पढ़ाई गवर्नमेंट स्कूल मडग्राम से की है, जबकि 12वीं की पढ़ाई केडी स्टार स्कूल बाशिंग से की है। अर्जुन भारतीय सेना में हवलदार के पद पर सेवाएं दे चुके सेवानिवृत्त राकेश ठाकुर और माता देवंती के बेटे हैं।



## अभी न करें श्रीखंड यात्रा

**आनी।** एसडीएम निरमंड मनमोहन सिंह ने कहा कि अनाधिकृत तरीके से अभी श्रीखंड यात्रा कोई न करें। अभी श्रीखंड महादेव जाने वाले रास्ते बहुत ही खराब हैं, और रास्तों में बहुत बर्फ है, जिसके चलते अभी रास्तों को ठीक किया जाना है। अधिकारिक तौर पर श्रीखंड यात्रा जुलाई माह में शुरू होगी, जिसकी अधिकारिक तिथि निर्धारित की जाएगी। उन्होंने कहा कि अनाधिकृत तरीके से कोई भी श्रद्धालु यदि यात्रा करते हुए पाए गए, तो उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

**कार्यालय ग्राम पंचायत पलचान**
**विकास खंड नग्गर जिला कुल्लू हि. प्र.**

**निविदा सूचना**

ग्राम पंचायत पलचान सरकारी पंजीकृत फर्मों / ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित करती है कि सड़क धराठ नाला से वोहिधार हेतू सड़क का निर्माण किया जाना है जिसमें जे सी बी के रेट प्रति क्यूबिक मीटर 5 दिनों के अंदर पंचायत को देने की कृपा करें ।

प्रधान /सचिव
ग्राम पंचायत पलचान

# समाज को बांटने वाला क्षत्रीय सभा व राजपूत सभा का सदस्य नहीं : बलदेव

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, कुल्लू**

समाज को बांटने वाला, समाज को बरगलाने वाला, समाज को तोड़ने वाला व धन उगाही करने वाला न तो राजपूत सभा और न ही सदस्य व पदाधिकारी है। यह बात क्षत्रीय सभा के प्रदेश महामंत्री बलदेव ठाकुर ने कही। उन्होंने कहा कि पता चला है कि जितेंद्र कुमार कथित नाम जितेंद्र राजपूत कुल्लू में लोगों के सामने आकर अपने आप को क्षत्रीय सभा व राजपूत सभा का पदाधिकारी बताते हैं और कथित तौर पर लोगों से पैसे एंटता हैं।

पैसे एंट कर लोगों को ठगने का काम करता है। यही नहीं उक्त व्यक्ति समाज को बांटने का कार्य कर रहा है। उन्होंने स्पष्ट किया कि इस नाम का व्यक्ति न तो राजपूत सभा का और न ही क्षत्रीय सभा का कोई सदस्य है और न ही कोई पदाधिकारी है। उन्होंने पुलिस अधीक्षक कुल्लू से मांग की है कि इस तरह के व्यक्ति पर तुरंत कार्रवाई की जानी चाहिए, जो समाज में गंदगी फैला रहे हैं। अब उक्त व्यक्ति की ओर से मीडिया पर भी अनाप-शनाप बयानबाजी की जा रही है, जो घोर निंदा का विषय है। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है और समाज, सरकार, प्रशासन के बीच सेतू का कार्य करता है। अपने फायदे के लिए किसी संगठन पर कीचड़ उछालना ठीक नहीं। क्षत्रीय समाज को बांटता नहीं है, बल्कि समाज को जोड़ता है, समाज की रक्षा करता है।

# सोलंग में चलाया सफाई अभियान

**अनंत ज्ञान, मनाली**

पलचान पंचायत ने सोलंगनाला में सफाई अभियान चलाया। पंचायत के युवक व महिला मंडल सहित आशा वर्कर्स व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं ने सफाई अभियान में सहयोग दिया।

पंचायत के समस्त प्रतिनिधियों ने सभी के सहयोग से सोलंग मैदान से लेकर पंचायत घर तक कूड़ा-कचरा एकत्रित किया। जमा किया गया कचरा मनाली कूड़ा संयत्र केंद्र भेजा। पर्यटकों की बढ़ी आमद के चलते पर्यटन स्थलों में भी गंदगी बढ़ने लगी है। पलचान पंचायत प्रधान कौशल्या देवी व बीडीसी सदस्य रेशमा ठाकुर ने बताया कि समर सीजन के चलते भारी संख्या में पर्यटक स्थलों का रुख कर रहे हैं। पर्यटन कारोबार बढ़ने के साथ-साथ कूड़ा-कचरा भी बढ़ा है। पलचान पंचायत ने सोलंग में युवक व महिला मंडल सहित आशा वर्कर्स व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से क्षेत्र की साफ-सफाई की। पंचायत के प्रतिनिधि समय-समय पर स्वच्छता अभियान चला रहे हैं। प्रधान कौशल्या व उपप्रधान ने सोलंगनाला के पर्यटन कारोबारियों को चेताया कि उनकी दुकानों के आसपास गंदगी दिखी, तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी। लोग कूड़ा खुले में न फेंककर कूड़े दान में ही डालें, ताकि स्वच्छता बनी रहे। उधर, एसडीएम मनाली रमण शर्मा ने पंचायत प्रतिनिधियों से आग्रह किया कि सभी अपने-अपने क्षेत्र में सफाई अभियान चलाते रहें, ताकि मनाली की सुंदरता बनी रहे।


महिलाएं सोलंगनाला में सफाई अभियान के दौरान साफ-सफाई करती हुईं।

**लापरवाही** पैराग्लाइडिंग एसोसिएशन पर पिछली बार लगा चुका है 10000 का जुर्माना, जान जोखिम में

# अंधेरे में हो रही पीज-ढालपुर के बीच पैराग्लाइडिंग

**सुरेंद्र तिबोगपा, कुल्लू**

माना कि पर्यटकों के लिए साहसिक गतिविधियों को आयोजित करवाना पर्यटन के लिहाज से बहुत ही अच्छा कदम है, लेकिन पर्यटन की आड़ में किसी की जान को जोखिम में रखना कहां तक सही है।

जिला मुख्यालय कुल्लू के समीप पीज से ढालपुर के लिए होने वाली पैराग्लाइडिंग की उड़ान अब पर्यटकों की जान को जोखिम में डालने जा रही है। सोमवार को देर शाम 7:50 तक अंधेरे में पर्यटकों को लिए पैराग्लाइडिंग की गतिविधियां होती रही। धूप छुपने के बाद से लेकर देर शाम तक 7-8 उड़ाने पीज से लेकर ढालपुर के लिए हुई और इस दौरान कुछ लैंडिंग मेला मैदान ढालपुर में हुई, जबकि कुछ लैंडिंग खेल मैदान में हुई। इस संदर्भ में जिला पर्यटन विभाग कुल्लू को मिली शिकायत पर विभाग ने कार्रवाई करते हुए पैराग्लाइडिंग संचालकों की एसोसिएशन पर नियमों की अवहेलना और पर्यटकों की जान को जोखिम में रखने के लिए 10,000 रुपए का जुर्माना लगाया था साथ ही एसोसिएशन को भी सख्त चेतावनी जारी कर नियमों के अनुरूप ही पैराग्लाइडिंग करवाने के आदेश जारी किए गए थे। इसके साथ ही पैराग्लाइडिंग गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए और नियमों का सख्ती से पालन हो इसके लिए विभाग के साथ-साथ मार्शलों को भी जरूरी निर्देश जारी किए गए थे। पैराग्लाइडिंग के लिए तय किए गए नियमों के मुताबिक धूप छुपने के बाद पैराग्लाइडिंग की गतिविधियों को करने पर सख्त मनाही है। इन नियमों का उल्लंघन होने पर पर्यटन विभाग की ओर से पैराग्लाइडर पायलट, पैराग्लाइडिंग संचालक या फिर एसोसिएशन पर जांच बैठा कर कार्रवाई की जा सकती है। इस मामले में अगर पैराग्लाइडिंग पायलटों के द्वारा मनमानी किए जाने पर पायलटों के लाइसेंस भी रद्द किए जा सकते हैं। (अनंत ज्ञान)



> मामला मेरे ध्यान में है, इस पूरे मामले की जांच की जाएगी। इसमें एसोसिएशन की तरफ से कोई लापरवाही हुई है या फिर जिन्होंने देर शाम तक पैराग्लाइडिंग की है वो एसोसिएशन से जुड़े हुए हैं या नहीं। पूरे मामले की जांच के बाद जो भी दोषी पाया जाएगा, उसके खिलाफ विभाग की तरफ से पहले जुर्माना लगाया जाएगा और साथ ही भविष्य के लिए चेतावनी भी जारी कर दी जाएगी, ताकि इस पैराग्लाइडिंग गतिविधियों के दौरान किसी भी तरह कोताही न हो।
> **सुनैना शर्मा, जिला पर्यटन अधिकारी कुल्लू।**



## न्यूज ब्रीफ

### मकान में दबिश देकर बरामद किए नशीले कैप्सूल

**पांवटा साहिब।** जिला सिरमौर के उपमंडल पांवटा साहिब के माजरा में पुलिस ने एक महिला के मकान से 336 नशीले कैप्सूल बरामद किए हैं। पुलिस ने महिला के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगामी कार्रवाई शुरू कर दी है। आरोपी महिला की पहचान साहिदा बेगम निवासी गांव भगवानपुर, डाकघर पुरुवाला तह. पांवटा साहिब, जिला सिरमौर के रूप में हुई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पुलिस की टीम ने गुप्त सूचना के आधार पर उक्त महिला के मकान में दबिश दी। तलाशी के दौरान महिला के मकान से 336 नशीले कैप्सूल बरामद हुए। एसपी रमन कुमार मीणा ने मामले की पुष्टि की है। मामले में आगामी कार्रवाई जारी है।

### ललित राठी का दिल का दौरा पड़ने से निधन

**नाहन।** हिमाचल प्रदेश के नामी शैक्षिक संस्थान करियर अकादमी के निदेशक ललित राठी का युवा अवस्था में निधन होने का बेहद ही दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। जानकारी के मुताबिक सोमवार शाम ललित राठी (40) को अचानक ही छाती में दर्द हुआ। इसके बाद तुरंत ही उन्हें निजी अस्पताल ले जाया गया। रात करीब 11:30 बजे ललित राठी ने अल्पायु में संसार को त्याग दिया। युवा गणित शिक्षक का निधन गंभीर दिल का दौरा पड़ने से हुआ है। ललित के निधन से सिरमौर ने एक बेहतरीन गणित विषय का शिक्षक भी खो दिया है। जेईई की परीक्षा की तैयारी में ललित को एक महारत हासिल हो चुकी थी।

### नाहन में बीवॉक की ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया शुरू

**नाहन।** डॉ. वाइएस परमार राजकीय स्नातकोत्तर कॉलेज नाहन में नए शैक्षणिक सत्र 2024-25 के लिए बीवॉक कोर्स के लिए ऑनलाइन प्रवेश परीक्षा आरंभ हो गई है। डॉ. वाईएस परमार पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. प्रेम राज भारद्वाज ने बताया कि व्यावसायिक शिक्षा में डिग्री प्रोग्राम के लिए कॉलेज वर्ष-2017 से कोर्स हॉस्पिटैलिटी एंड टूरिज्म व रिटेल मैनेजमेंट में 40-40 सीटों के साथ मेरिट आधार पर प्रवेश दिया जा रहा है। वहीं, नए शैक्षणिक सत्र के लिए भी ऑनलाइन प्रवेश प्रक्रिया को आरंभ कर दिया गया है, जिसमें इच्छुक विद्यार्थी कॉलेज की वेबसाइट पर जाकर ऑनलाइन प्रवेश फार्म भर सकते हैं।

### सटीक कृषि प्रौद्योगिकियों के महत्व पर दिया जोर

**सोलन।** डॉ. यशवंत सिंह परमार औद्यानिकी एवं वानिकी विश्वविद्यालय नौणी के मृदा विज्ञान और जल प्रबंधन विभाग में सटीक कृषि प्रौद्योगिकियों पर एक सप्ताह का प्रशिक्षण कार्यक्रम शुरू हुआ। यह पहल प्रिसिजन फार्मिंग डेवलपमेंट सेंटर (पीएफडीसी) परियोजना का हिस्सा है। प्रशिक्षण में 30 किसान भाग ले रहे हैं। उद्घाटन सत्र के दौरान, विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. इंद्र देव ने कृषि और बागवानी फसलों में उच्च उत्पादकता प्राप्त करने में सटीक कृषि प्रौद्योगिकियों के महत्व पर जोर दिया। वानिकी कॉलेज के डीन डॉ. सीएल ठाकुर ने प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए महंगे कृषि आदानों के सटीक उपयोग के महत्व पर प्रकाश डाला।

### कारगिल शहीद भीम और हितेश को दी श्रद्धांजलि

**राजगढ़।** कारगिल ऑपरेशन के जाबाज भीम सिंह ठाकुर का शहीदी दिवस मंगलवार को हाब्बन स्थित शहीद पार्क में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। इस मौके पर शहीद पार्क में शहीद भीम सिंह ठाकुर और शहीद हितेश शर्मा की प्रतिमा पर लोगों ने माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। संयोग की बात है कि 11 जून को ही पझौता में गोलीकांड दिवस भी मनाया जाता है। इस मौके पर शहीद भीम सिंह के बड़े भाई ओम सिंह ठाकुर व भाभी चंपा ठाकुर और शहीद हितेश शर्मा के बड़े भाई राजेश शर्मा के अतिरिक्त पझौता स्वतंत्रता सैनानी समाज कल्याण समिति के अध्यक्ष जयप्रकाश चैहान, पूर्व जिला परिषद सदस्य शकुंतला प्रकाश आदि मौजूद रहे।

### डीपी संघ ने डाइट मनी बढ़ाए जाने का जताया आभार

**राजगढ़।** हिमाचल प्रदेश सरकार मुख्यमंत्री की ओर से खेलकूद प्रतियोगिता के दौरान दी जाने वाली डाइट मनी बढ़ाए जाने का जिला डीपीई संघ ने स्वागत किया है। खेलों के स्तर को बढ़ावा देने के लिए और छुपी हुई प्रतिभाओं को उभारने के लिए सरकार का यह फैसला खेलों की उन्नति में नींव का पत्थर साबित होगा। डीपीई संघ के जिलाध्यक्ष दिनेश शर्मा ने कहा है कि हिमाचल में खेलों के क्षेत्र में प्रतिभा की कोई कमी नहीं है। खेलकूद प्रतियोगिता जो जोनल स्तर और जिला स्तरीय प्रतियोगिता होती है, उनके लिए राशि का व्यय स्कूल की निधि से किया जाता है। आज स्कूलों में बजट की स्थिति यह है कि कुछ स्कूलों में बजट की कमी के कारण अपने स्कूल के बच्चों को प्रतियोगिताओं में भाग नहीं करवा पाते हैं, जिससे बच्चों की प्रतिभा आगे नहीं बढ़ पाती है।

### शिशेंद्र बने जयहर स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष

**राजगढ़।** जयहर स्कूल में आम सभा का आयोजन किया गया। इसमें स्कूल के प्रधानाचार्य ऋषिपाल शर्मा, स्कूल स्टाफ, व स्कूल प्रबंधन समिति के अध्यक्ष शिशेंद्र सिंह, स्थानीय पंचायत के प्रधान लेखराज व स्कूल प्रबंधन समिति के अन्य सदस्य व अभिभावकों ने भाग लिया। बैठक में स्कूल प्रबंधन समिति का कार्यकाल तीन वर्ष पूरे होने पर स्कूल प्रबंधन समिति को भंग किया गया और नई समिति का गठन किया गया। नई समिति में सर्वप्रथम स्कूल प्रबंधन समिति के सदस्य को सर्वसम्मति से चुना गया। कक्षा छठी से नीलम देवी व नरेंद्र कुमार इन सभी सदस्यों को सर्वसम्मति से चुना गया। सभी अभिभावकों ने नए स्कूल प्रबंधन समिति सदस्य ने सर्वसम्मति से अध्यक्ष पद के लिए शिशेंद्र सिंह को अगले तीन वर्ष के लिए अध्यक्ष पद के लिए चुना।

### बिलांवाली में दो कमरे किए लोकार्पित

**बीबीएन।** राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय चनाल माजरा व रावमा पाठशाला बिलांवाली तहसील बद्दी को अलग-अलग प्रोजेक्ट समर्पित किए। कंपनी के अधिकारियों ने सर्वप्रथम चनाल माजरा विद्यालय में पांच केवीए का सोलर पावर प्रोजेक्ट समर्पित किया, जिससे अब स्कूल का मासिक बिजली बिल जीरो हो जाएगा। इसके बाद कंपनी के अधिकारियों ने बद्दी के निकट बिलांवाली में 2 कमरे बच्चों को समर्पित किए। इस विद्यालय में बच्चों को कक्षाएं लगाने के लिए कमरों की बहुत ज्यादा कमी थी।

### उपचुनावों के लिए नोडल अधिकारी नियुक्त

**सोलन।** जिला निर्वाचन अधिकारी एवं उपायुक्त मनमोहन शर्मा ने 51-नालागढ़ विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में उपचुनावों के दृष्टिगत भारत निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों की अनुपालना में चुनावी व्यय निगरानी समिति व अन्य दलों के गठन के संबंध में आदेश जारी किए हैं। यह समितियां एवं निगरानी दल उम्मीदवारों द्वारा किए जाने वाले व्यय की दैनिक आधार पर निगरानी करेंगी। आदेशों के अनुसार 51-नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र के लिए दो वीडियो सर्विलांस टीम, एक वीडियो व्यूइंग टीम, तीन उड़न दस्ते, तीन स्थैतिक निगरानी दल व एक लेखा टीम गठित की गई है। इसके अतिरिक्त एक जिला स्तरीय व्यय निगरानी समिति भी गठित की गई है जिसमें व्यय पर्यवेक्षक, जिला निर्वाचन अधिकारी तथा अतिरिक्त उपायुक्त को सदस्य बनाया गया है। उपचुनाव की प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न करने के दृष्टिगत लाइसेंसधारकों के हथियार जमा करवाने के लिए डीसी की अध्यक्षता में स्क्रीनिंग कमेटी गठित की गई है। पुलिस अधीक्षक सोलन एवं बद्दी पुलिस जिला इसके सदस्य होंगे। इसके अतिरिक्त उपचुनावों के दृष्टिगत चुनावी प्रक्रिया के सुचारु संचालन के लिए विभिन्न नोडल अधिकारी भी नियुक्त किए गए हैं।

### निविदाएं जमा करने की तिथि बढ़ाई

**सोलन।** जिला राजस्व अधिकारी नीरजा शर्मा ने बताया कि ग्रीष्म ऋतु-2024 के दौरान सोलन जिले के जल अभाव वाले क्षेत्रों में विभिन्न स्वीकृत स्रोतों से टैंकर, मिनी ट्रकों के माध्यम से पेयजल के परिवहन एवं वितरण के लिए निविदाएं जमा करवाने की तिथि बढ़ा दी गई है। निविदाएं जमा करने की तिथि 11 से बढ़ाकर 13 जून की गई है। अन्य शर्तें पूर्ववत ही रहेंगी।

# फिलहाल राज्यस्तरीय ही रहेगा मां शूलिनी मेला

## सीएम ने पिछले वर्ष की थी राष्ट्रीय स्तर के मेले की घोषणा, मेले के सफल आयोजन को लेकर डीसी की अध्यक्षता में बैठक

**आर मोहन चौहान, सोलन**

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने पिछले वर्ष राज्यस्तरीय मां शूलिनी मेले को राष्ट्रीय स्तरीय किए जाने की घोषणा की थी पर सरकार ने किन्हीं कारणों की इसकी अधिसूचना जारी नहीं की, जबकि प्रशासन ने अपनी तरफ से अधिकतर औपचारिकताएं पूरी भी कर दी थी। लिहाजा मेले के सफल आयोजन को लेकर डीसी सोलन मनमोहन शर्मा की अध्यक्षता में मां शूलिनी मेला कमेटी की बैठक आयोजित की गई।

बैठक में 21 से 23 जून तक आयोजित किए जा रहे इस मेले की तैयारियों की समीक्षा की गई। नालागढ़ विधानसभा क्षेत्र में उपचुनाव के दृष्टिगत सोलन में आदर्श आचार संहिता लागू होने व इसके तहत जारी दिशा-निर्देशों की अनुपालना सुनिश्चित करने पर भी चर्चा की गई। (अनंत ज्ञान)



सोलन में मां शूलिनी मेला कमेटी की बैठक की अध्यक्षता करते डीसी सोलन।

### विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से की चर्चा

बैठक में प्रदर्शनी, खेलकूद, चित्रकला प्रतियोगिता, बेबी शो, फ्लावर शो व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के आयोजन से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तार से चर्चा की गई। इसके अतिरिक्त वित्तीय संसाधनों में वृद्धि, प्रकाशन एवं प्रचार समिति के माध्यम से स्मारिका के प्रकाशन, स्टेज व ग्राउंड पर बैठने की व्यवस्था, स्टॉल, आवास, परिवहन, क्राफ्ट मेला व स्वागत समिति के दायित्वों पर भी विचार-विमर्श किया गया। डीसी ने मेला ग्राउंड में साफ-सफाई रखने, शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करने, शौचालय सुविधा, प्राथमिक चिकित्सा सहायता का समुचित प्रबंध करने तथा एक एंबुलेंस, डॉक्टर व पैरा चिकित्सा कर्मी की तैनाती करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने पुलिस विभाग को मेले के दौरान शहर के लिए यातायात व्यवस्था से संबंधित योजना समय पर तैयार करने तथा परिवहन विभाग को स्थानीय स्तर पर शटल बस सुविधा की संभावनाएं तलाशने को भी कहा।

### ये रहे मौजूद

मेला अधिकारी एवं अतिरिक्त उपायुक्त अजय कुमार यादव ने बैठक की कार्रवाई का संचालन किया। बैठक में सरकारी सदस्यों के अतिरिक्त कारदारों की ओर से भी बहुमूल्य सुझाव दिए गए। बैठक में पुलिस अधीक्षक सोलन गौरव सिंह, नगर निगम सोलन की आयुक्त एकता काप्टा, सहायक आयुक्त विवेक शर्मा, सोलन, कंडाघाट, कसौली से उपमंडलाधिकारी (ना.) सहित विभिन्न विभागों के उच्चाधिकारी व मेला आयोजन से जुड़े अन्य सदस्य उपस्थित थे।

### सभी का सहयोग आवश्यक

मनमोहन शर्मा ने कहा कि सोलन के लोगों सहित प्रदेशवासियों की आस्था मां शूलिनी से गहरे से जुड़ी हुई है और उनके नाम पर हर वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस मेले को भव्य एवं पारंपरिक ढंग से मनाने के लिए मेला आयोजन समिति से जुड़े सभी सदस्य अपनी तैयारियां समय रहते पूर्ण कर लें। मेले को सफलतापूर्वक आयोजित करने में सभी का सहयोग आवश्यक है और आयोजन समिति के सभी सदस्य अपनी भूमिका एवं कर्तव्यों का बखूबी निर्वहन करें। उपायुक्त ने कहा कि मेले के प्रथम दिवस प्रातः काल में शूलिनी माता मंदिर और तत्पश्चात ठोडो ग्राऊंड सोलन मेला मंच में मां शूलिनी की विधिवत पूजा-अर्चना की जाएगी। उन्होंने नगर निगम सोलन को ग्राउंड की दशा सुधारने तथा साफ-सुथरा रखने के निर्देश दिए। मां शूलिनी की शोभायात्रा व झांकियों का आयोजन 21 जून को दोपहर लगभग 1.50 बजे मंदिर से प्रस्थान किया जाएगा तथा दोपहर लगभग 2.35 बजे डोली का पार्किंग स्थल पर आगमन होगा। यहां मुख्यातिथि द्वारा डोली की अगवानी की जाएगी और शोभायात्रा अपने निर्धारित मार्ग पर आगे बढ़ेगी। उन्होंने मां शूलिनी के दर्शनों के लिए उमड़ने वाली भारी भीड़ के दृष्टिगत श्रद्धालुओं के सुगम आवागमन एवं बेहतर ढंग से दर्शनों की सुविधा के लिए पुलिस विभाग को आवश्यक प्रबंध करने को कहा। उन्होंने एक स्थल पर झांकियों के न्यूनतम ठहराव और इन्हें गतिमान बनाए रखने व इनके सुचारु संचालन के लिए समुचित प्रबंध करने को भी कहा।

# उद्योगों पर पड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट चार्जेज का आर्थिक बोझ

## 200 रुपए प्रति केवीए बढ़ाकर किया 2500 प्रति केवीए, उद्योग जगत को लगा झटका



**अनंत ज्ञान, बीबीएन**

हिमाचल के उद्योगों को डेढ़ वर्ष में तीसरा भारी भरकम आर्थिक झटका लगा है। प्रदेश सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट चार्जेज में 12सौ फीसदी तक बढ़ोतरी कर उद्योगों को बड़ा झटका दे दिया है। इससे पहले बिजली दरों और बिजली शुल्क में भी बढ़ोतरी हो चुकी है।

सरकार ने इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट चार्जेज को 200 रुपए प्रति केवीए की मानक दर से बढ़ाकर 2,500 रुपए प्रति केवीए की बढ़ोतरी कर दी है, जिसमें सीधा 1200 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। इस बढ़ोतरी से उद्योग जगत को आर्थिक झटका लगा है। प्रदेश के सबसे बड़े औद्योगिक क्षेत्र की बद्दी-बरोटीवाला-नालागढ़ इंडस्ट्री एसोसिएशन ने सरकार के फैसले का विरोध किया है। एसोसिएशन का कहना है कि प्रदेश में पहले ही उद्योगों पर भारी-भरकम बिजली का बोझ डाला है और अब बुनियादी ढांचा विकास शुल्क में भारी-भरकम बढ़ोतरी कर उद्योगों पर बोझ डाला है। एसोसिएशन का साफ कहना है कि ये फैसला प्रदेश में औद्योगिक निवेश की रफ्तार रोकेगा और साथ ही पुराना निवेश भी मजबूरन पलायन करने को मजबूर होगा, जबकि जो उद्योग प्रदेश में विस्तार करने का विचार कर रहे हैं वो भी अब सोचने को मजबूर होंगे।

### निवेश के लिए नहीं ठीक : अग्रवाल



बीबीएनआईए के अध्यक्ष राजीव अग्रवाल का कहना है कि सरकार एक के बाद एक आर्थिक बोझ उद्योगों पर डाल रही है, जो कि गलत है। अब सरकार ने 1200 फीसदी तक इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट चार्जेज में बढ़ोतरी कर दी है। इससे पहले सरकार ने बिजली शुल्क और बिजली दरों में बढ़ोतरी कर आर्थिक बोझ डाल चुकी है। प्रदेश में नया निवेश तो दूर पुराना भी तेजी से पलायन होगा।

### उद्योगों के हित में सोचे सरकार : मेघराज



हिमाचल स्टील इंडस्ट्री एसोसिएशन के अध्यक्ष मेघराज गर्ग का कहना है कि सरकार को उद्योगों के हितों के बारे में भी सोचना चाहिए। आज पहले ही उद्योग कई तरह के आर्थिक बोझ से परेशान चल रहे हैं और अब इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट चार्जेज में भारी भरकम 1200 फीसदी बढ़ोतरी कर आर्थिक बोझ डाला है।

### उद्योगों पर पड़ रहा आर्थिक बोझ : राजीव



हिमाचल स्टील एसोसिएशन के महासचिव राजीव सिंगला का कहना है कि उद्योगों पर पहले से कई तरह के भारी भरकम शुल्क लग चुके हैं और अब नया आर्थिक बोझ डाला गया है, जो कि बिलकुल ठीक नहीं है। अगर ऐसा ही चलता रहा, तो प्रदेश में निवेश रुक जाएगा और वर्तमान में चल रही कंपनियां भी परेशान होकर पलायन कर लेंगी।

# सोलन-कसौली में पानी की समस्या को लेकर मंत्री और विधायक बेपरवाह: शैलेंद्र

**अनंत ज्ञान ब्यूरो, सोलन**

भाजपा जिला सोलन के प्रवक्ता शैलेंद्र गुप्ता ने कहा कि रोजगार, महिलाओं को हर माह पंद्रह सौ की झूठी गारंटी देने वाली हिमाचल की सुक्खू सरकार को इस बार पानी का मुद्दा भी ले डूबेगा।



सोलन में पानी के लिए हाहाकार मचा है। खासकर सोलन शहर और विश्व प्रसिद्ध पर्यटन स्थल कसौली में लोग पानी की बूंद-बूंद को तरस रहे हैं, लेकिन सोलन के विधायक एवं स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल और कसौली के विधायक विनोद सुल्तानपुरी जनता से जुड़ी इस ज्वलंत समस्या से अंजान हैं। अपने क्षेत्र के लोगों को पर्याप्त पीने का पानी मुहैया करवाने के प्रयास करने के बजाय लोकसभा चुनावों में मिली हार की शर्म में कहां मुंह छुपा कर फिर रहे हैं। हालत यह है कि विकराल पेयजल संकट में मंत्री व विधायक जनता के साथ खड़े हुए नजर नहीं आ रहे। एक माह से चल रहा जल संकट और गहरा गया है। जल संकट के निवारण के लिए जल शक्ति विभाग के अधिकारियों के साथ एक बैठक तक नहीं बुलाई गई है। पिछले 15 वर्षों से सोलन का प्रतिनिधित्व करने वाले कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और स्वास्थ्य मंत्री धनी राम शांडिल इस मामले को लेकर मूक दर्शक बने बैठे हैं, जबकि भाजपा की सरकार में पेयजल योजनाओं के विस्तारित करने में लगभग 14 करोड़ रुपए खर्च किए गए थे, लेकिन कांग्रेस के नेताओं के निकम्मेपन से इन योजनाओं को ग्रहण लग चुका है। वहीं, मुफ्त में पानी देने वाले सुक्खू सरकार के नुमाइंदे महंगे महंगे बिल तो दे रहे हैं, लेकिन पीने योग्य पानी देने की स्थिति में भी नहीं है। छल कपट से नगर निगम पर कब्जा करने वाले पूरी जनता को राम भरोसे छोड़ दिया है।

# प्रधानमंत्री ने पहली बैठक में जनहित फैसले लेकर जीता देशवासियों का दिल: प्रताप

**अनंत ज्ञान, नाहन**

सिरमौर भाजपा के जिला सह मीडिया प्रभारी प्रताप सिंह रावत ने बताया कि पीएम नरेंद्र मोदी ने पद संभालते ही अपनी पहली कैबिनेट बैठक में जन हितैषी फैसले लेकर देश व प्रदेश की जनता का दिल जीत लिया है।



रावत ने बताया कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत देश के 9 करोड़ 30 लाख लोगों के खाते में शीघ्र ही 20 हजार करोड़ रुपए आ जाएंगे इतना ही नहीं इसके साथ ही पीएम आवास योजना के तहत भी देश के 3 करोड़ लोगों को पक्के घर भी मिलेंगे। जब केंद्र में कांग्रेस पार्टी की सरकार होती थी, तो उस समय एक पंचायत को इंदिरा आवास के तहत सिर्फ दो या तीन घर मिलते थे, जब से पीएम नरेंद्र मोदी ने देश की बागडोर संभाली है उसमें देश के गरीब लोगों को पीएम आवास के तहत पक्का घर बनाने के लिए कोई कमी नहीं है। कांग्रेस पार्टी के नेताओं ने बहुत लंबे समय तक देश व प्रदेश में राज किया, लेकिन इन्होंने आज तक किसी भी गरीब के खाते में एक रुपए तक नहीं डाला, जबकि पीएम ने देश के गरीब लोगों के लिए बहुत सारी जनकल्याणकारी योजनाएं बनाई हैं, जिसका लाभ अंतिम पंक्ति में बैठा व्यक्ति भी ले रहा है।

# भंडारे के लिए ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित

**सोलन।** 21 से 23 जून तक आयोजित होने वाले मां शूलिनी मेला-2024 में भंडारा लगाने के लिए इच्छुक दुकानदार, होटल, हलवाई, ढाबा व व्यक्ति आवेदन ऑनलाइन माध्यम से बेवसाइट https://forms.gle/hp{DT&bgsc H~kT{Z{ पर भेज सकते हैं।

यह जानकारी अतिरिक्त मेला अधिकारी एवं एसडीएम (ना.) सोलन डॉ. पूनम बंसल ने दी। उन्होंने बताया कि आवेदन क्यूआर कोड स्कैन कर वेबसाइट के माध्यम से भी भेजे जा सकते हैं। भंडारे में बने खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता व कचरा निष्पादन के लिए संबंधित अधिकारी को निर्देश दिए गए हैं।

# सीएम से बात कर जल्द अस्पताल में होगी रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति

**अनंत ज्ञान, पांवटा साहिब**

पांवटा सिविल अस्पताल की जर्जर हालत से हर कोई परिचित है।

अस्पताल में कई पद खाली चल रहे हैं। फिलहाल पूर्व विधायक किरनेश जंग चौधरी ने कहा कि रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति को लेकर मुख्यमंत्री से बात कर जल्द ही नियुक्ति की जाएगी। पूर्व विधायक ने मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि मुख्यमंत्री से बात कर जल्द ही रेडियोलॉजिस्ट की नियुक्ति कर दी जाएगी। फिलहाल बाहर अल्ट्रासाउंड हो रहे हैं, जिनके दाम सात से आठ सौ रुपए तक फिक्स किए गए हैं। फिलहाल निजी क्लिनिक पर चिकित्सक मनमाने दाम वसूल रहे हैं, जिस कारण दूर-सुदूर से आने वाली ग्रामीण महिलाओं को महंगे दाम पर अल्ट्रासॉउंड करवाने पड़ रहे हैं और निजी क्लिनिक मालिक खूब चांदी कूट रहे हैं। किरनेश जंग ने बताया कि जल्द ही निजी क्लिनिक मालिकों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी क्योंकि उनके भी दाम तय हुए कि इतने दामों में अल्ट्रासॉउन्ड किया जाएगा, लेकिन फिर भी मनमानी हो रही है। उनके संज्ञान में यह मामला है। इस पर कार्रवाई की जाएगी।



पूर्व विधायक किरनेश जंग चौधरी पत्रकार वार्ता करते हुए।

# स्टूडेंट्स को किया सम्मानित

**दाड़लाघाट।** विद्या निकेतन स्कूल दाड़लाघाट में सत्र उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया। समारोह की अध्यक्षता अध्यक्ष एलएमसी सीएमओ नार्थ मुकेश सक्सेना ने की। उन्होंने विद्यार्थियों को सम्मानित करते उनके श्रेष्ठ प्रदर्शन की खूब सराहना की और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। स्टूडेंट्स का उत्साह बढ़ाने के लिए ऐसे कार्यक्रम आवश्यक हैं। प्रधानाचार्य ने कहा कि अंबुजा विद्या निकेतन विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करने के लिए सदैव तत्पर रहता है।

# परवाणू के विकास को लेकर की चर्चा

**अनंत ज्ञान, परवाणू**

प्रदेश के पहले औद्योगिक शहर परवाणू की बिगड़ती हालत और इससे प्रदेश का टूरिस्ट बेस कैंप बनाने को लेकर परवाणू विकास मंच ने बैठक का आयोजन किया।

बैठक में मंच के वरिष्ठ अधिकारी एवं युवा सदस्य मौजूद रहे। लंबे समय के बाद हुई इस बैठक में परवाणू के विकास को लेकर कई मुद्दों पर चर्चा की गई और उन कार्यों को सरकार की सहायता से पूर्ण कराने की रूपरेखा पर विचार किया गया। इन सभी मुद्दों में परवाणू में पानी की समस्या, सीवरेज, फायर हाइड्रेंट, उद्योगों को आगजनी से सुरक्षा के मुद्दे व कई अन्य मुद्दों पर चर्चा की गई। इसके साथ ही मंच के वरिष्ठ अधिकारियों ने परवाणू में सुविधाओं के अभाव में पलायन कर रहे उद्योगों पर भी चिंता व्यक्त की। साथ ही मंच ने भ्रष्टाचार के प्रति अग्रसर रहने का भी संकल्प लिया। मंच के चीफ पैटर्न राकेश भाटिया ने कहा कि सरकार चाहे कोई भी हो पर परवाणू जो कि हिमाचल का पहला औद्योगिक नगर है उसकी हमेशा से अनदेखी होती आई है। उन्होंने चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि इस रफ्तार से आने वाले दस से पंद्रह सालों में परवाणू बिलकुल उजाड़ हो के रह जाएगा।



परवाणू विकास मंच की बैठक में मौजूद रहे सदस्य।

# 14 जून को सिरमौर में होगी मेगा मॉकड्रिल : सुमित खिमटा

**अनंत ज्ञान, नाहन**

डीसी एवं अध्यक्ष जिला आपदा प्रबंधन प्राधिकरण सुमित खिमटा ने बताया कि 14 जून को 8वें राज्य स्तरीय मेगा मॉक ड्रिल का आयोजन सिरमौर जिले में किया जाएगा।



इस मॉक ड्रिल में सभी संबंधित विभाग चिन्हित स्थानों पर फील्ड स्तर पर होने वाले अभ्यास में भाग लेंगे। आगामी मानसून के दृष्टिगत फ्लैश फ्लड और लैंडस्लाइड की संभावना को देखते हुए यह मॉक ड्रिल की जा रही है। जिले के पांच उपमंडलों में यह मौक अभ्यास आयोजित किया जाएगी, अतः प्रस्तावित चिन्हित स्थानों में निम्न शामिल हैं। नाहन उपमंडल-औद्योगिक स्थल, कालाअंब संगड़ाह उपमंडल-नागरिक अस्पताल केंद्र, संगड़ाह पांवटा साहिब उपमंडल-नजदीक कच्ची ढाग-सिरमौरी ताल कफोटा उपमंडल- गांव अंबोन में भूस्खलन/भू-धंसाव क्षेत्र पच्छाद उपमंडल- लाना-रोना (भूस्खलन क्षेत्र) उन्होंने हितधारकों एवं आमजन से आग्रह किया है कि 14 को होने वाले अभ्यास के दौरान न डरें।

**चेतावनी** महाप्रबंधक या तो आरोप को साबित करें या फिर संघर्ष समिति से माफी मांगें, बांध प्रबंधन के खिलाफ खोलेंगे मोर्चा

# रेणुका बांध परियोजना महाप्रबंधक के बयान पर बिफरी संघर्ष समिति

**अनंत ज्ञान, रेणुका जी**

श्री रेणुका बांध जन संघर्ष समिति की बैठक ददाहू में समिति के अध्यक्ष योगेंद्र कपिला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। बैठक में करीब दो दर्जन समिति के पदाधिकारियों ने भाग लिया।

बैठक में विशेष चर्चा का विषय महाप्रबंधक आर के चौधरी की ओर से जिलाधीश महोदय एवं निर्देशक शिमला को दिए उस बयान पर संघर्ष समिति ने कड़ा रोष प्रकट करते हुए महाप्रबंधक को चुनौती देते हुए कहा कि वह साबित करें कि उनके द्वारा किए कार्य से 99 प्रतिशत वह कौन से विस्थापित हैं जो उनके कार्य से खुश हैं। महाप्रबंधक की टीम आंशिक रूप से प्रभावित होने वाले लोगों से मिलकर उन्हें 50 हजार देने की बात कर उनके हस्ताक्षर करवा रहे हैं, जबकि पूर्ण रूप से विस्थापित होने वाले परिवारों के लिए कुछ भी नहीं किया जा रहा है।



श्री रेणुका बांध जन संघर्ष समिति की बैठक।

कपिला ने कहा कि महाप्रबंधक सेवानिवृत्ति के उपरांत मिले सेवा विस्तार के बाद अनाप-शनाप बयानबाजी कर रहे हैं, जिसका संघर्ष समिति आने वाले समय में कड़ा जवाब देगी। जीएम राजनीतिक संरक्षण के चलते पद का दुरुपयोग कर रहे हैं। संघर्ष समिति पर उनके द्वारा आरोप लगाया गया है कि दो-चार लोग निजी स्वार्थ के चलते मुझे व मेरे अधिकारियों को परेशान करते हैं। संघर्ष समिति इस प्रकार के आधारहीन बयान पर संज्ञान लेते हुए आगामी समय में बांध प्रबंधन के खिलाफ मोर्चा खोलेगी।

समिति के संयोजक प्रताप सिंह तोमर महासचिव संजय चौहान, कानूनी सलाहकार वरुण शर्मा, राजकुमार शर्मा, जयप्रकाश शर्मा, रघुवीर सिंह आदि ने कहा कि महाप्रबंधक संघर्ष समिति को तोड़ने के लिए फूट डालो और राज करो की नीति अपना रहे हैं, जिसके लिए उनकी मंशा कभी पूरी नहीं होगी। इस संदर्भ में उच्चाधिकारियों एवं सरकार को लिखित पत्र के माध्यम से अवगत करवाया जाएगा। बैठक में जयप्रकाश शर्मा, प्रेम दत्त शर्मा, राजेश शर्मा, भारत सिंह, थापा हरि, प्रकाश, राजेंद्र सिंह, टीकाराम शर्मा, बालमोहन ठाकुर, रघुवीर सिंह चौहान, अंकुश चौहान, अरुण शर्मा, बलबीर ठाकुर, हरिश्चंद्र शर्मा, संजय चौहान आदि मौजूद रहे।

अनंत ज्ञान
सुपर मॉल
डिस्प्ले क्लासिफाइड
छोटा विज्ञापन बड़ा व्यापार

फिक्स साइज

| Size | Rate |
| --- | --- |
| 3x4 cm | Rs. 300 |
| 4x4 cm | Rs. 400 |
| 5x4 cm | Rs. 500 |

विज्ञापन के लिए संपर्क करें
शिमला : 94180-00783 कुल्लू : 97360-75360 बिलासपुर : 82191-97014
सोलन : 70187-16514 हमीरपुर : 94180-03422 धर्मशाला : 70188-16794
मंडी : 94189-80288 ऊना : 98163-96500 चंबा : 94186-03787

# एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करेगा भारत

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत दिसंबर 2025 में होने वाले पहले जूनियर हॉकी विश्व कप की मेजबानी करेगा। अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) के कार्यकारी बोर्ड ने मंगलवार को भारत को जूनियर हॉकी विश्व कप के मेजबान के रूप में नामित किया।

यह पहली बार होगा जब एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप में 24 टीमें शामिल होंगी। हॉकी इंडिया की एक विज्ञप्ति के अनुसार, एफआईएच के अध्यक्ष तैयब इकराम ने कहा कि अधिक संख्या में राष्ट्रीय संघों को खेलने के अधिक अवसर देना हमारी सशक्तिकरण और जुड़ाव रणनीति के प्रमुख स्तंभों में से एक है।

हमने इस साल ओमान में एफआईएच हॉकी विश्व कप में देखा कि कैसे अधिक विविधता हमारे आयोजनों में एक बड़ा अतिरिक्त मूल्य लाती है। इकराम ने कहा कि इसलिए मुझे बहुत खुशी है कि हमने एफआईएच हॉकी जूनियर विश्व कप के लिए भाग लेने वाली टीमों की संख्या बढ़ा दी है और मैं अगले साल हमारे खेल के भविष्य का प्रतिनिधित्व करने वाली इन 24 युवा टीमों को देखने के लिए उत्सुक हूं। इस स्तर पर मैं एक और शानदार आयोजन आयोजित करने की उनकी प्रतिबद्धता के लिए हॉकी इंडिया के प्रति अपनी हार्दिक कृतज्ञता व्यक्त करना चाहता हूं।




हॉकी इंडिया के अध्यक्ष दिलीप टिर्की ने कहा कि हमें खुशी है कि अंतरराष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी के लिए भारत को चुना है। हम इस टूर्नामेंट की जिम्मेदारी हमें सौंपने के लिए एफआईएच और एफआईएच अध्यक्ष दातो तैयब इकराम को अपना हार्दिक धन्यवाद देना चाहते हैं। यह प्रतिष्ठित टूर्नामेंट अंतरराष्ट्रीय हॉकी में भारत के बढ़ते महत्व को दर्शाता है और भविष्य की पीढ़ियों के लिए खेल को विकसित करने के लिए हमारी प्रतिबद्धता को दर्शाता है। हम भारत के समृद्ध हॉकी इतिहास को साझा करने और युवा प्रतिभाओं को अपना कौशल दिखाने के लिए एक मंच प्रदान करने के लिए उत्साहित हैं। हॉकी इंडिया के महासचिव भोला नाथ सिंह ने कहा कि एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप 2025 की मेजबानी करना हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है और हम एफआईएच के हम पर भरोसे की सराहना करते हैं।

यह आयोजन हॉकी को और भी अधिक ऊंचाइयों पर ले जाने और भारत और विश्व भर में खिलाड़ियों और प्रशंसकों की एक पूरी नई पीढ़ी को प्रेरित करने का एक शानदार अवसर प्रदान करता है। हम इस टूर्नामेंट को एक यादगार अनुभव बनाने के लिए प्रतिबद्ध हैं, जो हॉकी से जुड़ी हर चीज का जश्न मनाए। एफआईएच हॉकी पुरुष जूनियर विश्व कप का पिछला संस्करण 2023 में मलेशिया में हुआ था, जिसका खिताब जर्मनी ने जीता था।

# ऑस्ट्रेलिया की भिड़ंत नामीबिया से, नजरें सुपर आठ पर



**एजेंसी, नॉर्थ साउंड**

लगातार दो जीत से आत्मविश्वास से भरा पूर्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया बुधवार को यहां कम रैंकिंग वाले नामीबिया के खिलाफ ग्रुप बी मुकाबले में उतरेगा तो उसकी नजरें आईसीसी टी20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह पक्की करने पर टिकी होंगी।

ऑस्ट्रेलिया ने एकजुट होकर प्रदर्शन किया है और मौजूदा टूर्नामेंट में 200 रन के आंकड़े को पार करने वाली एकमात्र टीम है। टीम ने चिर प्रतिद्वंद्वी इंग्लैंड के खिलाफ पिछले लीग मैच में 36 रन की जीत के दौरान यह उपलब्धि हासिल की थी। ओमान को 39 रन से हराकर अपने अभियान की शुरुआत करने वाले ऑस्ट्रेलिया के दो मैच में दो जीत से चार अंक हैं। स्कॉटलैंड की टीम तीन मैच में पांच अंक के साथ शीर्ष पर है। नामीबिया को हराकर ऑस्ट्रेलिया की सुपर आठ में जगह पक्की हो जाएगी, जिसके बाद टीम स्कॉटलैंड के खिलाफ ग्रुप बी का अपना अंतिम मैच खेलेगी।

शीर्ष पर चल रहे स्कॉटलैंड के पास गत चैंपियन इंग्लैंड को पछाड़कर सुपर आठ में जगह बनाने का मौका है।

इंग्लैंड के दो मैच में एक अंक हैं। स्कॉटलैंड के खिलाफ उसका पहला मैच बारिश की भेंट चढ़ गया था।

## न्यूज ब्रीफ

### क्वालिफायर मैच में छेत्री का स्थान लेंगे गुरप्रीत

**नई दिल्ली।** अंतरराष्ट्रीय फुटबाल को अलविदा कह चुके सुनील छेत्री की बतौर कप्तान जगह गोलकीपर गुरप्रीत सिंह संधू लेंगे। फीफा विश्वकप क्वालिफायर में भारत का सामना 11 जून को कतर के साथ होना है। कतर ग्रुप में शीर्ष पर है और तीसरे दौर में जगह बना चुका है। वहीं, भारत को तीसरे दौर में जगह बनाने के लिए कतर को हराना होगा, जो आसान काम नहीं है। भारतीय टीम के क्रोएशियाई कोच इगोर स्टिमेच ने कहा कि छेत्री के स्थान पर कप्तानी देने के लिए ज्यादा दिमाग लगाने की जरूरत नहीं थी। छेत्री के बाद गुरप्रीत सबसे अनुभवी फुटबालर हैं। वह 71 मैच खेल चुके हैं। कतर के खिलाफ मुकाबले के लिए स्टिमेच पहले ही 23 सदस्यीय टीम की घोषणा कर चुके हैं। भारत के लिए यह मुकाबला करो या मरो वाला है। भारत अगर कतर से पराजित होता है तो क्वालिफायर से बाहर हो जाएगा।

### डिंग निंग बनी ओसीए एथलीट समिति की अध्यक्ष



**बीजिंग।** चीनी टेबल टेनिस की दिग्गज महिला खिलाड़ी डिंग निंग को एशियाई ओलंपिक परिषद (ओसीए) की एथलीट समिति का अध्यक्ष चुना गया है। ओसीए ने सोमवार को उक्त घोषणा की। डिंग ने अपने उम्मीदवारी भाषण में कहा, 'एक एथलीट के रूप में मेरे करियर ने मेरी ज़िंदगी बदल दी, मुझे मजबूत बनाया और एथलीटों के लिए काम करने का जुनून दिया।' डिंग ने ओलंपिक खेलों, विश्व कप और विश्व चैंपियनशिप में कुल 21 स्वर्ण पदक जीते हैं। वह 2016 रियो ओलंपिक में महिला एकल में तीन स्वर्ण पदक और लंदन 2012 और रियो 2016 में महिला टीम के लिए सबसे ज़्यादा पदक जीतने वाली खिलाड़ी हैं।

### कामरान अकमल ने सिख समुदाय से मांगी माफी



**लाहौर।** पाकिस्तान के पूर्व विकेटकीपर बल्लेबाज कामरान अकमल ने भारत के तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह के खिलाफ की गई अपनी अनुचित टिप्पणी के लिए माफी मांगी है। भारत और पाकिस्तान के बीच टी20 विश्व कप में खेले गए मैच का विश्लेषण करते हुए कामरान ने अर्शदीप के सिख धर्म का मजाक बनाया, जिसका वीडियो वायरल हो गया था। पूर्व भारतीय क्रिकेटर हरभजन सिंह ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया की थी। कामरान ने हरभजन को टैग करते हुए एक्स पर लिखा कि मुझे हाल में की गई अपनी टिप्पणियों पर गहरा खेद है और मैं हरभजन सिंह और सिख समुदाय से ईमानदारी से माफी मांगता हूं। मेरे शब्द अनुचित और अपमानजनक थे। मैं दुनिया भर के सिखों का बहुत सम्मान करता हूं और मेरा कभी किसी को ठेस पहुंचाने का इरादा नहीं था। मैं सच में माफी चाहता हूं।

### पोलैंड के स्ट्राइकर लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की चोटिल



**वारसॉ।** पोलैंड के स्टार स्ट्राइकर रॉबर्ट लेवांडोव्स्की और करोल स्वाइडरस्की तुर्की के खिलाफ अभ्यास मैच में चोटिल हो गए और उनका यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में खेलना संदिग्ध है। पोलैंड ने यह मैच 2-1 से जीता, लेकिन दो प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल हो जाने से यूरो 2024 के शुरू होने से पहले उसकी चिंता बढ़ गई है। स्वाइडरस्की ने लेवांडोव्स्की की मदद से 12वें मिनट में पहला गोल किया, लेकिन जश्न मनाते समय उनके टखने में चोट लग गई और उन्हें मैदान छोड़ना पड़ा। पोलैंड की तरफ से सर्वाधिक गोल करने का रिकॉर्ड रखने वाले कप्तान लेवांडोव्स्की भी 32 मिनट तक ही मैदान में रहे। उन्हें दाहिने पांव में चोट लगने के कारण मैदान से बाहर जाना पड़ा। लेवांडोव्स्की और स्वाइडरस्की के पास रविवार तक फिट होने का समय है, जब पोलैंड हैम्बर्ग में नीदरलैंड के खिलाफ यूरोपीय चैंपियनशिप में अपने अभियान की शुरुआत करेगा।

### हमें दक्षिण अफ्रीका से मैच जीतना चाहिए था: शांतो



**न्यूयॉर्क।** बांग्लादेश के कप्तान नजमुल हुसैन शांतो ने कहा कि उनकी टीम दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच जीतने के लिए आश्वस्त थी, क्योंकि बल्लेबाज जाकेर अली क्रीज पर थे, हालांकि मैच के आखिरी ओवर में चीजें योजना के अनुसार नहीं हुईं, जब उन्हें 6 गेंदों पर 11 रन चाहिए थे। टी-20 विश्व कप में सोमवार (स्थानीय समयानुसार) को नासाऊ काउंटी इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में खेले गए मैच में दक्षिण अफ्रीका ने बांग्लादेश को अंतिम गेंद पर हराकर सुपर 8 चरण के लिए क्वलीफाई करने की दिशा में एक कदम और आगे बढ़ा दिया। शांतो को लगता है कि उनकी टीम को यह मैच जीतना चाहिए था, लेकिन उन्होंने कहा कि दक्षिण अफ्रीका ने आखिरी कुछ ओवरों में अच्छी गेंदबाजी की।

### मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग यूरो 2024 से बाहर



**रोटरडम।** नीदरलैंड के मिडफील्डर फ्रेंकी डी जोंग टखने की चोट के कारण यूरोपीय फुटबाल चैंपियनशिप में नहीं खेल पाएंगे, जिससे टीम की उम्मीदों को करारा झटका लगा है। नीदरलैंड के फुटबाल महासंघ ने बताया कि बार्सिलोना की तरफ से खेलने वाला यह स्टार फुटबॉलर जर्मनी में होने वाले यूरो 2024 के लिए उपलब्ध नहीं रहेगा। नीदरलैंड की आइसलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच में 4-0 से जीत के दौरान डी जोंग बाहर बैठे रहे। नीदरलैंड के कोच रोनाल्ड कोमैन ने कहा कि वह अगले तीन सप्ताह तक शीर्ष स्तर की फुटबॉल खेलने के लिए पर्याप्त फिट नहीं हैं।

## टी-20 विश्व कप

# बांग्लादेश की हार के बाद तौहीद हृदोय ने की अंपायरिंग की आलोचना

**एजेंसी, न्यूयॉर्क**

बांग्लादेश के बल्लेबाज तौहीद हृदोय ने दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ मैच के दौरान अंपायरिंग के स्तर की आलोचना की और उनका मानना है कि उन्हें सोमवार को न्यूयॉर्क के नासाउ काउंटी अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में इसकी कीमत चुकानी पड़ी।

17वें ओवर में रन चेज के दौरान ओटनील बार्टमैन की एक गेंद महमुदुल्लाह के पैड से टकराई और फाइन लेग की गेंद बाउंड्री लाइन के पार चली गई। दक्षिण



अफ्रीका ने एलबीडब्ल्यू की अपील की और अंपायर ने अपनी उंगली उठा दी। रिव्यू पर, निर्णय पलट दिया गया, लेकिन चूंकि अंपायर ने मैदान पर आउट दे दिया था, इसलिए गेंद को तुरंत डेड मान लिया गया, जिससे बांग्लादेश को चार रन नहीं मिल पाए। अंत में, एशियाई टीम उसी अंतर से हार गई।

# रोहन बोपन्ना, सुमित नागल ने भारत के लिए कोटा हासिल किया

## पेरिस ओलंपिक टेनिस: एटीपी रैंकिंग के अनुसार शीर्ष 56 खिलाड़ियों ने हासिल किया कोटा

**एजेंसी, नई दिल्ली**

टेनिस स्टार रोहन बोपन्ना और सुमित नागल ने क्रमश: युगल और एकल प्रतियोगिता में एसोसिएशन ऑफ टेनिस प्रोफेशनल्स (एटीपी) रैंकिंग के जरिए भारत के लिए पेरिस ओलंपिक 2024 कोटा हासिल कर लिया है।

टेनिस के लिए पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफिकेशन विंडो सोमवार को समाप्त हो गई और दुनिया के चौथे नंबर के खिलाड़ी बोपन्ना ने आराम से अपना कोटा हासिल कर लिया, जो पिछले साल नवंबर से युगल प्रतियोगिता के शीर्ष 10 में शामिल हैं। पिछले



हफ्ते एकल रैंकिंग में 18 स्थानों की छलांग लगाने के बाद नागल ने भी कोटा हासिल किया। ओलंपिक डॉट कॉम के अनुसार, रविवार को जर्मनी के हीलब्रॉन नेकरकप में एटीपी चैलेंजर खिताब जीतने के बाद नागल 95वें स्थान से करियर की सर्वश्रेष्ठ रैंकिंग 77वें स्थान पर पहुंच गए। पेरिस 2024 में पुरुष और महिला एकल स्पर्धा में 64-64 खिलाड़ी भाग लेंगे। 10 जून को जारी एटीपी रैंकिंग के अनुसार पुरुष एकल स्पर्धा के शीर्ष 56 खिलाड़ियों को अपने कोटा मिल गए हैं।

प्रत्येक देश अधिकतम चार कोटा हासिल कर सकता है। फ्रांस के पास मेजबान देश के तौर पर एक कोटा स्थान आरक्षित था, ताकि अगर उनका कोई भी खिलाड़ी रैंकिंग के जरिए ओलंपिक में सीधे स्थान हासिल न कर पाए तो उसे यह स्थान मिल सके, लेकिन चूंकि फ्रांस ने अपनी रैंकिंग के जरिए सभी चार पुरुष एकल कोटा हासिल कर लिए थे।

# नेपाल को हराने उतरेगा श्रीलंका

**लॉडरहिल।** दक्षिण अफ्रीका और बांग्लादेश के खिलाफ शिकस्त के बाद अंक तालिका में खाता खुलने का इंतजार कर रहा पूर्व चैंपियन श्रीलंका आईसीसी टी20 विश्व कप के ग्रुप डी के करो या मरो के मुकाबले में नेपाल को हराकर अपना अभियान पटरी पर लाने की कोशिश करेगा। नेपाल को अपने एकमात्र मैच में नीदरलैंड के खिलाफ छह विकेट से हार का सामना करना पड़ा है। बांग्लादेश को पिछले मैच में हराकर दक्षिण अफ्रीका की टीम पहले ही सुपर आठ में जगह बना चुकी है। वानिंदु हसरंगा की अगुवाई वाली टीम की जीत दूसरे स्थान की दौड़ को और भी रोमांचक कर देगी, क्योंकि बांग्लादेश, नीदरलैंड और नेपाल की दावेदारी भी बरकरार है।

# सात्विक-चिराग ने नंबर वन रैंकिंग गंवाई, तीसरे स्थान पर खिसके

**एजेंसी, नई दिल्ली**

पिछले हफ्ते इंडोनेशिया ओपन में खिताब की रक्षा के अपने अभियान से हटने वाली सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारत की शीर्ष पुरुष युगल जोड़ी मंगलवार को जारी बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) की नवीनतम रैंकिंग में दो स्थान के नुकसान से तीसरे स्थान पर खिसक गई।

चीन के लियांग वेई केंग और वैंग चैंग नई पुरुष युगल नंबर एक जोड़ी है। उनके बाद डेनमार्क के किम एस्ट्रूप और एंडर्स स्कारूप रासमुसेन का नंबर आता है, जिन्होंने दो स्थान की छलांग लगाई है। सात्विक और चिराग की जोड़ी ने मई में थाइलैंड ओपन जीतकर नंबर एक रैंकिंग हासिल की, लेकिन पिछले महीने सिंगापुर ओपन में पहले दौर से बाहर हो गई। भारतीय जोड़ी ने मौजूदा ऑस्ट्रेलियाई ओपन से भी नाम वापस ले लिया है। पुरुष एकल में एचएस प्रणय और लक्ष्य सेन क्रमश: 10वें और 14वें स्थान पर बने हुए हैं।

किदांबी श्रीकांत चार स्थान गिरकर 32वें स्थान पर खिसक गए हैं जबकि प्रियांशु राजावत (34वें स्थान पर) और किरण जॉर्ज (एक स्थान के फायदे से 35वें स्थान पर) अगले सर्वश्रेष्ठ भारतीय हैं। दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू महिला एकल रैंकिंग में 10वें स्थान पर बनी हुई हैं।

# न्यूजीलैंड क्रिकेट की केंद्रीय अनुबंध सूची में लॉरेन डाउन की वापसी

**एजेंसी, वेलिंगटन**

बल्लेबाज लॉरेन डाउन न्यूजीलैंड क्रिकेट की अनुबंधित महिला खिलाड़ियों की सूची में वापसी करने के लिए तैयार हैं। वह 2024-25 के लिए केंद्रीय अनुबंध की पेशकश करने वाली 17 खिलाड़ियों में से एक हैं।

डाउन ने पिछले सीजन में मातृत्व अवकाश के दौरान अनुबंध की पेशकश को अस्वीकार कर दिया था, लेकिन इस महीने के अंत में इंग्लैंड दौरे के लिए वनडे टीम में उनका नाम शामिल किया गया। डाउन, जिन्होंने 28 एकदिवसीय और 13 टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच खेले हैं, ने आखिरी बार दिसंबर 2022 में बांग्लादेश के खिलाफ एकदिवसीय



मैच में न्यूजीलैंड का प्रतिनिधित्व किया था। 2024-25 अनुबंध अवधि एक अगस्त से शुरू होगी, जिसमें खिलाड़ियों के पास प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए 17 जून तक का समय होगा। अनुबंध सूची में विकेटकीपर-बल्लेबाज पॉली इंगलिस का भी नाम है, जिन्हें पहली बार प्रस्ताव मिला है। इंगलिस ने मार्च में घरेलू मैदान पर इंग्लैंड ए के खिलाफ तीन एक दिवसीय मैचों में न्यूजीलैंड ए के लिए 103 रन बनाए।

# ओलंपिक के लिए राइफल और पिस्टल टीम घोषित, दो स्पर्धाओं में भाग लेगी मनु भाकर

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारतीय निशानेबाजी महासंघ ने पेरिस ओलंपिक के लिए मंगलवार को 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा की, जिसमें स्टार पिस्टल निशानेबाज मनु भाकर अकेली ऐसी खिलाड़ी हैं, जो दो स्पर्धाओं में भाग लेंगी।

टीम का चयन वर्चुअल बैठक में किया गया। टीम में आठ राइफल और सात पिस्टल निशानेबाज शामिल हैं। चयन समिति ने ट्रायल्स के परिणामों को प्राथमिकता देने का फैसला किया, जिससे विश्व चैंपियन रुद्राक्ष पाटिल जैसे निशानेबाजों के लिए दरवाजे बंद हो गए।

पाटिल अपनी पसंदीदा 10 मीटर एयर राइफल में अच्छा प्रदर्शन नहीं कर पाए थे, लेकिन इसके बावजूद वह ओलंपिक टीम में शामिल करने की गुहार लगा रहे थे, क्योंकि उन्होंने कोटा हासिल किया था। निशानेबाजी में कोई व्यक्तिगत खिलाड़ी नहीं, बल्कि देश को कोटा दिया जाता है। टीम के सभी सदस्य, कोच और सहयोगी स्टाफ अभी फ्रांस के वोल्मेरेंज लेस माइंस में शिविर में भाग ले रहे हैं।

इसका उद्देश्य परिस्थितियों से सामंजस्य बिठाना है। ओलंपिक में जाने से पहले सभी खिलाड़ी दो सप्ताह के लिए स्वदेश लौटेंगे।

**इस प्रकार है निशानेबाजी टीम**

**राइफल:** संदीप सिंह, अर्जुन बबूता (10 मीटर एयर राइफल पुरुष), एलावेनिल वलारिवन, रमिता (10 मीटर एयर राइफल महिला), सिफ्ट कौर समरा, अंजुम मौदगिल (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन महिला), ऐश्वर्य तोमर, स्वप्निल कुसाले (50 मीटर राइफल 3 पोजिशन पुरुष)

**पिस्टल:** सरबजोत सिंह, अर्जुन चीमा (10 मीटर एयर पिस्टल पुरुष), मनु भाकर, रिदम सांगवान (10 मीटर एयर पिस्टल महिला), अनीश भानवाल विजयवीर सिद्धू (25 मीटर आरएफपी पुरुष), मनु भाकर, ईशा सिंह (25 मीटर पिस्टल महिला)।

भारतीय निशानेबाजों ने इस बार संभावित 24 में से 21 कोटा स्थान हासिल किए हैं। राइफल और पिस्टल में उसने सभी आठ-आठ कोटा स्थान हासिल किए हैं। भारत ने इससे पहले कभी इतनी अधिक कोटा स्थान हासिल नहीं किए थे। तोक्यो ओलंपिक के लिए भारत ने 15 कोटा स्थान हासिल किए थे। पेरिस ओलंपिक के लिए भारत की राइफल और पिस्टल



पेरिस ओलंपिक के लिए 15 सदस्यीय राइफल और पिस्टल टीम की घोषणा हो गई है। टीम के खिलाड़ी सामूहिक चित्र में।

# एमएमए से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनेंगे संग्राम सिंह

**एजेंसी, मुंबई**

राष्ट्रमंडल खेलों के पूर्व चैंपियन संग्राम सिंह मिक्स्ड मार्शल आर्ट्स (एमएमए) से जुड़ने वाले पहले भारतीय पुरुष पहलवान बनने के लिए तैयार हैं।

संग्राम महिला पहलवान पूजा तोमर के बाद एमएमए फाइटर के रूप में प्रतिस्पर्धा करने वाले दूसरे भारतीय पहलवान बनेंगे। मंगलवार को यहां जारी विज्ञप्ति में यह जानकारी दी गई है। विज्ञप्ति के अनुसार संग्राम ने कहा कि कुश्ती ने मुझे बहुत कुछ दिया है, जिसमें मेरे देश के लोगों का प्यार भी शामिल है और मुझे पूरा विश्वास है कि आगे भी मुझे उनका समर्थन मिलता रहेगा। उन्होंने कहा कि एमएमए खेल का भविष्य है और पिछले कुछ वर्षों में इसकी बढ़ती लोकप्रियता पूरी कहानी बयां करती है।

भारत में इसको देखने वाले लोगों की संख्या बहुत अधिक है और मुझे उम्मीद है कि इस खेल के प्रशंसक मेरा समर्थन करेंगे।

**स्पर्धा** | ऊना के इंदिरा स्टेडियम में महिला सीनियर वन-डे प्रतियोगिता का आयोजन

# ऊना ने सिरमौर को 9 विकेट से दी शिकस्त

**अनंत ज्ञान, ऊना**

महिला सीनियर वन-डे प्रतियोगिता के तहत सिरमौर का मुकाबला ऊना के साथ ऊना के इंदिरा स्टेडियम में मंगलवार को खेला गया। सिरमौर की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 47 ओवर में 10 विकेट खोकर 144 रन बनाए।

भानु शर्मा ने 18 रन बनाए, कनिष्का ने 22 रन बनाए, अनीशा अंसारी ने अर्धशतक लगाया और टीम के लिए 52 रन का योगदान दिया, अपनी पारी में सात चौके लगाए। ज्योतिका शर्मा ने 15 रन बनाए। ऊना के गेंदबाज कृतिका कुमारी ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। स्नेहा ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया और कृतिका ने तीन खिलाड़ियों को आउट किया। अंशिता ने एक खिलाड़ी को आउट किया, ऊना की टीम ने अपना लक्ष्य 30.5 ओवर में एक विकेट खोकर आसानी से प्राप्त कर लिया। आशिमा शर्मा ने 36 रन बनाए।



ऊना महिला सीनियर क्रिकेट टीम सामूहिक चित्र में।

आशिमा शर्मा ने अपनी पारी में 6 चौके लगाए। आर्य अग्निहोत्री ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए टीम के लिए 85 रन नाबाद बनाए। आर्य अग्निहोत्री ने अपनी पारी में 15 चौके लगाए, कृतिका ने नाबाद 6 रन बनाए।

वंशिका चौहान ने एक विकेट प्राप्त किया। ऊना ने सिरमौर को 9 विकेट से हराकर अगले दौर में प्रवेश किया। खेल प्रेमियों रमन सैनी, अनुराग दयाल, पंकज पीटर, नवीन शर्मा, सुनील शर्मा, विनय कुमार मंदली खिलाड़ियों और टीम के कोच असीम कुमार को अगले दौर में प्रवेश करने के लिए बधाई दी है।

### चेन्नईयिन एफसी ने विल्मार जॉर्डन गिल से किया करार



**चेन्नइ।** चेन्नईयिन एफसी ने 2024-25 सीज़न से पहले मंगलवार को कोलंबियाई स्ट्राइकर विल्मर जॉर्डन गिल के साथ करार किया है। विल्मर ने 2022 में नॉर्थईस्ट यूनाइटेड एफसी के साथ आईएसएल में पदार्पण किया। इसके बाद उन्होंने अगले सीजन में आईएसएल में पदार्पण करने वाले पंजाब एफसी के साथ अपना शानदार सफर जारी रखा, जिसमें उन्होंने 15 मैचों में आठ गोल किए।

## न्यूज ब्रीफ

### पीएम मोदी बोले-नियमित करें योगाभ्यास

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने लोगों से नियमित योगाभ्यास करने का आह्वान किया है। उन्होंने एक्स हैंडल पोस्ट में आज योग के महत्व पर चर्चा की है। उल्लेखनीय है कि 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मनाया जाता है और इसके सूत्रधार खुद मोदी हैं। उन्होंने लिखा है कि जैसे-जैसे योग दिवस नजदीक आ रहा है, मैं वीडियो का एक सेट साझा कर रहा हूं जो विभिन्न आसन और उनके लाभों पर मार्गदर्शन प्रदान करेगा। मुझे आशा है कि यह आप सभी को नियमित रूप से योगाभ्यास करने के लिए प्रेरित करेगा। उन्होंने लिखा है कि योग को अपने जीवन का अभिन्न अंग बनाने की अपनी प्रतिबद्धता को दोहराना और दूसरों को भी इसे अपने जीवन का हिस्सा बनाने के लिए प्रोत्साहित करना आवश्यक है। योग जीवन की चुनौतियों का सामना करने में सक्षम बनाता है।

### भाजपा ने पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' को किया नमन

**नई दिल्ली।** भाजपा ने मंगलवार सुबह भारतीय स्वाधीनता संग्राम के महान योद्धा पंडित राम प्रसाद 'बिस्मिल' की जयंती पर उनका पुण्य स्मरण किया है। भाजपा ने एक्स हैंडल पोस्ट में भारत माता के सपूत के नमन किया है। भाजपा ने लिखा है कि देश की स्वतंत्रता के लिए अपने प्राणों का बलिदान देने वाले महान क्रांतिकारी पं. राम प्रसाद बिस्मिल जी की जयंती पर शत-शत नमन। उल्लेखनीय है कि बिस्मिल का जन्म 11 जून, 1897 को उत्तर प्रदेश के शाहजहांपुर जिले में हुआ था।



### मोदी मंत्रिमंडल गठन पर कांग्रेस की कड़ी प्रतिक्रिया

**सहरसा।** अखिल भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के सदस्य और लोकसभा चुनाव में कांग्रेस के स्टार प्रचारक रहे डॉ. तारानंद सादा ने केंद्रीय मंत्रिमंडल के गठन पर कड़ी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। उन्होंने कहा कि यह अडानी, अंबानी, पूंजीपतियों, अमित शाह और प्रधानमंत्री मोदी के एजेंडे वाला मंत्रिमंडल है, जो देश का कण-कण बेच देगा। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने तो अपना डीएनए देकर और प्रधानमंत्री के पैर छूकर रेलवे, वित्त, रक्षा, गृहमंत्री की दावेदारी रखने वाले अपने सांसदों को दमदार मंत्रालय नहीं दिलवा पाए। इससे लगता है कि गृहमंत्री अमित शाह के पास मुख्यमंत्री नितिश कुमार का काला चिट्ठा और जन्म कुंडली हाथ लग गई है, जो कभी भी गृहमंत्री ब्लैक मेल या ईडी का इस्तेमाल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी ने घटक दलों को बड़ी शालीनता से मिलाकर संसदीय दल का नेता बन गए हैं, लेकिन इनकी सरकार लंबी चलने वाली नहीं है।



डॉ. तारानंद सादा

### पाक सुरक्षा बलों ने 85 अफगानियों को किया गिरफ्तार

**क्वेटा।** सुरक्षा बलों ने अवैध रूप से पाकिस्तान में प्रवेश करने के आरोप में सीमावर्ती चगाई जिले में 85 अफगान नागरिकों को गिरफ्तार किया। पाकिस्तान के समाचार पत्र डान में अधिकारियों के हवाले से छपी रिपोर्ट में कहा गया है कि इन नागरिकों के पास कोई यात्रा दस्तावेज नहीं थे। इनको बिना कानूनी यात्रा दस्तावेजों के पाकिस्तान की सीमा के अंदर दबोचा गया। रिपोर्ट के अनुसार यह सभी अफगान नागरिक यहां से ईरान में प्रवेश करने की जुगत में थे। एक वरिष्ठ सुरक्षा अधिकारी ने कहा कि अफगान नागरिकों को गिरफ्तार कर लिया गया और आगे की जांच के लिए उन्हें लेवी बल को सौंप दिया गया है। लेवी अधिकारियों ने कहा कि कानूनी औपचारिकता और प्रक्रिया पूरी करने के बाद अफगान नागरिकों को पाकिस्तान-अफगान सीमा पर बाराचा क्रॉसिंग गेट के माध्यम से निर्वासित किया जाएगा।



### मोहन भागवत के बयान ने बढ़ाई सियासी हलचल

**नई दिल्ली।** राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ प्रमुख मोहन भागवत की मणिपुर में शांति बहाली नहीं होने पर चिंता व्यक्त किए जाने संबंधी बयान पर सियासी हलचल बढ़ गई है। राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत का बयान सामने आया है। गौर करने वाली बात यह है कि उन्होंने यह बयान ऐसे वक्त में दिया है, जब नरेंद्र मोदी ने तीसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ ली है और मंत्रालय का भी बंटवारा हो चुका है। ऐसे में उनके द्वारा दिए गए बयान की टाइमिंग ने सियासी हलचल तेज कर दी है। इसके अलावा, उन्होंने अपने बयान में जिन विषयों का चयन किया है, वे भी बड़े पैमाने पर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहे हैं।



### इसराइल ने नई आयरन डोम बटालियन का किया गठन

**यरुशेलम।** इसराइली सेना ने कहा है कि लेबनान से बढ़ते ड्रोन हमलों से निपटने के लिए उसने एक नई बटालियन की स्थापना की है, जो पूरे तरह से देश की आयरन डोम हवाई रक्षा प्रणाली के संचालन पर केंद्रित है। इसराइल डिफेंस फोर्सेज (आईडीएफ) ने सोमवार को एक बयान में कहा कि बटालियन की स्थापना से आयरन डोम बैटरियों की तैनाती बढ़ेगी और इसराइल की हवाई रक्षा बेहतर होगी। सेना ने कहा कि एरियल डिफेंस से ऐसे '24 घंटे हाई-अलर्ट' पर है। रॉकेट, जमीन से जमीन पर मार करने वाली मिसाइलों और क्रूज मिसाइलों जैसे हवाई खतरों का मुकाबला करने के लिए पूरे इसराइल में इनकी (आयरन डोम की) तैनाती की गई है।



### गोलीबारी में चार फिलिस्तीनियों की मौत

**गाजा।** फिलिस्तीनी स्वास्थ्य मंत्रालय ने कहा है कि पश्चिमी तट के शहर रामल्लाह के कफ्र निमाह गांव में इसराइली सेना की गोलीबारी में चार फिलिस्तीनी मारे गए हैं। फिलिस्तीनी आधिकारिक समाचार एजेंसी के अनुसार, सोमवार को एक इसराइली विशेष बल ने गांव के पास एक वाहन पर गोलीबारी की और फिर गांव में घुसने के लिए आगे बढ़े, जिसके बाद वहां टकराव शुरू हो गया। आधिकारिक फिलिस्तीनी आंकड़ों के हवाले से बताया कि अक्टूबर 2023 से लेकर अब तक पश्चिमी तट और पूर्वी यरुशलम में इसराइली सेना द्वारा 530 से अधिक फिलिस्तीनियों की हत्या की गई है। हमास ने पिछले साल 7 अक्टूबर को इसराइल पर अचानक हमला कर दिया था। इस हमले में 1,200 लोग मारे गए थे और 200 से ज्यादा को बंधक बना लिया गया था। उसके बाद से इजराइल ने गाजा पट्टी पर बड़े पैमाने पर जवाबी हमला किया है जो अब भी जारी है।

### हिजबुल्ला ने लेबनान में इसराइली ड्रोन को मार गिराया

**राफा।** हिजबुल्ला ने दावा किया है कि उसने दक्षिणी लेबनान में एक इसराइली ड्रोन को मार गिराया है। रिपोर्ट के अनुसार, हिजबुल्ला ने सोमवार को एक बयान में कहा कि उसके लड़ाकों ने मिसाइलों से लैस हर्मीस 900 ड्रोन पर घात लगाकर हमला किया और ड्रोन द्वारा हमला करने से पहले उसे निशाना बनाया। लेबनान के एक सैन्य सूत्र ने बताया कि दक्षिणी लेबनान से दागी गई जमीन से हवा में मार करने वाली मिसाइल ने एक इसराइली ड्रोन को गिरा दिया। दक्षिणी लेबनान स्थित जेज़ीन जिले में अल-रेहान पर्वत के आसपास के क्षेत्र में ड्रोन के गिरने से पहले उसमें आग लग गई।



### बिना वीजा के भारत में घुसे चीनी नागरिक की मौत

**मुजफ्फरपुर।** भारत में अवैध रूप से प्रवेश करने के आरोपी एक चीनी व्यक्ति की मंगलवार को बिहार के मुजफ्फरपुर जिले की एक जेल में कथित तौर पर आत्महत्या का प्रयास करने के बाद मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। चीन के शांदोंग प्रांत के रहने वाले ली जियाकी को छह जून को ब्रह्मपुरा थाना क्षेत्र के लक्ष्मी चौक के पास से गिरफ्तार किया गया था। उसके पास से चीन का नक्शा, एक मोबाइल फोन और चीन, नेपाल तथा भारत की मुद्राएं बरामद की गई थीं। अधिकारियों ने बताया कि विदेशी अधिनियम, 1946 के तहत मामला दर्ज किया गया और बाद में ली जियाकी को जेल भेज दिया गया था। उसे अमर शहीद खुदीराम बोस केंद्रीय कारागार में रखा गया। अस्पताल की ओर से जारी बयान में कहा गया, 'सात जून को चीनी नागरिक ली जियाकी जेल के अस्पताल के शौचालय में घायल और बेहोश पाया गया था। उसने टूटे हुए चश्मे से अपने शरीर के महत्वपूर्ण अंगों को काटने की कोशिश की थी।'

## कन्नड़ अभिनेता दर्शन मर्डर केस में गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** कन्नड़ फिल्म के जाने-माने अभिनेता दर्शन को मर्डर केस के मामले में कर्नाटक पुलिस ने एक व्यक्ति की हत्या के मामले में मंगलवार को मैसूरु स्थित उनके फार्म हाउस से 10 साथियों सहित गिरफ्तार किया है, जिसके बाद लगातार सभी लोगों से पूछताछ की जा रही है। इस खबर से सोशल मीडिया पर तहलका मचा दिया है और लोग मामले से जुड़ी पूरी जानकारी जानने के लिए बेताब हैं।



बेंगलुरु पुलिस आयुक्त बी. दयानंद ने एक्टर की गिरफ्तारी और इस केस को लेकर हत्या के मामले में अभिनेता को हिरासत में लिया गया है। उनसे पूछताछ की जा रही है। दरअसल 9 जून को एक अज्ञात शव मिलने के बाद इस हत्या का खुलासा हुआ। कामाक्षीपाल्या पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू की सीसीटीवी फुटेज और तकनीकी जांच से मृतक की पहचान चित्रदुर्ग के लक्ष्मी वेंकटेश्वर लेआउट में रहने वाले रेनुका स्वामी के रूप में की गई। पुलिस आयुक्त ने बताया कि मामले से जुड़ी जांच के आधार पर एक्टर को हिरासत में लिया गया है। मामले की गहन जांच शुरू कर दी गई है।

# सरपट दौड़ी 'मोदी एक्सप्रेस'

## शाह, नड्डा, मनोहर लाल समेत कई मंत्रियों ने संभाला कार्यभार

**एजेंसी, नई दिल्ली**

'मोदी एक्सप्रेस' मंगलवार से सरपट दौड़ पड़ी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तीसरी मंत्री परिषद में शामिल किए गए मंत्रियों में अमित शाह, जगत प्रकाश नड्डा, मनोहर लाल, अर्जुन राम मेघवाल, ज्योतिरादित्य सिंधिया, शिवराज सिंह चौहान, गिरिराज सिंह और अश्विनी वैष्णव, किरन रिजिजू और सर्बानंद सोनोवाल समेत विभिन्न मंत्रियों ने अपने-अपने कार्यभार संभाल लिए हैं।



कई मंत्रियों ने कार्यभार संभालने के बाद अपने विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठकें कीं। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने प्रधानमंत्री की सिफारिश पर सोमवार को नई सरकार के मंत्रियों के विभागों की अधिसूचना जारी की। रविवार को प्रधानमंत्री, उनकी सरकार के 30 नए कैबिनेट मंत्रियों, पांच राज्य मंत्रियों (स्वतंत्र प्रभार) और 36 राज्य मंत्रियों को शपथ दिलाई गई थी।

शाह ने लगातार दूसरी बार केंद्रीय गृह मंत्री का कार्यभार संभाला है। शाह गृह मंत्रालय के नार्थ ब्लॉक स्थित कार्यालय में कार्यभार संभालने से पहले सुबह साढ़े दस बजे यहां चाणक्यपुरी स्थित राष्ट्रीय पुलिस स्मारक गए। उन्होंने वहां शहीद पुलिसकर्मियों को श्रद्धांजलि अर्पित की। उनके साथ गृह राज्यमंत्री नित्यानंद राय और गृह सचिव अजय कुमार भल्ला भी थे। नड्डा को स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय के साथ रसायन एवं उर्वरक मंत्रालय का कार्यभार भी संभाला। संसदीय कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने कार्यभार संभालने के बाद कहा कि देशवासियों ने चुनाव के माध्यम से सत्ता पक्ष तथा विपक्ष की भूमिका तय कर दी है।

सोनोवाल को पुन: बंदरगाह, जहाजरानी और जलमार्ग मंत्रालय विभाग दिया गया है। उन्होंने मंत्रालय का कार्यभार संभाला और अधिकारियों और कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा जनता की सेवा की सोच के साथ मंत्रालय के लक्ष्य एवं उद्देश्यों को पूरा करने के प्रति टीम भावना से काम करने पर बल दिया। शिवराज सिंह चौहान ने कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय तथा ग्रामीण विकास मंत्रालय, अर्जुन राम मेघवाल ने कानून मंत्री (स्वतंत्र प्रभाव) एवं संसदीय कार्य राज्यमंत्री, माधवराव सिंधिया ने दूरसंचार मंत्री, अश्विन वैष्णव ने रेल और सूचना प्रसारण मंत्री, मनोहर लाल ने शहरी विकास एवं बिजली मंत्री, प्रताप राव गणपत राव जाधव और श्रीमती अनुप्रिया पटेल ने स्वास्थ्य मंत्रालय में राज्य मंत्री तथा एल मुरुगन ने संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री का पदभार संभाला। कैबिनेट मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने संस्कृति मंत्रालय का कार्यभार संभालने के बाद अधिकारियों को संबोधित किया। श्रम एवं रोजगार मंत्रालय के कैबिनेट मंत्री बनाए गए डॉ. मनसुख मंडाविया और इसी मंत्रालय में राज्य मंत्री शोभा करांदलाजे ने भी कार्य भार सभाल लिया है। गिरिराज सिंह ने कपड़ा मंत्रालय की जिम्मेदारी संभाली है। कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने भी अपने कार्यालय में जाकर कार्यभार ग्रहण किया और कुछ पत्रावलियों पर हस्ताक्षर किए।

## मोदी सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना जारी रखेगी : यादव

**नई दिल्ली।** मोदी सरकार विकास और पर्यावरण संरक्षण के बीच संतुलन बनाना जारी रखेगी। यह बात भूपेंद्र यादव ने मंगलवार को केंद्रीय पर्यावरण मंत्री का पदभार संभालने के बाद कही। उन्होंने कहा कि भारत ने 2028 में अंतरराष्ट्रीय जलवायु वार्ता (सीओपी-33) की मेजबानी करने का प्रस्ताव रखा है। अगर इसे स्वीकार कर लिया जाता है तो यह पिछले साल जी-20 शिखर सम्मेलन के बाद भारत में होने वाला अगला बड़ा वैश्विक सम्मेलन होगा।



मोदी सरकार की प्रमुख उपलब्धियों को सूचीबद्ध करते हुए उन्होंने कहा कि भारत ने अपने राष्ट्रीय स्तर पर निर्धारित योगदान (एनडीसी)-पेरिस समझौते के लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए राष्ट्रीय जलवायु योजना के तहत तय किए गए मात्रात्मक और गुणात्मक लक्ष्यों को निर्धारित समय से 9 साल पहले पूरा कर लिया है।' यादव ने संवाददाताओं से कहा कि उत्सर्जन में कमी और नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में हमारी उपलब्धियां पिछले एक दशक में मोदी सरकार की महत्वपूर्ण उपलब्धियां हैं।'

## 77 साल के हुए लालू-राबड़ी ने 77 पाउंड का केक काटा

**एजेंसी, पटना**

राजद सुप्रीमो लालू प्रसाद यादव ने 77वां जन्मदिन परिवार और पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ मंगलवार को राबड़ी आवास में मनाया। लालू ने सभी के साथ 77 पाउंड का केक काटा। लालू मंगलवार सुबह केक लेकर राबड़ी आवास पहुंचे, जहां उन्होंने पत्नी राबड़ी देवी और रोहिणी आचार्य समेत पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं के साथ केक काटा और कार्यकर्ताओं को अपने हाथ से केक खिलाया। एक कार्यकर्ता तो 77 किलो का लड्डू लेकर राबड़ी आवास पहुंच गया, जो चर्चा का विषय बन गया।



## दमन व प्रतिशोध की राजनीति नहीं चलेगी : सचिन पायलट

**जयपुर।** कांग्रेस नेता सचिन पायलट ने मंगलवार को कहा कि आम चुनाव के जरिए देश की जनता ने संदेश दिया है कि दमन, प्रतिशोध व भेदभाव की राजनीति नहीं चलेगी। पायलट ने कहा कि आम चुनाव के परिणाम से खंडित जनादेश आया है। वे दौसा में मीडिया से बात कर रहे थे। लोकसभा चुनाव के परिणामों के बारे में उन्होंने कहा, ''राजस्थान में जो परिणाम आए हैं उसके लिए मैं प्रदेश की जनता को बहुत-बहुत धन्यवाद देना चाहता हूं। ये अप्रत्याशित रहे। हमने भारतीय जनता पार्टी को 11 सीटों पर पराजित किया है, जो सरकार डबल इंजन की थी। चाहे वह उत्तर प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान की हो, यहां पर जनता, किसानों और नौजवानों ने एक स्पष्ट संदेश दिया है।'' उन्होंने कहा कि केंद्र में गठजोड़ की सरकार बनी है। उन्होंने कहा, ''जो राजनीतिक संदेश इन चुनावों के परिणाम से आया है, वह यह है कि दमन की, प्रतिशोध की, आक्रमण की, भेदभाव की राजनीति नहीं चलेगी। संसद में जिस प्रकार 147 सांसदों को एक दिन में निलंबित कर दिया था, मैं समझता हूं कि इस प्रकार की कार्रवाई को लोगों ने पसंद नहीं किया।''



## कोलकाता के रेस्तरां में लगी भीषण आग, कोई हताहत नहीं

**एजेंसी, कोलकाता**

मध्य कोलकाता के पार्क स्ट्रीट क्षेत्र में मंगलवार को एक रेस्तरां में भीषण आग लग गई जिसके बाद स्थानीय लोगों में दहशत फैल गई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि घटना में अब तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। अधिकारी ने बताया कि सुबह करीब 10.50 बजे आग लगी जिस पर काबू पाने के लिए कम से कम 9 दमकल वाहनों को लगाया गया। उन्होंने बताया कि आपदा प्रबंधन टीम को भी मौके पर तैनात किया गया है। पार्क स्ट्रीट पर एक बहुमंजिला भवन से सटे रेस्तरां में आग लगी। आस-पास स्थित आवासीय इमारतों और कार्यालयों से लोग डर के कारण सड़कों पर निकल आए। अधिकारी ने बताया कि अग्निशमन कर्मियों ने आग पर काबू पा लिया है और अब भी टीम कार्य कर रही है।



## ब्रैंपटन में हुई परेड की भारत ने की निंदा

**ओटावा।** भारत की पूर्व भारतीय प्रधान मंत्री इंदिरा गांधी की हत्या का महिमामंडन करने की कोशिश कनाडा में की गई है। कनाडा के ब्रैंपटन में एक झांकी निकाली गई, जिसमें इंदिरा गांधी के पुतले को उनके सिख अंगरक्षक गोली मारते हुए दिखाए गए हैं। इस झांकी की तस्वीरें और वीडियो सामने आने के बाद भारत ने सख्त रुख अपनाते हुए कार्रवाई की मांग की है। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त कैमरन मैके ने भी इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य कहा है। उन्होंने कहा कि मैं इन गतिविधियों की स्पष्ट रूप से निंदा करता हूं। भारत में कनाडा के उच्चायुक्त ने कनाडाई शहर ब्रैम्पटन में हुई इस परेड में हुई घटना की निंदा करते हुए कहा कि मैं उस कार्यक्रम की रिपोर्टों से स्तब्ध हूं।

## पर्याप्त मात्रा में बनाए रखें विद्युत और जलापूर्ति : राधा रतूड़ी



**जगदीश शर्मा, चंडीगढ़**

उत्तराखंड की मुख्य सचिव राधा रतूड़ी ने निवेश प्रस्तावों की ग्राउंडिंग के साथ ही राज्य में लगने वाले नए उद्यमों के लिए पर्याप्त मात्रा में विद्युत आपूर्ति तथा जलापूर्ति की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

उन्होंने अधिकारियों को समयबद्धता व लक्ष्य आधारित कार्यशैली अपनाते हुए सभी निवेश प्रस्तावों की ग्राउंडिंग को जल्द पूरा करने के लिए कहा है। उन्होंने सचिवालय में हुई बैठक में उत्तराखंड ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट 2023 में किए गए निवेश प्रस्तावों की ग्राउंडिंग, आवास, पर्यटन तथा ऊर्जा विभाग के तहत किए गए एमओयू की समीक्षा की। बैठक में सचिव आर. मीनाक्षी सुंदरम, विनय शंकर पांडेय, विनोद कुमार सुमन सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## बीजिंग से खाली हाथ लौटे शहबाज शरीफ

**इस्लामाबाद।** आर्थिक संकट का सामना कर रहे पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पिछले सप्ताह बड़े जोर-शोर के साथ चीन की यात्रा पर पहुंचे थे। शहबाज शरीफ ने पाकिस्तान की मीडिया में यात्रा को लेकर खूब ढिंढोरा पीटा गया। इसमें पाकिस्तान और चीन के बीच बड़े आर्थिक सौदों की उम्मीद लगाई गई, लेकिन अब पता चला है कि चीन ने पाकिस्तानी प्रधानमंत्री को खाली हाथ वापस भेज दिया है। बीजिंग में शहबाज शरीफ की राष्ट्रपति शी जिनपिंग और अपने चीनी समकक्ष ली कियांग समेत अन्य प्रमुख अधिकारियों से चर्चा हुई, लेकिन हर जगह जुबानी वादों के सिवा कोई ठोस प्रगति नहीं हुई।

## 3 बार से लोकसभा सांसद डी पूरनदेश्वरी को मिल सकता है लोकसभा का अध्यक्ष पद

**एजेंसी, नई दिल्ली**

आंध्र प्रदेश बीजेपी प्रदेश अध्यक्ष और 3 बार से लोकसभा सांसद डी. पूरनदेश्वरी को लोकसभा का अध्यक्ष पद मिल सकता है, सूत्रों के हवाले से यह खबर आ रही है कि मंत्रिमंडल की स्थापना के बाद लोकसभा अध्यक्ष का नाम एनडीए सरकार को तय करना है।



डी. पूरनदेश्वरी तेलुगू देशम पार्टी टीडीपी अध्यक्ष चंद्रबाबू नायडू की रिश्तेदार भी हैं। मोदी मंत्रिमंडल के शपथ ग्रहण समारोह से पहले ये खबरें भी सुनने को मिली थीं कि लोकसभा स्पीकर का पद टीडीपी ने मांगा है। ऐसे में हो सकता है कि डी. पूरनदेश्वरी के नाम पर दोनों पार्टियों में सहमति बन गई हो। हालांकि मोदी के दूसरे कार्यकाल में स्पीकर रहे कोटा सांसद ओम बिड़ला फिर दावेदारी में आगे हैं। उनके कैबिनेट मंत्री न बनने से अटकलें और जोर पकड़ चुकी हैं। इसी बीच भाजपा की आंध्र प्रदेश अध्यक्ष डी. पूरंदेश्वरी का नाम भी उछला है। पुरनदेश्वरी चंद्रबाबू नायडू की पत्नी नारा भुवनेश्वरी की बहन हैं। उन्होंने नायडू का उस वक्त समर्थन किया था, जब उनकी अपने ससुर एनटी रामाराव का तख्ता पलट करने पर आलोचना हो रही थी।

## अब मिसाइल और ड्रोन भी बनाएंगे गौतम अडानी

**एजेंसी, नई दिल्ली**

भारत और एशिया के दूसरे सबसे बड़े रईस गौतम अडानी अब मिसाइल और ड्रोन के साथ-साथ सेना के लिए दूसरे तरह के हथियार भी बनाएंगे।

अडानी ग्रुप की कंपनी अडानी डिफेंस एंड एयरोस्पेस ने यूएई की कंपनी इडीजीई ग्रुप के साथ हाथ मिलाया है। दोनों कंपनियां मिसाइल और ड्रोन के साथ-साथ दूसरे तरह के आधुनिक हथियार बनाएंगी। साथ ही इलेक्ट्रॉनिक और साइबर युद्ध में काम आने वाली टेक्नोलॉजी के विकास में भी एक-दूसरे को सहयोग करेंगी। एग्रीमेंट के मुताबिक भारत और यूएई में रिसर्च एंड डेवलपमेंट फैसिलिटीज स्थापित करने और एक्सपोर्ट की संभावनाओं का पता लगाया जाएगा।

साल 2019 में स्थापित इडीजीई ग्रुप दुनिया का जाना-माना एडवांस्ड टेक्नोलॉजी ग्रुप है। दोनों कंपनियों ने एक बयान में इस समझौते के बारे में जानकारी दी।

## पाकिस्तान के राम मंदिर में घुसकर की तोड़फोड़, उपद्रवी उठा ले गए मूर्तियां

**एजेंसी, इस्लामाबाद**

पाकिस्तान में हिंदुओं के खिलाफ उत्पीड़न की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही हैं। देश के अलग-अलग हिस्सों में हिंदू मंदिरों में तोड़फोड़ की घटनाएं सामने आई हैं।

ऐसी ही एक घटना अब सिंध प्रांत में हुई है, जहां भगवान राम के मंदिर में घुसकर मूर्तियों को हटा दिया गया। सिंध प्रांत के टांडो आदम में हिंदुओं की आबादी रहती है। शहर के कच्ची कॉलोनी इलाके में एक राम मंदिर मौजूद है। इस मंदिर के अंदर कुछ उपद्रवी घुस गए और अंदर रखी मूर्तियां और पवित्र ग्रंथ गीता की कॉपी उठा ले गए। जिस दौरान घटना को अंजाम दिया गया, मंदिर में ताला लगा हुआ था। उपद्रवियों ने मंदिर में लूटपाट के अलावा तोड़फोड़ भी की।

वॉयस ऑफ माइनॉरिटी इन पाकिस्तान नाम के एक्स हैंडल से मंदिर में मूर्तियों को हटाने और तोड़फोड़ की घटना की जानकारी दी है। इसके साथ ही एक वीडियो भी जारी किया गया है, जिसमें मंदिर की बेहद दयनीय हालत को भी दिखाया गया है। स्थानीय हिंदुओं ने कई बार इस मंदिर को बनाने की कोशिश की, लेकिन बार-बार इसमें बाधा डाल दी जाती है। पाकिस्तान में हिंदुओं के मंदिर तोड़े जाने का कोई अकेला मामला नहीं है। इसी साल मार्च में खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में एक ऐतिहासिक मंदिर को गिरा दिया गया था।

## अमेरिका ने तैयार की हेलस्केप स्ट्रैटजी

**वॉशिंगटन।** चीन के ताइवान पर हमले के खतरे को देखते हुए अमेरिका ने इससे निपटने के लिए अपनी रणनीति तैयार कर ली है। प्रशांत क्षेत्र में एक शीर्ष अमेरिकी एडमिरल सैमुअल पापारो ने चीन को ताइवान पर आक्रमण करने से रोकने की अपनी रणनीति का खुलासा किया है। उन्होंने कहा है कि ऐसा करने पर चीन को घातक ड्रोन हमले का सामना करना पड़ सकता है, जिससे निपटना चीनी सेना के लिए आसान नहीं होगा। एडमिरल पापारो के मुताबिक अमेरिका ने इस स्थिति से निपटने के लिए 'हेलस्केप' रणनीति बनाई है।

**शेयर मार्केट** उतार-चढ़ाव के बीच शेयर बाजार में सपाट हुआ कारोबार

## सेंसेक्स 33.49 अंक टूटा, निफ्टी 23,265 पर हुआ बंद

**एजेंसी, मुंबई**

भारतीय शेयर बाजार भारी उतार-चढ़ाव भरे वाले कारोबार में मंगलवार को लगभग सपाट बंद हुआ। चुनावी हलचल कम होने नई सरकार के स्थापित होने के बाद निवेश अब अमेरिकी फेडरल रिजर्व के ब्याज दरों को लेकर होने वाले निर्णय पर ध्यान केंद्रित कर रहे हैं।

अमेरिकी केंद्रीय इस सप्ताह के अंत में मुद्रास्फीति के साथ-साथ ब्याज दरों को लेकर अपना फैसला सुनाएगा। तीस शेयरों वाला बीएसई



सेंसेक्स मंगलवार को तेजी के साथ 76,680.90 अंक पर खुला। कारोबार के दौरान यह 76,860.53 और 76,296.44 अंक के बीच झूलने के बाद अंत में 0.04 प्रतिशत या 33.49 अंक की मामूली गिरावट लेकर 76,456.59 पर बंद हुआ। इसके उलट, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 0.02 प्रतिशत या 5.65 की मामूली सी बढ़त लेकर 23,264.85 अंक के स्तर पर बंद हुआ।

सेंसेक्स की कंपनियों में एलएंडटी का शेयर सबसे ज्यादा 1.64 प्रतिशत चढ़कर बंद हुआ। साथ ही टाटा मोटर्स, मारुति, महिंद्रा एंड महिंद्रा, अल्ट्रा सीमेंट, टेक महिंद्रा, एनटीपीसी, एचसीएल टेक, बजाज फाइनेंस, एसबीआई, एचडीएफ़सी बैंक मुख्य रूप से बढ़त में बंद हुए।

### बिटकॉइन 67 हजार डॉलर से नीचे लुढ़का

**मुंबई।** क्रिप्टो करेंसी मार्केट में मंगलवार को कोहराम मचा हुआ है। टॉप-10 में शामिल सभी क्रिप्टो करंसीज रेड जोन में कारोबार कर रहे हैं। आज बाजार में आई गिरावट के कारण दुनिया की सबसे बड़ी क्रिप्टो करेंसी 67 हजार डॉलर के स्तर से भी नीचे गिर गई है।

## प्याज की कीमतों ने जनता को रुलाया, 30 से 50% बढ़े रेट

**एजेंसी, मुंबई**

ईद-अल-अधा (बकरा ईद) से पहले बढ़ती मांग के कारण पिछले दो हफ्तों में प्याज की कीमतें लगभग 30-50 प्रतिशत बढ़ गई हैं। व्यापारियों ने इस उम्मीद में स्टॉक रखना शुरू कर दिया है कि केंद्र सरकार कीमतों को नियंत्रित करने के उद्देश्य से अपने हस्तक्षेप में ढील दे सकती है।



रिपोर्ट में कहा गया है कि नासिक की लासलगांव मंडी में सोमवार को प्याज का औसत थोक मूल्य 26 रुपए प्रति किलोग्राम था, जो 25 मई को 17 रुपए प्रति किलोग्राम था। इस बीच, शीर्ष गुणवत्ता वाले प्याज की कीमत, जो कुल व्यापार मात्रा का एक छोटा सा हिस्सा है, पूरे महाराष्ट्र के कई थोक बाजारों में 30 रुपए प्रति किलोग्राम से अधिक हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया है कि मूल्य वृद्धि के पीछे प्राथमिक चालक आपूर्ति और मांग के बीच मौजूदा असंतुलन है।